4) According to Crowther, "Inflation is a state in which the value of money is failing i.e. the prices is rising."
5) Inflation is a purely monetary phenomenon is one of the feature of inflation.
6) The consumer price index has been decreasing from 9.36 to4.86 in the year 2012 to 2013.
7) There are various types of Inflation and each have various sub types of Inflation.
8) India Interest Rate averaged 6.57 Percent from 2000 until 2013, reaching an all time high of 14.50 Percent in August of 2000 and a record low of 4.25 Percent in April of 2009.
9) Broadly, there are two categories of indices for measuring inflation i.e. Wholesale Prices and Consumer Prices
10) Latest revision of WPI has been done by shifting base year from 1993-94 to 2004-05 on the recommendations of the Working Group set up with Prof Abhijit Sen, Member, Planning Commission as Chairman for revision of WPI series.
11) New series with base year 2004-05 has been launched on 14th September, 2010.
12) Demonitization is expected to have a negative impact on inflation.

References :-

1. Abel, Andrew; Bernanke, Ben (2005). Macroeconomics (5th ed.). Pearson. 2. Barro, Robert J. (1997). Macroeconomics. Cambridge, Mass: MIT Press. p. 895. ISBN 0-262-02436-5 3. Blanchard, Olivier (2000). Macroeconomics (2nd ed.). Englewood Cliffs, N.J: Prentice Hall. ISBN 0-13-013306-X 4. Mankiw, N. Gregory (2002). Macroeconomics (5th ed.). Worth 5. Hall, Robert E.; Taylor, John B. (1993). Macroeconomics. New York: W.W. Norton. p. 637. ISBN 0-393-96307-1 6. Burda, Michael C.; Wyplosz, Charles (1997). Macroeconomics: a European text. Oxford [Oxfordshire]: Oxford University Press. ISBN 0-19-877468-07.http://kalian city.blogspot.com/2011/07/types-of-inflation-in-economics-with.htm. 8. http://business. mapsofindia.com/inflation/ 9. http://www.inflation.eu/inflation rates/india/ historic-inflation/cpi-inflation-india-2013.aspx.CSO India.

ISSN : 2394-3580 Swadeshi Research Foundation Vol. - 4 Dec. 2017
A Monthly Journal of Multidisciplinary Research (UGC APPROVED, Peer Reviewed & Refereed Research Journal)

SEVENTEENTH CENTURY THE CHANGES & THE REVOLUTION IN ENGLISH LITERATURE

DR. AJIT KUMAR MOHAPATRA
H.O.D. DEPTT. OF ENGLISH, R.D.S. Degree Mahavidyalaya, Kundabai, Mayurbhanj

English Literature of the Seventeenth Century can broadly be divided into Seventeenth Century 1 and Seventeenth Century 2. The first half of Seventeenth Century can be assigned a period from 1603, from the reign of James I to 1658, the death of Oliver Cromwell and the Seventeenth Century 2 can be assigned a period from 1660, the Restoration of Charles II to 1700. So chronologically, there is a gap of two years, politically called The Interregnum. This was a period of fervid social and political turmoil, which actually continued from 1649, when Charles I was assassinated and the subsequent rule of Oliver Cromwell and that of his son Richard.

THE SEVENTEENTH CENTURY 1 :- English literature in the first half of the Seventeenth Century produced a district atmosphere, but no less brilliant than the works of Elizabethan era. It was marked by the decline of the Renaissance spirit and the emergence of new modern spirit, in the fullest sense of the term, came into being. This spirit may be defined as the spirit of observation and of pre-occupation with details, and a systematic analysis of facts, feelings and ideas. The Seventeenth Century up to 1660 was dominated by **Puritanism** (Puritans advocated certain changes in the form of worship of the reformed English Church under Elizabeth). As such the period from 1600 to 1660 is also called **The Puritian Age or The Age of Milton**, which is further divided into Jacobean (Named after the Rule of James I, 1603-1625) and **The Cavalier or Caroline** (Named after Charles I, 1625-1649)

Jacobean Prose-writing, in the multiplicity of the genres, exhibits the quest for knowledge and the curiosity of spirit engendered by the Renaissance. With travelogue, biography, autobiography, pamphlets, geography, scientific and religious writings- prose writings, for the first time in the history of English Literature, became a powerful medium of expression in hands of James I, Bacon, Robert Burton, Thomas Hobbes, Izaac Walton, Thomas Browne, Thomas Fuller and many more.

Jacobean Drama was characterized by several departures from the Elizabethan mould. This theatre was gradually losing its hold on the middle and lower classes of society, as dramatics like Ben Jonson, Beaumont and Fletcher wrote for an exclusive audience. The most common themes include lust, adultery, incest, death, sickness, exploitation of the weak, hypocrisy and dishonesty. But a special mention must be made of a unique feature of Jacobean drama-the **Masque**. To mention a few of the dramatists were Thomas Heywood, Thomas Dekker, Benjamin Jonson, Fletcher & Beaumont, Thomas Middleton, John Webster, Phillip Massinger.

Jacobean Poetry in the period of James I did generate a subtle shift in the spirit of poetry, with became analytical and disruptive. This tilt is marked in the growing popularity of satire and epigram as the preferred poetic forms. The poetry of the first half of the seventeenth century can be broadly grouped under three different heads- **Ben Jonson and the lesser poets, Metaphysical Poetry** (John Donne, 1573-1631, George Herbert, 1593-1633, Richard Crashaw, 1613-49, Andrew Marvell, 1621-78, and Henry Vaughan, 1622-95) and the **Cavalier Poets** (Robert Herrick, 1591-74, Thomas Carew, 1595-1640, Edmund Waller, 1606-87, John Suckling, 1609-41, Richard Lovelace, 1618-58, Abraham Cowley, 1618-67 and above all John Milton, 1608-74).

THE SEVENTEENTH CENTURY-2 :- The Puritan Government under Oliver Cromwell did not survive long after his death in 1958, and less than two years later in 1960, Charles II returned from exile in France amidst tremendous popular acclaim. With the collapse of the puritan Government, activities that had been so long suppressed surfaced again, and the English as a whole, indulged in violent excesses. The Restoration replaced the intellectual values of the Renaissance, and relied mainly on reason and speculation. So, in the decades between 1660 and 1700, the foundation was laid for the growth of a new kind of society which was Protestant, middle class with hugely traumatic upheavals like, licentiousness-resulting as a reaction against the joylessness of life under the Puritan Commonwealth.

Theatres in England were closed since 1642, reopened with the Restoration. Two parallel trends can be witnessed in **Restoration Drama-the Heroic Tragedy**, which appealed to the aristocratic sentiments on the subjects of love and honour- with the dramatists like, William Davement (1606-68), Roger Boyle (1621-79), John Dryden (1631-1700), Nathaniel Lee (1649-92), Thomas Otway (1632-85) and Thomas Southern (1660-1746) and the **Restoration Comedy of Manners**, which reflected the morally debauched, but intellectually brilliant atmosphere of the salons and the coffee houses, chocolate houses and alehouses with the dramatists like John Dryden, George Etherege (1635-91), William Wycherley (1640-1716), Thomas Shadwell (1642-92), John Vanbrugh (1644-1726), William Congreve (1670-1729) and few more.

The Restoration Prose reveals the effects of the new scientific thought, and it is characterized by clarity, balance and a wit that is not flamboyant, and the prose fiction of the time evolved into the novel proper. The writers like, John Evelyn (1620-1706), Samuel Pepys (1633-1703), John Bunyan (1628-88) and John Dryden made the period richer.

The Restoration Poetry is one of departures- in the sense that a marked change of mood was reflected in the poetry of the time. The intellectual quirkiness of the metaphysical poetry was replaced by a new ethos. The poetry of the period was stimulated by the tenets of poetic Satire, a genre which was fed on the contradictions, the ironies and the double standards of the contemporary society. In the hands of the poets like Samuel Butler (1612-80), John Dryden, Charles Sackville the period witnessed English literature being infused with new trends and perceptions. The writings of the time were characterized on the one hand by wit and control and on the other by extreme licentiousness. However the polish and precision introduced by the writers of this age would find its full flowering in the neoclassical age that followed.

ISSN : 2394-3580 Swadeshi Research Foundation Vol. - 4 Dec. 2017
A Monthly Journal of Multidisciplinary Research (UGC APPROVED, Peer Reviewed & Refereed Research Journal)

A Study of Woman characters in R.K. Narayan's Novel; The dark Room

Dr. Manoj kumar tembhre

R.K. Narayan enjoys a unique identity among the greatest Indian writers in English. In his novels Narayan depicts Indian life and sensibility in its perfection. He is a writer of middle class characters of malgudi,an imaginary place in south India.He has drawn a wide gallery of male and female characters in his writings. There is at least one female character in his novels, who occupies an important place in the story. The social realistic setting of malgudi offers the novelist a matrix rich enough to portray all types of characters with ease.

Because of his realistic touch he feels equal pleasure in sketching worldly wise people and ascetics. Narayan portrays with equal ease both the genders: if verities of men delight him with their peculiarities, his women characters are never inferior to any.

The most interesting point in this concern is the fact that the notion of woman in his novels underlines an evolutionary growth pattern ending in the emancipation of woman. The concepts of womanhood in R.K. Narayan's novels can be read as a movement involving tradition versus individual talent.

R.K.Narayan is a feministic novelist but in hidden manners. His status as a feminist novelist is just like a thing hiding in the light. It is quite apparent but somehow we have missed it. His female character heightens the interest of his novels. People gets attracted towards them because of their importance in the story. Sometimes it seems that it is a woman who is the centre figure in the development of the story. He often narrates situations in a disinterested manner. However, it woule be unwise to say that narayan was not interested in women issues or that he was more interested in particular individual woman character. In his early novels like 'The Dark Room' (1938) and 'The English Teacher' (1945) which were written before the independence of India (1947) portray women as mere orthodox and god believing entities engaged in house hold responsibilities and deeply rooted in traditional belifs. His middle novels create a women who dare to pursue their own happiness accordingly. In his later novels we see the portrayal of stronger and firmer female protagonist, influenced by the western philosophy and cutture. Thesr female express their resistance to male dominance, cruely against the fair sex, denial of identity and freedom of expression.

R.K. Narayan belongs to an orthodox Brahmin Family, he does not heristatle to depict the problem playing woman in and out of the family circle. His sympathy for woman is an apolitical observation on the plight of woman in general and the traditional Hindu woman, chained to tradition and societal norms.The novelist examines the condition of woman prevailing at that particular period of history: the pre-Independent period and the post Independent period. His major novels can be discussed to see how the novelist reats women. The Dark Room (1938) and The English Teacher (1945) are works of pre-Independence period. Novels like Mr. sampath (1948) The Financial expert (1952), Waiting for the Mahatma (1955), The guide (1958), The Man Eater of Malgudi (1961), The Vendor of Sweets (1967), The Painter of Sings (1977), A Tiger for Malgudi (1983), and The World of Nagraj (1990) all under the category of post-Independence novels. A literary analysis of the major novels of R.K. Narayan retrospectively marks the position as well as the evolution of the concept of Indian woman.

Literaure, especially novel is intimately bound to life. People react and respond to the actions of other people, or to the situations in

their lives. In Narayan's novels characters are clearly more important than the situations. Savitri (The Dark Room) is an urban upper middile class woman, wife of a well to-do company executive Ramani, She is a mother of three children. She begins as a traditional figure, a dutiful, an obedient wife, a devoted mother and an efficient housekeeper. With the development of the narrative we find her gradually develop too. When she discovers the infidelity of her husband, she reacts sharply to the experience, feels the tensions inherent in her situation. She grows and changes in the process. She becomes an effective instrument to explore the darkness of her life symbolized by 'The dark Room' of her house to which she is used to retiring on gloomy occasions. Gradually this Dark Room comes to assume a menacing proportion in her psyche, causing emotional upheavals and finally culminating in the decision to abandon her husband and children.

Narayan's Savitri is certainly a tragic figure. In the opening of the novel itclearly indicates that she has a servile role and has condemned to play in the house. Here she appears to be only a weak, whispering, timid and spineless creature, she, no doubt, has her good points, she is an expert housewife, who knows how to deal with sudden guests. After a number of such incidents, she poignantly realizes self-evaluation.

"We are responsible for our position. We accept food, shelter and comforts that you give,and are what we are… I don't possess anything in this world" (112-113)

In the novels 'The Dark Room" Savitri is shown to be a bundle of changing moods and conflicting responses. She is made to talk and act in turn like an orthodox Hindu wife. With the development of the plot her mood changes and appear to defy even feminine logic, which is supposed to be class by itself. The meek, traditional Hindu wife of the opening episode states making fiery speeches. She resorts to dramatic gestures of defiance half way through the narrative: **"I' am a human being",** she said**……"you men will never grant that. For you we are playthings when you feel like hugging and slaves at other times" (113) "What possession can a woman call her own except her boby ? Every thing else that she has is her father's her husband's or her son's ?" (117).**

Shanta Bai, the other woman's is also an important female character of the novel. Shanta Bai is a part of the love-triangle, who is herself a socially liberated one. Narayan has shown her as a bold, self possessed and educated woman, who has left her husband because he ill treated her. She was over-smart and has literary tastes. For instance, she tells Ramani that she couldn't exist without a copy of "The Rubaiyat of khayyam" is the only person who would have under-stood the secret of her soul. There is also a Ponni the rustic wife of Mari who supports Savitri when she left her husband. Novelist has drawn a frank and ironic picture of a marriage in which it is the Wife, who wears the pants in the house. Ponni has a clear cut philosxophy of husband management which she reveals to savitri. **'Keep the men under the rod, and they will be all right' show them that you care for them and they will tie you and treat you like a dog" (140).**

In the end of the novel we see that, earlier enraged Savitri returns meekly to her home and hearth. There is a tacit acceptance of the situation, a mute submission to her filial obligalions. Savitri returns back to her habitual routine day to day family life. There is no promise of reform on the point of the husband. Savitri admits her defeat: **"I am like a bamboo pole which cannot stand without a wall to support it…." (189).**

On the basis of the above description We can come to the conclusion that, R.K. Narayan has dealt with both the gender seriously. He has given the voice to the plight of women locked up with-in the confires of an orthodox society, which has nothing to offer to women except matiral refuge. Women are confined ot the home and hearth with

all sorts of taboos and tradition clamped on them. Narayan in his autobiography My Days says:

"I was somehow obsessed with a philosophy of woman as opposed to men, her, constant oppressor. This must have been an early testament of the Women's Lib movement, man assigned her a secondary place and kept her here with such subtlety and cunning that she herself began to lose all notion of her independence, her individuality, stature and strength. A wife in an orthodox milieu of Indian society was an ideal victim of such circumstances" (119).

Thus, this study of R.K. Narayan's novels takes notes of his portrayal of women in his writings. He has drawn the condition of women and the social scince in the perspectives of the age old traditions and beliefs. As a true artist, he does not stand between the reader and the story. He carries no messages, no doctrines thoughc he is a writer with a philosophy. He dose not allow the philosophy to overshadow the story or the characters.

Works cited :-

01. Narayan, R.K.: The Dark Room, Macmillian and Co. Ltd, London, 1938.
02. Narayan R.K.: My Days; Indian Thought Publication, Mysore, 1974.
03. Sharan, Nagendra Nath: A Critical Study of the Novels of R.K. Narayan. New Delli: Classical Publisting Company, 1993.

ISSN : 2394-3580 Swadeshi Research Foundation Vol. - 4 Dec. 2017
A Monthly Journal of Multidisciplinary Research (UGC APPROVED, Peer Reviewed & Refereed Research Journal)

बौद्ध साहित्य में आर्थिक पर्यावरण : ऐतिहासिक अध्ययन

डॉ. रामकुमार अहिरवार
विभागाध्यक्ष, प्राचीन भारतीय इतिहास, संस्कृति एवं पुरातत्त्व अध्ययन शाला, विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन म.प्र

पर्यावरण और पारिस्थितिकी मानव–समाज का सदैव अभिन्न अंग रहा है, जिसकी सीमाएँ विस्तृत है। भारतीय मनीशियों ने प्रकृति के संरक्षण तथा पेड़–पौधों एवं जीव–जन्तुओं में सामंजस्य हेतू विभिन्न प्रकार के नियमों तथा वर्जनाओं को दैविक शक्तियों के रूप में मान्यता प्रदान कर पर्यावरण चेतना में अपना आमूल्य योगदान दिया है। सांस्कृतिक पर्यावरण के दो मुख्य भाग है–पहला सामाजिक पर्यावरण और दूसरा आर्थिक पर्यावरण। सामाजिक पर्यावरण के अन्तर्गत जहाँ सामाजिक एकता, सौहार्द, कुरूतियों इत्यादि का अध्ययन किया जाता है। वहीं आर्थिक पर्यावरण के अन्तर्गत कृषिकर्म, अन्न–उत्पादन, साग–भाजी, पादप–पुष्प आदि का अध्ययन किया जाता है। इस दृष्टि से बुद्ध के पर्यावरण और परिस्थितिकी का क्षेत्र कृषि, पशु–पक्षियों और पेड़–पौधों के प्रति सहानुभूति तक ही सीमित नहीं है बल्कि वे सम्पूर्ण मानव समाज को एक परिवार के रूप में देखते हैं, जिसकी अवधारणा बौद्ध ग्रन्थों में उल्लिखित है, जिसमें भौगोलिक, सामाजिक, धार्मिक और आर्थिक पर्यावरण का चिन्तन विद्मान है। बुद्ध कहते है कि मानव समस्त जीवों का केन्द्र बिन्दु है, मानवीयता की दृष्टि से जिसे उक्त सभी पर्यावरण की आवश्यकता है। इन सभी में जीवों का पार्जन प्रभाव है, जिससे मानव सभ्यता के विकास में महत्वपूर्ण है। प्राचीन भारत में मानव का प्रथम उद्देश्य प्राकृतिक व्यवस्था के साथ तालमेल बनाए रखना था। प्रकृति के अनुकूल चलते हुए जीवन–यापन करना उसका धर्म था। सभी मनुष्य धर्म का पालन करते हुए अपना जीवनयापन करते थे। उनके जीवन का सार धर्म ही था। पर्यावरण के अन्तर्गत केवल प्रकृति ही नहीं, अपितु समाज व संस्कृति सभी कुछ निहित है। इनके उन्नयन के बिना राष्ट्र विकसित नहीं हो सकता।

पर्यावरण का अर्थ विस्तृत ह लेकिन शाब्दिक अर्थ में तो 'परि' अर्थात् चारों ओर का आवरण अर्थात् जो ढके हुए है, आच्छादित किए या घेरे हुए है, वह सब पर्यावरण ही है। पर्यावरण के अन्तर्गत सम्पूर्ण सृष्टि ही अन्तनिर्हित दिखाई देती है। जिसमें हमारे विचार, समाज, संस्कृति आर्थिक नीतियाँ तथा कर्म समाए हुए है। मनुष्य के सम्पूर्ण क्रिया–कलाप व भौतिक वस्तुएँ तथा समस्त विचारणाएँ जिसके द्वारा आच्छादित है उन परिस्थितियों तथा वातावरण को पर्यावरण कहते हैं। भारतीय अवधारणा में पर्यावरण के सभी प्रमुख पक्षोंपर पुरातन काल से ही विचार किया जाता रहा है तथा पर्यावरण के प्रति अपनी चेतना और जाग्रति को सम्पूर्ण विश्व के समक्ष प्रस्तुत किया गया हैं। प्रस्तुत शोधपत्र में ''बौद्ध साहित्य में आर्थिक पर्यावरण का ऐतिहासिक अध्ययन'' विनयपिटक के सन्दर्भ में ही अभिप्रेत है।

ई.पू. छठी शताब्दी में महात्मा बुद्ध द्वारा एक नवीन बौद्धिक क्रांति का सूत्रपात हुआ। परिणाम स्वरूप जहाँ एक और सामाजिक तथा सांस्कृतिक जीवन में संशोधन और परिवर्तन हुआ, वहीं दूसरी और पर्यावरण तथा पारिस्थितिकी के क्षेत्र में भी नवीन दृष्टिकोण अपनाया गया। बुद्ध ने तो पर्यावरण और पारिस्थितिकी से अपना अभिन्न सम्बन्ध ही स्थापित कर लिया था। बौद्ध साहित्य में मनुष्य के जीवन में जीविकोपार्जन का महत्वपूर्ण स्थान होता है। जब वह संसार में आता है तथा एक नयी दुनिया का सृजन करता है, तब उसके सामने यह भी कर्त्तव्य हो जाता है कि वह सुख–पूर्वक रहे। उसका अपना तथा अपने परिवार का भरण–पोषण सम्यक् रूप से होता रहे, इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए वह किसी न किसी प्रकार की जीविका अपनाता है। इसे अपनाये बिना वस्तुतः वह रह भी नहीं सकता है। कारण स्पष्ट है कि –''सभी प्राणी आहार पर स्थित है।'' बुद्ध ने भी कहा है कि– '' सब्बे सत्ता आहार ट्ठितिका।'' यहां आहार शब्द से केवल भोजन ही अभिप्रेत नहीं है, वरन् उसके साथ वस्त्र, आवास, औषधि तथा अन्य पर्यावरणीय जीवन भी

सम्मिलित हैं। ऐसी बात आज प्रासांगिक है कि व्यक्ति स्वास्थ्य आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए कुछ–न–कुछ सेवा, कृषि, वृक्षारोपण, मन को आकर्षित करने वाले पुष्प इत्यादि का काम करता है। उनके माध्यम से इस लोक में अपने भरण–पोषण करते हुए जीवन–यापन करता है। उनके प्रकार, कार्यविधा, रूप तथा प्रतिबिम्बित विविधता समाकुल हैं।

उक्त आार्थिक पर्यावरणीय का उल्लेख बौद्ध ग्रन्थों विशेषकर त्रिपिटक के विनय पिटक ग्रन्थों में मिलता है कि मनुष्य विविध प्रकार के उपयोगी साधनों द्वारा अपने जीविकोपार्जन में रत था। वे साधन अनेक प्रकार के देखे जाते है, जो इस प्रकार हैं–

जीव कृषि कर्म– बौद्ध साहित्य में मानव जीवन में कृषि कर्म को प्राथमिकता से देखा गया है जिसे बौद्ध साहित्य में 'कशि' कहा गया है। भारतवर्ष कृषि प्रधान देश है, प्राचीन काल से ही भारत में खेती करने की परम्परा चली आ रही है। खेती करने वालों को कृषक कहा जाता है। ब्राह्मण भी कृषि कार्य करते थे।[1] कृषि में अन्न के साथ–साथ औषधियाँ (वनस्पति) भी पैदा की जाती थी। खेत को प्रवेश तथा क्षेत्र कहते थे।[2] खेतों में हरी–भरी फसल उसके रंग–बिरंगें फूलों का मानव के शरीर पर जो अमिट प्रभाव पड़ता है, वही उसकी पर्यावरणीय देन है। नेत्र ज्योति व चित्त की एकाग्रता के लिए हरितिमा का महत्व देशज व आयुर्वेद शास्त्र में स्वीकार किया गया है। वप्पमुंग्ल के प्रसंग से प्रकट होता है कि राजा शुद्धोधन भी यथा समय कृषि कर्म प्रारंभ करते हुए अपने हाथ से हल चलाया करते थे। उनके द्वारा शुभ प्रारंभ करने के उपरान्त ही कृषि का कर्म प्रारंभ होते देखा जाता है। इसकी अलावा अनेक छोटे–बड़े किसानों की चर्चा है जो कृषि का कार्य करते थे। तिहोकुटसुत्त में प्रसंगवश जीविकोपार्जन की बात आयी है।[3] कृषि नदियों के किनारे की जाती थी। इस प्रकार का उदाहरण खुद्दकनिकाय (1.27–3) से स्पष्ट होता है कि धनिय गोपाल महानदी के तट पर घास–फूस से बनी हुई एक छोटी सी कुटी थी जिसमें निवास करता था और आवश्यकतानुसार खेतों से धन उपार्जित करता था।

कृषि कर्म में धान उपार्जन के भी उल्लेख मिलता है जो पर्यावरण की दृष्टि से उपयुक्त कहा जा सकता है। खेतों को सींचने की व्यवस्था थो। वर्षाकाल में जल का संग्रह कर लिया जाता था और नालियों को माध्यम से जल खेतों तक पहुँचाया जाता था। इस प्रकार की चतुरता के लिए कुछ व्यक्तियों के प्रमाण मिलते है। जिन्हें नैतिक कहा जाता है।[4]

मिट्टी के प्रकार :– प्राकृतिक पर्यावरण के अन्तर्गत हम भौगोलिक पर्यावरण के उन अंगों का अध्ययन करते है, जो पृथ्वी और भूमंडल से संबंधित है। भौगोलिक पर्यावरण मानव समाज का ही नहीं, अपितु प्राणिमात्र का भी अभिन्न जीवनांग है। विनय पिटक में पृथ्वी को, धन–धान्य से सम्पन्न (सुमिक्ष) और फसलों से परिपूर्ण (सुसस्स) बतलाया गया है।[5] इसी पृथ्वी पर कुछ भूभाग बालुकासे परिपूर्ण, मानो बालू के समुद्र ही हो (बालुकार्णव) थे। कुछ भूभाग बहुत उपजाऊ (सस्य संपन्न) और कुछ ऐसे भी थे जहां तिनका भी नहीं उगता था। जहां हरियाली का नाम न था। ऐसे भू–भाग को हरियाली रहित (अपहरित)[6] कहा जाता था। मिट्टी (मत्तिका)[7] का प्रयोग और उपयोग विविध प्रकार से किया जाता था। अच्छी चिकनी मिट्टी के बर्तन (भांड) बनाए जाते थे। अवंति दक्षिणापथ[8] (यह मालवा का भूभाग था) की मिट्टी काली थी (कण्हुत्तरा)[9] और बहुत कड़ी (खरा) थी। गोखुरू (गोकण्टक) बहुत होते थे। यहां जूते पहनना जरूरी था। लोग नित्य स्नान करना अच्छा मानते थे। हिरण, भेड़, बकरी, ज्यादा होते थे। अज चर्म, मृग चर्म और मेष चर्म का

[1] अवदान, शतक जिल्दवन 282/11, 295/6, दिव्यावदान 47/32, राहुलराज, बौद्ध पर्यावरण एवं सामाजिक जीवन, दिल्ली 2003, पृश्ठ– 90–94
[2] अंगने लाल– संस्कृत बौद्ध साहित्य में भारतीय जीवन, लखनऊ 1972, पृश्ठ– 194
[3] खुद्दकनिकाय– 1, अनुवादक– राहुल सांस्कृत्यायन एवं आनन्द कौशल्यायन, कलकत्ता
[4] विजयलक्ष्मी पाण्डेय, बौद्ध धर्म का स्वरूप एवं विकास, दिल्ली, पृष्ठ 106
[5] महावग्ग, पृ. 388 सम्पादन, मिक्कु, जे कश्यप, 1937 विहार, 1958.
[6] महावग्ग पृ. 370
[7] चुल्लवग्ग पृ. 209/26 सम्पादक– मिक्कु जे कश्यप विहार, 1956
[8] महावग्ग पृ. 214/10
[9] महावग्ग पृ. 214/20, 21, 22

लोग प्रयोग करते थे।[10] बौद्ध साहित्य में दो प्रकार की मिट्टी का उल्लेख मिलता है जिन पर एक उपजाऊ और दूसरा अनउपजाऊ। उपजाऊ मिट्टी कृषि के योग्य होती है, जो मुलायम, चिकनी, और कंकड़ पत्थर रहित होती है। इसमें बालु भी नहीं होता।[11] जबकि अनउपजाऊ भूमि मे कंकड़, पत्थर बालू होती ह। जो कृषि के लिए उपयुक्त नहीं होती है कारण कि पथरीली होने के कारण फसल की जड़े गहराई तक नहीं पहुँच पाती है। जिससे बीज ही नष्ट हो जाता है।[12] खेतीहर भूमि को उद्यान भूमि भी कहा गया है। खेत भी अनेक प्रकार के हुआ करते थे जिसमें छोटे चौकोर, आयताकार, लम्बाकार, कतारबद्ध होते थे। इनको सीमाओं में बाँधा जाता था। जिन्हें मेढ़ कहा जाता था जिसे मेढ़ को मर्यादा कहा गया है। चौकोर खेत को अक्षीबन्द कहा गया है। ऊँची मेढ़ को सिंघाटनबन्द कहा जाता था।[13] इसमें ऊँची मेढ़ वाले खेत धान के लिए उपयुक्त कहे गये है।

खेत में बीज डालने के पूर्व अच्छी तरह से जोता जाता था। हल में लोहे का फाल लगाया जाता था। जिसे षिर कहते है। शिर के बने कुण्ड को सीता कहते थे। महावग्ग से ज्ञात होता है कि एक–एक साथ–साथ हल हुआ करते थे। जिसे सप्त, शिरा कहा गया है। सोने की नसी या शिर या फॉल का भी उल्लेख मिलता है।[14] समय पर बीज बोने से फसल अच्छी होती थी। इस प्रकार के विस्तृत वर्णन चुलवग्ग से प्राप्त होता है।[15]

सिंचाई–निराई– अच्छी फसल के लिए सिंचाई अी आवश्यकता होती है। मात्र प्राकृतिक संसाधनों पर निर्भर नहीं रहते थे। समय–समय पर निराई भी की जाती थी। इससे खेत साफ रहने से फसल में भी मिलावट की संभावना खत्म हो जाती थी। कृषि के लिए अच्छे बीज होने के साथ–साथ सिंचाई और निराई की भी आवश्यकता होती है। समय पर सिंचाई न होने से फसल सूख जाती है। विनय पिटक में पुष्करिणी, सरोवर, तड़ाग, नदियों और कुओं का उल्लेख प्राप्त होता है। ये सिंचाई के प्राकृतिक साधन थे। मानव–निर्मित सिंचाई साधनों में चुल्लवग्ग तीन साधनों का उल्लेख करता है। ये तीन साधन हैं– ढेकुली (तुरंग), पुर या चरस (करकटक) और रहट (अरहट्ट चक्कवाट्टक)[16]।

बोवाई के बाद सिंचाई की जाती थी (उदकं अभिनेतब्ब)। कभी–कभी खेत में आवश्यकता से अधिक पानी भर जाता था, तब उसे निकाला जाता था (निन्नेतब्बं)।[17] सिंचाई के साधनों पर पुरातात्विक खोजों से भी प्रकाश पड़ता है। उल्लेखनीय है कि जूनागढ़ में गिरनार पर्वत पर सुदर्शन झील का निर्माण चंद्रगुप्त मौर्य ने अपने राष्ट्रीय अधिकारी पुष्यगुप्त द्वारा करवाया था, जिसे सम्राट अशोक ने यवनराज तुशास्फ द्वारा जीर्णोद्धार करवाया था। रूद्रदामन प्रथम के समय इसका तटबंध टूट गया था, जिसे उसने अपने निजी कोष से खर्च करके पुनः बनवाया[18] और कालांतर में गुप्त सम्राट् स्कंदगुप्त ने इसका सौंदर्यीकरण करवाया था।[19] इस झील से सिंचाई के लिए नहरें निकाली गई थी। खारवेल के हाथीगुफा अभिलेख में नहर का उल्लेख प्राप्त होता है। इस प्रकार कृषि–सिंचन के लिए प्राकृतिक और मानवीय दोनों प्रकार के साधनों का प्रयोग विनय पिटक में प्राप्त होता है। फसल में खर–पतवार तथा दूसरे पौधे जम जाते थे, जो फसल हो हानि पहुंचाते थे, इसलिए निराई (निद्धापेतब्बं)[20] की जाती थी। कसी भारद्वाज सुत्तं में निराई को 'निद्धांन' कहा गया हैं फसल पकने पर कटाई की जाती थी (लवापेतब्बं)[21]। उसे सुरक्षित स्थान पर रखकर गठ्ठे में बांधा जाता था (पुंजंकारा पेतब्बं)[22]। फिर बैलगाड़ियों व कृषकों द्वारा खलियान (गल्ले) में अनाज को लाया था। जहां बैलों द्वारा मड़ाई की जाती थी। अच्छी तरह मड़ाई कर बारीक भूषा के साथ अन्न बना

[10] महावग्ग, पृ. 214/21–24
[11] पाचित्तिय 53/12–13 मिक्कु जे कश्यप बिहार, 1958
[12] दिव्यावदान, पृ. 362/ 29–30, सम्पादक– वैद्य मिथिला विद्यापती, दरभंगा 1959
[13] महावग्ग 303/21
[14] महावस्तु जिल्द 3 पृष्ठ 50/15 अनुवादक– जे.जे. जोन्स, लंदन 1949
[15] चुल्लवग्ग 279/14 सम्पादक– मिक्कु जे.कश्यप, बिहार, 1956
[16] चुल्लवग्ग, पृ. 212/1
[17] चुल्लवग्ग पृ. 279/15
[18] रूद्रदामन प्रथम का जूनागढ़ शिलाभिलेख (दृष्टव्य–सेलेक्ट इंस्क्रिप्शंस, वा. 1, डी.सी. सरकार, पृ. 176–177)
[19] स्कंदगुप्त का जूनागढ़ शिलाभिलेख, पंक्ति 21–24 (दृष्टव्य सेलेक्ट इंस्क्रिप्शंस, वा. 1, पृ. 214–215)
[20] चुल्लवग्ग, पृ. 279/16
[21] चुल्लवग्ग, पृ. 279/16
[22] चुल्लवग्ग, पृ. 279/16–17

लिया जाता था। फिर हवा द्वारा सूफ से भूषा की उड़ाई की जाती थी(मद्दापेतब्बं)[23] । जिससे अन्न का वजन से सीधा गिरता था और हवा के द्वारा भूषा उड़ जाता था। इस प्रकार अन्न को साफ करके घर पूजन किया जाता था। फिर उपयोग में लाया जाता था। यह क्रम परम्परागत आज से पचास वर्ष पूर्व यही प्रचलन में चला आ रहा है। अब मशीनी युग होने से यह कर्म शीघ्र ही घण्टों में किया जाने लगा। ''इस कृषि कार्य का कोई अंत नहीं था। यही कार्य करके पिता और पितामह समाप्त हो गए है।'' (अखीणेव कम्मे पितरो च पितामहा च कालंकता ति)।[24] चुल्लवग्ग के 'कसी भारद्वाज सुत्तं' में वर्णित कृषिकर्म की पुष्टि से भी होती है। जिसमें बुद्ध ने अपने को कृषिकर्मा बताया है। (अहम्पि खो ब्राह्म्ण कसामि च वपासि च।)[25]

बौद्ध साहित्य में कृषि कार्य के उपकरणों की जानकारी भी प्राप्त होती है। कृषि करने के लिए अनेक प्रकार के उपकरणो की आवश्यकता हेाती थी। जिसमें विशेषकर– हल (नांगल),[26] कुसी (फाल),[27] बैल (बलिवद्द, धुरधार),[28] बैलगाड़ी (शकट, वाहन),[29] खन्ती (खणित्ति),[30] फावड़ा (कुदाल),[31] खोदने का यंत्र (निखादन),[32] बांका (परसु),[33] कुल्हाड़ी (कुठार)[34] आदि प्रयुक्त होते थे।

बौद्ध ग्रन्थों में अनेक प्रकार के उत्पादों का उल्लेख आया है–जैसे अन्न, दलहन और तेलहन– दलहन, दाल वाले अन्न थे और तेलहन तेल वाले अन्न होते थे। कृषि से विभिन्न अन्नों की उपज होती थी–इक्षु[35] (ईख), कापसि[36] (कपास), कादव[37] (कोदों), कुल्माश[38], या कुलत्था[39] (कुलथी), कुरबिन्द[40] (उड़द या मोथा),। चणक[41] (चना), तण्डदुल[42] (चावल), मसूर[43] (मसूर या मसुरी), माशक[44] या माश[45] (उर्द), मुद्ग[46], बड़[47] (एक प्रकार का चावल), ब्रीहि[48] एक प्रकार का चावल, शण[49] (सन), शलि[50] (जड़हन चावल), सर्षप[51] (सरसों)। कृषि कार्य में अन्न, दलहन और तेलहन उत्पन्न होता था।

अन्नों में कणाजक :– जिसे मोटा अन्न माना गया है।[52], ज्वार (विलंगक)[53] : राहुल जी के अनुसार यह विडंग[54] अनाज है। भदंत आनंद कोसल्यायन इसे सिरका[55] मानते हैं जिसके साथ मोटे अनाज की रोटी खाई जाती थी। विडंग वस्तुतः ज्वार अन्न ही प्रतीत होता हैं। मूंग (इसे मुग्ग कहा गया है।)[56] मुंग की दाल लोकप्रिय थी। अलसी– इसे क्षौम[57] कहते थे। यह भी तेलहन था। कंगु–: बाजरे को कंगु कहा जाता था, वनोपज अनाज है, खाने में हल्का होता था। इससे पेजा बनता था। पाचन क्रियाओं में आसानी से पचता था। यव : इसे जौ[58] कहते है, इसकी रोटियाँ भी बनाई जाती थी। गोधूम– यह गेहूँ[59] के नाम से जाना जाता है। आटे से इसकी रोटियाँ बनाई जाती थी। कद्दुसक[60]– यद्यपि महोदय जी.एस.पी. मिश्र ने इसे जौ का एक प्रकार माना है, लेकिन डॉ.सी.

[23] चुल्लवग्ग पृ. 279–17
[24] चुल्लवग्ग, पृ. 279/23
[25] कसी भारद्वाज सुत्तं उपर्युक्त
[26] महावग्ग पृ. 392
[27] कसी भारद्वाज सुत्त
[28] कसी भारद्वाज सुत्तं
[29] महावग्ग, पृ. 253/22, 25
[30] महावग्ग, पृ. 288/6, 8
[31] चुल्लवग्ग, पृ. 266/20
[32] चुल्लवग्ग, पृ. 266/20
[33] चुल्लवग्ग, पृ. 266/19
[34] चुल्लवग्ग, पृ. 266/19
[35] करूणा 93/27
[36] महावस्तु, जि. 3/53/16, सम्पादन– आर.सी. बासका कलकत्ता दिव्यावदान 131/28, 170/32, 184/11–सम्पादन, पी.एल.मिथिला, दरभंगा 1959
[37] दिव्यावदान 420/12
[38] दिव्यावदान 54/32, 55/4, 24, 32, 56/2.
[39] चरक0 13/25, 27–28
[40] वही, 27–14
[41] चरक संहिता, अनुवादक, अत्रीदेवा गुप्ता, अजमेर सामवेत– 1954. 27/28
[42] दिव्यावदान 184/10 मित्रा ललित 312/18
[43] वही, 184/10, चरक 27/28
[44] दिव्यावदान 415/14
[45] वही, 184/10
[46] वही, 154/10, 415/14
[47] करूणा 93/27
[48] चरक 27/15, दिव्यावदान 415/14
[49] दिव्यावदान 52/32
[50] वही, 184/11, 473/30 करूणा 93/28
[51] करूणा 7/3/4 दिव्यावदान 43/20
[52] विनय, पृ. 397
[53] चुल्लवग्ग, पृ. 155/12, 26
[54] विनय पिटक,– अनुवादक राहुल सांस्कृत्यायन, सारनाथ (बनारस)– 1935 पृ. 397
[55] पालि (हिंदी कोश पृ. 235)
[56], महावग्ग, पृ. 51, 350, 398
[57] विनयपिटक, अनुवादक– राहुल सांस्कृत्यायन, वाराणसी– 1994, पृ. 247
[58] पाचित्तिय, पृ. 71/20, 262/12
[59] दिव्यावदान, पृ. 144/11, पृ. 415/14
[60] ए.आ.वि.पृ. 269

एस. उपासक के अनुसार यह कोदों है जो सही जान पड़ता है, कोदों हल्का भोज्य पदार्थ था।

फल, पुष्प और पादप – विनयपिटक में फल, पुष्प, और पादपों का महत्व दर्शाया गया है। फूलों के लिए बाग लगाए जाते थे। (पुष्पराम)। इसी तरह फलों के भी बाग (फलाराम) होते थे।[61] इन पुष्प, फल और पादपों में कुछ महत्वपूर्ण इस प्रकार है।–जामुन (जम्बू)[62], तोंबी लौकी (तुम्ब)[63], कैथा (कपत्थिन)[64], केला (कदली)[65], श्वेत कमल (पुंडरीक)[66], नरकुल (नल)[67], कटहल(पनस)[68], फालसा (फारूसक), बड़ा केला (मोच या मोचपान)[69], अंगूर (मुंद्दिका)[70], आम (अम्ब)[71], आंवला (आमलक)[72], गूलर (उदुंबर)[73], नीलकमल (उप्पल)[74], रक्तकमल (पद्म)[75], चंदन[76], भीसा (एक प्रचार का यह भी कमल था, जिसकी जड़ को भसीड़ कहा जाता है, जिसकी सब्जी आज भी बनाई जाती हैं)[77], वच[78], तुलसी (हुलसी)[79] आदि।

इस प्रकार विनय पिटक से सामाजिक पर्यावरण और आर्थिक पर्यावरण पर महत्वपूर्ण प्रकाश डालता है। निःसन्देह विनय पिटक में उद्धृत आर्थिक पर्यावरण की जिन कमियों और अव्यवस्थाओं की ओर इस ग्रंथ ने ध्यानाकृष्ट किया है, उनको भली प्रकार दूर करके आर्थिक और सामाजिक क्षेत्र में दिन दूने रात चौगने फैल रहे दूषित पर्यावरण को स्वस्थ पर्यावरण में बदला जा सकता है।

स्पष्ट है भारतीय बौद्ध साहित्य में मानव का प्रथम उद्देश्य प्राकृतिक व्यवस्था के साथ तालमेल बनाए रखना था। प्रकृति के अनुकूल चलते हुए जीवन–यापन करना उसका धर्म था। सभी मनुष्य धर्म का पालन करते हुए जी अपना जीवनयापन करते थे। उनके जीवन का सार धर्म ही था। पर्यावरण के अन्तर्गत केवल प्रकृति ही नहीं, अपितु समाज व संस्कृति सभी कुछ निहित है। स्पष्ट है कि बौद्ध साहित्य में आर्थिक पर्यावरण का ऐतिहासिक अध्ययन करना शोध की दृष्टि में तथाकथित अंधयुगीन पृष्ठों को प्रकाश में लाना है। उन्नयन के बिना राष्ट्र विकसित नहीं हो सकता।

[61] पाराजिक पृ. 60,76– सम्पादन, मिक्कु जे.कश्यप बिहार–1958
[62] महावग्ग पृ. 400
[63] चुल्लवग्ग, पृ. 203, महावग्ग, पृ. 223
[64] पाचित्तिय पृ. 55
[65] चुल्लवग्ग पृ. 287/12
[66] चुल्लवग्ग पृ. 287/12
[67] चुल्लवग्ग, पृ. 287/21–22
[68] पाराजिक,पृ. 74
[69] महावग्ग, पृ. 400
[70] शास्त्री, महावग्ग, पृ. 400
[71] चुल्लवग्ग, पृ. 154
[72] महावग्ग पृ. 220
[73] चुल्लवग्ग पृ. 421–422
[74] महावग्ग पृ. 9/14
[75] महावग्ग पृ. 9/24, विनय पृ. 78
[76] चुल्लवग्ग पृ. 199, 234
[77] महावग्ग, पृ. 232
[78] पाचित्तिय, पृ. 55
[79] महावग्ग, पृ. 220

ISSN : 2394-3580 Swadeshi Research Foundation Vol. - 4 Dec. 2017
A Monthly Journal of Multidisciplinary Research (UGC APPROVED, Peer Reviewed & Refereed Research Journal)

नागपुरी करमा लोक गीतों में जनजीवन

सुमन कुमार कनीय – शोधार्थी, जनजाति एवं क्षेत्रीय भाषा विभाग, राँची विश्वविद्यालय, राँची

करमा आदिवासी एवं सदानो द्वारा मनाये जाने वाला एक महापर्व है जो भादो महिना शुक्ल पक्ष के एकादशी तिथि को मनाया जाता है। प्रकृ ति के परम तत्व से साहचर्य स्थापित करने वाला पर्व है। सदान युवतियां अपनी मनोकामना तथा भाई की ऋद्धि–सिद्धि के लिए तथा आदिवासी भाग्य वधन परम बंधुत्व में वृद्धि के लिए व्रत रखती हैं। करमा पर्व की पृष्ठभूमि को गहराई से देखा जाए तो यह सांस्कृतिक चेतना, जीवन दर्शन, लोक–विश्वास, धर्म और प्रकृति के प्रति आदिम संवेदनाएं का प्रतीक है। निराकार ईश्वर सत्ता के समक्ष मानव का श्रद्धा भाव अर्पण कर मानव सभ्यता विकास का प्रतीक है। करमा के अवसर पर जो पारंपरिक गीत गाया जाता है उसे करमा लोकगीत कहते हैं तथा गायन, वादन के साथ जो नृत्य किया जाता है उसे करमा नृत्य झुमर कहते हैं।

करम शब्द के बारे में शब्दकोश कारे ने कई अर्थ बताए हैं– सदानी नागपुरी हिंदी शब्दकोष के अनुसार ''कर्म, किस्मत, एक त्योहार'' '1 तथा मानक हिंदी शब्दकोश के अनुसार–कर्म, काम, कर्मफल, भाग्य, कर्मफलस्वरुप दुःख, कृपा, क्षमा, अनुग्रह'' '2 शब्दों से विभूषित किया गया है। जो करमा कथा में पात्रअनुकूल दिखाई पड़ता है। करमा का जवा की तैयारी से लेकर विसजन तक कई चरणों में पूजन क्रिया विधि के अनुसार नागपुरी लोकगीत क्रामिक रूप से गाए जाते हैं।

जावा/जवा फूल :– करम त्योहार में जवाफूल का विशेष महत्व है नागपुरी हिन्दी शब्दकोशके अनुसार जवा शब्द का शाब्दीक अर्थ– '' गमला, पते के बडे दोना (खाला) आदि में आए हुए धान, जौ, आदि के पीले पौधे जो करमा जीतीया आदि की पूजा में प्रयोग किये जाते है।'3

करमा पूजा पांच दिन, सात दिन या नौ दिन पूर्व जावा रखने की परम्परा है। कुवाँरी युवतियाँ जिस दिन जवा फूल रखती है उस दिन नहा कर पूर्ण रूप से शुद्ध होकर सूर्योदय समय नदी, घाटी या पवित्र टाड आदि पूर्व में चयनित स्थान के बालू को बांस की डलिया या सखुआ पत्ते के बड़े दोना में उठाकर लाती है। जिस आखडे या घर में जवाफूल उठाना होता है उस घर को साफ सुथरा लिपाई पोताई किया जाता है। उस स्थान पर बालू को रखा जाता है। युवतियों द्वारा विभिन्न प्रकार के अन्न के दाने–जौ, धान, मकई, उड़त, सुरगुजा, कुलथी, तील आदि के दानों को बालू में मिलाकर डालिया या खला में रखा जाता है। जवा जितने दिनों का रखा जाता है। उतने ही किस्म के अन्न दाने को मिलाया जाता है। प्रति दिन सुबह में धूप दिखाया जाता है। शाम युवतियाँ जवा को पवित्र स्थान पर लीपाई करने के उपरान्त रखती है धुवन–धूप जलाकर हल्दी की पवित्र पानी से सीचकर सेवा करती है। इस जवा रखने से करम विदाई तक पूरे पवित्र मन से मांस–मछली, मद आदि का सेवन नही करती है, जो परम्परा से वर्णित है। शुद्ध मन से जवा फूल की सेवा करती है।

करम संजोत के दिन जवा जितने दिनो की रखती है उतने ही बार जगाती है और उपवास रखती है। जवा जगाने के क्रम में युवतियाँ जो परम्पारिक करम लोग गीत गाती है। उसे सम्पूर्ण वतावरण, प्रकृति मानव जनजीवन के अन्तः अनोश्रय सम्बन्ध खील उठता है। नागपुरी लोकगीतो की मधुर स्वर मनमुखरित कर देता है। जवा जगाने के इस गीत की भाव को देखा जा सकता है।

1. जवा मोय जगालो किया किया जवा,
सयो जवा हेराइते डेराइते गेल हो
लागल चंदन केरा गछ हो–2
ना चंदन फुले ना चंदन पारे हो,
ना चंदन पाके, सोझे काडरी चली जाय हो,
सोझे काडरी चली जाय हो।
पावली–पावली जिन्होर केरा मुठ हे।
सयो जिन्होर हेराइते डेराइते जाय हो
पावली जिन्होर केरा मुठ हो–2
ना चन्दन फूलिया हो ना चंदन फलीया

ना चन्दन फरीया फूलया सोझे काड़री चली जाय हो।'4

इसी प्रकार जितने अन्न होते है सभी का बारी–बारी नाम लेकर जगाया जाता है। जवा जगाने के उपरान्त करमीतोन फुलसुन्दरी के समय फुल लोरने/खोजने जाती है। इसी क्रम में नहा धोवकर फूल लोरते हुए आती है। फूल में कादो फूल एवं धान की अग्र नई पतियाँ चुनकर लाती है।

करमा झुरघुसना :– करम के दिन युवक दिन में या शाम में करम लाने के लिए जाते है और करम की डाली को विधी विधान पूर्वक बाजे गाजे के साथ निमंत्रण देकर करम की पेड़ में धगा सिंदूर, घुप अच्छत से चुमाकर पूजन कर करम की तीन डालयों पूर्ण श्रद्धाभाव से नमन करते हुए बलुआ या टाँगी से एक–एक बार में ही काट कर नीचे गिराते है। नीचे के युवक उसे जमीन में गिरने नही देते है लोक कर अपने कन्धे में रखते है। तीन डालियों को युवक लेकर पाहन के घर पहुचते है, जहाँ पहनाईन करम देव को जलाभिषेक कर चुमाती है, धूप–धूवन दिखाने के बाद पाहन करम डाली को आखडा या आंगन में गाड देता है। कोटवार हाकपारता है, कहता है– करम कर झुर धुसथे हो, सुतल हा कि जागल करमीतीन मन'। इस हॉक सुनते ही करमीतीन पूजा स्थल पर पहुंच जाती है। अर्थात–पूजा के लिए जो युवतियाँ व्रत रखती है उसे करमीतीन कहते है। झारखण्ड के आदिवासी एवं सदानो में भेलकरी की परम्परिक व्यवस्था है। विश्वास के अनुसार आने वाले वर्ष की शुभ सगुन संकेत की प्राप्ति चित–पट के माध्यम से देखा जाता है। ग्राम देवी धरती माँ की समीरन किया जाता है। किसानों द्वारा अन्न उपजाने के क्रम में जाने अनजाने जो भी भूल से अन्य जीवो को दुःख पहुचता है उसके लिए पहान क्षमा याचना करता है, नए अन्न के पाकवान, दाने, फूल पत्ते करम देव को समरपन किया जाता है, इस क्रम में पाहन नए अन्न की सोमरस को तापावन के रूप में करमदेव को समर्पण कर करता है। गाँवा की गावाँ देवती के नाम पर रंगुआ मुर्गे की बली दी जाती ह।

इस पूजन के उपरान्त पाहन सभी करमीतीन को अपने पूजन सामाग्री करम देव के सामने रखने को कहते है। करमी तीन पूजन के समग्र समाग्री रख करम डाली के पास मिट्टी का दीपक जलाकर चारो और बैठ जाती है। यदि नई पहली बार पूजा करने वाली करमीतीन हो तो वह गाडा हुआ कर्मडाली को तीन बार परिक्रमा करने के उपरान्त पूजा में बैठती है। कुछ समुदाय में युवक युवतियाँ दोनो करम की पूजा करते है और कुछ समुदाय में सिर्फ युवतियाँ ही व्रत रख कर करमा का पूजन करती है।

पूजा के समय पाहन या गांव के जानकार बुढ़े बुजूर्गो द्वारा करम कथा का आरम्भ किया जाता है। करमा कथा आदिवासी एव सदान समुदाय के अनुसार भिन्न भिन्न है– पर अंतिम सार को देखा जाय तो सबका उत्पति विकास, सुख, दुःख की घटना, पारम्परिक धार्मिक विश्वास, प्रकृति की रक्षा, सत्यकर्म की पाल, आदि भावनाओं से ओत पोत है।

लावागाड़ा बुड़मू राँची के श्रीनाथ महतो के अनुसार – करमा कथा – इस प्रकार है–

बहुत समय पहले की बात है। एक नगर/राज्य में ननका और ननकी नाम के दो प्राणी थे। पुरूष का नाम ननका तथा स्त्री का नाम ननकी थी। वह राज्य काफी सम्पन्न था। किसी प्रकार की कमी नही थी। किन्तु ननका ननकी का कोई संतान नहीं थे। इसे वे हमेशा चिन्तित रहते थे। एक दिन की बात है दोनो प्राणी जंगल में घुमते घुमते थक चुके थे, और करम वृक्ष की छाया में बैठ कर विश्राम करने लगे तभी अचानक आँखों में नींद आ गई और स्वपन में देखा की अद्भुद् दैवी शक्ति उन्हें आग्रह कर रहा है कि यदि भादो एकादशी को अपने आँगन में करम की डाली को गाड़ कर पूरे मन वचन से पूजा करोगे तो तुम्हारे सभी कमी, इच्छित मनोकामनाएँ अवश्य पूरा होगा। जब आँखे खुली तो दोनो आश्चर्य में पड़ गए। स्वपन के अनुसार ही दोनो ने करम की डालो गाड़ कर भादो एकादशी को पूजा किये। इसे प्रसन्न होकर ननका–ननकी के सात पुत्र पैदा हुए। बडे बेटे का नाम करमा था और छोटे का नाम धरमा था। बीच के पाँच बेटो का नाम गौण है। झारखण्डी परम्परा

के अनुसार बड़े या छोटे पुत्र के नाम से माता पिता को (फलना की माँ–बाप) कह कर पुकारते हैं। अब सातो पुत्र बडे होते जा रहे थे। एक दिन सभी भाईयों ने मिलकर धन कमाने की योजना निश्चय किया और छोटे भाई को घर का जिम्मेवारी सौंप कर बाकी सभी भाई प्रदेश निकल गए। पूरे मन से काफी धन कमाने के बाद घर वापस लौटने की इच्छा बनाई। वे सब इतना धन कमा लिया कि उन्हें नौकर और सिपाहीयों कि आवश्यकता पड़ गई वे अपने घर के लिए चल पड़े आते–आते अपनी राज्य की सीमा पर पहुँच गए। अब बड़े भाई करमा का मन काफी बदल चुका था अपने सिपाही से सीमा पहुँच कर बोला जाओं धरमा को कह देना कि अब हमलोग खुब धन कमाकर लौट रहे हैं। इसलिए हमलोगो की स्वागत गाजे–बाजे के साथ आदर पूर्वक राज्य में लाया जाय। करमा जिस दिन को अपने राज्य पहुँचा था उसी दिन भादो एकादशी करम था। धरमा आंगन में करम डाली गाडकर धूम–धाम से पूजा–पाठ नाच–गान कर करम देव को सेवा में लगा हुआ था। इस वजह से समय पर करमा को स्वागत के लिए नही जा सका। करमा ने बारी–बारी से सिपाही, नौकर को भेजता रहा। अन्त में एक एक कर अपने सभी भाईयों को भेजा पर किसी ने वापस नहीं लौटा। इतने में उसका गुस्सा चरम पर पहुँच चुका था। धन का अहंकार से विवेक क्षीण हो गया। वह स्वयं जब अपने घर में आया तो देखा जिसे भी भेजा सभी पूजा मे लीन है। यह देख गुस्सा में करमा ने करम डाली को पूजा स्थान से उखाड़कर फेक दिया जो बह कर सात समुन्द्र पार चला गया। सभी भाईयों के बीच करमा का झगड़ा हो गया। करमा ने करम का अनादर किया इस कारण बाकी भाई उनसे अलग रहने लगे और अपने जीवन यापन करने लगे। कुछ दिनों के बाद बाकी भाई सम्पन्न होते गये लेकिन करमा की स्थिति दिनों–दिन बिगड़ता गया। वह एक–एक दाने के लिए मोहताज हो गया। अपने भाईयों के लगे फसल को देख जलन होता था। एक रात की बात है भाईयों के लगा धान फसल को करमा उखाड़कर फेंक रहा था। वह पीछे मुड़कर देखा तो एक विशालकाय देव लाठी पकड़कर खड़ा है और बोला ये तुम क्या कर रहे हो? तब करमा ने पुछा आप अपना परिचय दें इतने में देव ने परिचय दिया और बोला तुम जो दुखी हो उसका मूल कारण करम देव को अपमानजनक उखाड़कर फेंकना है इससे करम देव काफी नाराज हो गए है। यही तुम्हारा दुख का कारण है तब करमा ने देव का पैर पकड़ कर पूछा कि करम देव कहाँ मिलेंगे तो वे बोले अपने भाई धरमा से जाकर क्षमा मांगो और पूछा अवश्य ही बताएँगें और तुम्हारा साथ भी देंगे। इतने में वह जाकर अपने भाई धरमा से क्षमा मांगा और करम देव के बारे में पूछा तो उन्होंने बताया करम देव सात समुन्द्र पार बहकर चले गए है। करमा फिर पूछ अब कैसे आयेंगे तो धरमा ने बताया की पूरे विधि विधान के साथ भादो एकादशी को लाकर पूजा करना होगा इससे सभी कष्ट दूर हो जाएँगे। करमा ने करम देव को लाने की पूरी विधिविधान से एकादशी के दिन तैयार हो गया और पूजा की समान– अरवा सूता, सिंदूर, अरवा चावल, हल्दी, गुड़ी, धुवन, आदि लेकर करम देव को लाने के लिए चल पड़ा काफी दूर जाते–जाते रास्ते में जोरो की भूख लगी तो उन्होंने रास्ते के किनारे एक विशाल छायादार डुमर/गुलर का पेड़ जो फलो से लदा हुआ मिला। वह पेड़ के पास बैठा और पके फल को खाने के लिए एकत्र किया जैसे ही फल को टुकड़ा किया तो उसमें छोटे–छोटे कोड़े दिखाई पड़े वह अपने माथा को मारते हुए बोला ओह रे कमर, इसने भी किसी जीव को फल नही दिया हो इसी वजह से इनके फल में किड़े पड़ गए हैं। आगे बढ़ता है जाते जाते एक बड़ा नदी मिला दूर से सोचा कि पानी पी कर प्यास बुझा लुंगा, पर नदी में एक बूंद पानी नही था, तो सोचा कि इस नदी ने भी किसी प्यासे को पानी नही दिया हो इसलिए इसका पानी सूख गया। ओह रे करम ! कुछ दूर जाने पर एक बुढ़िया अपने ढेकी से चुड़ा कुट रही थी। करमा दूर से ही मन बना लिया खुब चुड़ा खाऊंगा पर ज्यों हि समीप पहुचा उसकी पैर ढेकी की पूंछ में घुस गयी और जोरो से कराहने लगी तब करमा ने फिर पश्चताप किया और बोला ओह रे करम इस बुढ़िया ने भी अपने ग्राहकों को भूसा मिलाकर दिया है, फिर वह आगे बढ़ने लगा कुछ दूर जाने पर एक गाय मिली जो अपने बछड़े को दूध पीला रही थी ज्यों ही करमा ने थन को ओर हाथ बढ़या खून की धार बहने लगा तब पश्चताप करते हुए ओह रे करम बोल ग्वाले ने दूध में पानी मिलाकर दिया है इसलिए

गाय का थन सूख गया है, और आगे बढ़ा इस प्रकार से वह सात समुन्द्र की छोर में पहुंच गया। वहां उन्हें किसी प्रकार का स्थान दिखाई नही दिया सिर्फ जल ही जल दिखाई पड़ा तो वह किनारे बैठ कर जोरो से रोने लगा। इतने में जल देव द्रवित होकर कछुए के रूप धारण कर जल से बाहर निकले और सामने प्रकट होकर पुछने लगा क्या बात है रे मानवा कुछ तो बताओं? तब करमा ने बड़ा विनम्र भाव से अपनी किए करम की गथा सुनाया एक बार की बात है मैं अपने धन ज्ञान की अहंकार में आकर भादो एकादशी को करम पूजा के दौरान करम देव को उखाड़ कर फेंक दिया जो नाराज होकर सात समुन्द्र पार चले गये है तब से मेरे जीवन दिनों दिन कष्ट से गुजरता जा रहा है। कछुए ने कहा ऐसी बात है तो मैं तुम्हे करम देव के पास ले चलता हूँ। आवो मेरे पीठ पर बैठ जाओ, कछुआ ने उसे तैरते हुए करम देव के पास सात समुन्द्र पार पहुचा दिया। करमा ने करम देव को विनम्र भाव से प्रणाम कर अर्पण, सिंदुर, धुवन, धागा, फुल, अक्षत आदि चढ़ाकर अपनी गलती के लिए क्षमा मांगा। सदा सतकर्म की पालन करने के लिए उसपर पवित्र धागे का बंधन किया और जीवन जनमान्तर तक भक्त बने रहने का वादा कर पूर्व गलत किये गए सभी कर्मो की माफी छमा याचना करने का भाव पूरे मन से मांगा तद् उपरान्त करम देव को पुनः कछुए के पीठ पर बैठ कर साथ सात समन्दर वापस लौटे , समुद्र के पार वापस आते ही करमा ने कछुए को झुकर प्रणाम किया और करम डाली के साथ वापस लौटने लगा आते–आते देखा कि गाय के थन से इतने दूध का अमृत धारा प्रवाह हो रहे बछड़ा भी पी न पा रहा था, करमा ने खूब दूध पिया और कहा आपन करम भाइक धरम ग्वाला से आग्रह किया अब से किसी को भी दूध में पानी मिलाकर न देना, फिर वापस आते–आते उस बुढ़ियासे मुलाकात हो गई, जो ढेकी में फसकर कराह रही थी, वह आंनद पूर्वक बैठ कर मुस्कुरा रही है, इसके यहाँ करमा ने मन भरकर चुड़ा खाया और उस बुढ़िया को प्रणाम कर आगे बढ़ा पुनः बोाला आपन करम भइक धरम, बुढ़िया से बोला अब से किसी को भी भूसा मिलाकर चुड़ा मत देना। आते–आते काफी दूर चलने पर वह सुखी नदी मिला जहाँ पर साफ निर्मल जल बह रहा था। करमा ने नदी का पानी खुब पिया और नदी को प्रणाम कर पुनः बोला– आपन करम भाइयक धरम, नदी से बोला कि हर प्यासे जीव को पानी देना यही धर्म है। आते–आते काफी दूरी तय करने के उपरान्त छायादार वृक्ष गुलर/डुमर मिला उसका फल पुनः उठाया तो देखा फल बिलकुल स्वच्छ है करमा ने इसका फल खाया ओर पेड को प्रणाम कर धन्यवाद दिया, और गुलर से बोला हर भूखे प्राणी को फल देना घमण्ड मत करना, फिर धीरे–धीरे अपने राज्य की ओर बढ़ने लगा। वह जिस दिन अपने राज्य पहुचा उस दिन पुनः भादो एकादशी का करम पर्व का दिन आ गया था।

करम देव को आंगन में गाड कर खूब धूम धाम से पूजा किया सबो ने करम राजा के समक्ष अपनी–अपनी मनौती रखें और कर्म वचन से सदा जीवन में निभाने का वादा किया और कहा केकर करम–आपन करम केकर धरम भाई कर धरम, इसी के साथ सबो ने अपने कर्म देव के समक्ष प्रसाद को चढ़ाया धूमधाम से पूजा अर्चना किया और भादो द्वादशी के दिन करम को नदी तालाब में विसर्जन कर दिया करम अब अन्न धन्न से समापन हो गया और दोनों भाई साथ मिलकर रहने लगे। तब से करम पूजा करने की पौराणिक–सांस्कृतिक, धार्मिक परंपरा चलती आ रहा है। '5

इस कथा के अनुसार जैसे–जैसे दुःख की क्षण खुशी में बदलता है करमीतीन अपने द्वारा लाए लोरे फूल, फल, पकवान आदि समग्र पूजन सामग्री को कर्म डाली के नीचे रखती है पूरे समर्पण भाव से अर्पित कर गीत गाती है। हर भाषा में गाए जाते हैं–नागपुरी के अनुसार कर्म लोकगीत की पंक्ति :–

1. कोन बहिन पूजयॅ अबोध कर डरिया कि कोने भइया–2
रे बजावयॅ बसुरीया कि कोने भइया––2

2. पूनम बहिन पूजय अबोध कर डरिया कि पुनम बहिन...2
पवन भइया बजावयॅ बसुरीया कि पवन भइया..2'6

यह पंक्ति सभी करमीतीन एवं उन के भाई के नाम पकडकर गाया जाता है। पूजा के खत्म

होते ही करमीतीन द्वारा दूसरा गीत आरम्भ किया जाता है:–

(i). के कर लगीनसेवली सिवा–सिवा राइत गोई
केकर लगीन सेवली जय जगर नाच–2

(ii) आपन लगीन सेवली सिवा सिवा राइत गोई
भइया लगीन सेवली जय जगर नाथ – – 2

(iii) अकरी बटरी समे खोयछा में गोई एकादसी करम करम में
एहे खेइल खेलबई नइहर में भाई एकादसी करम में,

(iv) ततले ततले पुआ खोयछा में भाई एका दसी करम में,
रहे खेइल खेलबई नरहर में भाई एकादसी करम में,
(v) अन दिना खीरा बेटा लरे हो फरे हो
आरज खीरा बेटा नाना कर चखना – 2 '7

इस गीत के उपरान्त नागपुरी अंगनई गीत अपने धरम की ओर आगे बढ़ने लाया है। वृन्दा वन रास लीला की करम गीत को देखा जाय तो गोपीन को झूमर खलने मे भोर की सुधी न रखते भोर हो गई अपनी पति को क्या क्या से घर जाऊ। गोवीन फूल लोरे के बाहाने घर जाती है– जोइस प्रकार से

1. श्री वृन्दावन में करम गडावल
गे सजनी, सखिन सब खेलत झुमइए गे सजनो..2
खेलते खूंदते होय गेल बिहान,
गे सजनी, कवन बहाने घर जाब, गे सजनी...1
इहस्कर ओरे लागल फुलवारी
गे सजनी, फुलवा लो रहते घर जाब,गे सजनी...1
एक गोड एहरी एक गोड देहरी,
गे सजनी, मारे लागल प्रभुजी हामर,गे सजनी..1
मतिमाह प्रभुजी मति गरियाऊ,
गे सजनी, आब नही खेलब झूमइर, गे सजनो.1'8

करमा की एकादशी रात्रि समस्त होते ही द्वावदशी के दिन सुबह करम मे धगा, राखी, बांधकर प्रणाम करने की परम्परा है, इसी दिन करमा के तीन पतीयों को तोड़कर करम डाइर जोडने की परम्परा है जो सदा जवन भर करमउईर के नाम से चलता है। करम को उखाड कर घर–घर घुमया जाता है, पूजन कर सुख समृद्धि की कमना किया जाता है, बीच–बीच में कुछ मज किया अंदाज में भी गीत गाया जाता है–

करम उखाडने के गीत :–

एक पइला खरीका देली छीत राम हो,
सब छोड वइन दइख के देलम रिरिमाय हो–1
भुजली हाम चाउर भुंजा देली खरूवाम हो,
सउब छोडवरू दइख के देलम रिरिमाय हो–।।' 9

करम घुमाने का गीत :–

करम से मांगई नइयो तेला सेन्दुरा जुना,
मगई हो तेल सेन्दुरा–2 नई देवे तो करम जीया लेडरे।
कोना में हऊ बुचा हाडी, दिखा में हऊ खेचा रोटी,
देबे तो दे, नीते घसकते घसकते जाबू चुलहा ठन।
हाडी देबे तो छाइन के पिबऊ, दारू देबे तो बुटक चखना। '10

करम बहाने का गीत :–

(i) धसना कर मटीया धसीपरी गेलगोई,
आइज गंगा, गंगा बहल खिदोर गोई आइज गंगा।

(ii) ई करे गंगा ऊकरे जमुना बीचे ठावें,
रे कोरया माला फूल गोइ बीचे ठावें–2

(iii) सई फूला बीछी–बीछी गोइया तो जोराटलरे सइयो गोइया, गोइया बिछूरन भेलरे सयो गोइया–2
(iv) गोइया के पावती नयना भइर देखती,
हिया भरी, सावइर लेती अकगइ गोर हिया भरी–2

(v) जीबू तो करम गोसाई लानबू लियाम रे,
मरबू तो, करम गोसाई संख नदीक तीरे–2 '11

इस प्रकार से करम विर्सजन के बाद हम कारम देव से सालभर के अलग हो जाते है। जीवन सुखी–सुखी रहा तो अगले करम में मिलकर हिरदय से लगाएगें और यदि मर जायेंगे तो शंख नदी की पवित्र किनारा में अवश्य मिलेंगे, पर करम के साथ जो सदा निभाने का वचन दिया

है उसे अवश्य पूरा करूंगी नागपुरी करम लोकगीत में प्रकृति और मानव की बीच घनिष्ट सम्बन्ध की झलक सम्पूर्ण जनजीव की अभिव्यक्ति लोक गीतो का सुन्दर रूपो में सुनने को मिलती हं।

कुछ लोगों का निर्माण परिस्थितियाँ करती है लेकिन कुछ विरले ऐसे भी होते हैं जो इन परिस्थितियों के जाल में न फँसकर खुद अपना अलग व्यक्तित्व निर्माण करते है। सुदामा पाण्डेय धूमिल ऐसे ही लोगों में से हैं जिन्होंने अपनी अलग पहचान बनायी। धूमिल का जन्म 9 नवम्बर 1936 में वाराणसी के पास खेवली गाँव में हुआ था। इनके पिता का नाम पंडित शिवनायक और माता का नाम श्रीमती रजवंती देवी था। धुमिल की प्ररंभिक शिक्षा गाँव में ही हुई। हाईस्कूल पास करने वाले गाव के पहले व्यक्ति थे। हाईस्कूल पास करने के बाद ये विज्ञान से इंटर करने के लिए बनारस आए लेकिन पारिवारिक समस्याओं के चलते शहर में पढाई के खर्चे वहन न कर पाने के कारण पढाई का क्रम यहीं से टूट गया। रोजगार के लिए धूमिल कलकत्ता चले गए। यहाँ पर लोहा और लकड़ी ढोने का काम किया पर मालिक से नहीं बन पाने के कारण वापस भी लौट आए। और उन्हौने स्वाध्याय से हिन्दो और अंग्रजी का ज्ञान अर्जित किया। 1957 में धुमिल ने वनारस की औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में प्रवेश लिया और 1958 में विद्युत में डिप्लोमा प्रथम श्रेणी में, प्रथम स्थान प्राप्त कर पास किया। इसी संस्थान में 1958 में विद्युत अनुदेशक के पद पर नियुक्त हो गये और जीवन पर्यन्त इसी संस्था में विभिन्न स्थानों में कार्य करते रहे। धूमिल का जीवन संघर्षो से जूझता हुआ आगे बढ़ रहा था, जिसका प्रत्यक्ष प्रमाण उनकी काव्य रचना में देखा जा सकता है। उनका प्रथम काव्य संग्रह 'संसद से सड़क तक' वष 1972 में प्रकाशित हुआ है, द्वितीय काव्य संग्रह 'कल सुनना मुझे' मरणोपरांत सन् 1977 में प्रकाशित हुआ है। उनका तीसरा काव्य संग्रह 'सुदामा पांडे का जनतंत्र' भो मरणोपरांत ही प्रकाशित हुआ। उन्हें मरणोपरांत 1979 में साहित्य अकादमी पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

धूमिल की कविताओं में आजादी के सपनों के मोहभंग की पीड़ा और आक्रोश को सबसे सशक्त अभिव्यक्ति मिलती है। व्यवस्था जिसने जनता को छला है, उसको आइना दिखाना मानों धूमिल की कविताओं का परम लक्ष्य है। देश की आजादी के पूर्व देश की जनता को जो सपने दिखाए गए थे वे आजादी मिलने के कुछ ही वर्षों में टूटकर बिखरने लगे। समस्याओं का समाधान जुटाने की बजाय जनता का ध्यान दूसरी ओर खींचने तथा झूठे वादे देकर जनता को गुमराह करने वाले नेता वर्ग पर कवि का यह आक्रोश सत्य प्रतीत होता है।

उसी लोक नायक का,बार–बार चुनता रहा,
जिसके पास हर शंका और हर सवाल का एक ही जबाव था,
यानी की कोट के बटन–होल में महकता हुआ एक फूल, गुलाब का
वह हमें विश्वशांति और पंचशील के सूत्र समझाता रहा।

सन् 1960 के बाद की हिन्दी कविता में जिस मोहभंग की शुरूआत हुई थी, धूमिल उसकी अभिव्यक्ति करन वाले अत्यंत प्रभावशाली कवि है। उनकी कविता में परंपरा सभ्यता, सुरूचि, शालीनता और भद्रता का विरोध है, क्योंकि इन सबकी आड में जो आक्रोश पलता है उसे धूमिल पहचानते है इस विरोध के कारण उनकी कविता में एक प्रकार की आक्रामकता मिलती है। किन्तु उससे उनकी कविता की प्रभावशीलता बढ़ती है। धूमिल अपनी कविता के माध्यम से एक ऐसी काव्य भाषा विकसित करते हैं जो नई कविता के दौर की काव्य भाषा की रूमानियत, अतिशय कल्पनाशीलता और जटिल बिंब–धर्मिता से मुक्त है। वे किसी के सुर में सुर मिलाने के कायल न थे। उन्होंने तमाम ठगे हुए लोगों को जुबान दी। धूमिल का कवि हृदय, लोकमानस की तकलीफों व दर्द को दूर करने के लिए प्रयासरत है, इसलिए वे कविता को हथियार के रूप में प्रयोग करते है। धूमिल उस पूंजीवादी एवं सामन्तवादी व्यवस्था के विरोध में है जो स्वाधीनता के बाद भी आमजनता

को उसके अधिकार से वंचित किए है लेकिन गरीब इस व्यवस्था की चालाकी को समझ नहीं पाता। इसलिए धूमिल ने लिखा है –

लोगों ने सुविधा के लिए। बनिया सच्चाई है।

यह मंहगाई है जिसने बाजार को चकमा दिया है।

धूमिल की काव्य कला, संवेदना तथा सामाजिक पक्षधरता को समझने के लिए उनकी कविता ''पटकथा'' बहुत आवश्यक है। यह कविता हिन्दी साहित्य की लम्बी कविताओं में से एक है। नेमीचन्द्र जैन ने पटकथा पर लिखा है कि ''देश को और अपनी ऐसी बेरहम तस्वीर इतनी बेबाकी से उतार सकना एक समर्थ सर्जनात्मक प्रतिभा द्वारा ही संभव है और उचित ही यह कविता धूमिल को समकालीन कवियों में एक अलग खास और उच्च दजा प्राप्त है।'' धूमिल ने मात्र विषय के स्तर पर ही नहीं बल्कि भाषा और शैली के स्तर पर भो अपनी अलग पहचान बनाई है। भाषा के स्तर पर उन्होंने सपाटबयानी एवं भदेशपन को प्रमुखता दी। उनकी भाषा में आकामकता, तीखापन एवं व्यंग्य है साथ ही ग्रामीण जीवन की सरलता भी है। धूमिल के बाद के अनेक कवियों ने इस शैली को अपनाया। धूमिल की कविता के कुछ उदाहरण इस प्रकार हैं।

समझदार लोग/चीजों को/घटी हुई दरों में
कुतते हैं
और कहते है सौन्दर्य में स्वाद का मेल/जब नहीं
मिलता
कुत्ते महुए के फूल पर मूतते है।
जो बीमार हैं। उसे रोशनी में
नंगा होने का पूरा अधिकार है।

धूमिल की कविताओं में सत्तागत आकोश की ध्वनि मुखारित होती है। अवसरवादी नेताओं ने सत्ता हासिल कर ऐसी धांधली मचायी कि आम जनता हतप्रभ हो देखती रह गयी। देश की और सामान्य जन–जीवन की दशा–दिशा मं कोई खास परिवर्तन नहीं आया। नेताओं की स्वार्थवृत्ति, मुखौटेबाजी, अवसरवादिता, नारेबाजी, भ्रष्टाचार जैसी विसंगतियों ने धूमिल के दिलो–दिमाग को झकझोर दिया। कवि के मन का आकोश और झुंझलाहट कविता में तीखी और धारदार अभिव्यक्ति बनकर उभर आयी है। इस लोकतंत्र से धूमिल उकता गए से लगते है। वे लिखते हैं –

मैंने इंतजार किया – अब कोई बच्चा
भूखा रहकर स्कूल नहीं जायेगा
अब कोई छत बारिश में नहीं टपकेगी।
अब कोई आदमी कपड़ों की लाचारी में
अपना नंगा चेहरा नहीं पहनेगा
अब कोई दवा के अभाव में घुट घुटकर नहीं
मरेगा
अब कोई किसी की रोटी नहीं छीनेगा
कोई किसी को नंगा नहीं करेगा अब यह जमीन
अपनी है
आसमान अपना है जनतंत्र, त्याग, स्वतंत्रता .....

धूमिल द्वारा लिखित 'रोटी और संसद' छोटी कविता है पर इसकी चर्चा हमेशा होती है। प्रजातांत्रिक व्यवस्था में संसद की मौनता, आँखें होकर भी अंधा होना बहुत बड़ी बिड़म्बना है। काम करने वाले मेहनतकश का पसीना पानी सा बहाया जा रहा है, उसका खून चूसा जा रहा है। पेट भरने के बाद रोटी से खेलता अमीर कवि ने हमेशा देखा और दूसरी तरफ से पीडित घरों का आकोश भो। अतः धूमिल का मन विद्रोह कर उठता है –

एक आदमी रोटी बेलता है
एक आदमी रोटी खाता है
एक तीसरा आदमी भी है
जो न रोटी बेलता है न रोटी खाता है
वह सिर्फ रोटी से खेलता है मैं पूछता हूँ–
यह तीसरा आदमी कौन है ?
मेरे देश की संसद मौन है।

स्वार्थ और सत्तालोलुप नेता वर्ग जनता को देश के नागरिक न मानकर उस सिर्फ वोट के रूप में देखता है। धूमिल ने नेताओं के इस पाखंड को बेनकाब कर दिया है –

हाँ यह सही है कि इन दिनों मंत्री जब प्रजा के
सामने आता है

तो पहले से कुछ ज्यादा मुस्कुराता है नये–नये वादे करता है

आजादी के बाद की कविता में देश, लोकतंत्र और आम आदमी की पीड़ा को संसद के गलियारों तक मुखर करने वाले धूमिल ने भुखमरी, मंहगाई और बेरोजगारी पर किसी भविष्यदृष्टा की तरह कलम चलाई। बारीकी से देखें तो धूमिल की कल की पंक्तियाँ आज का सच उकेरती मिलती हैं। कविता के बारे में धूमिल का विचार है –

एक सही कविता पहले

एक सार्थक वक्तव्य होती है/जीवन में कविता की क्या अहमियत है –

कविता भाषा में आदमी होने की तमीज है।

भय, भूख, अकाल सत्तालोलुपता, अकर्मण्यता और अन्तहीन भटकाव को रेखांकित करती धूमिल की कविताएँ सत्ता के गलियारे का आइना दिखाने, का काम करती है। जिन पंक्तियों को धूमिल ने आज से 40 वर्ष पहले ही लिख दिया था, आज वही पंक्तियाँ पूरे समाज के लिए ज्वलंत प्रश्न के रूप में हैं। यदि ध्यान पूर्वक विचार किया जाए तो कहना होगा कि लोकतंत्र की विसंगतियों और बिडंबनाओं का पूरा दस्तावेज ही है धूमिल की कविताएं/बेकारी, गरीबी, बढ़ती जनसंख्या के बारे में लिखते हुए वे कहते हैं –

मैंने उसका हाथ पकड़ते हुए कहा –

बच्चे तो बेकारी के दिनों की बरकत है इससे व भी सहमत है

जो हमारी हालत पर तरस खाकर, खाने के लिए रसद देते हैं।

हाथी के दांत खाने को और दिखाने के और कहावत को सिद्ध करने वाले नेता आजादी मिलने पर समाजवाद की दुहाई देते थे, लेकिन वही लोग उसका रास्ता रोके हुए थे। समाजवाद के नाम पर उन दिनों काफी शोरगुल हुआ, लेकिन आखिरकार समाजवाद को दफना दिया गया। इन स्थिति को धूमिल ने व्यंग्य वाण की तीक्ष्ण नोंक से अनावृत्त कर दिया है –

समाजवाद उनकी जुबान पर अपनी सुरक्षा का एक आधुनिक मुहावरा है

मगर मैं जानता हूँ कि मेरे देश का समाजवाद माल गोदाम में लटकती हुई

उन बाल्टियों की तरह है जिस पर आग लिखा है आर उनमें बालू और पानी भरा है।

भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है। लेकिन हमारे स्वार्थी नेताओं ने ऐसी धांधली मचायी है कि अब धीरें–धीरे जनता का विश्वास जनतंत्र से उठता जा रहा है। जनता के विकास के नाम पर नता–वर्ग अपना ही विकास कर रहा है। इस अराजकता पर धूमिल ने भरपूर फटकार लगाई है –

ऐसा जनतंत्र है जिसमें जिंदा रहने के लिए

घोड़े और घास को एक जैसी छूट है

व्यंग्यकार हरिशंकर परसाई ने एक जगह लिखा है कि 'इस देश के बुद्धिजीवी सब शेर हैं, पर वे सियारों की बारात में बैंड बजाते हैं।'' इस देश के बुद्धिजीवी लोग भी इस कदर भ्रष्ट और स्वार्थी हो गये हैं कि अपने लाभ के लिए वे अपना मान–सम्मान, ईमानदारी, जमीर सब कुछ दांव पर लगा देते है। भ्रष्ट और लंपट नेताओं की चापलूसी करन वाले और ऊपर की आमदनी की फिराक में रहने वाले टुच्चे बुद्धिजीवियों की धूमिल ने बखिया उधेड़ दी है –

वे सब के सब तिजोरियों के दुभाषिये है वे वकील है वैज्ञानिक है

लेखक है। कवि है। कलाकार है। यानी कि कानन की भाषा बोलता हुआ

मृत्यु के कुछ समय पूर्व उन्हाने लिखा था – लोहे का स्वाद लोहार से मत पूछो

उस घोडे से पूछो जिसके मुहं में लगाम है।

इस प्रकार निष्कर्षः कहा जा सकता है कि धूमिल भावनाओं के स्थान पर गहरे विचार के कवि हैं। यथार्थ की गहराई से टटोल के कारण उनकी कविताएं अर्थ गुम्फित और कहीं–कहीं वक्र भी हो गयी है जिस पर पाठकों को गहन पैठ

बनाने के लिए समय – सापेक्ष उनके मन में व्यवस्था के प्रति हिलोरे लेती अराजकता, उनके जीवन के संघर्ष की जटिलता और उनकी रचना – प्रकिया को बारीकी से समझा जा सकता है। धूमिल इस दुनिया को खास तौर से इस देश को सम्पन्न, खुशहाल और शोषण मुक्त देखना चाहते है इसलिए उनका आक्राश अत्यधिक आक्रामक हो उठता है। कहा जा सकता है कि उनकी यह आक्रामक अराजकता ही उनकी कविता की शक्ति है। दरअसल उनकी कविता नये विम्ब विधान व नए संदर्भो में जनता के संघर्ष के स्वर में स्वर मिलाती है। हिन्दी कविता को नए तेवर देने वाले इस जनकवि का योगदान चिरस्तरणीय है।

संदर्भ ग्रंथ :–

1. धूमिल, कल सुनना मुझे, युगबोध प्रकाशन एस 2/363,सिकरौल, वाराणसी कैंट, 1977
2. धूमिल, संसद से सड़क तक, राजकमल प्रकाशन प्रा.लि. 1–बी, नेताजी सुभाष मार्ग, नई दिल्ली, 2009
3. पाण्डेय, रत्नशंकर, धूमिल–सुदामा पाण्डेय का प्रजातंत्र, वाणी प्रकाशन, दरियागंज, नई दिल्ली 2001
4. मिश्र, शिवकुमार, धूमिल की श्रेष्ठ कविताएं, लोकभारती प्रकाशन पहली मंजिल दरबारी बिल्डिंग 2009
5. विश्वकर्मा, डॉ. अनिल कुमार, वाग्प्रवाह, सी.ओ. कॉलोनी उ.प्र. 2010
6. सिंह डॉ. शुकदेव, धूमिल की कविताएं, विश्वविद्यालय प्रकाशन वाराणसी 2003

ISSN : 2394-3580 Swadeshi Research Foundation Vol. - 4 Dec. 2017
A Monthly Journal of Multidisciplinary Research (UGC APPROVED, Peer Reviewed & Refereed Research Journal)

मध्यप्रदेश में सोयाबीन उत्पादन की प्रवृत्ति एवं विपणन

डॉ. वनश्री मेहता
अतिथि, व्याख्याता डी. एन. जैन महाविद्यालय जबलपुर

शोध –सार :– प्रस्तुत शोध में मध्यप्रदेश में सोयाबीन उत्पादन वृद्धि में क्षेत्राच्छादन, उत्पदिता एवं विपणन के योगदान का अध्ययन किया गया। उक्त अध्ययन हेतु मुख्यतः द्वितीयक समंकों का चयन किया गया। सोयाबीन के क्षेत्रफल, उत्पादन एवं उत्पादिता हेतु वर्ष 2000–01 से 2012–13 तक समंको का संकलन किया गया। मध्यप्रदेश के लगभग 35 जिलों में सोयाबीन की खेती की जा रही है, 2012–13 के आंकड़ों के अनुसार जिनमें से 22 जिलों में सोयाबीन का लगभग 90 प्रतिशत उत्पादन किया जा रहा है। प्रदेश के प्रमुख सोयाबीन उत्पादक जिलों में उज्जैन, शाजापुर, देवास, सोहोर, सागर, धार, मंदसौर, विदिशा, बैतूल, छिन्दवाड़ा आदि महत्वपूर्ण है। वर्ष 2012–13 में प्रदेश में 6.03 मिलियन हैक्टेयर पर 7.80 मिलियन टन सोयाबीन का उत्पादन हुआ तथा प्रति हैक्टेयर उत्पादिता 1293 किग्रा रही। प्रदेश में देश का लगभग 53ः सोयाबीन उत्पादन हो रहा है। मध्यप्रदेश सोयाबीन के क्षेत्रफल एवं उत्पादन में तो देश में प्रथम स्थान पर है साथ ही इसके प्रसंस्करण एवं विपणन की प्रमुख इकाईयों एवं माध्यमों में भी आगे है। प्रदेश में सोयाबीन के विपणन का प्रमुख माध्यम कृषि उपज मण्डियॉ है तथापि विगत् वर्षों मं इसमें कमी दिखाई दे रही है। प्रदेश में सोयाबीन के उत्पादन वृद्धि हेतु कई प्रतिष्ठान अनुसंधान कार्य में लगे हुये हैं जिससे उन्नत किस्म की सोयाबीन का उत्पादन किया जा सके तथापि सोयाबीन की प्रति हैक्टेयर उत्पादिता वृद्धि में अभी और अधिक प्रयास किये जाने आवश्यक है।

प्रस्तावना :– मध्यप्रदेश की प्रमुख तिलहनी फसलों में सोयाबीन, मूंगफली, राई–सरसों, अलसी, सूर्यमुखी, नाइजर एवं अरण्डी आदि है, जिसमें सोयाबीन प्रथम स्थान पर है। सोयाबीन उत्पादन के मामले में आठवें दशक से ही मध्यप्रदेश का नाम सबसे अग्रणी है आज भी इसके उत्पादन के अतिरिक्त प्रसंस्करण और विपणन में भी पूरे देश में मध्यप्रदेश प्रथम स्थान पर है। इसी के फलस्वरूप मध्यप्रदेश को ''सोयाबीन राज्य'' घोषित किया गया है। सोयाबीन सर्वप्रथम उत्तर भारत एवं मध्यप्रदेश में ही उत्पादित किया गया। प्रदेश में प्रोटीन से संपन्न सोयाबीन के उत्पादन और इसके बने उत्पादों की मात्रा में निरंतर वृद्धि हो रही है। सोयाबीन के पीले बीजों ने इसकी पैदावार में क्रांति ला दी है। खेती करने के नये तरीकों के इस्तेमाल के फलस्वरूप पिछले 10–15 वर्षों में सोयाबीन की उपज में लगातार वृद्धि दिखाई दे रही है। खाद्य तेलों के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता प्राप्त करने की दृष्टि से सोयाबीन के तेल की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। देश में प्रतिवर्ष लगभग 10–15 लाख टन सोयाबीन तेल का उत्पादन होता है, मध्यप्रदेश इस मामले में अग्रणी है। यहॉ सोयाबीन से खाद्य तेल निकालने की 60 से अधिक इकाईयॉ हैं। इनमें सोयाबीन का आटा भी तैयार किया जाता है। अपने विशिष्ट गुणों के कारण सोयाबीन की मांग तेजी से बढ़ रही है। सोयाबीन ही एक मात्र ऐसी फसल है जो दलहन एवं तिलहन दोनों प्रकार से जानी जाती है। सोयाबीन के सोया पेय, सोया तेल, सोया दूध, सोया आटा जैसे उत्पाद भी विभिन्न ब्राण्ड के नाम से बाजार में आ गये हैं, लेकिन प्रचुर प्रोटीन के बावजूद इन्हें अपने दैनिक आहार में शामिल करने में अभी भी अधिसंख्य लोगों ने रूचि नहीं दिखाई है जिस कारण सोयाबीन को दलहन के रूप में विशेष पसंद नहीं किया जाता तथापि वर्तमान में सोयाबीन के महत्व को लोग समझने लगे हैं तथा इसका उपयोग प्रतिदिन बढ़ रहा है।

मध्यप्रदेश में सोयाबीन का उत्पादन का एक प्रमुख कारण तत्कालीन समय में किसानों द्वारा रबी मौसम (अक्टू से मार्च) में की जाने वाली खेती तथा खरीफ मौसम में खेतों को खाली छोड़ दिया जाना रहा। प्रदेश के किसान खरीफ मौसम में खेतों को खाली छोड़ देते थे तथा खरीफ की जमा नमी से रबी मौसम में खेती की जाती थी। किसानों ने जब सोयाबीन को खरीफ मौसम में

लगाना प्रारंभ किया तो इस फसल के उत्पादन से रबी की द्वितीय फसलों में कोई खराब प्रभाव नहीं पड़ा। प्रदेश की जलवायु सोयाबीन के अनुकूल होने के कारण पूर्व में किसानों द्वारा कम उन्नतशील एवं देर से पकने वाली सोयाबीन की खेती प्रारंभ की गई। वर्ष 1989–90 में भारत सरकार के विशेष प्रयासों के उपरांत उन्नत किस्म की जल्दी पकने वाली (90 दिन) सोयाबीन फसल के उत्पादन में वृद्धि हुई। उन्नत किस्म की पैदावार से सोयाबीन की उत्पादकता में वृद्धि होने लगी। जिससे किसानों का रूझान इस फसल की ओर बढ़ने लगा जिससे छोटे और मझोले किसान भी सोयाबीन की कृषि की ओर अग्रसर होने लगा। शासन द्वारा सोयाबीन की खेती को बढ़ावा देने के लिये उपयुक्त बीज, खाद, कल्चर, कृषि संयत्र एवं पौध संरक्षण की भी व्यापक व्यवस्था सुनिश्चित की जाती है। मध्यप्रदेश में सोयाबीन की सफलता को देखते हुये भारत शासन ने राष्ट्रीय सोयाबीन अनुसंधान केन्द्र (National Research Centre for Soybean) की स्थापना की है, जिसका मुख्यालय इन्दौर में है। यह केन्द्र प्रदेश में सोयाबीन के अनुसंधान में सक्रिय सहयोग देता है। इसके अतिरिक्त जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय एवं अन्य कृषि महाविद्यालयों द्वारा भी सोयाबीन पर अनुसंधान कार्य किया जा रहा है। भारत से निर्यात होने वाले सोयाबीन उत्पादों में सोया खली का बहुत बड़ा स्थान है। भारत विश्व के लगभग 40 देशों में सोया खली का निर्यात करता है। इस परिप्रेक्ष्य में मध्यप्रदेश की अग्रणी संस्था सोयाबीन प्रोसेसर्स ऐसोसियेशन इन्दौर (सोपा) महत्वपूर्ण भूमिका निर्वाह कर रहा है, यहॉ से बहुत बड़ी मात्रा में खली का निर्यात किया जा रहा है। मध्यप्रदेश तथा भारत सरकार प्रोटीन समृद्ध सोया खली के अन्य उत्पादन तैयार कर निर्यात हेतु प्रयासरत है।

शोध प्रविधि :– प्रस्तुत शोध कार्य हेतु महत्वपूर्ण तिलहनी फसल सोयाबीन के उत्पादन एवं विपणन हेतु मध्यप्रदेश का चयन किया गया है। शोध का प्रमुख उद्देश्य मध्यप्रदेश में सोयाबीन की वर्तमान स्थिति एवं भविष्य की संभावनाओं का पता लगाना है। इस बाबत् सोयाबीन के क्षेत्राच्छादन, उत्पादन, उत्पादिता, विपणन की प्रवृत्ति एवं उच्चवचनों का अध्ययन किया गया तथा उक्त अध्ययन हेतु मुख्यतः द्वितीयक समंकों का चयन किया गया। सोयाबीन के क्षेत्रफल, उत्पादन, उत्पादिता एवं मण्डियों में सोयाबीन की आवक हेतु वर्ष 2000–01 से 2012–13 तक समंको का संकलन किया गया। द्वितीयक समंकों को समय–समय पर भारत शासन, राज्य शासन, जिला अथवा विकासखण्डवार, पत्र–पत्रिकाओं, समाचार पत्रों, इन्टरनेट आदि में प्रकाशित सामग्री से संकलित किया गया है। विभिन्न माध्यमों से सूचनाएँ, जानकारियॉ एवं समंक प्राप्त एवं एकत्रित करने के पश्चात् उनका तालिका द्वारा प्रस्तुतीकरण एवं सांख्यिकीय एवं बीजगणितोय प्रविधियों की सहायता से विश्लेषण किया गया तथा मध्यप्रदेश में सोयाबीन के उत्पादन, संग्रहण एवं विपणन की वृद्धि का अनुपात का पता लगाया गया।

सोयाबीन के क्षेत्र एवं उत्पादन की प्रवृत्ति का विश्लेषण :– वर्तमान में सोयाबीन मध्यप्रदेश के किसानों की खरीफ मौसम में बोये जाने वाली प्रमुख फसल है। भारत मे कुल उत्पादित सोयाबीन का आधे से अधिक उत्पादन अकेले मध्यप्रदेश के किसानों की खरीफ मौसम में बोये जाने वाली प्रमुख फसल है। यहॉ की जलवायु सोयाबीन उत्पादन के लिये सर्वथा अनुकूल है। सोयाबीन की फसल के बारे मे कृषको को जागरूक करने का श्रेय मध्यप्रदेश शासन को भी जाता है जिस कारण किसान जागरूक हो रहे हैं तथा किसानों के रूझान, उत्साह एवं सतत् प्रयास के कारण भारत दुनिया में सोयाबीन उत्पादन में पॉचवें स्थान पर है। देश के उत्पादन का लगभग 53 प्रतिशत उत्पादन मध्यप्रदेश मे होता है। वर्ष 2000–01 में भारत मे कुल 6420 हजार हैक्टेयर क्षेत्रफल पर 5280 हजार टन सोयाबीन उत्पादित किया गया जिसमें मध्यप्रदेश में 4475 हजार हैक्टेयर भूमि पर 3431 हजार टन उत्पादन हुआ अर्थात् कुल उत्पादन का 65% मध्यप्रदेश में उत्पादित किया गया जबकि वर्ष 2012–13 में भारत 10840 हजार हैक्टेयर में 14670 हजार टन सोयाबीन उत्पादित किया गया। जिसमें से 6030 हजार हैक्टेयर पर 7800 हजार टन अर्थात् लगभग 53% उत्पादन प्रदेश में हुआ। वर्ष 2000–01 से 2012–13 तक भारत एवं मध्यप्रदेश में सोयाबीन का क्षेत्रफल एवं उत्पादन का अध्ययन करें तो पता लगता है कि विगत् वर्षों में प्रदेश के उत्पादन में

कुछ उच्चावचनों के बाद भी मध्यप्रदेश प्रथम स्थान पर बना हुआ है। जहॉ तक प्रति हैक्टेयर उत्पादिता का अध्ययन करने पर ज्ञात हुआ कि सत्र 2000–01 मे मात्र 767 किग्रा प्रति हैक्टयर थी जो 2012–13 में बढकर 1293 किग्रा प्रति हैक्टयर हो गई तथा देश में उत्पादित सोयाबीन के लगभग बराबर है। जिसे तालिका क्रमांक 1 से समझा जा सकता है।

यदि मध्यप्रदेश का अन्य प्रदेशों से तुलनात्मक अध्ययन किया जाये तो पता लगता है कि वर्ष 2012–13 में भारत में कुल 10.84 मिलियन हैक्टयर पर सोयाबीन बोया तथा जिसमें मध्यप्रदेश में 55.64%, महाराष्ट्र में 29-69% एवं राजस्थान में 9.59% सोयाबीन का क्षेत्र रहा तथा उत्पादन के आंकड़ों पर ध्यान दें तो देश क कुल उत्पादन 14.67 मिलियन टन में मध्यप्रदेश में 53.18%, महाराष्ट्र में 31.85% एवं राजस्थान में 10.01% उत्पादन हुआ। (तालिका क्र.2) अर्थात देश के कुल उत्पादन का लगभग 95% उत्पादन इन तीन राज्यों में हो रहा है जिसमें मध्यप्रदेश प्रथम स्थान पर है।

मध्यप्रदेश के विभिन्न जिलों में सोयाबीन के क्षेत्रफल, उत्पादन एवं उत्पादिता का विवरण तालिका क्रमांक 3 में दिया गया है। तालिका के अध्ययन से ज्ञात होता है सोयाबीन के क्षेत्राच्छादन एवं उत्पादन में उज्जैन जिला प्रथम स्थान पर है जहॉ 455.73 हजार है. पर 599.93 हजार टन उत्पादन हुआ जो प्रदेश के कुल क्षेत्र का 7.82% तथा कुल उत्पादन का 8.31% है। उपरोक्त तालिका में मध्यप्रदेश में सोयाबीन उत्पादन के प्रमुख जिले उज्जैन, शाजापुर, देवास, सीहोर, सागर, धार, मंदसौर, विदिशा, बैतूल, छिन्दवाड़ा जिले प्रमुख भूमिका निभा रहे है जिनमें प्रदेश के कुल उत्पादन का लगभग 60% उत्पादन हो रहा है। जहॉ तक प्रति हैक्टेयर उत्पादिता का अध्ययन किया जाये तो सर्वाधिक उत्पादित छिन्दवाड़ा जिले में देखी गई है जहॉ 154 हजार है. पर 312 हजार टन सोयाबीन उत्पादित किया गया तथा उत्पादिता 2027.99 किग्रा/है. रही।

तालिका क्रमांक 1. भारत एवं मध्यप्रदेश में सोयाबीन का क्षेत्रफल/उत्पादन/उत्पादिता

वर्ष	भारत			मध्यप्रदेश			देश के उत्पादन में म.प्र. का प्रतिशत
	क्षेत्रफल 000 हैक्टे.	उत्पादन 000 हैक्टे.	उत्पादिता किग्रा/हैक्टे	क्षेत्रफल 000 हैक्टे.	उत्पादन 000 हैक्टे.	उत्पादिता किग्रा/हैक्टे	
2000-01	6420	5280	822	4475	3431	767	65%
2001-02	6340	5960	940	4450	3735	840	62.7%
2002-03	6110	4650	762	4191	2674	638	57.5%
2003-04	6560	7820	1193	4212	4653	1106	59.5%
2004-05	7570	6870	908	4594	3760	819	54.7%
2005-06	7710	8270	1073	4590	4814	1050	58.2%

2006-07	8320	8850	1063	4705	4789	1018	54.1%
2007-08	8880	10970	1235	5202	5368	1033	48.9%
2008-09	9510	9900	1040	5295	5924	1120	59.8%
2009-10	9730	9966	1026	5454	6428	1180	64.4%
2010-11	9600	12740	1327	5560	6670	1201	52.35%
2011-12	10110	12210	1208	5786	6497	1124	53.21%
2012-13	10840	14670	1353	6030	7800	1293	53.16%

Source ."Area production and yield of soybean in major producing state" –Agriculture Statistics at a glance 2014 Govt. of India, Ministry of Agriculture, Directorate of Economics and Statistics, page No. 112-13

तालिका क्रमांक 2. भारत में प्रादेशिक स्तर पर सोयाबीन की स्थिति (2012–13)

प्रदेश	क्षेत्रफल (मि.है)	भारत में प्रतिशत	उत्पादन (मि. टन)	भारत में प्रतिशत	उत्पादिता (किग्रा/हैक्ट)
मध्यप्रदेश	6.03	55.64	7.80	53.18	1293
महाराष्ट्र	3.22	29.69	4.67	31.85	1451
राजस्थान	1.04	9.59	1.47	10.01	1412
आंध्रप्रदेश	0.16	1.47	0.29	1.97	1818
कर्नाटक	0.17	1.57	0.18	1.21	1047
अन्य	0.22	2.04	0.26	1.77	1182
कुल भारत	**10.84**	**100**	**14.67**	**100**	**1353**

Source Agriculture Statistics at a glance 2014 Govt. of India, Ministry of Agriculture, Directorate of Economics and Statistics, page No. 114

तालिका क्रमांक 3. मध्यप्रदेश के प्रमुख सोयाबीन उत्पादक जिले (2012–13)

जिले	क्षेत्रफल (मि.है)	कुल का प्रतिशत	उत्पादन (मि. टन)	कुल का प्रतिशत	उत्पादिता (किग्रा/हैक्ट)
उज्जैन	455.73	7.82	599.93	8.31	1315.46'

शाजापुर	358.37	6.15	445.63	6.17	1242.24
देवास	328.80	5.64	435.23	6.03	1318.42
सागर	318.93	5.47	387.17	5.36	1214.12
राजगढ	312.77	5.37	327.70	4.54	1045.29
सीहोर	294.13	5.05	425.27	5.89	1453.40
धार	274.40	4.71	381.93	5.29	1390.41
मंदसौर	269.93	4.63	374.10	5.18	1377.81
विदिशा	260.40	4.47	328.20	4.55	1267.92
इंदौर	225.90	3.88	262.33	3.63	1159.05
बैतूल	223.97	3.84	331.63	4.59	1470.14
होशंगाबाद	220.37	3.78	218.67	3.03	995.85
गुना	219.83	3.77	275.87	3.82	1253.90
रतलाम	217.37	3.73	266.23	3.69	1218.45
हरदा	176.83	3.03	263.17	3.65	1493.08
खण्डवा	172.37	2.96	123.67	1.71	713.52
रायसेन	171.77	2.95	155.40	2.15	915.05
छिन्दवाड़ा	154.00	2.64	312.20	4.32	2027.99
शिवपुरी	150.30	2.58	148.47	2.06	992.62
नीमच	123.00	2.11	150.13	2.08	1217.8
सिवनी	120.43	2.07	135.47	1.88	1125.87
भोपाल	108.33	1.86	146.63	2.03	1352.84
अन्य जिले	669.90	11.49	723.54	10.02	1080.07
मध्यप्रदेश	**5827.83**	**100**	**7218.57**	**100**	**1235.56**

मध्यप्रदेश में सोयाबीन का विपणन :– मध्यप्रदेश सोयाबीन के क्षेत्रफल एवं उत्पादन में तो देश में प्रथम स्थान पर है साथ ही इसके प्रसंस्करण एवं विपणन की प्रमुख इकाईयों एवं माध्यमों में भी आगे है। प्रदेश में सोयाबीन के विपणन का प्रमुख माध्यम कृषि उपज मण्डियॉ है। मध्यप्रदेश में संभाग एवं जिला स्तर पर विभिन्न कृषि उपज मण्डियॉ सोयाबीन के विपणन कार्य में संलग्न है, वर्ष 2000–01 से 2012–13 तक पदेश की कृषि उपज मण्डियों में सोयाबीन की आवक का विवरण तालिका क्रमांक 4 में दर्शाई गई है।

तालिका के विगत 13 वर्षों के आंकड़ों के अध्ययन से ज्ञात हुआ कि मध्यप्रदेश की कृषि उपज मण्डियों में सोयाबीन की वार्षिक आवक में कुछ उच्चावचनों के साथ वृद्धि दर्ज की गई। वर्ष 2000–01 में जहॉ कुल वार्षिक आवक 3195348 मि.टन थी वह 2012–13 में बढ़कर 4353513 मि. टन. हो गई अर्थात् इसमें आधार वर्ष (2000–01) की तुलना में 136% की वृद्धि हुई। विगत् दशक में सोयाबीन की कुल आवक का ओसत 4069459 मि.टन रहा। मध्यप्रदेश में सोयाबीन के उत्पादन में आवक के प्रतिशत तालिका क्रमांक 5 में दर्शाया गया है।

तालिका क्र. 5 का अध्ययन करने पर ज्ञात हुआ प्रदेश की मण्डियों में उत्पादन का औसत 79% सोयाबीन की आवक है अर्थात् प्रदेश में सोयाबीन के विपणन में कृषि उपज मण्डियॉ प्रमुख माध्यम है। तथापि वर्ष 2000–01 में जहॉ उत्पादन की 93% आवक थी वह 2012–13 में घटकर 56% रह गई अर्थात् विगत् वर्षों में मण्डियों में आवक तुलनात्मक रूप से घटी है। प्रदेश में कई किसान सीधे प्रसंस्करण मिलों को भी सोयाबीन का सीधे विक्रय कर देते हैं। प्रदेश में लगभग 60–65 तेल प्रसंस्करण मिले तथा सोपा, ऑइल फैड, कृषि विश्वविद्यालय आदि संस्थान सोयाबीन के अनुसंधान एवं प्रसंस्करण तकनीकों में वृद्धि का कार्य कर रही हैं तथा बची हुई खली का निर्यात किया जाता है। ये संस्थायें मुख्यतः सोयाबीन से तेल निकालने का कार्य करती है तथा कुछ प्रसंस्करण यूनिट से तेल के अतिरिक्त सोयाबीन के अन्य उत्पाद यथा सोया आटा, नगट्स, बड़ी आदि भी बनाई जा रही है। इसके अतिरिक्त मध्यप्रदेश राज्य बीज निगम द्वारा सोयाबीन की उन्नत पैदावार हेतु बीजों के उत्पादन एवं प्रसंस्करण का कार्य किया जा रहा है तथा किसानों को उन्नत बीज उपलब्ध कराने हेतु प्रयासरत् है।

तालिका क्रमांक 4. मध्यप्रदेश की कृषि उपज मण्डियों में सोयाबीन की आवक

वर्ष	आवक (मि.टन)	आधार वर्ष की तुलना में प्रतिशत
2000-01	3195348	100%
2001-02	3525434	110%
2002-03	2337704	73%
2003-04	3358398	105%
2004-05	2492332	78%
2005-06	4169769	130%
2006-07	4695896	147%
2007-08	5123623	160%
2008-09	3928981	123%
2009-10	4352980	136%
2010-11	6492897	203%
2011-12	4876091	153%
2012-13	4353513	136%

औसत आवक	**4069459**

स्त्रोत : म.प्र. विपणन बोर्ड की विभिन्न मण्डियों एवं मण्डी बोर्ड की वेवसाईट mpmandiboard.gov.in

तालिका क्रमांक 5. मध्यप्रदेश में सोयाबीन के उत्पादन एवं कृषि उपज मण्डियों की आवक

वर्ष	उत्पादन (हजार टन में)	आवक (हजार टन में)	आवक का उत्पादन में प्रतिशत
2000-01	3431	3195	93%
2001-02	3735	3525	94%
2002-03	2674	2337	87%
2003-04	4653	3358	72%
2004-05	3760	2492	66%
2005-06	4814	4169	87%
2006-07	4789	4695	98%
2007-08	5368	5123	95%
2008-09	5924	3928	66%
2009-10	6428	4352	68%
2010-11	6670	6493	97%
2011-12	6497	4876	75%
2012-13	7800	4353	56%
औसत आवक	**5119**	**4069**	79%

प्रदेश में सोयाबीन की उन्नत किस्मों की पैदवार हेतु मध्यप्रदेश राज्य बीज एवं विकास निगम द्वारा प्रमाणित बीजों का उत्पादन किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त सोयाबीन के प्रसंस्करण हेतु प्रदेश में कई प्रसंस्करण इकाईयॉ कार्यरत् है जहॉ प्रदेश एवं देश भर की मण्डियों से सोयाबीन एकत्रित कर उनका प्रसंस्करण किया जाता है। भारत में सर्वाधिक सोयाबीन उत्पादन मध्यप्रदेश में होने के कारण सोयाबीन के उत्पादन में अधिक प्रगति हेतु सोयाबीन पर अनुसंधान के साथ–साथ अन्य उत्पादों के निर्माण, विपणन एवं निर्यात आदि में उतरोत्तर वृद्धि के उद्देश्य की पूर्ति हेतु प्रदेश में सर्व–सुविधा संपन्न प्रतिष्ठान स्थापित किये गये। जिनमें सोयाबीन प्रोसेसर्स एसोसियेशन ऑफ इण्डिया (सोपा) इन्दौर, मध्यप्रदेश राज्य तिलहन उत्पादक सहकारी संघ मार्यादित भोपाल (ऑइल फैड) एवं राष्ट्रीय सोयाबीन अनुसंधान केन्द्र इन्दौर प्रमुख है। ये संस्थान सोयाबीन पर अनुसंधान, प्रसंस्करण, निर्यात, प्रजनक बीज उत्पादन के कार्य में संलग्न है तथा मध्यप्रदेश का कृषि विभाग उन्नत बीजां के उत्पादन तथा उपार्जन करके कृषकों तक पहुंचाने का प्रबंध करता है।

निष्कर्ष एवं सुझाव :– मध्यप्रदेश में सोयाबीन के उत्पादन, उत्पादकता, प्रसंस्करण, विपणन, अनुसंधान में मध्यप्रदेश शासन एवं सोयाबीन के अनुसंधान केन्द्र महती भूमिकायें निभा रहे है जिससे प्रदश में सोयाबीन के उत्पादन, संग्रहण एवं विपणन में लगातार वृद्धि हो रही है। उक्त संस्थाओं के अतिरिक्त जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय, कृषि विभागों, बीज निगम आदि में भी सोयाबीन की उन्नत फसलों हेतु लगातार प्रयास किया जा रहा है। निष्कर्षतः कहा जा

सकता है कि मध्यप्रदेश में सोयाबीन के क्षेत्रफल, उत्पादन, प्रसंस्करण तथा विपणन में लगातार वृद्धि हो रही है। देश में सर्वाधिक सोयाबीन उत्पादन में विगत् कई वर्षों से मध्यप्रदेश प्रथम स्थान पर बना हुआ है तथापि उत्पादिता में वृद्धि की जानी आवश्यक है। भारत की प्रति हैक्टेयर उत्पादिता विश्व की उत्पादिता की तुलना में बहुत कम है तथा देश का सर्वाधिक उत्पादन मध्यप्रदेश में किया जा रहा है अतः उत्पादिता में वृद्धि हेतु प्रयास किये जाने चाहिये। इसी प्रकार मध्यप्रदेश में सोयाबीन विपणन हेतु कृषि उपज मण्डियॉं, प्रसंस्करण इकाईयॉं, प्रतिष्ठान कार्यरत् है एवं विगत वर्षों में इसमें स्पष्टतः वृद्धि हुई है तथापि अध्ययन से यह तथ्य भी सामने आया है कि प्रदेश में पूर्व में 100 से अधिक प्रसंस्करण इकाईयॉं थी जिसमें कई यूनिट हानि, समस्या, लेबर, उपयोग में कमी आदि के कारण बंद हो चुकी है, जिससे सोयाबीन के प्रसंस्करण में कठिनाई उत्पन्न हो रही है। प्रदेश की जलवायु सोयाबीन के अनुकूल है अतः उन क्षेत्रों में जहॉं अभी सोयाबीन की खेती में कमी है किसानों को सोयाबीन उत्पादन हेतु प्रोत्साहित किया जाना आवश्यक है।

संदर्भ :–

1. Acharya S.S., Agrawal, N.L. 2004. “Agricultural Marketing In India”. Oxford and IBH Publishing, New Delhi.
2. Ahirwar, R.F.; Nahatkar, S.B.; Sharma, H.O. 2006. “Growth and Supply Response in Malwa Plateau of Madhya Pradesh”- Soybean Res. Journal, 4:49-53.
3. Ahirwar, R. S.; Nahatkar, S.B.; Sharma, O.P. 2007. “Profitablity and Input Use Efficiency in Cultivation of Soybean in Malwa Plateau of M.P.” Soybean Research Journal Vol. 5, Page 43-49.
4. Ahirwar, R.F.; Verma, A.K.; Raghuwanshi, S.R.S.2016. “Analysis of GrowthTrends and Variability of Soybean Production in Different Districs of Madhya Pradesh”- Soybean Research 14(2):89-96.
5. GOI.2014 Agricultrual Statistics at a Glance. Oxford University Press New Delhi. Page 214.
6. Banga, G; Kumar, B; Singh, Gill. 2010. “Marketing Practices followed by Soybean Processors in Punjab” Soybean Research, 8: 64-74.
7. Banafar, K.N.S. (2003) “Economics Processing of Soybean in Sehore District of Madhya Pradesh” – Indian Journal of Agriculture Economics, 419 words.
8. Singh B.B. 2006. “Success of Soyabean in India: The Early Challenges and Pioneer Promoters,” Asian Agriculture History 10, 1, 43-45.
9. Website of M.P. Marketing Board – mpmandiboard.gov.in
10. Website of Soybean Processors Association Indore-www.sopa.org.

ISSN : 2394-3580 Swadeshi Research Foundation Vol. - 4 Dec. 2017
A Monthly Journal of Multidisciplinary Research (UGC APPROVED, Peer Reviewed & Refereed Research Journal)

औद्योगिक निवेश में संस्थागत वित्त का महत्व (एक विश्लेषण)

डॉ. किरण सिंह

शोधसार :– प्रस्तुत शोध पत्र में औद्योगिक निवेश में संस्थागत वित्त के महत्व को प्रतिपादित करने का प्रयास है। औद्योगिक निवेश को बढ़ावा देने के लिए देश में अनेक विशिष्ट वित्तीय संस्थाओं की स्थापना की गई है। जिसका प्रमुख उद्देश्य उद्योगों के संचालन को सुगम और सुविधाजनक बनाना है। जिससे पूँजी निर्माण में वृद्धि होगी साथ ही रोजगार के अवसरों में वृद्धि संभव हो सकेगी। अतः देश के औद्योगिक विकास में संस्थागत वित्त एक महत्वपूर्ण स्तंभ की भांति है।

प्रस्तावना :– निवेश का मुख्य कार्य उद्योगों के संचालन को सुविधाजनक बनाना है। निवेश को गति तभी प्रदान होगी जब निवेशक आगे आयेंगें। स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात भारत में कई वित्तीय और विकास निगमें अस्तित्व में आई जिन्होने औद्योगिक विकास को बढ़ाने तथा पूँजी को बढ़ाने में सहायता की। ऐसी संस्थाओं को विशिष्ट वित्तीय संस्थाओं के नाम से जाना जाता है। औद्योगिक वित्त को संगठित करने वाली विशेष संस्था निवेश में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। इस उद्देश्य से देश में पिछले कुछ वर्षो में केन्द्र तथा राज्य दोनों ही स्तरों पर बहुत सी संस्थाएँ स्थापित की गई हैं। इसमें से कुछ संस्थाएँ ऐसी है जो बड़े और छोटे दोनों प्रकार के उद्योगों को वित्त प्रदान करती है। विशिष्ट वित्तीय संस्थाओं द्वारा निर्मित यह आधार व्यावसायिक बैंकों को उत्प्रेरित करने की मंशा से बनाया गया है। जो उद्योगों को अल्पकालीन व दीर्घकालीन ऋण उपलब्ध कराकर निवेश को बढ़ावा दे सके। उद्योगों को सहायता प्रदान करने के क्षेत्र में उद्योगों के लिए पुनर्वित निगम की स्थापना की गई जो पुनः वित्त व्यवस्थापन संबंधी सुविधाएँ उपलब्ध कराता है। साथ ही बैंकों को उत्प्रेरित करता है कि वे उद्योग को मध्यम और दीर्घ अवधि के ऋण उपलब्ध करावे। प्रत्यक्ष विदेशी निवेश को बढ़ाने में भी इन्हीं विशिष्ट वित्तीय संस्थाओं का योगदान रहा है। ये संस्थाएँ कम ब्याज दर पर ऋण उपलब्ध कराती है। भारत में पर्याप्त संख्या में विशिष्ट वित्तीय संस्थाओं का जाल बिछा हुआ है जो औद्योगिक क्षेत्र के विकास के लिए वित्त उपलब्ध कराता है। ये संस्थाएँ इसलिए महत्वपूर्ण हैं कि छोटी बचतों को संचयी करके विनियोग करता है।

प्रस्तुत शोध कार्य का उद्देश्य है :–

- संस्थागत वित्त की आवश्यकताओं एवं उसके महत्व को प्रतिपादित करना है।
- संस्थागत वित्त संरचना का विश्लेषण करना है।
- अल्पकालीन एवं दीर्घकालीन वित्त स्त्रोतों के रूप में वित्तीय संस्थाओं की भूमिका का विश्लेषण करना है।
- पिछड़े क्षेत्रों के विकास के लिए उद्योगों की स्थापना करके समस्या के निदान के लिए सुझाव देना है।

शोध–पत्र निम्न मान्यताओं पर आधारित है –

- विशिष्ट संस्थाओं को स्थापना से निवेश प्रवृत्ति प्रोत्साहित होगी।
- वित्तीय संस्थाओं के द्वारा उद्योगों की वित्तीय आवश्यकताओं की पूर्ति संभव हो सकेगी।
- पूँजी निर्माण की प्रक्रिया में वृद्धि हो।
- बचत करने की प्रवृत्ति को प्रोत्साहन मिलेगा।
- औद्योगिक निवेश के द्वारा रूग्ण इकाईयों को पनः स्थापित करने में मदद मिलेगी।

संस्थागत वित्त हेतु अनेक संस्थाएं कार्यरत हैं। जिनका उद्देश्य निवेश द्वारा उद्योगों का विकास करना। जिससे आर्थिक विकास की गति तीव्र हो सके। शोध पत्र को सीमाओं में बांधने हेतु विश्लेषण के लिए विशिष्ट संस्थाओं का चयन किया गया है।

शोध विधि :– शोध विश्लेषण हेतु द्वितीयक समंकों को आधार बनाया गया है। इस हेतु पत्रिकाओं, पुस्तकों तथा इंटरनेट पर उपलब्ध सामग्री चयनित है।

संस्थागत वित्त :– औद्योगिक वित्त प्रदान करने के लिए सरकार ने देश में अनेक विशिष्ट वित्तीय संस्थाओं की स्थापना की है। जिन्हें संस्थागत वित्त के नाम से जाना जाता है। इसमें भारतोय औद्योगिक वित्त निगम, भारतीय औद्योगिक पुनर्निर्माण बैंक, भारतीय औद्योगिक विकास निगम, भारतीय आद्योगिक साख एवं विनियोग निगम, जीवन बीमा निगम, भारतीय सामान्य बीमा निगम तथा यूनिट ट्रस्ट ऑफ इंडिया या एक्सिस बैंक ने विशेष रूप से सराहनीय कार्य किए है। ये संस्थाएँ उद्योगों को दीर्घकालीन व मध्यमकालीन वित्तीय सुविधाएँ उपलब्ध कराती हैं। ये संस्थाएँ प्रत्यक्ष तथा अप्रत्यक्ष सहायता, प्रतिभूतियों के क्रय, अभिगोपन, ऋणों के भुगतान की गारंटी आदि के रूप में कार्य करती हैं। वित्तीय सहायता के अतिरिक्त ये संस्थाएँ उद्योगों की स्थापना, विस्तार एवं संचालन का कार्य करती हैं साथ ही पूँजी बाजार के कार्य कलापों का संचालन करते हुए विनिमय पत्रों का आदान प्रदान कर उद्योगों की जरूरतों को पूरा करती हैं।

- भारतीय औद्योगिक विकास बैंक :– यह बैंक दीर्घकालीन और मध्यम कालीन वित्त प्रदान करने और औद्योगिक विकास के लिए वित्त व्यवस्था से संबंधित सभी अभिकरणों की गतिविधियों में तालमेल स्थापित करने के उद्देष्य से स्थापित किया गया। वित्त व्यवस्था के क्षेत्र में एक उल्लेखनीय कदम के रूप में यह बैंक विभिन्न तरीकों से वित्तीय सहायता प्रदान करता है।

- भारतीय औद्योगिक वित्त निगम :– यह निगम तीन तरीकों से वित्त प्रदान करता है। यह औद्योगिक प्रतिष्ठानों को उधार देता है उनके द्वारा जारी किये गये ऋण पत्रों में धन लगाता है। पूँजी बाजार में औद्योगिक प्रतिष्ठानों के कर्जो की गारंटी करता है तथा औद्योगिक प्रतिष्ठानों द्वारा जारी किए गए शेयर, बंधपत्र और ऋण पत्रों की हामीदारी करता है। भारतीय औद्योगिक वित्त निगम का उद्देश्य निजी और सार्वजनिक क्षेत्रों के बड़े व मझोले उद्योगों के दीर्घकालीन वित्त की व्यवस्था करना है।

- भारतीय औद्योगिक ऋण एवं निवेश निगम :– यह निगम दीर्घकालीन और मध्यकालीन ऋण देता है। इक्विटी पूँजी में भाग लेता है। शेयरों तथा ऋणपत्रों के नए निर्गमों को आश्वस्त करता है। इस निगम का उद्देश्य नए उद्योगों को बढ़ावा देना, विद्यमान उद्योगों के विस्तार और उनके आधुनिकीकरण में सहायता देना और उत्पादन तथा रोजगार अवसरों में वृद्धि करने के उद्देश्य से तकनीकी तथा प्रबंधात्मक सहायता प्रदान करना है।

- भारतीय औद्योगिक पुनर्निर्माण बैंक :– औद्योगिक क्षेत्र में मार्च 1985 में एक वैधानिक निगम के रूप में इसका पुनर्गठन किया गया और इसे भारतीय औद्योगिक पुनर्निर्माण बैंक का नाम दिया गया। इस बैंक का कार्य सामान्यतः उद्योगों को प्रोत्साहन देने और विशेष रूप से बीमार औद्योगिक इकाईयों को पुनः स्थापित करने के लिए ऋण और निवेश प्रदान करना है।

- भारतीय जीवन बीमा निगम :– भारतीय जीवन बीमा निगम भारत का एक महत्वपूर्ण प्रभावशाली विनियोक्ता है। इसके द्वारा नियंत्रित विशाल पूँजी का निवेश देश की अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों में किया जाता है। सार्वजनिक क्षेत्र में केन्द्रीय सरकार, राज्य सरकारों, कंपनियों, स्वायत्त संस्थाओं आदि की प्रतिभूतियाँ शामिल हैं। निजी क्षेत्र के विनियोग में औद्योगिक कंपनियों तथा अन्य कंपनियों द्वारा निर्गमित समता अंश, ऋण पत्र शामिल है।

- यूनिट ट्रस्ट ऑफ इंडिया :– यूनिट ट्रस्ट ऑफ इंडिया की निवेश नीति सुरक्षा तथा आय पर बल देती है। ट्रस्ट छोटे–छोटे निवेशकों से पूँजी एकत्रित कर लाभप्रद प्रतिभूतियों में लगाता है ताकि निवेशकों को छोटी–छोटी बचत का उपयोग प्रदान कर सके। यूनिट ट्रस्ट अपनी पूँजी का निवेश संतुलित एवं सुवितरित पोर्ट फोलियो के निर्माण करने के सिद्धांत के आधार पर करता है।

- भारतीय सामान्य बीमा निगम :– सामान्य बीमा निगम कंपनियों द्वारा किये गये निवेश की

नीति में निवेश योग्य कुल कोषों के 25 प्रतिशत भाग का विनियोग केन्द्रीय सरकार की प्रतिभूतियों के रूप में किया। निगम की निवेश नीति में प्रत्यक्ष ऋणों, अंशों तथा प्रत्यक्ष अभिदान, प्रतिभूतियों के अभिगोपन, केन्द्र व राज्य की प्रतिभूतियों में विनियोग के रूप में तथा औद्योगिक प्रतिभूतियों के विनियोग के रूप में किया।

तालिका
विशिष्ट वित्तीय संस्थाओं द्वारा निवेश (करोड़ रू. में)

वर्ष / संस्था	2012	2013	2014	2015	2016
IDBI	83175.36	98800.93	103773.50	120963.21	98999.43
%	(16.4%)	19.5%	20.5%	23.9%	19.5%
IFCI	10761.87	8641.41	7513.53	7590.35	8188.16
%	25.2%	20.2%	17.5%	17.7%	19.1%
ICICI	159560.04	171393.60	177021.82	186580.03	160411.80
%	18.6%	20.04%	20.7%	21.8%	18.7%
LIC	164.03	184.63	199.31	237.14	276.84
%	15.4%	17.3%	18.7%	22.3%	26.06%
UTI	93192.09	113737.54	113548.43	132342.83	--
%	20.5%`	25.1%	25.07%	29.2%	
GIC	10.35	9.93	9.93	9.83	9.80
%	20.7%	19.9%	19.9%	19.7%	19.6%
कुल प्रतिशत	**116.8**	**122.04**	**122.37**	**134.6**	**102.96**

उपरोक्त तालिका में विशिष्ट वित्तीय संस्थाओं द्वारा किए गए निवेश से स्पष्ट होता है कि 2012 में ICICI बैंक का निवेश 159560.04 करोड़ रूपये से बढकर 2016 में 160411.80 करोड़ रूपये हो गया। जबकि GIC द्वारा सन् 2012 में 10.35 करोड़ रूपयों का निवेश किया गया था जो 2016 के दरम्यिान घटकर 9.80 करोड़ रूपये रह गया। अतः कहा जा सकता है कि विशिष्ट वित्तीय संस्थाओं का प्रतिशत परिवर्तन भी 2012 के दरम्यान 116.8% था, जो 2016 में घटकर 102.96% हो गया। इस प्रकार समय समय पर उद्योगों के विकास के लिए निवेश प्रवृत्ति को बढ़ाने का प्रयास किया जाना चाहिए।

निष्कर्ष :– औद्योगिक निवेश को बढ़ाने के लिए विशिष्ट वित्तीय संस्थाओं के माध्यम से अल्पकालीन मध्यकालीन व दीर्घकालीन ऋण

उपलब्ध कराये जाने चाहिए। ये संस्थाएँ बचतों का संग्रहण करती हैं और विनियोजन के माध्यम से उन्हें गतिशील बनाती हैं। जिससे निवेश द्वारा पूँजी निर्माण में वृद्धि होगी। साथ ही बचत प्रवृत्ति बढ़ेगी। अतः आर्थिक विकास में वृद्धि करने के लिए निवेश अवश्यम्भावी ह। निवेश वह स्तंभ है जिसकी बुनियाद पर उद्योग टिका है।

सुझाव :–

- दीर्घ अवधि ऋणों के प्रयोग के संदर्भ में तिमाही या छैमाही आधार पर समीक्षा होते रहना चाहिए।
- इन संस्थाओं को तकनीकी ज्ञान व प्रशिक्षण के लिए विशेषज्ञों की सुविधाएँ, निवेशकों को उपलब्ध की जानी चाहिए।
- प्रत्यक्ष विदेशी निवेश को प्रोत्साहित करने हेतु प्रयास किये जाने चाहिए।
- ऋण प्राप्ति की विधि को सरल बनाया जाये जिससे आम व्यक्ति आसानी से ऋण प्राप्ति की प्रक्रिया को समझ सकें।
- व्यवसाय में वित्तीय आवश्यकताआं के लिए ऋणों के पुनर्भुगतान की व्यवस्था होनी चाहिए।
- इन संस्थाओं द्वारा पिछड़े क्षेत्रों के विकास के लिए विशेष प्रयास किये जाने चाहिए जिससे इन क्षेत्रों में विनियोग प्रोत्साहित हो सके।

संदर्भ ग्रंथ :–

- डॉ0 आर.एस. कुलश्रेष्ठ 'औद्योगिक अर्थशास्त्र' पेज 216–217, 322
- डॉ0 आर.एस. कुलश्रेष्ठ 'निगमों का वित्तीय प्रबंध' पेज 1–2, 44, 448, 456
- लोकनाथन पी.एस 'इण्डस्ट्रीयल ऑरगनाइजेशन इन इंडिया' सितम्बर 1957
- जैन पी0सी0 'इंडस्ट्रियल फाइनेन्स इंडिया' 1964
- एस0के0 वासु 'इंडस्ट्रियल फाइनेन्स इन इंडिया' पेज–3
- आर.बी.आई बुलेटिन 2016 डॉ0 किरण सिंह, अतिथि विद्वान, अर्थशास्त्र, शासकीय श्याम सुंदर अग्रवाल महाविद्यालय सिहोरा, जबलपुर (म0प्र0)

ISSN : 2394-3580 Swadeshi Research Foundation Vol. - 4 Dec. 2017
A Monthly Journal of Multidisciplinary Research (UGC APPROVED, Peer Reviewed & Refereed Research Journal)

''भारतीय इस्पात (स्टील) उद्योग में निजी एवं सार्वजनिक क्षेत्र के योगदान का विश्लेषणात्मक अध्ययन''

डॉ. मंजू सिंह, अतिथि विद्वान

शोध–सार :– भारत एक मिश्रित अर्थव्यवस्था वाला देश है मिश्रित अर्थव्यवस्था में सार्वजनिक क्षेत्र तथा निजी क्षेत्र दोनो का ही स्थान प्रमुख व महत्वपूर्ण होता है। मिश्रित अर्थव्यवस्था में निजी एवं सार्वजनिक क्षेत्र का सह–अस्तित्व होता है तथा दोनो को ही महत्व दिया जाता है। किसी देश की अर्थव्यवस्था के विकास के लिये लोहा एवं इस्पात उद्योग विशेष महत्व रखता है लोहा एवं इस्पात के महत्व को देखते हुये कुछ लोग आधुनिक युग को लोह युग कहने लगे है। इस्पात उद्योग का भारत के आर्थिक व सामाजिक विकास में महत्वपूर्ण योगदान है। आधारभूत उद्योग में सबसे महत्वपूर्ण लोहा एवं इस्पात उद्योग है। इस्पात से मशीने बनती है ये मशीने अन्य उत्पादो के लिये उपयोग में लाई जाती है। इस उद्योग के विकास पर करती है। भारत में भारतीय इस्पात (स्टील) उद्योग में निजी एवं सार्वजनिक दोनो क्षेत्र का महत्वपूर्ण योगदान है। ही देश का आर्थिक विकास निर्भर होता है। किसी देश की प्रगति वहां के औद्योगिक विकास पर निर्भर

मुख्य शब्द :– (की–वर्ड, भारतीय इस्पात (स्टील) उद्योग में निजी एवं सार्वजनिक क्षेत्र का संक्षिप्त विवरण :–

भारतीय इस्पात उद्योग में निजी क्षेत्र का संक्षिप्त विवरण :– निजी क्षेत्र में सन् 1907 में एशिया का प्रथम स्टील प्लांट टाटा आयरन एण्ड स्टील कंपनी सॉकची जमशेदपुर झारखण्ड (पूर्व में बिहार) में स्थापित किया गया जो आज विश्व के मानचित्र में उभर कर ध्रुव तारे की तरह चमक रहा है। टाटा आयरन एण्ड स्टील कंपनी के संथापक जमशेद जी नुसरेवान जी टाटा जी थे। सर दोराब जी टाटा जमशेद जी के बडे पुत्र जिन्होने जमशेदजी के निधन के बाद उनके सपने को साकार करने में अहम भूमिका निभाई तत्पश्चात् जे.आर.डी. टाटा ने सन् 1938 में टाटा ग्रूप के चेयरमेन का पद संभाला 50 वर्षो तक जे. आर.डी. टाटा आयरन एण्ड स्टील कंपनी के चेयरमेन बने रहे, टाटा स्टील एक एकीकृत इस्पात संयत्रं है। विदेशी भूमि पर टाटा स्टील का पहला उपक्रम दक्षिण अफ्रीका में रिचर्ड–बे से शुरू हुआ, जहॉ 2006 में एक फरो-क्रॉम संयत्रं के स्थापना की। 1907 में टाटा आयरन एण्ड स्टील कंपनी के रजिस्ट्रेशन् की शताब्दी पर कम्पनी ने विशालकाय एंग्लो–डच. इस्पात संयत्रं ''कोरस'' को खरीद कर एक नये युग में प्रवेश कर लिया इतिहास के पहिये ने मानो अपना एक चक्र पूरा कर लिया।

भारतीय इस्पात उद्योग में सार्वजनिक क्षेत्र का संक्षिप्त विवरण :– स्वतंत्र भारत की सरकार ने देश की तीव्र आर्थिक प्रगति हेतु पंचवर्षीय योजनाओं के रूप में अपना कार्यक्रम तैयार किया, प्रथम पंत्रवर्षीय योजना के अंत तक देश में निजी क्षेत्र में प्रमुख इस्पात उत्पादन के संयत्र (टाटा आयरन एण्ड स्टील कंपनी, इंडियन आयरन एण्ड स्टील कंपनी) तथा सार्वजनिक क्षेत्र में भद्रावती आयरन एण्ड स्टील वर्क्स थे। देश की आवश्यकता मात्र इससे पूरी नही होती थी अतः शेष आवश्यकता की पूर्ति के लिये आयात करना पड़ता था इन परिस्थितियों को देखते हुये सरकार ने देश को इस्पात की आवश्यकताओं के लिये आत्म निर्भर बनाने का निश्चय किया इस दिशा में पहला कदम 19 जनवरी 1954 को हिंदुस्तान स्टील लिमिटेड के स्थापना के साथ उठाया गया। इस कंपनी का समामेलन इस्पात तथा भारी इंजीनियरिंग मंत्रालय भारत सरकार के अंतर्गत हुआ। आरंभ में हिंदुस्तान स्टील (एच.एस.एल.) को राउरकेला म लगाये जा रहे एक इस्पात कारखाना का प्रबंधन के लिये गठित किया गया था, भिलाई और दुर्गापुर इस्पात कारखानो के लिये प्राथमिक कार्य लोहे और इस्पात मंत्रालय ने किया था। अप्रेल 1957 में इन दो इस्पात कारखानो का नियंत्रण व कार्य को देखरेख भी हिंदुस्तान स्टील को सौप दिया गया। हिंदुस्तान स्टील का पंजीकृत कार्यालय आरंभ में नई दिल्ली में था, 1956 मे इसे कलकत्ता (कोलकता) और 1959 में रांची ले जाया गया। भिलाई और राउरकेला इस्पात

कारखाने की दस लाख टन क्षमता का चरण दिसम्बर 1961 में पूरा किया गया, दुर्गापुर इस्पात कारखाने की दस लाख टन क्षमता का चरण व्हील एवं एक्सल संयत्र के चालू होने के बाद जनवरी 1962 में पुरा हुआ। हिंदुस्तान स्टील लिमिटेड के तीनो संयत्रों में दुर्गापुर इस्पात संयंत्र सबसे छोटा संयत्रं है इस समूचे संयंत्र के निर्माण हेतु भारत सरकार तथा ब्रिट्रेन की 13 प्रमुख फर्मो के संघ के बीच संविदा हुआ। भारत के आर्थिक एवं औद्योगिक विकास में इस्पात के बढते हुई आवश्यकताओं की पूर्ति के लिये बोकारों इस्पात परियोजना प्रारंभ की गई। प्रारंभ काल से यह परियोजना हिंदुस्तान स्टील लिमिटेड को सौपी गई थी किंतु बाद में 29 जनवरी 1964 को सरकारी कंपनी के रूप में इसका पंजीयन किया गया। बोकारों स्टील लिमिटेड का पंजीकृत कार्यालय प्रशासनिक भवन बोकारों स्टील सिटी बिहार (अब झारखण्ड) के धनबाद जिले में है।

भारत सरकार के इस्पात मंत्री श्री मोहन कुमार मंगलम् ने भारत में इस्पात उद्योग के प्रबंध एवं विकास के लिए एक सूत्रधारी कम्पनी बनाने के निर्णय की घोषणा जुलाई 1972 में की भारत में इस्पात उद्योग के प्रबंध एवं विकास के लिये 1 फरवरी 1973 को स्टील ॲथारिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) का संगठन किया गया, निम्नांकित लोकक्षेत्र संस्थाए इसकी सहायक होगी हिंदुस्तान स्टील लिमिटेड, बोकारो स्टील लिमिटेड, सलेम स्टील लिमिटेड, नेशनल मिनरल डेवलपमेण्ट कॉरपोरेशन, भारत कोकिंग कोल लिमिटेड, हिंदुस्तान स्टील वर्क्स कन्स्ट्रक्शन लिमिटेड, मैगनीज ओरस लिमिटेड, बोलानी ओरस लिमिटेड, मेटल स्कैप ट्रेड कॉरपोरेशन लि., तथा मेटलर्जिकल एण्ड इंजीनियरिंग कन्सलटेण्ट्स (इण्डिया) लि. राष्ट्रपति वाले इन कम्पनियों के अंष सेल के नाम हस्तान्तरित कर दिये जायेगें। इसके अतिरिक्त मैसूर आयरन एण्ड स्टील कंपनी लि. एवं इण्डियन आयरन एण्ड स्टील कम्पनी लि. तथा अन्य निजी क्षेत्रीय इस्पात कम्पनियों के राष्ट्रपति वाले अंश भी सेल के नाम हस्तान्तरित कर दिये जायेगें। सूत्रधारी कम्पनी को भिलाई, बोकरो, दुर्गापुर, राउरकेला और बर्नपुर स्थित एकीकृत इस्पात कारखाने तथा दुर्गापुर स्थित मिश्र इस्पात कारखाना और सेलम इस्पात कारखाने के लिए उत्तरदायी बनाया गया 1978 सेल का पुर्नगठन किया गया और इसे एक परिचालन कम्पनी बनाया गया अपने गठन के बाद ही सेल देश में औद्यौगिक विकास के लिए एक सुदृढ़ आधार तैयार करने में सहायक सिद्ध हुई है।

राउरकेला इस्पात कारखाना सेल का ऐसा पहला और एक मात्र इस्पात कारखाना है जहॉ शतप्रतिशत स्लैब अधिक गुणवता और कम लागत वाले कंटीनुअस कास्टिंग मार्ग से तैयार किये जाते है। भारतीय इस्पात प्राधिकरण लि. भारतीय कम्पनी अधिनियम 1956 के तहत् पंजीकृत कम्पनी और भारत सरकार का एक उपकृम है। इसके पॉच एकीकृत स्टील संयत्रं भिलाई (छत्तीसगढ़), राउरकेला (ओड़िसा), दुर्गापुर (पश्चिम बंगाल), बोकरो (झारखण्ड) और बर्नपुर (पश्चिम बंगाल) में है। सेल के तीन विशेष और एलॉय स्टील प्लांट अर्थात् पश्चिम बंगाल के दुर्गापुर स्थित एलॉय स्टील प्लांट, सेलम तमिलनाडु में स्थित सेलम स्टील संयत्रं और कर्नाटक के भद्रावती में स्थित विश्वेश्वैरया लोहा और इस्पात संयत्रं है इसके अलावा चंद्रपुर में फेरों एलॉय का उत्पादन करने वाला एक संयत्रं है जिसका स्वामित्व महाराष्ट्र इलेक्ट्रोस्मेल्ट के पास है, जो सेल की सहायक कम्पनी है राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड (आर. आई.एन.एल.) विशाखापट्टणम इस्पात संयंत्र आंध्रप्रदेश के विशाखापट्टणम स्थित (आर.आई.एन. एल) समुद्र तट पर स्थित पहला एकीकृत इस्पात करखाना है इस संयत्रं को अत्याधुनिक तकनीक अर्न्तराष्ट्रीय तकनीक के आधार पर बनाया गया है, इसमें ऊर्जा की अधिकतम बचत और प्रदूषण नियंत्रण उपायों को आधिकतम ख्याल रखा गया है।

भारतीय इस्पात (स्टील) उद्योग में निजी एवं सार्वजनिक क्षेत्र में इस्पात उत्पादन सन् 2009–10



भारतीय इस्पात का वैश्विक दर्जा :–

(2016 में विश्व में कच्चा इस्पात उत्पादन)

श्रेणी	देश	मात्रा (मी.टन)
1.	चोन	808.4
2.	जापान	104.8
3.	भारत	95.6
4.	संयुक्त राज्य अमेरिका	78.6
5.	रूस	70.8

सुझाव :– भारतीय इस्पात (स्टील) उद्योग में निजी एवं सार्वजनिक दोनों क्षेत्र को ही आवष्यकता इस बात की है कि कम लागत में उच्च गुणवत्ता के इस्पात का निर्माण कार्य करें भविष्य में इस्पात का उत्पादन बढ़ाने के साथ–साथ उत्पादन लागत में कमी करें यह तभी संभव है, जब अनुसंधान एवं विकास में खर्च की गई राषि को बढ़ाया जाये तथा इस्पात के उच्च गुणवत्ता का शीघ्र–अति शीघ्र खोज किया जाये इस प्रकार कम लागत पर उच्च गुणवत्ता के इस्पात का उत्पादन की खोज अनुसंधान एवं विकास कार्यक्रम के जरिये किया जाये।

भारतीय इस्पात में उद्योग में निजी एवं सार्वजनिक क्षेत्र में इस्पात उत्पादन में वृद्धि हो रहा जिससे भारत में रोजगार के अवसर नागरिकों को प्राप्त हो रहे है। वर्तमान में इस्पात उद्योग की स्थापना की ओर उद्यमियों का रूझान बढ़ा है तथा भारत में वर्तमान में कई इस्पात उद्योग स्थापित किये जा रहे है, तथा भविष्य में स्थापना करने हेतु एम.ओ.यू.पर हस्ताक्षर भी किये गये है इस क्षेत्र कि ओर उद्यमियों का निवेश लगातार बढ़ता जा रहा है सरकार को चाहिये कि इस्पात उद्योग की स्थापना से संबंधित नीति में और अधिक सुगम एवं सरल विधि अपना कर भारत में

अधिक से अधिक इस्पात उद्योग की स्थापना का द्वार खोले लें।

भारतीय इस्पात उद्योग में निजी एवं सार्वजनिक क्षेत्रों द्वारा विशेषज्ञों के सुझाये गये सुझाव द्वारा नई तकनीकों के ज्ञान का निजी एवं सार्वजनिक क्षेत्रों में आदान–प्रदान करके उन्नत तकनीकों द्वारा इस्पात उत्पादन में वृद्धि करना चाहिए। इस्पात की मॉग दिन प्रति दिन बढ़ती जा रही है। तथा आर्थिक विकास में इस्पात का योगदान सर्वोच्च रहा है। किन्तु भविष्य में इस्पात की मांग निरंतर बढ़ने की संभावना है इस हेतु 2017 में केन्द्रीय इस्पात राज्य मंत्री विष्णु देव सांय ने चर्चा के दौरान यह व्यक्त किया कि मध्यप्रदेश के जबलपुर जिले में केन्द्रीय इस्पात मंत्रालय दिल्ली की टीम इस्पात कारखाना लगाने की संभावनाएं खोजने शीघ ही आयेगी इस प्रकार खनिज संसाधनो की खोज कर इस्पात (स्टील) उद्योग की स्थापना निजी एवं सार्वजनिक क्षेत्र में किया जाना चाहये।

संदर्भ ग्रस्थ सूची :–

1. श्री आर एम लाल '' स्टील का रोमांस'' राजकमल प्रकाशन प्रा.लि. दिल्ली।
2. श्री जे.बी. जथार, एस.जी. बेरी, ''भारतीय अर्थशास्त्र'' राजकमल प्रकाशन प्राइवेट लिमिटेड दिल्ली।
3. प्रतियोगिता दपर्ण भारतीय अर्थशास्त्र उपकार प्रकाशन आगरा – 2 सन् 2009
4. www. Tatasteel. com
5. www. Danikseveratimes.com
6. www. Mnaidunia. jagran.com
7. www. en.m. Wikipedia.org
8. www. Statistics for iron and steel industry in india. com
9. www. Sail.com
10. www. vizag. steel. com

ISSN : 2394-3580 Swadeshi Research Foundation Vol. - 4 Dec. 2017
A Monthly Journal of Multidisciplinary Research (UGC APPROVED, Peer Reviewed & Refereed Research Journal)

ग्रामीण विकास में पंचायतीराज की भूमिका

डॉ. मोतीलाल कुर्मी
रामवार्ड, पॉवर हाउस के पास, गढ़ाकोटा, जिला–सागर (म.प्र.)

संविधान में 73वें संशोधन के पश्चात् लोकतांत्रिक विकेन्द्रीकरण की प्रक्रिया को ठोस एवं संवैधानिक आधार प्राप्त हुआ। ग्रामीण क्षेत्र एवं ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नियोजित ढंग से विकसित करने का दायित्व अब पंचायतीराज संस्थाओं का है। इस प्रक्रिया में मध्यप्रदेश देश का पहला राज्य है जिसने संविधान के 73वें संशोधन के प्रावधानुसार पंचायत व्यवस्था का श्रीगणेश किया तथा 1993 में म.प्र. पंचायत अधिनियम 1993 पारित कर, इस व्यवस्था को व्यावहारिक स्वरूप 1994 को प्रदान किया गया।

ग्रामीण अर्थव्यवस्था के समग्र विकास के लिए पंचायतीराज की त्रिस्तरीय व्यवस्था का क्रियान्वयन वर्तमान में है, जिसमें ग्रामीणों का आर्थिक विकास, ग्रामीण क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं का विकास, सामाजिक न्याय एवं कल्याण की स्थापना एवं संविधान अनुच्छेद की ग्यारहवीं अनुसूची में वर्णित 29 विषयों को ध्यान में रखकर योजनाओं का निर्माण एवं व्यावहारिक स्वरूप वर्तमान में प्रदान किया जा रहा है। इस प्रकार ग्रामीण विकास में पंचायतीराज संस्थाओं की महत्वपूर्ण योगदान है।

शोध का विषय :– पंचायतीराज व्यवस्था लागू करते समय हमारे नीति निर्माताओं ने परिकल्पना की थी कि पंचायती व्यवस्था के माध्यम से गाँवों का सर्वांगीण विकास होगा, जन सहभागिता बढगी, जन सामान्य की आवश्यकताओं की पूर्ति होगी, गाँवों की वास्तविक समस्याओं की सही पहचान हो सकेगी, उनके समाधान के लिए व्यावहारिक हल खोजे जा सकेगे, ग्रामीण संस्कृति एवं लोक कलाओं की रक्षा की जायेगी, ग्रामीण कौशल तथा स्थानीय संसाधनों का उचित उपयोग, ग्रामीण स्तर पर सत्ता का विकेन्द्रीकरण होगा तथा निर्णय प्रक्रियाओं में महिलाओं, अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों तथा पिछड़े वर्गों का उचित प्रतिनिधित्व प्राप्त होगा, परन्तु पंचायती व्यवस्था के आधार पर ग्राम स्तर पर ग्राम पंचायतों के गठन के बाद भी किन्हीं कारणों से इनके सिद्धान्तों एवं व्यावहारिकता में काफी अन्तर है। इतने लंबे कार्यकाल के बाद भी अपने निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति न होने के कारण इस दिशा में कारणों की खोज एवं जानकारी प्राप्त करना अनिवार्य है। पंचायतीराज के विराट उद्देश्य, विकास के नये–नये कायक्रम, नई–नई योजनायें अपनी चमक दिखा कर लुप्त हो जाती है। ये असफल क्यों हो रहे है? ये कुछ ऐसे प्रश्न है जिनका उत्तर ढूँढ़ना न केवल नीति निर्माताओं के लिये बल्कि जनसामान्य के लिये भी आवश्यक है। यदि इन प्रश्नों की उपेक्षा की जाती है तो निश्चित ही पंचायतीराज के स्वर्णित सपने, सपने बनकर ही रह जायेगे कभी भी साकार नहीं हो सकेगे।

शोध के उद्देश्य :–

1. पंचायतीराज व्यवस्था से ग्रामीण परिवेश में परिवर्तन का अवलोकन करना।
2. ग्रामीण क्षेत्रों में लागू विभिन्न विकासोन्मुखी योजनाओं का क्रियान्वयन तथा उनका आर्थिक विश्लेषण करना।
3. पंचायतीराज कानून के प्रति ग्रामीणों में रूझान को जानना।
4. राज्य के आधुनिकीकरण में पंचायतीराज संस्थायें उपयोगी व आवश्यक है, इसका अध्ययन करना।
5. पंचायतों में विभिन्न सुविधाओं को ज्ञात करना।
6. पंचायतों के आय के साधनों को ज्ञात करना तथा स्वयं की आय का प्रबन्धन आदि का अध्ययन करना।
7. पंचायतीराज व्यवस्था में व्यावहारिक कठिनाइयों या समस्याओं को ज्ञात करना।
8. ग्रामीण विकास में ग्राम पंचायतों के योगदान का मूल्यांकन करना।

9. ग्राम पंचायतों का नियंत्रण व निरीक्षण की प्रबन्ध व्यवस्था कहाँ तक प्रभावी है।

शोध परिकल्पनाएँ :–

1. ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा का स्तर बहुत कम होता है, जिसका परिणाम यह होगा कि प्रतिनिधियों में नेतृत्व की क्षमता का अभाव पाया जाता होगा।
2. सामुदायिक विकास कार्यक्रम के समय ग्रामीण नागरिकों का सहयोग कम मिलता होगा।
3. ग्रामीणों की सहभागिता के बिना ग्राम पंचायतों को आत्मनिर्भर बनाना संभव नहीं होगा।
4. ग्राम पंचायतों के चुनावों में प्रतिनिधियों की योग्यता, दक्षता, कुशलता आदि को महत्व दिया जाता है।
5. पंचायतीराज से राजनैतिक चेतना का निर्माण होता हैं।
6. ग्रामीण नागरिक शासन की योजनाओं तथा सुविधाओं का समुचित लाभ प्राप्त करते है।
7. पंचायतीराज ग्रामीणों को रोजगार प्रदान करने में सक्षम हैं

शोध की उपयोगिता :– प्रस्तुत शोध पत्र ग्रामीण विकास में पंचायतीराज का योगदान, पंचायतीराज व्यवस्था, प्रशासन एवं कार्यप्रणाली आदि के बारे में एक व्यावहारिक अध्ययन हैं जिसमें शोध के माध्यम से ग्रामीण आर्थिक विकास, गरीबी उन्मूलन उपाय, रोजगार के साधन तथा स्थानीय संसाधनों के विकास एवं ग्रामीण बाजारों का ज्ञान आदि के बारे में या समग्र विकास की ओर एक सैद्धान्तिक अध्ययन के माध्यम से सहयोगी होगा। ग्रामीण क्षेत्रों में शासकीय मानकां के अनुसार विकास में यदि अंतर पाया जाता है तो इनके कारणों का अध्ययन के माध्यम से दूर करने में सहयोग प्रदान करेगा।

भारतीय अर्थव्यवस्था मुख्यतः कृषि आधारित है तथा ग्रामीण क्षेत्रों में निवास कर रहे लोगों का मुख्य व्यवसाय कृषि ही है। इस अध्ययन के माध्यम स एक अतिरिक्त आय बढ़ाने के इस बिन्दु पर भी प्रकाश डालने की कोशिश की है, कि कृषि व्यवसाय के साथ–साथ कृषि से जुड़े अन्य व्यवसाय जैसे पशुपालन, मत्स्य पालन, पोल्ट्री फार्म, औषधि पौधों की खेती, विभिन्न प्रकार के फलों तथा फूलों का व्यवसाय, जैविक खाद, केंचुआ निर्माण, लघु उद्योग तथा स्थानीय प्राकृतिक संसाधनों का विदोहन जैसे पत्थर, ईंट, रेत, वनोपज आदि का कृषि के साथ–साथ एक या दो अतिरिक्त कार्य सम्पन्न हो सकते है। जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में मौसमी तथा अदृश्य बेरोजगारी का उन्मूलन हो सकता है। अध्ययन को उपयोगिता सिर्फ प्रस्तुतीकरण में नहीं बल्कि शोध कार्य द्वारा निकाले गये निष्कर्षों से है। अध्ययन द्वारा दिये गये निष्कर्ष एवं प्रस्तुत समाधान (सुझाव) पंचायतीराज प्रणाली के क्रियान्वयन में आने वाली समस्याओं को दूर करने में सहायक होगे।

पंचायतों की भूमिका सामान्य रूप से केन्द्र और राज्य सरकारों द्वारा गांव के विकास के लिए तय की गई योजनाओं और कार्यक्रमों को लागू करना ही समझी जाती है। पंचायतें भी मुख्य रूप से वही काम कर रही हैं जो उन्हें शासन के विभिन्न विभागों ने सौपे हैं। विकास की योजनाओं और विभागों के द्वारा सौंपे गये काम के लिए धन राशि भी पंचायतों को केन्द्र और राज्य शासन से मिलती है। तथा इन विभिन्न कार्यक्रमों का संचालन तथा क्रियान्वयन पंचायतों के द्वारा ही अंतिम रूप प्रदान किया जाता है। निचले स्तर पर स्वशासन के लिए पंचायती राज प्रणाली अत्यंत महत्वपूर्ण है।

भारत में पंचायतीराज व्यवस्था बेहद लोकप्रिय है तो इसका कारण यह है कि यही एक मात्र ऐसी व्यवस्था है जिसमें राजनैतिक शक्ति, वास्तविक रूप में आम जनता के हाथों में रहती है तथा विभिन्न महत्वपूर्ण मामलों पर वही अंतिम फैसला करती है। हमारे अधिकतर राज्य में त्रिस्तरीय पंचायती राज व्यवस्था लागू है लेकिन कुछ राज्य ऐसे भी है जहां द्विस्तरीय पंचायत व्यवस्था अस्तित्व में है। दरअसल पंचायतीराज, राज्य सूची का विषय है इसलिए विभिन्न राज्य अपनी सुविधा और जरूरतों के मुताबिक अपने राज्य में पंचायती राज संस्थाओं की सरंचना निर्धारित करते हैं। स्थानीय स्वशासन हमारे यहां धीरे–धीरे विकसित हुआ है। इस दिशा में काफी

उतार–चढ़ाव आए लेकिन 1991–92 में हुए 73वें और 74वें संशोधन इस दिशा में मील के पत्थर साबित हुए क्योंकि इन संशोधनों ने भारत में पंचायती राज व्यवस्था को संवैधानिक दर्जा दे दिया। भारत की वर्तमान पंचायती राज व्यवस्था बलवंत राय मेहता समिति की सिफारिशों पर आधारित है। प्रारंभ में हमारे यहां सामुदायिक विकास कार्यक्रम शुरू किए गये थे लेकिन इसके अपेक्षित नतीजे नहीं निकल सके तो सरकार ने इसकी जांच के लिए सन् 1957 में एक अध्ययन दल गठित किया जिसके अध्यक्ष बलवंत राय मेहता थे। बलवंत राय मेहता ने अपनी सिफारिशों में कहा कि यदि लोकतांत्रिक विकेन्द्रीकरण और सामुदायिक विकास कार्यक्रम को सफल बनाना है तो पंचायती राज संस्थानों की स्थापना की जानी चाहिए। इसके लिए समिति ने एक त्रिस्तरीय संरचना प्रस्तावित की जिसमें गांव स्तर पर ग्राम सभा तथा ग्राम पंचायतें, ब्लाक स्तर पर जनपद पंचायतें तथा जिला स्तर पर जिला पंचायत की स्थापना थी।

73वें संविधान संशोधन के ग्रामीण क्षेत्रों के लिए लोकतांत्रिक विकेन्द्रीकरण



आज ग्रामीण विकास का सामान्य अर्थ ग्रामीण क्षेत्रों के आर्थिक, सामाजिक विकास से लगाया जाता है। ग्रामीण विकास की प्रक्रिया के अंतर्गत ऐसी नियोजन नीति अपनाई जाती है जिसके द्वारा ग्रामीण समाज के कमजोर वर्ग के व्यक्तियों के सामाजिक एवं आर्थिक स्तर को स्थानीय संसाधनों के अनुकूलतम् उपयोग द्वारा उठाया जा सके एवं उन्हें आत्मनिर्भर बनाया जा सके। ग्रामीण विकास के कार्यक्रम निर्धारित करते समय आर्थिक एवं सामाजिक दोनों पहलुओं पर गहन विचार–विमर्श किया जाता है। आर्थिक पहलू से तात्पर्य रोजगार, उत्पादन, आय एवं व्यावसायिक प्रगति तथा उपभोग स्तर में सुधार से है। अतः ग्रामीण विकास को सामान्यतः राष्ट्रीय विकास की मुख्य धारा से पृथक नहीं किया जा सकता है। दूसरे शब्दों में ग्रामीण विकास का अर्थ ग्रामीण नागरिकों की आर्थिक स्थिति में सुधार लाना है। इस संबंध में आम धारणा भी यही है, किन्तु व्यापक रूप से ग्रामीण विकास का आशय गाँवों में रोजगार के अवसरों में वृद्धि, उपलब्ध मानवीय एवं अन्य भौतिक संसाधनों का यथेष्ट उपयोग, लघु एवं कुटीर उद्योगों का विकास, ग्रामीण क्षेत्रों में जनसंख्या वृद्धि पर नियंत्रण एवं स्वास्थ्य, शिक्षा, आवास, परिवहन, संचार आदि बुनियादी सुविधाओं का विकास या विकसित करने से है। अतः इन सुविधाओं का विकास ग्रामीण विकास के लिए अनिवार्य है। इसके अलावा ग्रामीण विकास को स्पष्ट रूप से समझने के लिए यह आवश्यक है कि ग्रामीण नागरिकों के शैक्षणिक, आर्थिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक जीवन को सुधारने से भी है। इस दृष्टि से ग्रामीण विकास के लिए निचले स्तर से उस व्यक्ति से शुरू करना चाहिए है एवं जो साधन विहीन है जिनका जोवनयापन भी बहुत कष्टदायक है। अर्थात् ग्रामीण विकास गरीब एवं गरीबी रेखा से नीचे जीवनयापन करने वाले, निराश्रित तथा समाज की मुख्य धारा से पिछड़े क्षेत्रों में ग्रामीण विकास का मुख्य केन्द्र होना चाहिए।

ग्रामीण विकास की आवश्यकता :– किसी भी देश के समग्र विकास की अनिवार्यता में ग्रामीण विकास का मुख्य ध्येय होना चाहिए। हमारा देश विकासशील राष्ट्रों की श्रेणी में आता है तथा यहाँ की अर्थव्यवस्था कृषि पर आधारित है। अतः ग्रामों की अधिकता होना निश्चित है, इसीलिए भारत को गाँवों का देश भी कहा जाता है। अतः ग्रामों के विकास को समग्र विकास या गाँवों को विकास की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए आवश्यकता है कि ग्रामीण विकास में वृद्धि की जाये तथा गाँवों

को खुशहाल एवं समृद्धशाली बनाया जाये। ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाएँ उपलब्ध कराने के लिए ग्रामीण विकास की अनिवार्यता है। निम्न बिन्दुओं के माध्यम से ग्रामीण विकास की आवश्यकता को व्यक्त किया जा सकता है –

- समाज में सभी को अवसर
- आधारभूत सुविधाओं के विकास के लिए
- स्थानीय स्वशासन के विकास के लिए
- स्थानीय संसाधनों के विकास के लिए
- जनसंचेतना या जनजागृति के लिए
- विकास की प्रक्रिया में जन सहभागिता हेतु

अन्य –

(i) आर्थिक विषमता का उन्मूलन करना।

(ii) रोजगार सुअवसरों की खोज करना।

(iii) योजनाओं का क्रियान्वयन एवं कार्यान्वयन करना।

(iv) ग्रामीण नेतृत्व का विकास।

(v) स्वरोजगार को प्रोत्साहित करना।

(vi) ग्रामीण जन मानस के जीवन स्तर में सुधार।

(vii) प्रशासकीय कार्यों में सहायक।

ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज :– आजादी के बाद सम्पूर्ण राष्ट्र के विकास के साथ ही ग्रामीण विकास को महत्व देते हुए सन् 1952 में सामुदायिक विकास कार्यक्रम के माध्यम से ग्रामीण भारत के निर्माण की नींव रखी गई। तथा इसी दौरान पंचवर्षीय योजनाओं का श्री गणेश किया गया जिसमें भी ग्रामीण विकास को शामिल किया गया। सामुदायिक विकास कार्यक्रमों के मूल्यांकन के लिए सन् 1957 में बलवंत राय मेहता समिति का गठन किया गया तथा इस समिति ने त्रिस्तरीय पंचायतीराज व्यवस्था की अनुशंसा की। इसका प्रभाव शीघ्र ही देखने को मिला जब भारत में राजस्थान के नागौर जिले में सन् 1959 में पंडित श्री जवाहर लाल नेहरू द्वारा इस व्यवस्था का श्री गणेश किया।

इसके बाद सन् 1977 में ग्रामीण विकास के कार्यक्रमों को गति देने के लिए अशोक मेहता समिति की स्थापना हुइ तथा समिति ने त्रिस्तरीय पंचायत व्यवस्था के स्थान पर द्विस्तरीय पंचायतीराज व्यवस्था की सिफारिश की, लेकिन इस व्यवस्था को व्यावहारिक स्वरूप प्राप्त नहीं हो सका। ग्राम शासन को विकसित एवं सशक्त करने के लिए अन्य समितियों का गठन हुआ सभी ने स्थानीय स्वशासन के रूप में पंचायतीराज व्यवस्था को अंगीकार करने की सिफारिश की।

1980 के दशक के पश्चात् प्रधानमंत्री इंदिरा गाँधी ने बीस सूत्रीय कार्यक्रमों के माध्यम से ''समन्वित ग्रामीण विकास कार्यक्रम'' एवं ''राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार कार्यक्रम'' को लागू किया। इसके बाद सन् 1986 में श्री राजीव गाँधो जी ने नये संशोधित 20 सूत्रीय कार्यक्रम के अंतर्गत सम्पूर्ण कार्यक्रमों में ग्रामीण विकास को ही आधार माना है।

उपरोक्त उद्देश्यों की पूर्ति के लिए सन् 1992 में संविधान के 73वें संशोधन में त्रिस्तरीय पंचायतीराज व्यवस्था को संवैधानिक निकाय का दर्जा प्राप्त हुआ। भारत सरकार द्वारा इस व्यवस्था को स्वीकार करने को कहा गया। म.प्र. में 1994 में इस व्यवस्था को स्वीकृत कर पूरे प्रदेश में पंचायतीराज व्यवस्था कानून के रूप में लागू कर दिया एवं देश में इस प्रणाली को सर्वप्रथम व्यावहारिक स्वरूप देने का गौरव मध्यप्रदेश ने हासिल किया। लोकतांत्रिक विकेन्द्रीकरण का मुख्य उद्देश्य पंचायत व्यवस्था को मजबूत करने के साथ–साथ शासन शक्तियों का भर्रापण (अधिकारों का हस्तान्तरण) ग्रामों को प्राप्त हो तथा गाँवों को विकास की धारा से जोड़ा जाए। वर्तमान त्रिस्तरीय पंचायतीराज व्यवस्था पूर्व में प्रारम्भ किये गये ग्रामीण विकास कार्यक्रमों के उद्देश्यों के ठीक अनुरूप है।

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का मानना था कि भारत की आत्मा गांवों में निवास करती है। ग्रामीण भारत का विकास समूचे भारत के विकास का आधार है। दो तिहाई से अधिक जनसंख्या गांवो में निवास करती है तथा कृषि इनका जीविकोपार्जन का आधार है। भारत में ग्रामीण विकास के लिए आजादी के बाद से अनेक प्रयास

किये गये, लेकिन ग्रामीण विकास का वास्तविक आधार तब प्राप्त हुआ जब संविधान के 73वें संशोधन के माध्यम से नवीन पंचायत राज व्यवस्था का शुभारंभ हुआ। हॉलाकि वर्तमान में ग्यारहवीं पंचवर्षीय योजना प्रगति पर है जो भारत के समग्र विकास को दृष्टिगत रखते हुए, सन् 1951 से देश के आर्थिक नियोजन के लिए शुरूआत हुई थी।

73वें संशोधन से स्थानीय स्वशासन को सशक्त आधार प्राप्त हुआ। इस व्यवस्था के अनुरूप ही मध्यप्रदेश में पंचायतीराज संस्थाओं का गठन हुआ। इस व्यवस्था में प्रावधानों के अनुसार सभी वर्गो को प्रतिनिधित्व का अवसर प्राप्त हुआ। केन्द्र तथा राज्य शासन की पंचायतीराज की विभिन्न सामुदायिक एवं हितग्राहीमूलक योजनाओं में निरंतर वृद्धि हुई। सामुदायिक विकास योजनाओं में क्षत्र विशेष के पिछड़ेपन की महत्व प्रदान करते हुए, ग्रामीण क्षेत्रों के विकास में योगदान रहा है। हितग्राही मूलक योजनाओं के आवंटन पर भी शासन द्वारा गरीबी रेखा तथा गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले नागरिकों को प्राथमिकता प्रदान की गई है। इसमें अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा अन्य पिछड़ा वर्ग के व्यक्तियों के साथ ही इन्हीं वर्गो की महिलाओं को भी हितग्राही मूलक योजनाओं द्वारा लाभांवित किये जाने के उद्देश्य निर्धारित किये गये है। इस तथ्य की व्यावहारिकता का अध्ययन शासन की विभिन्न योजनाओं में इन वर्गो को प्राप्त आवंटन तथा लाभांवित वर्गो के अध्ययन से प्राप्त हो सकता है।

त्रिस्तरीय पंचायतीराज व्यवस्था की सफलता का पंचम कार्यकाल निःसंदेह प्रगति पर है अर्थात इस व्यवस्था में पांचवा निर्वाचन सम्पूर्ण प्रदेश में समाप्त हुआ है। इससे पूर्व की स्थानीय स्वशासन की व्यवस्था में इतनी लंबी यात्रा पूरी नहीं हो सकी। पंचायतीराज व्यवस्था से ग्रामीण परिवेश में परिवर्तन परिलक्षित हुआ है।

पंचायतीराज संस्थाओं द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों परिवर्तन या ग्रामीण विकास तो हुआ है परन्तु वर्तमान में पंचायतीराज व्यवस्था के सम्मुख कुछ आतंरिक समस्याएँ जैसे योग्य प्रतिनिधि ग्राम पंचायत को प्राप्त न हों, योजनाओं के आवंटन पर पक्षपात न हो, ग्रामीणें का सहयोग प्राप्त न होना आदि कठिनाईयां है जो उसके अस्तित्व के समक्ष संकट उत्पन्न कर रही है किन्तु इन समस्याओं का दृढ़ संकल्प के साथ निवारण किया जा सकता है।

पंचायतें अपने अधिकारों एवं शक्तियों का उपयोग करते हुए ग्रामीण क्षेत्रों में ग्रामीण आधारभूत संरचना में सुधार या वृद्धि करने में सफल हुई है जैसे ग्रामीण सड़के, सिंचाई के साधन, वन विकास, पशुपालन, कृषि विकास, ग्रामीण शैक्षणिक संस्थाऐं, पेयजल व्यवस्था तथा आंगनवाड़ी केन्द्र आदि कार्यो में शासन द्वारा प्रावधानित कोष का उपयोग किया है। निर्धनता उन्मूलन एवं रोजगार सजन कार्यक्रमों जैसे इंदिरा आवास, सामाजिक कल्याण की योजनाऐं तथा रोजगार गारंटी कार्यक्रमों से ग्रामीणों को लाभांवित किया है।

आजादी के 70 वर्षो के उपरांत ग्रामीण जीवन में निश्चित ही परिवर्तन हुआ है। पंचायतीराज व्यवस्था का वास्तविक विकास सन् 1992–93 में ही हुआ। त्रिस्तरीय पंचायत व्यवस्था को लगभग 24 वर्ष ही व्यतीत हुए है। इस व्यवस्था के पूर्व के ग्रामीण विकास के कार्यक्रमों की प्रगति की तुलना वर्तमान व्यवस्था के अधीन ग्रामीण विकास के कार्यक्रमों की प्रगति का तुलना की जाए तो निश्चित ही अंतर देखा जा सकता है। पंचायतीराज व्यवस्था के प्रथम व द्वितीय निर्वाचन के पश्चात पंचायत प्रतिनिधियों ने अपने अधिकारों के प्रयोग में अवश्य पीछे रहे है लेकिन वर्तमान में पंचायत प्रतिनिधि (सरपंच) राज्य शासन के मंत्रियों के साथ राहत राशियों के वितरण में साथ देखा जा सकता है। वर्तमान प्रतिनिधियों मे अनुसूचित एवं अनुसूचित जनजाति एवं महिला प्रतिनिधियों ने पंचायती कार्यो में अपनी सहभागिता प्रदान कर रहे है।

अपनी महत्वपूर्ण भूमिका के चलते पंचायतीराज व्यवस्था अपने वाले समय में अपरिहार्य होगी, इसके लिए सार्वजनिक निजी क्षेत्रों की सहभागिता, जन सहयोग तथा सरकार की दृढ़ इच्छा शक्ति एवं प्रभावी क्रियान्वयन तंत्र की आवश्यकता है, जिससे की ग्रामीण क्षेत्रों में

भौतिक, प्राकृतिक एवं मानवीय संसाधनों का अधिकतम उपयोग किया जा सके।

संदर्भ ग्रन्थ सूची :–

1. वर्मा, अंजली (2009), भारत में पंचायती राज, ओमेगा पब्लिकेशन्स, नई दिल्ली
2. सबलोक; डॉ. संदीप (2002), पंचायतीराज में ग्रामीण विकास, अमन प्रकाशन, सागर
3. शर्मा, डॉ. श्रीनाथ ; पंचायतराज एवं ग्रामीण विकास, आदित्य पब्लिशर्स, बीना (म.प्र.)
4. बुच, श्रीमती निर्मला (1998), मध्यप्रदेश पंचायत एवं ग्रामीण विकास, मध्यप्रदेश जनसंपर्क विभाग
5. सिसौदिया यतीन सिंह (2001), मध्यप्रदेश राज व्यवस्था, म.प्र. हिन्दी ग्रन्थ अकादमी, भोपाल
6. द्विवेदी, राधेश्याम (2008), मध्यप्रदेश पंचायती राज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम सुविधा, लॉ हाउस, भोपाल
7. सरकार, एम. एवं मुनीर, जे.जे. (2000), भारत का संविधान, एलिया लॉ एजेंसी, इलाहाबाद
8. सिंह, अनिल कुमार (1992), ''ग्रामीण समुदाय में सामाजिक परिवर्तन'' क्लासिकल पब्लिशिंग कम्पनी, नई दिल्ली
9. ग्रामीण विकास की प्रमुख योजनाएँ एवं कार्यक्रम, महात्मा गांधी राज्य ग्रामीण विकास संस्थान, आधारताल, जबलपुर म.प्र. (2010)
10. Bhatt Sharma U.K. (1998), New Panchyat Raj System, Print Well Publisher, Jaipur.

ISSN : 2394-3580 Swadeshi Research Foundation Vol. - 4 Dec. 2017
A Monthly Journal of Multidisciplinary Research (UGC APPROVED, Peer Reviewed & Refereed Research Journal)

भारतीय स्टेट बैंक का इतिहास एवं विकास

सविता सोहाने
शोधार्थी, रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर

भारत की सबसे बड़ी एवं सबसे पुरानी बैंक एवं वित्तीय संस्था है। इसका मुख्यालय मुंबई में है। यह एक अनुसूचित बैंक है। 2 जून 1806 को कलकत्ता में बैंक ऑफ कलकत्ता की स्थापना हुई थी। तीन वर्षो के पश्चात् इसको अपना चार्टर मिला तथा इसका पुनर्गठन बैंक ऑफ बंगाल सरकार द्वारा चलाया जाता था। बैंक ऑफ बॉम्बे तथा बैंक ऑफ मद्रास की शुरूआत बाद में हुई। ये तीनों बैंक आधुनिक भारत के प्रमुख बैंक तब तक बने रहे जब तक कि इनका विलय इंपीरियल बैंक ऑफ इंडिया (हिन्दी अनुवाद–भारतीय शाही बैंक) में 27 जनवरी 1921 को नहीं कर दिया गया। सन् 1951 में पहली पंचवर्षीय योजना की नींव डाली गई जिसमें गांवों के विकास पर जोर डाला गया था। इस समय तक इंपीरियल बैंक ऑफ इंडिया का कारोबार सिर्फ शहरों तक सीमित था। अतः ग्रामीण विकास के मद्देनजर एक ऐसे बैंक की कल्पना की जिसकी पंहुच गांवों तक हो तथा ग्रामीण जनता को जिसका लाभ हो सके। इसके फलस्वरूप 1 जुलाई 1955 को स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की स्थापना की गई। अपने स्थापना काल में स्टेट बैंक के कुल 480 कार्यालय थे जिसमें शाखाएँ तथा तीन स्थानीय मुख्यालय शामिल थे, जो इंपीरियल बैंको के मुख्यालयों को बनाया गया था।

इतिहास :– भारतीय स्टेट बैंक का प्रादुर्भाव उन्नीसवीं शताब्दी के पहले देशक में 2 जून 1806 को बैंक ऑफ कलकत्ता की स्थापना के साथ हुआ। तीन साल बाद बैंक को अपना चार्टर प्राप्त हुआ और इसे 2 जनवरी 1809 को बैंक ऑफ बंगाल के रूप में पुनगर्ठित किया गया। यह एक अद्वितीय संस्था और ब्रिटेन शासित भारत का प्रथम संयुक्त पूंजी बैंक था जिसे बंगाल सरकार द्वारा प्रायोजित किया गया था। बैंक ऑफ बंगाल के बाद बैंक ऑफ बॉम्बे की स्थापना 15 अप्रैल 1840 को तथा बैंक ऑफ मद्रास की स्थापना 1 जुलाई 1843 को की गई। ये तीनों बैंक 27 जनवरी 1921 को तथा उनका इंपीरियल बैंक ऑफ इंडिया के रूप में समामेलन होने तक भारत में आधुनिक बैंकिंग के शिखर पर रहें।

उद्भव एवं विकास :– अखिल भारतीय ग्रामीण साख सर्वेक्षण समिति सन् 1953–54 की सिफारिश पर भारतीय स्टेट बैंक की स्थापना की गई, इसकी स्थापना के लिए स्टेट बैंक ऑफ इंडिया एक्ट 1955 भारतीय संसद में स्वीकृत किया गया तथा जुलाई 1955 से स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की स्थापना हुई। वित्तीय क्षेत्र में स्टेट बैंक इंडिया की स्थापना द्वितीय पंचवर्षीय योजना के प्रारंभ में की गई उस समय समाजवादी समाज की स्थापना का लक्ष्य रखा गया था। अतः इम्पीरियल बैंक ऑफ इंडिया का राष्ट्रीयकरण कर स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की स्थापना करना एक महत्वपूर्ण घटना थी।

इम्पीरियल बैंक ऑफ इंडिया :– इम्पीरियल ऑफ इंडिया की स्थापना 27 जनवरी, 1921 में की गई। इस्ट इंडिया कंपनी ने यूरोपियन पद्धति के बैंकों की भारत में स्थापना के सिलसिले में यह कदम उठाया, इसके पूर्व में बंगाल प्रांत ने बैंक ऑफ कलकत्ता के नाम से सन् 1806 में पहला प्रेसीडेन्सी बैंक स्थापित किया जो बाद में बैंक ऑफ बंगाल के नाम से जाना गया। सन् 1840 में बैंक ऑफ बाम्बे एवं 1843 में बैंक ऑफ मद्रास की स्थापना भी की गई, तीनों बैंकों को मुद्रा निर्गमन के अधिकार सन् 1862 तक प्राप्त रहे। इन तीनों प्रेसीडेन्सी बैंकों की शाखायें महत्वपूर्ण नगरों में खोली गई, परन्तु इनकी कार्यप्रणाली में एकरूपता नहीं थी। अतः पूरे देश में एक केन्द्रीय बैंक की आवश्यकता अनुभव की गई।

प्रथम विश्वयुद्ध के बाद यह आवश्यकता तेजी से अनुभव की गई। परिणामस्वरूप उपरोक्त तीनों प्रेसीडेन्सी बैंकों का विलय करके 27

जनवरी, 1921 को इम्पीरियल बैंक ऑफ इंडिया की स्थापना की गई। इस हेतु इम्पीरियल बैंक ऑफ इंडिया एक्ट 1920 पास किया गया। इम्पीरियल बैंक ऑफ इंडिया मुख्य रूप से एक व्यापारिक बैंक था, परंतु 1935 के पूर्व में केन्द्रीय बैंक की स्वतंत्र व्यवस्था न होने के कारण इम्पीरियल बैंक ऑफ इंडिया एक व्यापारिक बैंक के द्वारा सम्पन्न किये जाने वाले कार्यों के अतिरिक्त अप्रत्यक्ष रूप से राष्ट्र के केन्द्रीय बैंक के रूप में विभिन्न गतिविधियां संचालित करता था, परंतु सन् 1926 में हिल्टन यंग कमीशन ने सिफारिश की कि देश की केन्द्रीय बैंकिंग प्रणाली के लिए एक पूर्णतः पृथक बैंक की स्थापना की जानी चाहिए, जो कि व्यापारिक बैंक काय न करें इसी आधार पर सन् 1935 में केन्द्रीय बैंक के रूप में रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया की स्थापना की गई। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया की स्थापना के बाद भी इम्पीरियल बैंक ऑफ इंडिया भारतीय रिजर्व बैंक के प्रतिनिधि के रूप में विभिन्न अतिरिक्त सेवायें प्रदान करता रहा। अतः भारतीय बैंकिंग के क्षेत्र में इम्पीरियल बैंक ऑफ इंडिया का विशेष महत्वपूर्ण स्थान था। इसी कारण इम्पीरियल बैंक का राष्ट्रीयकरण कर 1955 में भारतीय स्टेट बैंक की स्थापना की गई। अतः यह आवश्यक हो जाता है कि भारतीय बैंकिंग के क्षेत्र में इम्पीरियल बैंक के द्वारा सम्पन्न किये जाने वाले कार्यों का विशेष उल्लेख किया जाये। इम्पीरियल बैंक के द्वारा किये जाने वाले समस्त कार्यों को दो श्रेणियों में बांटा गया।

1. केन्द्रीय बैंकिंग कार्य,
2. व्यापारिक बैंकिंग कार्य

रिजर्व बैंक की स्थापना के पश्चात् भी इम्पीरियल बैंक का महत्व उसके विशाल साधनों, अधिकतम शाखाओं, प्रभाव एवं प्रतिष्ठा के कारण कम नहीं हुआ। वह गैर सरकारी आधार पर भारतीय मुद्रा बाजार का नेतृत्व करता रहा। राष्ट्रीयकरण से पूर्व देश बैंकिंग व्यवस्था में इम्पीरियल बैंक का अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान था। इस महत्वपूर्ण बैंक की स्थापना का मुख्य उद्देश्य भारतीय बैंकिंग व्यवस्था में समन्वय स्थापित करना तथा ब्रिटिश प्रणाली से प्रत्यक्ष संबंध स्थापित करना था। उपरोक्त विश्लेषण से यह स्पष्ट है कि भारत में बैंकिंग व्यवसाय के क्षेत्र में राष्ट्रीय आवश्यकताओं के अनुरूप उन्नति एवं विकास के लिये इम्पीरियल बैंक ऑफ इंडिया का राष्ट्रीयकरण वांछनीय था।

भारतीय स्टेट बैंक की स्थापना मूलतः भारतीय ग्रामीण साख सर्वेक्षण समिति की सिफारिश के आधार पर की गई थी। सन् 1948 में भारतीय रिजर्व बैंक के राष्ट्रीयकरण के पश्चात् ही इम्पीरियल बैंक ऑफ इंडिया के राष्ट्रीयकरण की मांग की गई थी, परंतु फरवरी 1948 में तत्कालीन केन्द्रीय वित्तमंत्री ने संसद में यह घोषणा की कि सरकार ने सैद्धांतिक रूप से इम्पीरियल बैंक के राष्ट्रीयकरण की मांग को स्वीकार कर लिया है, किन्तु अनेक व्यवहारिक कठिनाईयों के कारण वर्तमान में उसका राष्ट्रीकरण संभव नहीं है।

सन् 1949 में भारत सरकार ने इम्पीरियल बैंक ऑफ इंडिया के प्रस्तावित राष्ट्रीकरण के प्रश्न पर ग्रामीण बैंकिंग जांच समिति से सुझाव प्रस्तुत करने का आग्रह किया। विस्तृत अध्ययन के पश्चात् समिति ने मत व्यक्त किया कि इम्पीरियल बैंक के विरूद्ध जो आरोप लगाये जा रहे हैं, कुछ हद तक न्याय संगत है किन्तु मौद्रिक व्यवस्था में बैंक के महत्व को दृष्टिगत रखते हुये इसका राष्ट्रीयकरण किया जाना अधिक तक्र संगत नहीं होगा। समिति का यह मत था, कि राष्ट्रीयकरण करने की अपेक्षा उसका भारतीयकरण किया जाना अधिक उचित होगा। इसके अतिरिक्त समिति द्वारा यह भी सुझाव प्रस्तुत किया गया कि इम्पीरियल बैंक आगामी पांच वर्षों में कम से कम 270 शाखायें ग्रामीण क्षेत्रों में स्थापित करें किन्तु 30 जून, 1954 तक बैंकों द्वारा केवल 64 शाखायें ही स्थापित की जा सकी थी। भारतीय रिजर्व बैंक ने अगस्त 1951 में एक ''अखिल भारतीय ग्रामीण साख सर्वेक्षण समिति'' की नियुक्ति श्री ए. डी. गोरेवाला की अध्यक्षता में की थी। इस समिति ने सन् 1954 में अपना प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। समिति में इम्पीरियल बैंक ऑफ इंडिया के कार्यों की कटु आलोचना की एवं अपना मत व्यक्त करते हुये कहा कि ''बैंक ने ग्रामीण क्षेत्रों में शाखायें स्थापित करने की दिशा में सक्रिय रूचि का प्रदर्शन नहीं किया है। अतः देश में कृषि साख व्यवस्था पर्याप्त मात्रा में सुदृढ़ नहीं हो सकी है।

समिति ने सुझाव प्रस्तुत किया कि इम्पीरियल बैंक ऑफ इंडिया तथा भूतपूर्व देशी रियासतों से सम्बंधित 10 बैंकों को मिलाकर भारतीय स्टेट बैंक की स्थापना की जाना चाहिये, जिसके 52 प्रतिशत अंशों पर सरकारी स्वामित्व हो। इस सुझाव से यह स्पष्ट प्रतीत होता है कि समिति ने इम्पीरियल बैंक ऑफ इंडिया के राष्ट्रीयकरण के संबंध में स्पष्ट रूप से कोई सुझाव प्रस्तुत नहीं किया था। समिति ने अपने प्रतिवेदन में इस बात पर विशेष बल दिया कि इम्पीरियल बैंक अपने नवीन स्वरूप में ग्रामीण क्षेत्रों से अधिक से अधिक संख्या में शाखायें स्थापित करें, सहकारी साख संस्थाओं को वित्तीय सहायता प्रदान करें तथा राष्ट्रीय नीतियों के अनुरूप अपनी कार्य प्रणाली का संचालन करें।

सरकार ने समिति की सिफारिशों को स्वीकार करते हुए और परिस्थितियों को देखते हुये इम्पीरियल बैंक के राष्ट्रीयकरण को ही अधिक उचित समझा। अतः राष्ट्रीयकरण को ही अधिक उचित समझा। अतः 16 अप्रैल, 1951 को इम्पीरियल बैंक का राष्ट्रीयकरण एवं भारतीय स्टेट बैंक की स्थापना से संबंधित विधेयक लोकसभा में प्रस्तुत किया गया। स्टेट बैंक की स्थापना की आवश्यकता को देखते हुए लोकसभा ने विधेयक पर अपनी स्वीकृति प्रदान कर दी। इसके स्वीकृत हो जाने पर 1 जुलाई, 1955 से भारतीय स्टेट बैंक ने अपना कार्य विधिवत् आरंभ कर दिया।

अतः केन्द्रीय सरकार ने अखिल भारतीय ग्रामीण साख सर्वेक्षण समिति की अनुशंसा के आधार पर स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की स्थापना का निर्णया लिया। तत्कालीन वित्तमंत्री श्री सी. डी. देशमुख ने स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की स्थापना की घोषणा की तथा लोकसभा में इम्पीरियल बैंक अधिग्रहण हेतु विधेयक प्रस्तुत करते हुए कहा – ''इसमें इस सदन के सदस्यों तथा जनता की भावनायें एवं इच्छाऐं सन्निहित हैं। स्टेट बैंक न तो सिर्फ कृषि साख की पूर्ति करेगा बल्कि ग्रामीण उद्योगों के हितों की सेवा भी करेगा। इस विधेयक का उद्देश्य मात्र इम्पोरियल बैंक का अधिग्रहण करना नही है बल्कि इसका उद्देश्य हमारे ग्रामीण जीवन में प्राण संचार करना तथा ग्रामीण क्षेत्रों में फिर से नई प्रेरणा प्रदान करना है।

उपरोक्त भावना के अनुरूप केन्द्रीय सरकार ने 16 अप्रैल, 1955 को लोकसभा में विधेयक प्रस्तुत किया। राष्ट्रपति को स्वीकृति के बाद 1 जुलाई, 1955 से यह अधिनियम प्रभावशाली हुआ तथा इम्पीरियल बैंक ने स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के रूप में अपना कार्य प्रारंभ किया।

संदर्भ :–

1. S.G. Parandiker : Banking in India
2. सक्सेना आर.डी. भंडारी वाय.एस. भारतीय बैंकिंग विकास, विकास पब्लिकेशन प्रा.लि. नई दिल्ली
3. Bank Nationalisation in India : A Symposium
4. भारतीय स्टेट बैंक, वार्षिक रिपोर्ट 2012–13
5. State Bank of India Act, 1956 Section 17 and 19

ISSN : 2394-3580 Swadeshi Research Foundation Vol. - 4 Dec. 2017
A Monthly Journal of Multidisciplinary Research (UGC APPROVED, Peer Reviewed & Refereed Research Journal)

प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम का क्रियान्वयन एवं पद्धति

डॉ. संजय तिवारी
विभागाध्यक्ष (वाणिज्य) नवयुग कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय जबलपुर (म.प्र.)
श्रीमती शिल्पा भारद्वाज (मिश्रा)
शोध–छात्रा रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर (म.प्र.)

भारत सरकार द्वारा प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के रूप में एक नवीन क्रेडिट लिंक सब्सिडी आधारित कार्यक्रम स्वीकृत किया गया है जिसमें रोजगार अवसरों के सृजन हेतु ग्रामीण तथा शहरी क्षेत्रों में सूक्ष्म उद्यमों की स्थापना द्वारा प्रधानमंत्री रोजगार योजना तथा ग्रामीण रोजगार सृजन कार्यक्रम का विलय कर दिया गया है। प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम केंद्रीय क्षेत्र की एक योजना है जिसका प्रशासन सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग मंत्रालय द्वारा किया जाता है। राष्ट्रीय स्तर पर योजना का क्रियान्वयन एकमात्र केंद्रीय एजेंसी के रूप में खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग द्वारा किया जाता है जो सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रण के अंतर्गत एक वैधानिक संगठन है। राज्य स्तर पर, योजना का क्रियान्वयन राज्य खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग संचालनालयों, राज्य खादी एवं ग्रामोद्योग मंडलों तथा जिला उद्योग केंद्रों एवं बैंकों द्वारा किया जाता है। योजना के अंतर्गत शासकीय सब्सिडी का निर्धारण केंद्रीय ग्रामोद्योग आयोग द्वारा निर्धारित बैंकों के माध्यम से हितग्राहियों/उद्यमियों को उनके बैंक खातों में वितरित कर किया जायेगा। क्रियान्वयन एजेंसियाँ अर्थात् केंद्रीय ग्रामोद्योग आयोग, केंद्रीय ग्रामोद्योग बोर्ड तथा जिला उद्योग केंद्र योजना के क्रियान्वयन, विशेषतः क्षेत्र विशेष की सक्षम परियोजनाओं के हितग्राहियों के निर्धारण एवं उद्यमिता विकास का प्रशिक्षण प्रदान करने हेतु प्रतिष्ठित गैर–सरकारी संगठनों/प्रतिष्ठित स्वशासी संस्थाओं/ स्वयं सहायता समूहों/राष्ट्रीय लघु उद्योग आयोग/राजीव गाँधी उद्यमी मित्र योजना के अंतर्गत सूची में सम्मिलित उद्यमी मित्र, पंचायती राज संस्थाओं तथा अन्य सम्बद्ध निकायों को सम्बद्ध करेंगे।

योजना के उद्देश्य :–

- नवीन स्व–रोजगार उपक्रम/परियोजना/सूक्ष्म उद्यम स्थापित कर देश के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में रोजगार अवसरों का सृजन करना।
- वृहद रूप से पृथक पारम्परिक शिल्पकारों/ग्रामीण एवं शहरी बेरोजगार युवाओं को साथ लाना तथा उन्हें स्थानीय स्तर पर स्व–रोजगार प्रदान करने के हरसम्भव प्रयास करना।
- देश में पारम्परिक एवं भावी शिल्पकारों तथा ग्रामीण व शहरी बेरोजगार युवाओं को निरंतर एवं स्थायी रोजगार प्रदान करना, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों के युवाओं का शहरों की ओर पलायन कम हो सके।
- शिल्पकारों की आय क्षमता में वृद्धि करना तथा ग्रामीण व शहरी रोजगार की विकास दर में वृद्धि हेतु योगदान देना।

वित्तीय सहायता की प्रकृति :– निर्माण क्षेत्र के अंतर्गत परियोजना/इकाई की अधिकतम स्वीकृत लागत रुपय 25 लाख है। सेवा क्षेत्र के अंतर्गत परियोजना/इकाई की अधिकतम स्वीकृत लागत रुपये 10 लाख है। योजनांतर्गत दी जाने वाली शासकीय सब्सिडी जो हितग्राहियों के बैंक खातों में जमा की जाने वाली है, खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग द्वारा चयनित बैंकों के माध्यम से निर्धारित की जाती है। सामान्य श्रेणी के हितग्राहियों/संस्था हेतु बैंक परियोजना लागत की 90 प्रतिशत राशि तथा हितग्राही/संस्था की विशेष श्रेणी होने पर परियोजना लागत की 95 प्रतिशत राशि स्वीकृत करते हैं तथा परियोजना निर्माण हेतु आवश्यक पूर्ण राशि का भुगतान करते हैं।

हितग्राहियों हेतु पात्रता की शर्तें :–

- कोई भी व्यक्ति जिसकी आयु 18 वर्ष से अधिक हो
- प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के अंतर्गत परियोजना निर्माण में वित्तीय सहायता हेतु आय की कोई उच्चतम सीमा नहीं होगी।
- निर्माण क्षेत्र में रुपये 10 लाख एवं व्यवसायिक/सेवा क्षेत्र में रुपये 5 लाख से अधिक के परियोजना निर्माण हेतु हितग्राहियों को न्यूनतम 8वीं कक्षा उत्तीर्ण होना चाहिये।
- प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के अंतर्गत स्वीकृत नवीन परियोजनाओं को ही योजना में वित्तीय सहायता उपलब्ध है।
- स्व–सहायता समूह (गरीबी रेखा सूची में सम्मिलित भी, यदि उन्होंने किसी भी अन्य योजना का लाभ न लिया हो) भी प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के अंतर्गत वित्तीय सहायता के पात्र हैं।
- सोसायटी पंजीयन अधिनियम, 1860 के अंतर्गत पंजीकृत संस्थाएँ।
- उत्पादन सहकारी समितियाँ तथा
- धमार्थ ट्रस्ट
- वर्तमान में कार्यरत इकाइयाँ (प्रधानमंत्री रोजगार योजना, ग्रामीण रोजगार सृजन कार्यक्रम अथवा अन्य शासकीय या राज्यीय योजना के अंतर्गत) तथा वे इकाइयाँ जो पूर्व में ही भारत सरकार अथवा राज्य सरकार की किसी अन्य योजना में शासकीय सब्सिडी का लाभ प्राप्त कर चुकी हैं, वे इस योजना में पात्र नहीं होंगी।

क्रियान्वयन एजेंसी :– खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग अधिनियम, 1956 के अंतर्गत गठित खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग मुम्बई द्वारा योजना क्रियान्वित की जाती हैं, जो राष्ट्रीय स्तर की एकमात्र केंद्रीय एजेंसी है। योजना का क्रियान्वयन राज्य स्तर पर खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग के राज्य संचालनालयों तथा ग्रामीण क्षेत्रों में जिला उद्योग केंद्रों द्वारा किया जाता है। महानगरों में योजना का क्रियान्वयन केवल राज्य के जिला उद्योग केंद्रों द्वारा ही किया जाता है। खादी ग्रामोद्योग आयोग राज्यस्तरीय खादी ग्रामोद्योग आयोगों/राज्यस्तरीय जिला उद्योग केंद्रों से समन्वय कर ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में योजना का निष्पादन मूल्यांकन करता है। खादी ग्रामोद्योग आयोग एवं जिला उद्योग केंद्र;राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम, राजीव गाँधी उद्यमी मित्र योजना के अंतर्गत सम्मिलित उद्यमी मित्रों, पंचायती राज संस्थाओं एवं अन्य प्रतिष्ठित गैर–सरकारी संगठनों को भी प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के अंतर्गत हितग्राहियों की निर्धारण प्रक्रिया में शामिल करते हैं।

अन्य एजेंसियाँ :– प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के क्रियान्वयन में केंद्रीय एजेंसियों द्वारा सम्बद्ध की जानी वाली अन्य एजेंसियों का विवरण निम्नानुसार है :–

- खादी ग्रामोद्योग आयोग के क्षेत्र अधिकारी एवं इसके राज्यीय कार्यालय।
- राज्यस्तरीय खादी ग्रामोद्योग मंडल
- समस्त राज्य सरकार/केंद्रशासित प्रदेश प्रशासनों के जिला उद्योग केंद्र, जो सम्बंधित आयुक्त/सचिव (उद्योग) को सूचना प्रदान करते हों।
- बैंक/वित्तीय उद्योग।
- खादी ग्रामोद्योग संघ
- महिला एवं बाल विकास विभाग, नेहरू युवा केंद्र संगठन, आर्मी वाइव्ज़ वेलफेयर एसोसियेशन ऑफ इंडिया (आवा) तथा पंचायती राज संस्थाएँ।
- गैर–सरकारी संगठन, जिन्हें लघु, कृषि आधारित व ग्रामीण उद्योग के प्रचार–प्रसार, तकनीकी परामर्श सेवाओं, ग्रामीण विकास, सामाजिक कल्याण जैसे क्षेत्रों के परियोजना परामर्श में न्यूनतम 5 वर्ष का अनुभव तथा दक्षता प्राप्त हो। साथ ही, वे आवश्यक अधोसंरचना एवं मानव शक्ति से भी युक्त होने चाहिये जो राज्य अथवा जिलों में ग्रामीण स्तर पर कार्य कर सके। गैर–सरकारी संगठनों को उनके द्वारा विगत 3 वर्षों की अवधि में आयोजित किसी भी कार्यक्रम हेतु राज्य अथवा केंद्रीय स्तर की शासकीय एजेंसी से अनुदान–प्राप्त होना चाहिये।
- व्यवसायिक मार्गदर्शन अथवा तकनीकी पाठ्यक्रमों से युक्त व्यवसायिक संस्थाएँ/तकनीकी महाविद्यालय, जो

शासन/विश्वविद्यालय, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग एवं ए.आई.सी.टी.ई द्वारा मान्यता प्राप्त हों तथा उनमें आई.टी.आई, ग्रामीण पॉलिटेक्निक, खाद्य प्रसंस्करण प्रशिक्षण संस्थानों जैसे कौशल आधारित प्रशिक्षण प्रदान किये जाते हों।

- खादी ग्रामोद्योग आयोग/खादी ग्रामाद्योग मंडल द्वारा सहायता प्राप्त प्रमाणित खादी ग्रामोद्योग संस्थाएँ, यदि इन्हें ए+, ए अथवा बी श्रेणी प्राप्त हो तथा क्रियान्वयन हेतु वे आवश्यक अधोसंरचना, मानव शक्ति व दक्षता से युक्त हों।
- खादी ग्रामोद्योग आयोग/खादी ग्रामोद्योग मंडल के विभागीय एवं गैर विभागीय प्रशिक्षण केंद्र।
- सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग विकास संस्थाएँ, एम.एस.एम.ई. टूल रूम एवं तकनीकी विकास केंद्र जो विकास आयुक्त कार्यालय, एम.एस.एम. ई. के प्रशासनिक नियंत्रण में हों।
- सार्वजनिक एवं निजी सम्बद्धता (पी.पी.पी. मोड) में स्थापित किये गये राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम के कार्यालय, तकनीकी केंद्र, लघु उद्यम तथा लघु उद्यम प्रशिक्षण केंद्र।
- राष्ट्रीय स्तर के उद्यमिता विकास संस्थान, जैसे – सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रण के अंतर्गत आने वाले राष्ट्रीय उद्यमिता एवं लघु व्यवसाय विकास संस्थान, राष्ट्रीय सूक्ष्म, ल्घु एवं मध्यम उद्योग संस्थान तथा भारतीय उद्यमिता संस्थान गुवाहाटी, उनकी शाखाएँ तथा सहायक संस्थाओं द्वारा स्थापित उद्यमिता विकास संस्थान।
- सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग मंत्रालय की राजीव गाँधी उद्यमी मित्र योजना के अंतर्गत सूची में सम्मिलित उद्यमी मित्र।
- प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम संघ, जब भी स्थापित हो।

वित्तीय संस्थाएँ :–

- 27 सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक
- समस्त क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक
- प्रमुख सचिव (उद्योग)/आयुक्त (उद्योग) की अध्यक्षता के अंतर्गत राज्यस्तरीय कार्यदल समिति द्वारा अनुमोदित सहकारी बैंक।
- प्रमुख सचिव (उद्योग)/आयुक्त (उद्योग) की अध्यक्षता के अंतर्गत राज्यस्तरीय कार्यदल समिति द्वारा अनुमोदित निजी क्षेत्र के अनुसूचित व्यवसायिक बैंक
- भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक (सिडबी)

हितग्राहियों का निर्धारण :– राज्य स्तर पर हितग्राहियों का निर्धारण, खादी ग्रामोद्योग आयोग/राज्य खादी ग्रामोद्योग मंडल एवं राज्यस्तरीय जिला उद्योग केंद्रों तथा बैंकों के प्रतिनिधियों से युक्त एक कार्यदल द्वारा किया जाता है। इस कार्यदल की अध्यक्षता जिला मजिस्ट्रेट/उपायुक्त/सम्बंधित कलेक्टर द्वारा की जायेगी। प्रक्रिया के प्रारम्भ से सम्मिलित बैंक अधिकारी यह सुनिश्चित करते हैं कि आवश्यकता से अधिक आवेदन एकत्रित न हों। तथापि, जिन आवेदकों ने उद्यमिता विकास कार्यक्रम/कौशल विकास कार्यक्रम/उद्यमिता सह कौशल विकास कार्यक्रम अथवा व्यवसायिक प्रशिक्षण के अंतर्गत न्यूनतम 2 सप्ताह का प्रशिक्षण प्राप्त किया हो, वे प्रत्यक्ष रूप से बैंकों को आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। हालांकि, बैंक ऐसे आवेदनों को विचार हेतु कार्यदल के समक्ष ही प्रस्तुत करते हैं। केवल अधिक सब्सिडी प्राप्त करने के उद्देश्य से परियोजना लागत में वृद्धि करना अमान्य है। खादी ग्रामोद्योग आयोग, भारतीय स्टेट बैंक एवं भारतीय रिजर्व बैंक से परामर्श कर एक स्कोर कार्ड बनाते हैं तथा उसे जिलास्तरीय कार्यदल एवं अन्य राज्य/जिलास्तरीय अधिकारियों को अग्रेषित कर देते हैं। यह स्कोर कार्ड हितग्राहियों के चयन का आधार बनता है। यह स्कोर कार्ड खादी ग्रामोद्योग आयोग एवं मंत्रालय की वेबसाइटों पर प्रदर्शित किया जाता है। चयन प्रक्रिया पारदर्शी, उद्देश्यपरक एवं निष्पक्ष आधार पर होनी चाहिये। चयन प्रक्रिया में पंचायती राज संस्थाओं को भी शामिल किया जाता है।

बैंक वित्त :–

1. सामान्य श्रेणी के हितग्राहियों/संस्था हेतु बैंक परियोजना लागत की 90 प्रतिशत राशि तथा हितग्राही/संस्था की विशेष श्रेणी होने पर

परियोजना लागत को 95 प्रतिशत राशि स्वीकृत करते हैं तथा परियोजना निर्माण हेतु आवश्यक पूर्ण राशि का भुगतान करते हैं।

2. बैंक, मियादी ऋण के रूप में पूँजीगत व्यय तथा नकदी ऋण के रूप में कार्यशील पूँजी हेतु वित्तीय सहायता प्रदान करते हैं। परियोजना हेतु बैंकों द्वारा वित्तीय सहायता संयोजित ऋण के रूप में भी दी जा सकती है जिसमें पूँजीगत व्यय तथा कार्यशील पूँजी सम्मिलित हों। बैंक ऋण की राशि कुल परियोजना लागत की 60–75 प्रतिशत राशि के मध्य होती है जिसकी गणना 15–35 प्रतिशत मार्जिन राशि (सब्सिडी) तथा स्वामित्व योगदान (सामान्य श्रेणो हेतु 10 प्रतिशत तथा विशिष्ट श्रेणी हेतु 5 प्रतिशत) घटाकर की जाती है। अतः इस योजना में प्रतिभागी बैंकों द्वारा ऋणों के संवर्धित आवंटन एवं स्वीकृति की आवश्यकता होती है। इसकी प्राप्ति आवश्यक होतीहै क्योंकि भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा पूर्व से ही सार्वजनिक क्षेत्रां के बैंकों को इस सम्बंध में दिशानिर्देश जारी किये गये हैं कि वे सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग क्षेत्र के ऋणों में प्रतिवर्ष 20 प्रतिशत की वृद्धि सुनिश्चित करें। भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक (सिडबी) भी सूक्ष्म उद्यमों में अपने ऋण प्रदाय क्रियाकलापों को सशक्त कर रहा है जिससे वर्ष 2006–07 से प्रारम्भ पाँच वर्ष की अवधि में वह 50 लाख अतिरिक्त हितग्राहियों को लाभ प्रदान करेगा, साथ ही यह प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के अंतर्गत अन्य अनुसूचित व्यवसायिक बैंकों के अतिरिक्त एक प्रतिभागी वित्तीय संस्थान के रूप में प्रतिष्ठित है।

3. यद्यपि बैंक परियोजना प्रतिवेदन तथा तत्सम्बंधी स्वीकृत प्रकरणों में मार्जिन राशि (सब्सिडी) का दावा पूँजीगत व्यय सम्बंधी तथ्यों के आधार पर करते हैं, तथापि यदि पूँजीगत व्यय के वास्तविक उपयोग पर मार्जिन राशि (सब्सिडी) यथावत रखते हुए अधिशेष की जानी है तो उसका प्रतिभुगतान खादी ग्रामोद्योग आयोग को परियोजना के उत्पादन हेतु तैयार होने के तुरंत बाद कर दिया जायेगा।

4. कार्यशील पूँजी का संयोजन इस प्रकार से किया जाना चाहिये कि एक स्थिति में यह तीन वर्ष की अवधि में नकद ऋण की 100 प्रतिशत सीमा तक पहुँच जाये तथा स्वीकृत सीमा के 75 प्रतिशत उपयोग से किसी भी स्थिति में कम न हो। यदि यह उपरोक्त सीमा तक नहीं पहुँचता तो मार्जिन राशि (सब्सिडी) की आनुपातिक राशि की वसूली बैंक/वित्तीय संस्थाओं द्वारा की जाती है और तीसरे वर्ष के अंत में खादी ग्रामोद्योग आयोग को इसका प्रतिभुगतान कर दिया जाता है।

5. ब्याज की सामान्य दर भारित की जाती है तथा ऋण भुगतान की समय–सारणी के अंतर्गत सम्बंधित बैंक/वित्तीय संस्थान द्वारा निर्धारित प्रारम्भिक स्थगन आदेश के पश्चात् भुगतान सीमा 3 से 7 वर्ष के मध्य हो सकती है। बहुधा यह देखा गया है कि बैंक प्रक्रियात्मक रूप से प्रस्ताव के गुणों का अवलोकन करने की अपेक्षा ऋण की गारंटी सुनिश्चित करने हेतु अधिक जोर डालते हैं। इस अवधारणा को हतोत्साहित किया जाना चाहिये। भारतीय रिजर्व बैंक, बैंकों को दिशानिर्देश जारी करता है कि प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं को प्राथमिकता दी जाये। भारतीय रिजर्व बैंक यह दिशानिर्देश भी जारी करता है कि किन क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों को योजना के क्रियान्वयन में शामिल नहीं किया जाना चाहिये।

प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के अंतर्गत स्थापित इकाइयों का भौतिक सत्यापन :– प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के अंतर्गत स्थापित प्रत्येक इकाई की वास्तविक संरचना एवं कार्यकारी स्तर का 100 प्रतिशत भौतिक सत्यापन किया जाता है, इनमें वे इकाइयां भी शामिल हैं जिनकी स्थापना खादी ग्रामोद्योग मंडलों एवं जिला उद्योग केंद्र के माध्यम से की गई है। इनका सत्यापन खादी ग्रामोद्योग आयोग द्वारा राज्य सरकार की एजेंसियों और/अथवा, आवश्यकतानुसार बाहरी स्रोत को ठेके पर कार्य देने की प्रणाली से उन पेशेवर संस्थाओं के माध्यम से कराया जायेगा जिन्हें इस क्षेत्र में दक्षता प्राप्त हो और वे भारत सरकार के सामान्य वित्तीय नियमों के अनुसार निर्धारित प्रक्रिया का पालन करेंगे। बैंक, जिला उद्योग केंद्र एवं खादी ग्रामोद्योग मंडल समन्वित रूप से खादी ग्रामोद्योग आयोग का सहयोग करेंगे और सुनिश्चित करेंगे

कि इकाइयों का 100 प्रतिशत भौतिक सत्यापन हो रहा है। इकाइयों के इस प्रकार के भौतिक सत्यापन हेतु खादी ग्रामोद्योग आयोग द्वारा एक उचित प्रारूप रूपांकित किया जाता है। खादी ग्रामोद्योग आयोग द्वारा सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग मंत्रालय को निर्धारित प्रारूप में त्रैमासिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जाता है।

ISSN : 2394-3580 Swadeshi Research Foundation Vol. - 4 Dec. 2017
A Monthly Journal of Multidisciplinary Research (UGC APPROVED, Peer Reviewed & Refereed Research Journal)

किशोरावस्था की छात्राओं की समस्याओं पर विद्यालयीन परिवेश के प्रभाव का अध्ययन

स्वाती पाठक
शोधार्थी, शिक्षा संकाय, बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

डॉ. ममता बाकलीवाल
प्राध्यापक, शिक्षा संकाय राजीव गाँधी महाविद्यालय, त्रिलंगा, भोपाल

प्रस्तुत शोध पत्र में किशोरावस्था की छात्राओं की समस्याओं पर विद्यालयीन परिवेश के प्रभाव का अध्ययन किया गया है। न्यादर्श के रूप में 100 छात्राओं का चयन कर उन पर किशोरावस्था समस्या मापनी एव विद्यालयीन परिवेश मापनी का प्रशासन किया गया तथा विद्यालयीन परिवेश के आधार पर छात्राओं को उच्च एवं निम्न विद्यालयीन परिवेश समूह में बांट कर किशोरावस्था की छात्राओं की विभिन्न समस्याओं पर विद्यालयीन परिवेश के प्रभाव का अध्ययन किया गया। प्राप्त परिणामों के अनुसार किशोरावस्था की छात्राओं की संवेगात्मक/सामाजिक/ व्यावसायिक समस्याओं पर विद्यालयीन परिवेश का सार्थक प्रभाव पाया गया।

किशोरावस्था को जीवन की बंसत ऋतु माना गया है। यह विकास की वह अवस्था है जो बाल्यावस्था एवं प्रौढ़ावस्था के मध्य संधि काल के रूप में रहती है। इस अवस्था में किशोरावस्था की छात्राओं के शरीर, व्यवहार, संवेगों में तीव्र गति से परिवर्तन आते हैं। जिनके कारण वह विभिन्न समस्याओं से जूझती हैं और उन्हें समझ नहीं आता कि वो क्या करें, इस अवस्था में उनकी जिज्ञासाओं का उचित समाधान न होने के कारण उनमें चिंता व बैचैनी बढ़ने लगती है। किशोरावस्था में छात्राएं अपने मूल्यों, आदर्शों तथा संवेगों में संघर्ष का अनुभव करती हैं एवं उचित समायोजन न होने के कारण वह स्वयं को दुविधापूर्ण स्थिति में पाती हैं। अतः इस अवस्था में विद्यालयों, शिक्षकों, समाज व परिवार का यह कर्त्तव्य है कि वह किशोरावस्था की छात्राओं के लिए ऐसी शिक्षा का प्रबंध करें जिससे छात्राएं अपने जीवन में आने वाली समस्याओं को हल करने के योग्य बन सकें। किशोरावस्था में सर्वांगीण व्यक्तित्व विकास में विद्यालय की महत्वपूर्ण भूमिका होती है, अतः किशोरावस्था की छात्राओं के सकारात्मक व्यक्तित्व विकास व समायोजन में विद्यालय की महत्वपूर्ण भूमिका होने के कारण ही किशोरावास्था की छात्राओं की विभिन्न समस्याओं पर विद्यालयीन परिवेश के प्रभाव का अध्ययन करना बहुत हो सामयिक प्रतीत हो रहा है।

प्रस्तुत शोध से संबंधित पूर्व में भी कुछ शोध कार्य किये गये हैं जैसे – लीकॉक (1969), गुडविन, सैण्डर (1969) एवं फ्रेडमेन (1973) द्वारा मध्यमवर्गीय अल्पसंख्यक विद्यार्थियों पर किये गये मनोवैज्ञानिक अध्ययनों में शिक्षक का दृष्टिकोण सामान्यतः नकारात्मक पाया गया, जिसका प्रभाव अधिकांश विद्यार्थियों के व्यवहार में देखा गया। कक्कर (1967) ने अपने अध्ययन में बताया कि किशोरों को मुख्यतः विद्यालयों में अधिकतर समस्याओं का सामना करना पड़ता है। कोल तथा वेरोन (1976) ने अपने अध्ययन में पाया कि शिक्षक का कुसमायोजित व्यक्तित्व, विद्यार्थियों में असुरक्षा, हीनता का भाव, अप्रसन्नता आदि गुण विकसित करता है। दास, एन. (1982) ने अपने अध्ययन के निष्कर्षतः पाया कि विद्यालय का असंतोषजनक वातावरण, विद्यालय में निम्न समायोजन, विद्यालयीन कार्यक्रमों में भागीदारी, सामाजिक स्थिति, अध्यापकों और छात्रों के समुदाय आदि का किशोरों की व्यवहारगत समस्याओं में योगदान पाया गया। रावल, जी.एल. (1984) ने अपने अध्ययन के निष्कर्षतः पाया कि विद्यालयीन परिवेश संवेगात्मक विचलित किशोरों के पूर्ण समायोजन को प्रभावित करता है। मंजुबनी (1990) ने अपने अध्ययन में पाया की पारिवारिक एवं विद्यालयीन वातावरण का मानसिक स्वास्थ्य के निर्धारण में सार्थक योगदान था। प्रधान, सी. (1991) के अध्ययन के निष्कर्षतः ज्ञात हुआ कि विद्यालयीन संस्थागत वातावरण विद्यार्थियों के गृह, सामाजिक, स्वास्थ्य, संवेगात्मक तथा विद्यालयीन समायोजन को प्रभावित नहीं

करता है। विद्या, प्रतिमा (2006) ने अपने अध्ययन में पाया कि विद्यार्थियों में तनाव का 40 प्रतिशत कारण उनके विद्यालय हैं तथा किशोर–किशोरियों के समायोजन में विद्यालय की महत्वपूर्ण भूमिका है। पालीवाल एवं अन्य (2006) ने अपने अध्ययन में पाया कि विद्यालयीन समायोजन तथा विद्यालयीन वातावरण में सार्थक सह संबंध पाया गया। गलफट, संगीता; शर्मा, आलोक एवं बाजपेयी, आशीष (2015) ने अपने अध्ययन में पाया था कि निम्न विद्यालयीन परिवेश वाले किशोरावस्था के छात्र/छात्रा/विद्यार्थियों में, उच्च विद्यालयीन परिवेश वाले छात्र/छात्रा/विद्यार्थियों की तुलना में अधिक संवेगात्मक, सामाजिक, व्यावसायिक समस्याएं पाई गई थीं। उपर्युक्त अध्ययनों से शोधकर्ता ने निष्कर्ष निकाला की किशोरावस्था की छात्राओं की समस्याओं पर विद्यालयीन परिवेश के प्रभाव का अध्ययन करना आवश्यक है, जिससे की छात्राओं की समस्याऐं जानकर उनका निराकरण किया जा सके।

उद्देश्य :–

1. किशोरावस्था की छात्राओं की संवेगात्मक समस्या पर विद्यालयीन परिवेश के प्रभाव का अध्ययन करना।
2. किशोरावस्था की छात्राओं की सामाजिक समस्या पर विद्यालयीन परिवेश के प्रभाव का अध्ययन करना।
3. किशोरावस्था की छात्राओं की व्यावसायिक समस्या पर विद्यालयीन परिवेश के प्रभाव का अध्ययन करना।

परिकल्पना :–

1. किशोरावस्था की छात्राओं की संवेगात्मक समस्या पर विद्यालयीन परिवेश का सार्थक प्रभाव नहीं पाया जायेगा।
2. किशोरावस्था की छात्राओं की सामाजिक समस्या पर विद्यालयीन परिवेश का सार्थक प्रभाव नहीं पाया जायेगा।
3. किशोरावस्था की छात्राओं की व्यावसायिक समस्या पर विद्यालयीन परिवेश का सार्थक प्रभाव नहीं पाया जायेगा।

उपकरण :–

1. किशोरावस्था समस्या मापनी – आशीष बाजपेयी, हरगोविंद शुक्ला एवं अमित गुप्ता

2. विद्यालयीन परिवेश मापनी – डॉ. अशोक शर्मा एवं डॉ. (श्रीमति) अनीता सोनी

विधि :– सवप्रथम होशंगाबाद जिले के माध्यमिक विद्यालयों की सूची प्राप्त की गई तथा इस सूची में से दो विद्यालयों का चयन किया गया तथा इन विद्यालयों की कक्षा नवमीं व दसवीं में अध्ययनरत् 100 छात्राओं का चयन साधारण यादृच्छिक विधि द्वारा कर उन पर सामूहिक रूप से 'किशोरावस्था समस्या मापनी' एवं 'विद्यालय परिवेश मापनी' का प्रशासन किया गया। विद्यालयीन परिवेश के आधार पर छात्राओं को उच्च एवं निम्न विद्यालयीन परिवेश समूह में विभाजित कर किशोरावस्था समस्या मापनी के तीनों क्षेत्रों का अलग अलग फलांकन किया गया। प्राप्तांकों के आधार पर मास्टर शीट तैयार की गई। मध्यमान, मानक विचलन एवं क्रांतिक अनुपात परीक्षण के द्वारा आंकड़ों का विश्लेषण किया गया तथा प्राप्त परिणामों के आधार पर निष्कर्ष प्राप्त किये गये।

परिणामों का विश्लेषण :–

परिकल्पना – 1 : किशोरावस्था की छात्राओं की संवेगात्मक समस्या पर विद्यालयीन परिवेश का सार्थक प्रभाव नहीं पाया जायेगा।

तालिका क्रमांक – 1
किशोरावस्था की छात्राओं की संवेगात्मक समस्या पर विद्यालयीन परिवेश के प्रभाव संबंधी तुलनात्मक परिणाम

विद्यालयीन परिवेश	संख्या	मध्यमान	मानक विचलन	क्रांतिक अनुपात मान	'पी' मान
उच्च	59	8.85	3.03	2.64	< 0.01
निम्न	41	10.41	2.79		

स्वतंत्रता के अंश – 98 0.01 स्तर के लिये निर्धारित न्यूनतम मान – 2.63

उपरोक्त सारणी में प्रदर्शित परिणामों से यह स्पष्ट है कि किशोरावस्था की उच्च एवं निम्न विद्यालयीन परिवेश वाली छात्राओं की संवेगात्मक समस्या के मध्यमान क्रमशः 8.85 व 10.41 प्राप्त हुये जिनके मध्य 1.56 का अंतर है। यह अंतर सांख्यिकीय दृष्टिकोण से सार्थक है क्योंकि इनके लिये प्राप्त क्रातिक अनुपात का मान 2.64 स्वतंत्रता के अंश 98 पर सार्थकता के 0.01 स्तर के लिये निर्धारित न्यूनतम मान 2.63 की अपेक्षा अधिक है।

अतः निष्कर्षतः कहा जा सकता है कि किशोरावस्था की उच्च एवं निम्न विद्यालयीन परिवेश वाली छात्राओं के मध्य संवेगात्मक समस्या में सार्थक अंतर पाया गया तथा निम्न विद्यालयीन परिवेश वाली छात्राओं में, उच्च विद्यालयीन परिवेश वाली छात्राओं की तुलना में अधिक संवेगात्मक समस्याएं पाई गयी, अर्थात् किशोरावस्था की छात्राओं की संवेगात्मक समस्याओं पर विद्यालयीन परिवेश का सार्थक प्रभाव पाया गया।

उपरोक्त परिणामों के परिप्रेक्ष्य में पूर्व में ली गई परिकल्पना ''किशोरावस्था की छात्राओं की संवेगात्मक समस्या पर विद्यालयीन परिवेश का सार्थक प्रभाव नहीं पाया जायेगा'' अस्वीकृत की जाती है।

परिकल्पना – 2 : किशोरावस्था की छात्राओं की सामाजिक समस्या पर विद्यालयीन परिवेश का सार्थक प्रभाव नहीं पाया जायेगा।

तालिका क्रमांक – 2
किशोरावस्था की छात्राओं की सामाजिक समस्या पर विद्यालयीन परिवेश के प्रभाव संबंधी तुलनात्मक परिणाम

विद्यालयीन परिवेश	संख्या	मध्यमान	मानक विचलन	क्रांतिक अनुपात मान	'पी' मान
उच्च	59	7.17	2.95	2.02	< 0.05
निम्न	41	8.32	2.68		

स्वतंत्रता के अंश – 98 0.05 स्तर के लिये निर्धारित न्यूनतम मान – 1.98

उपरोक्त सारणी में प्रदर्शित परिणामों से यह स्पष्ट है कि किशोरावस्था की उच्च एवं निम्न विद्यालयीन परिवेश वाली छात्राओं की सामाजिक समस्या के मध्यमान क्रमशः 7.17 व 8.32 प्राप्त हुये जिनके मध्य 1.15 का अंतर है। यह अंतर सांख्यिकीय दृष्टिकोण से सार्थक है क्योंकि इनके लिये प्राप्त क्रातिक अनुपात का मान 2.02 स्वतंत्रता के अंश 98 पर सार्थकता के 0.05 स्तर के लिये निर्धारित न्यूनतम मान 1.98 की अपेक्षा अधिक है।

अतः निष्कर्षतः कहा जा सकता है कि किशोरावस्था की उच्च एवं निम्न विद्यालयीन

परिवेश वाली छात्राओं के मध्य सामाजिक समस्या में सार्थक अंतर पाया गया तथा निम्न विद्यालयीन परिवेश वाली छात्राओं में, उच्च विद्यालयीन परिवेश वाली छात्राओं की तुलना में अधिक सामाजिक समस्याएं पाई गयी, अर्थात् किशोरावस्था की छात्राओं की सामाजिक समस्याओं पर विद्यालयीन परिवेश का सार्थक प्रभाव पाया गया।

उपरोक्त परिणामों के परिप्रेक्ष्य में पूर्व में ली गई परिकल्पना ''किशोरावस्था की छात्राओं की सामाजिक समस्या पर विद्यालयीन परिवेश का सार्थक प्रभाव नहीं पाया जायेगा'' अस्वीकृत की जाती है।

परिकल्पना – 3 : किशोरावस्था की छात्राओं की व्यावसायिक समस्या पर विद्यालयीन परिवेश का सार्थक प्रभाव नहीं पाया जायेगा।

तालिका क्रमांक – 3

किशोरावस्था की छात्राओं की व्यावसायिक समस्या पर विद्यालयीन परिवेश के प्रभाव संबंधी तुलनात्मक परिणाम

विद्यालयीन परिवेश	संख्या	मध्यमान	मानक विचलन	क्रांतिक अनुपात मान	'पी' मान
उच्च	59	4.93	2.35	3.24	< 0.01
निम्न	41	6.29	1.97		

स्वतंत्रता के अंश – 98 0.01 स्तर के लिये निर्धारित न्यूनतम मान – 2.63

उपरोक्त सारणी में प्रदर्शित परिणामों से यह स्पष्ट है कि किशोरावस्था की उच्च एवं निम्न विद्यालयीन परिवेश वाली छात्राओं की व्यावसायिक समस्या के मध्यमान क्रमशः 4.93 व 6.29 प्राप्त हुये जिनके मध्य 1.36 का अंतर है। यह अंतर सांख्यिकीय दृष्टिकोण से सार्थक है क्योंकि इनके लिये प्राप्त क्रातिक अनुपात का मान 3.24 स्वतंत्रता के अंश 98 पर सार्थकता के 0.01 स्तर के लिये निर्धारित न्यूनतम मान 2.63 की अपेक्षा अधिक है।

अतः निष्कर्षतः कहा जा सकता है कि किशोरावस्था की उच्च एवं निम्न विद्यालयीन परिवेश वाली छात्राओं के मध्य व्यावसायिक समस्या मं सार्थक अंतर पाया गया तथा निम्न विद्यालयीन परिवेश वाली छात्राओं में, उच्च विद्यालयीन परिवेश वाली छात्राओं की तुलना में अधिक व्यावसायिक समस्याएं पाई गयी, अर्थात् किशोरावस्था की छात्राओं की व्यावसायिक समस्याओं पर विद्यालयीन परिवेश का सार्थक प्रभाव पाया गया।

अतः उपरोक्त परिणामों के परिप्रेक्ष्य में पूर्व में ली गई परिकल्पना ''किशोरावस्था की छात्राओं की व्यावसायिक समस्या पर विद्यालयीन परिवेश का सार्थक प्रभाव नहीं पाया जायेगा'' अस्वीकृत की जाती है।

निष्कर्ष :–

1. किशोरावस्था की छात्राओं की संवेगात्मक समस्याओं पर विद्यालयीन परिवेश का सार्थक प्रभाव पाया गया तथा निम्न विद्यालयीन परिवेश वाली छात्राओं में, उच्च विद्यालयीन परिवेश वाली छात्राओं की तुलना में अधिक व्यावसायिक समस्याएं पाई गयीं।
2. किशोरावस्था की छात्राओं की सामाजिक समस्याओं पर विद्यालयीन परिवेश का सार्थक प्रभाव पाया गया तथा निम्न विद्यालयीन परिवेश वाली छात्राओं में, उच्च विद्यालयीन परिवेश वाली छात्राओं की तुलना में अधिक व्यावसायिक समस्याएं पाई गयीं।
3. किशोरावस्था की छात्राओं की व्यावसायिक समस्याओं पर विद्यालयीन परिवेश का सार्थक प्रभाव पाया गया तथा निम्न विद्यालयोन परिवेश वाली छात्राओं में, उच्च विद्यालयीन परिवेश वाली छात्राओं की तुलना में अधिक व्यावसायिक समस्याएं पाई गयीं।

परिणामों की व्याख्या :– किशोरावस्था की उच्च तथा निम्न विद्यालयीन परिवेश वाली छात्राओं की विभिन्न समस्याओं (संवेगात्मक, सामाजिक एवं व्यावसायिक) में सार्थक अंतर पाया जाना तथा निम्न विद्यालयीन परिवेश वाली छात्राओं में उपरोक्त समस्याएँ उच्च विद्यालयीन परिवेश वाली छात्राओं से अधिक पाया जाना इस बात का घोतक है कि विद्यालयीन परिवेश छात्राओं के समायोजन को प्रभावित करने वाला एक महत्वपूर्ण कारक है, जिन विद्यालयों का परिवेश शांत, सुखद व सकारात्मक होता है उन विद्यालयों में छात्राओं का समायोजन बेहतर तरीके से होता है एवं उन्हें विभिन्न प्रकार की समस्याओं का सामना नहीं करना पड़ता है या फिर वे अपनी समस्याओं के लिए विद्यालयों में शिक्षकों से मार्गदर्शन प्राप्त कर अपनी समस्याओं का समाधान प्राप्त कर लेती हैं। साथ ही अच्छे विद्यालयों में कैरियर, मार्गदर्शक एवं परामर्शदाता की नियुक्ति भी की जाती है जिससे कि वह छात्राओं विशेषकर किशोरावस्था की छात्राओं को विषय चयन, भविष्य निर्माण संबंधी जानकारी प्रदान करने के साथ ही छात्राओं की विभिन्न समस्याओं के लिए उन्हें परामर्श प्रदान कर उनकी समस्याओं को हल करने में सकारात्मक भूमिका का निर्वाह करते हैं, संभवतः यही कारण है कि उच्च विद्यालयीन परिवेश वाली छात्राओं में निम्न विद्यालयीन परिवेश वाली छात्राओं की अपेक्षा कम समस्याएं पायी गयीं। रावल, जी.एल. (1984) ने अपने अध्ययन के निष्कर्षतः पाया कि विद्यालयीन परिवेश संवेगात्मक विचलित किशोरों के पूर्ण समायोजन को प्रभावित करता है। विद्या, प्रतिमा (2006) ने अपने अध्ययन में पाया कि विद्यार्थियों में तनाव का 40 प्रतिशत कारण उनके विद्यालय हैं तथा किशोर–किशोरियों के समायोजन में विद्यालय की महत्वपूर्ण भूमिका है। गलफट, संगीता; शर्मा, आलोक एवं बाजपेयी, आशीष (2015) ने अपने अध्ययन में पाया था कि निम्न विद्यालयीन परिवेश वाले किशोरावस्था के छात्र/छात्रा/विद्यार्थियों में, उच्च विद्यालयीन परिवेश वाले छात्र/छात्रा/विद्यार्थियों की तुलना में अधिक संवेगात्मक, सामाजिक, व्यावसायिक समस्याएं पाई गई थीं। अतः प्रस्तुत शोध से प्राप्त परिणामों की पुष्टि पूर्व में किए गए उपरोक्त शोध कार्यों से होती है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. गुप्ता, एस. पी. (2005) ''सांख्किीय विधियां'' शारदा पुस्तक भवन, इलाहाबाद।
2. वालिया, जे.एस. (2005) ''शिक्षा मनोविज्ञान की बुनियादें'' पाल पब्लिशर्स, जालंधर।
3. गलफट, संगीता; शर्मा, आलोक एवं बाजपेयी, आशीष (2015) ''किशोरावस्था के विद्यार्थियों की समस्याओं पर विद्यालयीन परिवेश के प्रभाव का अध्ययन'', सामाजिक शोध योजना, वाल्यूम–III, अंक–टए अक्टूबर (2015), पेज नं. 18–23
4. रावल, जी.एल. (1984) "संवेगात्मक रूप से विचलित किशोरों के व्यक्तित्व समायोजन का पारिवारिक एवं विद्यालयीन वातावरण के संबंध का अध्ययन", फोर्थ सर्वे ऑफ एजूकेशन रिसर्च, वाल्यूम–I, पेज.नं. 422–423
5. Das, N. (1982) "Some Behaviour Problems of the Secondary School Students of the District of Burdwan and Their Causes", Ph.D. Edu., In Third Survey of Research in Education. (1978-83), Pg. No. - 121.
6. Manjuvani, E. (1990) "Influence of home and school environment on the mental health status of children", Ph.D., Home Sc., Sri Venkateswara University, In Fifth Survey of Educational Research (1988-92), Vol. - II, Pg. No. 968.
7. Pradhan, C. (1991) "Effect of school organisational climate on the creativity, adjustment and academic achievement of secondary school students of Orissa", Ph.D. Edu., Utkal Univ., In Fifth Survey of Educational Research (1988-92), Vol. - II, Pg. No. 1840.

ISSN : 2394-3580 Swadeshi Research Foundation Vol. - 4 Dec. 2017
A Monthly Journal of Multidisciplinary Research (UGC APPROVED, Peer Reviewed & Refereed Research Journal)

सिन्धिया – होलकर प्रतिद्धन्दिता –एक विवेचना

Dr. Pankaj Kumar Malviya
Gf. History Govt. College Bagh Dist. Dhar M.P

सिन्धिया और होलकर के मध्य की यह प्रतिद्धन्दिता परम्परागत थी। महादजी सिन्धिया और तुकोजी होलकर का परस्पर बैर भाव और विरोध बड़ा पुराना था, जो राणोजी सिन्धिया और मल्हारराव होलकर के समय चला आ रहा था। जब अगस्त 1790 ई. में महादजी ने मथुरा में एक बड़ा जलसा किया तो तुकोजी ने उसमें जाने से इन्कार कर दिया। इस प्रकार दोनों मराठा सरदारों को मनोमालिन्य बढ़ता ही रहा। लखेरी के युद्ध में तुकोजी की पराजय होने से दोनों के मध्य की खाई और भी अधिक बढ़ गई। जिसे पाटा न जा सका। यशवन्तराव होलकर को भी यह वैरभाव विरासत में प्राप्त हुआ था।

यश्वन्तराव होलकर का प्रतिस्पर्धा और उसका समकालीन दौलतराव सिन्धीया एक प्रकार से 'शेठ' था। वह मन्दबुद्धि और अशिक्षित था। महादजी की एक उपपत्नि जिसका नाम केसर बाई था, वह अपनी बुद्धिमता और सुमति के लिए ख्यातनाम थी। वही अक्सर दौलतराव को सम्मार्ग पर चलने की सलाह देती थी और उसे समझाते हुए अक्सर कहा करती थी कि – 'पतंगबाजी और पूना के जंगलों में गीदड़ के शिकार आदि निम्नकोटि के व्यसनों को छोड़ दे।'

दौलतराव जब 13 वर्ष का था, तभी से वह विलासीता की और इतना झुका हुआ था कि उसको शीघ्र ही वह रोग लग गया, जो समय से पूर्व इन्द्रिय विलास करने वालो को प्रकृति दण्ड़ स्वरूप लगा दिया करती थी। शाह हबीब के व्यसनी युवक पुत्र ने दौलतराव सिन्धिया को इन आदतों में डाला था।

दौलतराव सिन्धिया का एक अन्यत्र शर्जेराव घाटगे। शर्जेराव घाटगे का पूरा नाम 'सखाराम घाटगे' उपनाम शर्जाराव घाटगे था। वह भागल के सरदार परिवार का मराठा था। सेवा की तलाश में वह सर्वप्रथम नाना फड़नवीस के अंगरक्षकों में भर्ती हो गया और नाना का विश्वास पात्र बन गया। नाना के पलायन के पश्चात वह मार्च, 1796 ई. में वह पूना से और उसने दौलतराव सिन्धिया की चाकरी स्वीकार कर ली और 26 फरवरी, ई. 1798 को उसने अपनी रूपमती पुत्री बैजाबाई का विवाह दौलतराव सिन्धिया के साथ कर दिया। इस वैवाहीक संबंध से शर्लोराव घाटगे दौलतराव सिन्धिया के दरबार का सर्वोच्च अधिकारी बन गया। शर्जोराव की कुसंगज और कुप्रभाव से दौलतराव सिन्धिया पतन के बहुत निकट पहुंच गया था।

दौलतराव सिन्धिया द्वारा यशवन्तराव के ज्येष्ठ भ्राता सवाई मल्हारराव की दारूण हत्या की गई थी और यशवन्तराव होलकर प्रतिशोध से भरा हुआ था। अतः उसने सिन्धिया के अधिनस्थ प्रदेश उज्जैन पर आक्रमण करके उसे लूटा और उसे भस्मीभूत किया। यशवन्तराव और अमीर खां के संयुक्त आक्रमण के सममुख सिन्धिया सेना ने शस्त्र डाल दिये। इस विजय से यशवन्तराव के सैनिक सम्मान में अत्यधिक वृद्धि हुई।

अक्टू., ई. 1801 में उज्जैन की पराजय का बदला लेने के लिए सिन्धिया सेनापति शर्जोराव घाटगे ने 12 सैनिक दस्तों तथा 20,000 हजार अश्वरोहियों के साथ इन्दौर पर आक्रमण किया। इन्दौर से लगभग 7 मील दक्षिण में बीजलपुर नामक स्थान पर युद्ध हुआ। इस युद्ध में होलकर की सेना की पराजय हुई। सिन्धिया सैनिकों के अत्याचारों से बचने के लिए कई महीलाओं ने नगर के कुओं और बावड़ीयों मे कूद कर आत्महत्याएं कर ली, जिनके मृत शरीरों से बावड़ीयां भर उठी थी।

पूना का युद्ध ई. 1802 – पेशवा – सिन्धिया सेना की संयुक्त पराजय :– ई. 1802 का वर्ष दक्षिण स्थित पेशवा की सरकार के लिए घोर विपत्तियां लेकर आया। यह वर्ष यशवन्तराव होलकर के लिए पराक्रमों का वर्ष था। यशवन्तराव होलकर इस बात के लिए भी दृढ़ संकल्पित था कि वह अपने

भाईयों – सवाई मल्हारराव तथा विठोजी होलकर के हत्यारों को चेन की सांस नहीं लेने देगा। अतः उसने मराठा अधिपति पेशवा बाजीराव (द्वितीय) के सम्मुख अपनी तीन मांगे रखी –

दौलतराव सिन्धिया ने खण्ड़ेराव को बन्दी बना कर रखा था, एसे मुक्त किया जावे। खाण्ड़ेराव को होलकर राज्य का औपचारिक स्वामी तथा यशवन्तराव हो उसका संरक्षक एवे राज्य प्रबंधक नियुक्त किया जावे। 2. भारत वर्ष के किसी भी भाग में कोई गांव या दुर्ग जो कभी होलकरों के अधिन थें, वे पुनः यशवन्तराव के अधिकार में दिये जावे तथा होलकर से कोई दुर्भाव या भेदभाव न करते हुवे उसे सिन्धिया के समकक्ष माना जावे। 3. काशीराव को सिन्धिया द्वारा कोई आर्थिक या सैनिक सहायता न दी जाये, जिससे कि वह होलकर घराने का मुखिया न बन सके।

उस समय तक यशवन्तराव खानदेश में थलनेर के निकट ताप्ती के तट पर अपने डेरे लगा चुका था। अपनी न्यायोचित मांगो पर पेशवा की और से कोई अनुकूल प्रतिक्रिया न देखकर उसने अपने अनुभवी राजनीतिज्ञ पाराशर दादा को पेशवा के पास अनुनय – विनय करने हेतु भेजा किन्तु दम्भी पेशवा ने उसकी विनय को सुनने से इन्कार कर दिया। पेशवा बाजीराव (द्वितीय) एक घूर्त और निकम्मा व्यक्ति था। वह स्वये न तो राज्य के कार्यो को देखता था आक्र न दूसरो को देखने देता था। राज्य की सम्पत्ति का उपयोग अनैतिक कार्यो में करता था। उसके मंत्री मण्डल में उसके नादान दोस्त – हरिदास और पनसरे जैसों की भरमार थी। हंसी मजाक करना और लोगों को ठगना यही उसके शौक थे। पेशवा पद की प्रतिष्ठा और गरिमा को उसने मिट्टी मे मिला दिया था। पूर्व पेशवाओं के नाम पर वह एक कलंक के समान था।

अपनी विनय को ठुकराये जाने से रूष्ठ होकर यशवन्तराव ने अपने दो प्रमुख सरदारों फतसिंह माने और शहमत खां पठान को पेशवा के प्रदेशों से बलपूर्वक बदला लेने के लिए भेजा। 21 जून को शहमत खां अपने पठान रिसाले के साथ नासिक जिले में कूद पड़ा। 2 अग., ई. 1802 को यशवन्तराव स्वयं संगनेर पहुंच गया और उसने युद्ध का संचालन अपने हाथों में ले लिया, शहमत खां पठान और माने ने अहमद नगर के दक्षिण के प्रदेश को भीमा नदी के प्रवेश पड़े गांव तक खूंद डाला। उधर यशवन्तराव क्रोधपूर्वक अंगोड़ा, अहमद नगर और जाम्बगांव पर टूट पड़ा। उधर फतरसिंह ने माने पण्ढरपुर के जिलों पर कहर ढ़ा रहा था। दक्षिण के इस अभियान के समय पिण्ड़ारी प्रधान सेना ने सम्पूर्ण महाराष्ट्र में बरबादी और आतंक फैला रखा था। उस युग के मराठी समाचार पत्रों ने यशवन्तराव होलकर की पिण्ड़ारी प्रधान सेना के आतंक के विषय में लिखा था – 'पिण्ड़ारीयों ने घटमाथ तक पश्चिम में सब नगरों को लूटकर बेचिराग कर डाला है, केवल पूना शेष है। होलकर के आतंक ने सम्पूर्ण पूना को नष्ट कर दिया है तथा लोग पूना छोड़कर भाग रहे है।' उस समय पूना के मार्ग में नारायणगढ़ गांव के निकट सिन्धिया की शक्तिशाली सेना होलकर को मार्ग रोके खड़ी थी, अतः यशवन्तराव ने पूना पर दो विविध ओर से आक्रमण के लिए अपनी सेना को आगे बढ़ाया। इस प्राकार जुन्नार और पढरपुर की और से उसकी सेना आगे बढ़ी।

पूना के इस युद्ध में यशवन्तराव की सेना में युद्ध के नये और पुराने दोनो साधन विद्धमान थे। दक्षिण में सधी हुई सेना का नेतृत्व हार्डिग्ज, आर्मस्टांग और विकर्स जैसे योग्य योरोपियन्स अधिकारियों के हाथों में था। उनके साथ एक अच्छा तोपखाना और अमीर खां के तगड़े पठान थे। अकेले यशवन्तराव ने मई मास के तीन सप्ताह में 20 लाख रूपये लूट पाट बतौर एकत्रीत कर लिए थे, जिससे उसने अपने रिसाले का वेतन चुका दिया।

पूना के इस युद्ध में उसके साथ सरदार माने, नागों शिवाजी, शेवनी, बख्शी भवनीशंकर, शहमत खां पठान, अमीर खां, आबाजी लक्ष्मण तथा हरनाथ कुवर जैसे योद्धा थे। होलकर की सेना के विषय में फ्रेंकलिन लिखता है कि – 'होलकर की अश्वसेना सिन्धिया की अश्वसेना से ऊंचे दर्जे की है। उसके अफसर अधिक अच्छे है और मराठों की लूटमार करके युद्ध करने की विधि को भली भांति जानते है।'

बारामती शिविर से यशवन्तराव होलकर ने पेशवा के नाम अंतिम चेतावनी भेजी –'आप स्वामी है, मेरी इच्छा आपके विरूद्ध हाथ उठाने की कदापि नहीं है। सिन्धिया के साथ मेरे झगड़े का कनपटारा करना आपको शोभा देगा। अंग्रेज हमारे द्वार पर मराठा राज्य पर अधिकार करने के अवसर की प्रतिक्षा कर रहे है। व्यर्थ वार्तालाप में नष्ट करने के लिए मेरे पास समय नहीं है ..... मैं आपको शान्तिमय निपटारे का अंतिम अवसर दे रहा हूँ। .... मेरा झगड़ा सिन्धिया से है और आप सिन्धिया के हाथों की कठपुतली बन गये है और राज्य का विनाश कर रहे है। .... आप स्वामी का कर्तव्य करे और मुझे सेवक का कार्य करने दे।

यशवन्तराव की यह चेतावनी पेशवा को 23 अक्टू. ई. 1802 को प्राप्त हुई। सिन्धिया को दीवान कुंजर, बख्शी सदाशिवराव तथा ब्रिगेड अधिकारी डोयज ने बड़े घमण्ड से कहा – 'हम अपनी तोपों की मार से यशवन्तराव को भागने के लिए विवश कर देंगे। आपको केवल दूर स यह खेल देखना होगा।'

अन्ततः 25 अक्टू., ई. 1802 को दिपावली के दिन पेशवा के भाग्य निर्णय का दिन आ ही गया। धन त्रयोदशी के दिन रण निनाद गूंज उठा। इस भीषण युद्ध में पेशवा का सेनानायक नाना त्रयम्बक पुरन्दे अपनी जान लेकर भागा। सेनापति पाण्ड़ो कुंजर (बालोजी कुंजर का पुत्र) युद्ध के मैदान से ऐसा अन्यथा होकर भागा कि तीन दिन तक उसका पता नहीं चला। सेनापती मालोजी घोरपड़े को भयान घाव लगे और वह नीचे गिर पड़ा। शिन्दे का सेनापति सदाशिवराव बख्शी धराशाही हो गया और जरी पटका छोड़ कर भागा।

पेशवा के शनिचारा भवन से पेशवा पलायन कर चुका था। पेशवा के भवन में केवल पेशवा की पत्नी ताई साहेब, सवाई माधवराव की विधवा पत्नी यशोदाबाई और चीमा जी अप्पास की पत्नी सीताबाई ही मौजूद थे।

पूना के इस युद्ध में अन्ततः पेशवा सिन्धिया संयुक्त सेना की पराजय हुई। पूना के युद्ध में विजयश्री मिलने से यशवन्तराव होलकर का मराठा मण्डल में मान बढ़ा। पूना की विजय यशवन्ताराव होलकर के जीवन की एक महती उपलब्धि थी।

बेसिन की सन्धि :– 31 दिस., ई. 1802 को पूना के इस युद्ध में पेशवाई का अन्त हो गया। यशवन्तराव के पराक्रम से भयभीत हाकर पेशवा बाजीराव (द्वितीय) अंग्रेजों की शरण में चला गया और पेशवा ने अंग्रेजों से आतम रक्षार्थ बेसिन की सन्धि कर ली। बाजीराव ने अपनी स्वतन्त्रता को गिरवी रखकर अपने शरीर की रक्षा अवश्य कर ली थी किन्तु उसने इस सन्धि से मराठा संघ का विनाश कर दिया।

सन्दर्भ गंथ सूची :–

1. जदुनाथ सरकार : मुणाल साम्राज्य का पतन
2. डॉ. मथुरालाल शर्मा : मराठों का संक्षिप्त इतिहास
3. एम. डब्ल्यू बर्वे : तुकोजीराव (द्वितीय) रूलर ऑफ इन्दौर
4. इम्पीरियल गजेटियर ऑफ इण्डिया
5. सर देसाई : मराठों का नवीन इतिहास

ISSN : 2394-3580 Swadeshi Research Foundation Vol. - 4 Dec. 2017
A Monthly Journal of Multidisciplinary Research (UGC APPROVED, Peer Reviewed & Refereed Research Journal)

Feminism in Politics

Dr. Sapna Gehlot
Assistant Professor, Political Science Jayoti Vidyapeeth Women's University, Jaipur Rajasthan

Feminism is a collection of movement and ideologies aimed at defining establishing and defending equal political, economic and social rights for women. The French philosopher Charles Fourier is credited with having originated the word "Feminism" in 1837. The word 'feminism' and 'feminist' first appeared in France and the Netherlands in 1872. The Oxford English dictionary defines a feminist as an advocate or supporter of the rights and equality of women.[1]

The history of the modern western feminist movement is divided into three waves. The first wave compromised women's suffrage, movements of the 19th century promoting women's right to vote. The second was associated with the ideas and actions of the women's liberation. Liberation movement beginning in the 1960's. The second wave campaigned for legal and access of contraceptive and abortion, feminist have also worked to protect women and girls from domestic violence, sexual harassment and sexual assault. In a nutshell feminism is mainly focused an women's issue and seeks gender equality.[3]

Feminists have cover a long road the wave of feminism was visualize during the 19th century and early 20th century. In the UK and US it focused on the promotion of equal contract, marriage, parenting and property right for women. Later on the focused was shifted on primarily on gaining political power particularly the right of women's suffrage, women's suffrage was achieved Elizabeth Cady Stanton and Susan B. Anthony, who campaigned for the abolition of slavery prior to championing women right to vote with all this efforts. U.S. made 19th amendment to the United State constitution 1919, granting the right to women in all aspects. These wave of feminism had their effect in the countries of middle Asia too. In social equality for women and third wave is a continuation of and a reaction to the perceived failures of second wave feminism, beginning in 1998.[2]

Feminist theory, which emerged from feminist movements, aim to understand the nature of gender inequality by examining women's social roles and lived experience, it has developed theories in a variety of a disciplines in order to respond issue such as the social construction of sex and gender. Feminist activists campaign for women's right. And these demands of women rights have changed societies. Some important women rights for which women have struggle a lot like women's suffrage, right at work place like equal pay for equal work, maternity leave, some personal rights like reproductive rights for women which include women right to

in Britain's Australasian colonies at the close of the 19th century, with the self governing colonies of New Zealand and South Australia women the right to vote in 1893 and 1935 respectively even Australia during this period permitting women to stand for Parliamentary office and granting women the right to vote.

In Britain in 1918, the representation of the people act was passed granting the vote to women over the age of 30 who owned house. In 1928 this was extended to all women over twenty one. This time the main notable leaders of the movement were: - Lucretia Mott, 1899, Qasim Amin, considered the 'father' of Arab feminism wrote, The Liberation of Women, which argued for legal and social reforms for women. Hoda Shaarawi founded the Egyptian feminist movement in 1923, and became its President and a symbol of the Arab women's right movement.[5]

The Iranian Constitutional revolution in 1905 triggered the Iranian women's movement who aimed to achieve women's equality in education, marriage, careers and legal right but during the Iranian Revolution of 1979, many of the rights that women had gained from the women's movement were systematically abolished, such as the family protection law. In France women obtained the right to vote in 1944. French philosopher Simone De Beauvoir wrote a book name Le Deuxieme Sexe (The Second Sex) in 1949. This book expressed feminist sense of injustice, by this mid 20th century a new wave began which is continuing till present it is largely concerned with issues of equality other than suffrage, such as ending discrimination. In this period the feminist activist and author Carol Hanisch coined the slogan 'The Personal Political' which became synonymous with the second wave. In 1956 President Gamal Abdel Nasser of Egypt initiated 'State feminism' which outlawed discrimination based on gender and granted women's suffrage, but also blocked political activism by feminist leaders. During Sadat presidency, his wife, Jehan Sadat publicly advocated for further women's right though Egyptian policy and society began to move away from women's equality with the new Islamist movement and governing conservation. However, some activists proposed a new feminists movement, Islamic feminism, which argues for women's equality with an Islamic framework. In the countries of Latin America this second wave brought changes.[6]

In the early 1990's in the U.S. third wave feminism began as a response to perceived failures of the second wave and to the backlash against imitative and movements created by the second wave. Third wave feminists focus on "micro-politics and challenge the second wave's paradigm as to what is, or is not, good for women and tend to use a post-structuralism interpretation of gender and sexuality. Noted second wave personalities were Gloria Anzaldna, Bell hooks, Chela Sandoual, Cherrie Moraga, Maxime Hong Kingston and many other black feminists sought to negotiate a space within feminist thought for consideration of race-related subjectivities.[7]

Since the 1980's standpoint feminists have argued that the feminist movement should address global issues such as rape, slavery and culturally specific issues in order to understand how gender inequality interacts with racism, classism and colonization etc. Third wave sexism contains internal debates between difference feminists, who believe that there are important differences between the sexes and those who believe that there are no irherent differences between the sexes. And contend that gender roles are due to social conditioning.[8]

Factors affecting the Acceptance of Feminism :- Feminism has very varied world wide impact; political system, values and culture are important factors in determining the acceptance of feminist ideas. The electoral and representative system of testate significantly affects the likelihood of women being able to make change. Generally, women to have most influence in more reprehensive system. Canada's feminist success relative to the U.K. is related to its proportional representation rather than the 'first past the post' election system as fewer barrior are posed for minorities. Similarly democracies tend to be much more accessible to women than authoritarian regimes. Reason for this – inaccessibility is linked to the lack of civil society– the political area women tend to be most prominent.[10]

Women participation has notably decreased in countries emerging from socialism into system further to the political right, usually accompanied by attacks on women's rights. In China, the move towards a market economy has been accompanied by a crash in women's wages from approximately 80% of means in the 1980 to just 65% in 2004.[11]

In Latin America the introduction of neoliberal economics has been indentified as on obstacle for feminism. Neo-liberalism tends to increase low paid works, dominated by women

balancing jobs and house work leaving little time for politics.

Feminism is often aided by revolutionary values; Uganda and Nicarguan women used the radical values of revolutions to ensure their equality with men. A similar tactic was used by Iranian women following the 1979 revolution. They were able to hold the government to part of its commitment to restore women's rights and dignity, despite the implementation of Shari's Law religious beliefs were used to improve their situation and respectability and family responsibility stressed to gain ground on education, economic rights and political participation.[12]

Women's position as 'mother of the nation' often make them important symbols in revolutionary situation. However women's importance in the context can often lead to strict controls on their behaviour. Similarly, the rise of a culture of sexual violence in South Africa is partly a result of the social progress of women.

In terms of religion, Ali relates this blacklash to the rise of identity politics in the 1990,s which gave religion more prominence. The identifies religious restrictions on women's freedom in the former USSR, Arab States and the U.S.A. An example of the cultural restrictions of religious revival is the 2004 Indonesian presidential election, in which the country largest Islamic organization forbid Muslims from voting for the country's female president.[13]

Impact of feminism in Politics :- At the risk of making of sweeping generalization about the political inclination of feminist, it is generally accepted that prior to the proliferation of the feminist movement the most women were considered to be politically conservative because of their close ties to family, religion and traditional values however this determination of conservation was based on a group of women who were generally kept away from the political process, information about political belief system and exactly what different political groups believe in and represent.[14]

Once women were exposed to feminism and along with it the freedom to express themselves politically in the ways that they choose based upon informed decisions, by and large feminist embraced a more liberal mindset. This is not to say that they abandoned their family and religious values, but perhaps it is more correct to say that in more left wing thinking, feminists were able to enjoy a greater degree of political freedom, recognition and an avoidance of the oppression that they suffered for so many years under a more conservative view point and philosophy. Once feminist were on the path of free political expression, their activism made contributions to the study of political participation in several areas.[15]

The simple assertion by feminists that women have right that should be protected has made a significant impact on world wide politics and provided a starting point for women to question and change the rules and norms that given them.

On a strategic level, the advancement of women into the halls of higher learning institutions contributed to political studies form both sides of the classroom in a sense. Female students, now empowered by a clearer sense of political identity and their role in the feminist movement began to challenge the course content which usually portrayed men as superior in intelligence and having politically superior to women. Female student also fought for the right to have access to the same educational institution and resources as their male counterparts. Eventually having earned degree of higher learning as well as political power, feminist rose to the role of instructor in many educational settings giving them a pulpit from which to share the practical realities and advantage of feminist thought and practice.[16]

The impact that feminist political action has had on the study of political participation is quite significant as well, when feminists became extremely politically active the sheer volumes of activity that they were creating became too hard for even their most biased critics to ignore. As feminist movement gained national and international media coverage and their influence was felt in mainstream society, they captured the curiosity of the academic minds of the world. Whether the mainstream liked it or not feminism was a force with which to be reckoned and was going to be around in one form or another for the foreseeable future.

It lead to question gender roles by drawing attention to universal gender based power relations which are otherwise overlooked.

It promoted the belief that women's social experience gives them different expertise which would be valuable in government. The Welsh assembly is currently the only legislature to have 50% female participation, Norway is one of many countries to introduce sex quotas for public bodies to achieve more equal representation. In 1993 the British labour party used quotas in its selection of candidates making the proportion of women in parliament rise significantly.

It is the impact of the feminism thought only that the formation of various women's groups had began. The spread of feminist thought can give women the ideas and confidence to make changes within their lives and communities and making them aware of their rights. Many women in Bodhgaya, India, Participated in the vahine land reform movement which had a strong feminist element. The value accorded to women within the Vahini gave some of the basic confidence needed to ask their husbands to help wash up for Mexican women, the organization of small discussion group taught them to become confident in arguing for rights.[17]

For many feminists the personal is political; they identity social subjugation of women as a political problems which must be addressed. This idea has world wide impact of which the emergence of domestic violence as an issue is an example. Domestic violence is so prolific that is the principal cause of illness for many women feminist thought has raised awareness of this problem, the white Ribbon campaign against women has been internationally popular among men and shows a growing male acceptance of feminist ideas.

Support for feminist ideas has grown in many societies due to women increasing role in raising public awareness. In Spain solidarity campaigns with political prisoners were used to mobilize enough public support to make changes. Britain has been significant alternation in public opinion concerning abortion, housework and employment. [9]

In a nutshell :- No doubt after analyzing all this we can reach on this conclusion that feminist through has made women answer of their rights and possibility of improving their lives. It has increased their confidence by revealing the politics in their daily lives and encouraging political and social participation. Women's group have succeeded in getting female candidates elected to all levels of govt. and altering legislation. They have also made changes in their daily lives, on a aiming to ensure, that they are appropriate representatives of their nation.

In popular revolutions, it is necessary for women to place their rights on the agenda and actively participates. Beside this the culture and public opinion within which women's group function plays a significant role in determining their impact. Throughout history women have had to change the attitudes of men to gain rights for themselves and this continues today for eg. in Uruguay the Catholic Church was able to prevent the passage of a bill legalizing abortion, despite illegal abortions being the principal cause of death for pregnant women and majority public support for the bill.

Currently many women struggles not only against traditional cultures of male dominance but also against a recent religious and conservative blacklash challenges to women are coming increasingly from men who believed that women rights have gone too far. The U.K. men's movement go as far as to say 'feminism is an aberration like Nazism and communism a blight on our society. '

Community made significant step towards changing public opinion but in some countries culture in particular recent religious and conservative backlashes, has also served to restrict the impact of feminism. So it can be concluded that feminist though has had a significant impact on contemporary politics but in varying degrees worldwide.

If we analysis we see that feminism has grown from a theory to a political movement that has liberated the oppressed fostered independent political thought and fostered an entirely new way of evaluating politics. So we can say that the future of feminism promises to be even more dynamic and effective as people continue to seek the natural state of freedom and speak out against opposition in all forms.

References :-

1- Feminism from Wikipedia, the free Encyclopedia
2- Feminism from Wikipedia, the free Encyclopedia
3- Feminism from Wikipedia, the free Encyclopedia
4- Feminism from Wikipedia, the free Encyclopedia
5- Feminism from Wikipedia, the free Encyclopedia
6- Feminism from Wikipedia, the free Encyclopedia
7- Feminism from Wikipedia, the free Encyclopedia
8- Feminism from Wikipedia, the free Encyclopedia
9- Essay – Assess the impact of feminist thought on contemporary politics by Katie Smith.
10- Essay – Assess the impact of feminist thought on contemporary politics by Katie Smith.
11-Essay – Assess the impact of feminist thought on contemporary politics by Katie Smith.
12-Essay – Assess the impact of feminist thought on contemporary politics by Katie Smith.
13-Essay – Assess the impact of feminist thought on contemporary politics by Katie Smith.
14-Essay – Assess the impact of feminist thought on contemporary politics by Katie Smith.

ISSN : 2394-3580 Swadeshi Research Foundation Vol. - 4 Dec. 2017
A Monthly Journal of Multidisciplinary Research (UGC APPROVED, Peer Reviewed & Refereed Research Journal)

भारत में महिला मानवाधिकारों की वर्तमान स्थिति

डॉ. सपना गहलोत
एसोसिएट प्रोफेसर ज्योति महिला विद्यापीठ, महिला विश्वविद्यालय महला, जयपुर (राजस्थान)
श्रीमति गीता बाजिया
शोधार्थी, राजनीतिक विज्ञान, ज्योति महिला विद्यापीठ, महिला विश्वविद्यालय महला, जयपुर (राजस्थान)

संदर्भ :– प्रत्येक मनुष्य को जीवन यापन के लिये अधिकारों की आवश्यकता होती है। वे अधिकार उसके जीवन का अभिन्न अंग है। जिनके बिना समाज में रहना उसके लिये अत्यंत कठिन है तथा मनुष्य को जन्म के साथ भी कुछ अधिकार प्राप्त हो जाते है। इन सभी अधिकारों को मानवाधिकारों के नाम से जाना जाता है। भारत में मानवाधिकारों को सदैव संघर्ष से ही प्राप्त किया गया है। मुख्यतः महिलाओं को मानवाधिकार प्राप्त होना बहुत बड़ी चुनौती रही है। ईश्वर की अनुपम कृति के रूप में मानव निर्मित हुआ है तथा ईश्वर के लिये सभी मानव जाति समान रूप से मानी गयी है। ईश्वर एक है और संपूर्ण मानव जगत उसकी संतान है। अतः ईश्वरीय कृति के रूप में स्त्री, पुरूष भी समान ही है व उनके अधिकार भी समान ही होने चाहिए।

भारतीय संस्कृति में नारी को एक महान शक्ति के रूप में आदर–सम्मान दिया जाता रहा है। वैदिक काल में इस देवभूमि की नारी सभी क्षेत्रों में पुरूष की सहभागिनी थी। इस काल में उसने सामाजिक व पारीवारिक क्षेत्रों में अपने कर्तव्य का पालन करते हुये अपना गौरव व सम्मान बढ़ाया था। भारत में हिन्दु मनुस्मृति में कहा गया है कि –

स्त्रियां रोचसानायं सर्व तद् रोचते कुलम्।
तस्यां तु अरोचमानायां सर्वमेवं व रोचते।।[1]

मध्यकाल में भारत में मुगलों का शासन स्थापित हो गया था उसके बाद भारतीय महिलाओं की स्थिति दिनोंदिन दयनीय होती गयी, भारतीय समाज व नारी दोनों की स्थिति बिगड़ गयी थी, उनके सामने नयी–नयी समस्याएं पैदा होने लगी थी। शिक्षा का अधिकार तो लगभग समाप्त हो गया था। अपने अस्तित्व की रक्षा के लिये नारी ने अपने जीवन का त्याग करना शुरू कर दिया। इसी के साथ सती प्रथा जैसी कुरीतियां समाज में उत्पन्न हो गयी तथा पुरूष प्रधान समाज में महिला का कोई अस्तित्व नही रहा।

भारत में 18वीं सदी का समय महिलाओं के लिये घोर अवनति व अधोगति का रहा। इसमें राजा राममोहनराय, स्वामी दयानंद सरस्वती, स्वामी विवेकानंद, गांधीजी आदि सुधारकों ने महिलाओं की स्थिति को सुधारने व पुनर्जागरण काल के रूप में कार्य किया। महिलाओं की निम्नस्थिति को उठाने का कार्य करने का श्रेय इन्हीं सुधारकों को जाता है। यह स्थिति ब्रिटिश काल के समय से गुजरती हुई संघर्ष व बलिदानों के साथ भारतीय आजादी तक भी बनी रही तथा आजादी के बाद भारतीय महिलाओं को संविधान में तमाम अधिकार प्रदान कर दिये गये।[2]

भारत के संविधान निर्माताओं ने भी स्वीकार किया कि राष्ट्र के सर्वांगीण विकास के लिये महिलाओं के साथ लिंग के आधार पर कोई भेदभाव नहीं किया जाना चाहिए। भारत का संविधान कल्याणकारी राज्य की संकल्पना के साथ जीवन और समाज के प्रत्येक क्षेत्र में महिलाओं और पुरूष दोनों को समान अधिकार प्रदान करता है। संविधान में अनुच्छेद– 14,15,16 में महिलाओं को समानता, स्वतंत्रता और न्याय प्रदान करने का प्रावधान है। इस कारण महिलायें वर्तमान में शिक्षा व रोजगार के क्षेत्र में पुरूषों के समान भागीदारी निभा रही है। इन्होंने हर क्षेत्र में नये कीर्तिमान स्थापित कर दिये है। राजनीतिक क्षेत्र में महिलायें मंत्री से लेकर मुख्यमंत्री, प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति के पद तक पहुंच चुकी है। खेल के क्षेत्र में सानिया का टेनिस खेलना, अंतरिक्ष के क्षत्र में कल्पना चावला का उड़ना, राष्ट्रपति के रूप में प्रतिभा

पाटिल, प्रधानमंत्री के रूप में कई वर्षो तक देश की बागडोर संभालने वाली श्रीमति इंदिरा गांधी ने भारतीय महिलाओं के लिये आदर्श कीर्तिमान स्थापित किया है।

भारत की महिलाओं में ही नोबेल पुरस्कार पाने वाली मदर टेरेसा, युद्ध के मैदान में कार्य करने वाली बरखा दत्त, राखी बख्शी, कला के क्षेत्र में कई अभिनेत्री संगीत के क्षेत्र में स्वर कोकिला लता मंगेशकर, एवरेस्ट पर फतह हासिल करने वाली बछेन्द्रीपाल व पुलिस के क्षेत्र में कदम रखने वाली किरण बेदी जैसी महिलायें भारतीय समाज की शान हैं। जिन्होंने भारत के विकास में सराहनीय योगदान दिया है।[3]

इसके साथ ही भारतीय महिलाओं की स्थिति का एक पक्ष उजागर होता हैं, परंतु वास्तविकता कुछ और है, जो प्रत्यक्ष रूप से दिखाई नहीं देती है। उसको देखने के लिय महिला रूपी आवरण पहनने की आवश्यकता होती है। व्यवहारिक रूप में भारतीय संविधान में नारी को समानता, स्वतंत्रता के अधिकार तो दिये गये हैं परंतु ये अधिकार केवल लिखित है। अलिखित कानून की वास्तविकता यह है कि वह विश्व में नारी बचपन से लेकर बढ़ापे तक पुरूष के ज़ुल्मों का शिकार होती है। खासतौर पर भारत में यह होता है। भारत में परम्परागत परम्पराओं के रूप में चली आ रही बुराईयां बाल–विवाह, दहेज, भ्रूण हत्या, देवदासी आदि कुप्रथायें हर रोज नारी दासता के रूप में प्रताड़ना के नए पन्नों की कहानी लिखती है। इसक लिये कई कानून बनाये गये परंतु कानून तभी काम करता है जब समाज मिलकर उसके लिये सहयोग देता है। नये नये कानून बनते गए परंतु ये बुराईयां आज भी तीव्र गति से समाज में फैल रही है।

आज भारत के पंजाब, हरियाणा दिल्ली जैसे राज्यों में दिनोंदिन पुरूष महिला अनुपात का फासला कम होने के बजाय बढ़ता ही जा रहा है। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के अनुसार, हिन्दुस्तान में प्रतिवर्ष लगभग पचास लाख कन्या भ्रूण का गर्भपात या हत्या कर दी जाती है। कहने को तो प्रसव पूर्व निदान तकनीक (P.N.D.T.) टेस्ट 1994 में लागू किया गया है परंतु यह केवल कागजों तक ही सीमित है। सर्वेक्षण के अनुसार महाराष्ट्र में 8,000 गर्भपात कराये गये थे उनमें से 7,999 बालिकायें ही थी। दुनिया में कई प्रकार के राष्ट्र कई की शासन व्यवस्थायें, गरीबी, अमीरी है परंतु जीवनदायिनी होते हुये भी अपमानित, प्रताड़ित व दण्डनीय हा रही है।

भारत में घरेलू हिंसा, यौन प्रताड़ना बलात्कार व महिलाओं को अन्य कई अपराधों का शिकार होना पड़ रहा है। महिलाओं के प्रति अपराध पूरी दुनिया में ही होते है। महिला पिटाई या जुल्मों–सितम का शिकार होती है। इससे भी अधिक महिलायें बलात्कार जैसे घृणित अपराध का शिकार बनती है। ऐसे–ऐसे बलात्कारी कार्य किये जाते है जिनको सुनकर प्रत्येक व्यक्ति की रूह कांपने लगे तथा आंखों से आंसू बहना शुरू हो जाये। छः माह की बच्ची से लेकर 60 वर्ष की वृद्धा इन अपराधों के लिये समान है।[4]

घेरलू हिंसा और यौन शोषण के विषय में किये गये सर्वेक्षण से सामने आया है कि 50 प्रकरणों में से एक ही प्रकरण पुलिस में दर्ज होता है। अतः दिये गये आंकड़े भी पूर्ण नहीं है और महिलाओं के प्रति होने वाले अपराधों का रूप अत्यंत व्यापक है। महिला ही इस स्थिति का कहीं न कहीं पितृसत्तात्मक समाज ही जिम्मेदार है क्योंकि पुरूष को महिला का विकास सहन नहीं होता है। वह सदैव महिला को दबाने की कोशिश में रहता है। न ही तो भारतीय महिला आज किसी भी क्षेत्र में पुरूष से कमजोर है पर सामाजिक क्षेत्र में उसे कमजोर बना दिया जाता है। किसी भी कार्य के लिये महिला की सराहना नहीं होती है उसे सदैव प्रताड़ना ही सहन करनी पड़ती है। आज के समाज ने महिला के प्रति दृष्टिकोण ही बदल दिया है पुरूष को आज हर नारी एक रूप में ही दिखाई देती है अर्थात् वह प्रत्येक नारी को हेय दृष्टि से दखता है। प्राचीन काल के विचार पर स्त्री माता के समान होती है आज सार्थक नही हैं। कार्यस्थल पर महिलाओं को सर्वाधिक शोषण का शिकार होना पड़ता है। महिला परिवार के समान जिम्मेदार निभाते हुए पुरूष की सहभागिता के लिए घर से बाहर कार्य करती है फिर भी उसको समाज की दृष्टि में हीन माना जाता है यह एक विडंमना है कि समान अधिकार वाले पुरूष नारी असमान जीवन यापन कर रहे। अर्थात देश की आधी आबादी प्रताड़ना को सहन

कर रही है। इस स्थिति में रहते हुए देश का विकास संभव नहीं है। अतः समाज को मिलकर इसके लिए कार्य करने को आवश्यकता है। क्याकि आधुनिक युग में नारी को भी बाजार की एक वस्तु के रूप में देखा जाता है। समाचारों, अखबारों, इश्तहारों और पोस्टरों में उसे भोग की एक वस्तु के रूप में प्रचारित–प्रसारित किया जा रहा है। अपने व्यवसाय के लिए उसे एक साधन के रूप में एप्योग किया जा रहा है। बाजारी होड़ में सौंदर्य प्रतियोगिताओं के माध्यम से नारी की नग्न छवि प्रस्तुत की जा रही है। किसी भी समाचार–पत्र, विज्ञापन आदि में जहां उसकी जरूरत नहीं है चहां भी उसे विज्ञापन के रूप में प्रस्तुत किया जा रहा है। इसका उत्तरदायी आज का समाज ही है क्योंकि समाज में आर्थिक चकाचौंध इतनी बढ़ गयी है कि किसी भी माध्यम से व्यक्ति यरा महिला से व्यक्ति या महिला धन कमाता चाहता है परन्तु इस होड़ में हमसे क्या पीछे छूटता जा रहा है।

21वीं सदी में यदि इसी तरह चलता रहा तो महिला जो कि वेदों में पूज्यनीय मानी जाती है वह एक उपयोगी वस्तु के रूप में रह जायेगी महिला आज आधुनिक चकोचौंध में सभी मर्यादाओं और संस्कारों को भूलती जा रही है। पश्चिमी सभ्यता का अन्धानुकरण किया जा रहा है तथा भारतीय संस्कारों को भुलाया जा रहा है। इसका परिणाम तो विनाशकारी होगा हो वह अपनी संतानों को असंस्कारी बनाता जा रहा है। आज के बच्चे संस्कारों को रूढ़िवादिता के रूप में मानते है तथा पश्चिमीकरण को नयापन मानते है वस्तुतः आज का युवा न तो भारतीय संस्कृति सभ्यता को पूर्ण रूप से छोड़ सका और न ही वह पश्चिमी सभ्यता को पूर्ण रूप से अपना सका। इस कारण उसका विकास किसी भी दिशा में पूर्ण रूप से नहीं हो सका।

भारत में यदि संतुलित एवं संस्कारयुक्त समाज का निर्माण करना है तो पुरूष व महिला दोनों को अपनी मानसिकता परिवर्तित रिनी होगी सभी क्षेत्रों में सम्मान व प्रतिष्ठा स्थापित करने के लिए सर्वप्रथम महिला को सम्माननीय बनाना होगा जिसे प्रकार वेदों मे उसे देवी के रूप में मानकर पूर्ण सम्मान दिया जाता था। अतः इसमें सभी का योगदान आवश्यक है। प्रथम रूप से पुरूष जो स्त्री को अर्धांगिनी के रूप में स्वीकार करता है आज वही स्त्री का भयानक शत्रु बना हुआ है। इसके उपरान्त भारतीय सरकार, मीडिया, समाचार पत्र–पत्रिकायें, राजनीतिक व गैर–राजनीतिक सामाजिक संगठनों को आगे आना होगा। महिला को अपने परिवार की झूठी आधुनिकता की मानसिकता को समाप्त करना होगा। गांधीजी का कहना था कि ''स्त्रीयॉ पुरूष की सहचरी है। उसकी मानसिक शक्त्यिां कही भी पुरूष से कम नहीं है। बाल विवाह से मुझे घृणा है, विधवा बालिका को देखकर में कॉपने लगता हूं पत्नी के देहांत क पश्चात् तुरंत शादी करने वाले पुरूष को देखकर में पागल हो जाता हूं।

अतः पत्नी पति की गुलाम नहीं साथी, सहचरी और पुरूष की शक्ति होती है। यदि दोनों मिलकर किसी उद्देश्य को पूरा करना चाहें तो कठिन से कठिन लक्ष्य को प्राप्त कर सकते है।

निष्कर्ष :– नारी सृष्टि की जनक है उसको सदैव जननी के रूप में सम्मान मिलना आवश्यक है। नारी का जीवन सम्मानपूर्वक जीना भारतीय विकास के लिए मार्ग है। भारतीय नारी की शिक्षा उसकी स्थिति के लिए सर्वाधिक महत्वपूर्ण है। सदैव महिला के विकास के लिये भारत में कठोर कानून बनाये गये है। यही कानून कठोर रूप से लागम करना भी आवश्यक है जिससे समाज में नारी को अपना अस्तित्व प्राप्त होगा। समाज का विकास ही राष्ट्र का विकास है। अतः सभी क्षेत्रों में नारी को समर्थ बनाकर उसको भी राष्ट्र के विकास में योगदान करने योग्य बनायें। और यह कार्य समयानुसार किया भी जा रहा है औश्र सभी के सहयोग से पूर्ण हो जायेगा। आने वाले समय में महिला की स्थिति को सुदृढ बनाया जा सकेगा।

संदर्भ :–

1. कुमारी किरण 2001 वैदिक साहित्य एवं संस्कृति, दिल्ली, न्यू भारतीय बुक कॉरपोरेशन।
2. धनंजय वीर 'महात्मा ज्योतिराव फुले, फादर ऑफ अवर सोशल रिवोल्युशन' बंबई पोपूलर प्रकाशन, 1995, पेज–40
3. महात्मा गांधी, यंग इंडिया (1919–1912) पेज–749

4. महिला अधिकार और मानव अधिकार, ममता महरोत्रा, ज्ञान गंगा नई दिल्ली, 2011 पेज–160
5. डॉ. शारदा अग्रवाल 'आधो आबादी का यथार्थ–भारतीय नारी', राधा पब्लिकेशन, 2010 नई दिल्ली पेज–04
6. शर्मा गजानन, 1971, प्राचीन भारतीय साहित्य में नारी, इलाहाबाद प्रकाशन।

ISSN : 2394-3580 Swadeshi Research Foundation Vol. - 4 Dec. 2017
A Monthly Journal of Multidisciplinary Research (UGC APPROVED, Peer Reviewed & Refereed Research Journal)

अनुसूचित जनजाति एवं गैर अनुसूचित जनजाति की छात्राओं के आत्मप्रत्यय का तुलनात्मक अध्ययन

श्रीमती पूनम अवस्थी
शोधार्थी, शिक्षा संकाय, बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल
डॉ. श्रीमती ज्योत्स्ना खरे
प्राचार्य, एन. ई. एस. महाविद्यालय, होशंगाबाद

प्रस्तुत शोध पत्र में अनुसूचित जनजाति एवं गैर अनुसूचित जनजाति की छात्राओं के आत्मप्रत्यय का तुलनात्मक अध्ययन किया गया है। न्यादर्श के रूप में 100 छात्राओं (50 अनुसूचित जनजाति एवं 50 गैर अनुसूचित जनजाति) का चयन कर उन पर 'आत्म–प्रत्यय प्रश्नावली' का प्रशासन किया गया। प्राप्त परिणामों के अनुसार अनुसूचित जनजाति एवं गैर अनुसूचित जनजाति की छात्राओं के शारीरिक, सामाजिक व बौद्धिक आत्मप्रत्यय में सार्थक अंतर पाया गया जबकि स्वभावगत, शैक्षिक, नैतिक एवं समग्र आत्मप्रत्यय में सार्थक अंतर नहीं पाया गया।

व्यक्ति अपने वारे में क्या साचता है, अर्थात् व्यक्ति के गुणों और व्यवहार आदि के संबंध में उसका मत। एक व्यक्ति अपने गुणों और व्यवहार आदि के संबंध में जो मत रखता है, वही उसका आत्मप्रत्यय है। प्रत्येक व्यक्ति का आत्मप्रत्यय उसके विचारों पर निर्भर करना है। बालक/बालिका के भीतर आत्मप्रत्यय का विकास व्यक्तित्व विकास का महत्वपूर्ण केन्द्र बिन्दु है। आइजेंक व उनके साथियों ने आत्मप्रत्यय को परिभाषित करते हुए लिखा है कि, ''व्यक्ति के व्यवहार, योग्यताओं और गुणों के संबंध में उसकी अभिवृत्ति निर्णयों और मूल्यों के योग को ही आत्मप्रत्यय कहते है।''

आत्मप्रत्यय एक व्यापक सम्प्रत्यय है और उसमें आत्म ज्ञान (Self-awareness) आत्म प्रतिबिम्ब (Self-image) आत्म सम्मान (Self-esteem) तथा आत्म परिचय (Self-identity) सभी सम्मिलित हैं।

एक बार आत्मप्रत्यय बनने के बाद यह स्थिर होते हैं। परन्तु नये अनुभवों के बढने के साथ–साथ इनमें परिवर्तन होता रहता है। बालक/बालिका में जो प्रांरभिक अवस्था में आत्मप्रत्यय बनते हैं उन्हें प्राथमिक आत्मप्रत्यय कहा जाता है, ये माता–पिता, अभिभावक, शिक्षक, परिवार के सदस्यों के शिक्षण के आधार पर बनते हैं। बालक/बालिका के भीतर आत्मप्रत्यय का विकास अन्य सामाजिक व्यवहारों की भांति उसके समाजीकरण का ही परिणाम होता है।

बालक/बालिका जब विकास करता है व अन्य लोगों के संपर्क में आता है तब उसके प्राथमिक आत्मप्रत्ययों का संशोधन व परिवर्तन होने लगता है। अतः यदि हमें बालक/बालिका में सकारात्मक व्यक्तित्व निर्माण करना है, तो उसे ऐसा वातावरण प्रदान करना होगा, जिससे उसमें स्वयं अनुकरण के द्वारा उच्च कोटि के व्यक्तित्व का विकास हो सके, यदि व्यक्तित्व विकास सकारात्मक दिशा में होगा तो आत्मप्रत्यय भी उच्च कोटि का विकसित होगा। अतः उपरोक्त सभी बातों को ध्यान में रखते हुए वर्तमान समस्या का चयन शोधकार्य हेतु किया गया है।

प्रस्तुत शोध से संबंधित पूर्व में भी कुछ शोध कार्य किये गये हैं जैसे – बनई, कोत्सु (1992) ने अपने अध्ययन में पाया कि छात्र–छात्राओं के आत्म–प्रत्यय में सार्थक अंतर नहीं पाया गया। कल्याणी देवी, टी. एवं माधुरी लता, बी. (2004) के अध्ययन के निष्कर्षतः ज्ञात हुआ कि अनुसूचित जनजाति एवं गैर अनुसूचित जनजाति के किशोरावस्था के विद्यार्थियों के आत्म–प्रत्यय में सार्थक अंतर पाया गया एवं किशोरावस्था के विद्यार्थियों के आत्म–प्रत्यय में लिंग भिन्नता नहीं पाई गई। हेनरी, सपना एवं मिश्रा, मुक्ति (2006) के अध्ययन के निष्कर्षो से ज्ञात हुआ कि गैर अनुसूचित जनजाति वर्ग की

छात्राओं एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग की छात्राओं के आत्म–प्रत्यय में सार्थक अंतर पाया गया तथा गैर अनुसूचित जनजाति वर्ग की छात्राओं में, अनुसूचित जनजाति वर्ग की छात्राओं की तुलना में उच्च आत्म–प्रत्यय पाया गया। डेविड, अलका एवं खान, शमीम (2010) ने अपने अध्ययन में पाया कि बालिकाओं का आत्म–प्रत्यय, बालकों की तुलना में उच्च पाया गया। बागड़े रेखा; डेविड, अल्का एवं करोड़िया, कविता (2011) ने अपने अध्ययन में पाया कि किशोर व किशोरियों के मध्य आत्म–प्रत्यय के क्षेत्रों शारीरिक स्वास्थ्य व आत्मस्वीकृति में सार्थक अंतर नही पाया गया। चौधरी, स्वाती (2011) ने अपने अध्ययन के निष्कर्षतः पाया कि छात्र व छात्राओं के आत्म–प्रत्यय में लिंग भेद पाया गया एवं छात्राओं का आत्म–प्रत्यय, छात्रों की तुलना में उच्च पाया गया। श्रीवास्तव, नीलम एवं चौधरी, स्वाती (2012) के अध्ययन से ज्ञात हुआ कि आत्म–प्रत्यय में लिंग भिन्नता नहीं पाई जाती है।

उद्देश्य :– अनुसूचित जनजाति एवं गैर अनुसूचित जनजाति की छात्राओं के आत्मप्रत्यय (शारीरिक, सामाजिक, स्वभावगत, शैक्षिक, नैतिक, बौद्धिक एवं समग्र) का तुलनात्मक अध्ययन करना।

परिकल्पना :– अनुसूचित जनजाति एवं गैर अनुसूचित जनजाति की छात्राओं के आत्मप्रत्यय (शारीरिक, सामाजिक, स्वभावगत, शैक्षिक, नैतिक, बौद्धिक एवं समग्र) में सार्थक अंतर नहीं पाया जायेगा।

उपकरण :– आत्मप्रत्यय प्रश्नावली – डॉ. राजकुमार सारस्वत

विधि :– सर्वप्रथम होशंगाबाद जिले में स्थित माध्यमिक स्तर के विद्यालयों की कक्षा दसवीं में अध्ययनरत् 100 छात्राओं (50 अनुसूचित जनजाति एवं 50 गैर अनुसूचित जनजाति) का चयन उद्देश्यपूर्ण न्यादर्श विधि द्वारा कर उन पर 'आत्मप्रत्यय प्रश्नावली' का प्रशासन किया गया एवं प्राप्तांकों के आधार पर मास्टर शीट तैयार की गई। मध्यमान, मानक विचलन एवं क्रांतिक अनुपात परीक्षण के द्वारा आंकड़ों का विश्लेषण किया गया प्राप्त परिणामों के आधार पर निष्कर्ष निकाले गये।

परिणामों का विश्लेषण :– परिकल्पना : अनुसूचित जनजाति एवं गैर अनुसूचित जनजाति की छात्राओं के आत्मप्रत्यय (शारीरिक, सामाजिक, स्वभावगत, शैक्षिक, नैतिक, बौद्धिक एवं समग्र) में सार्थक अंतर नहीं पाया जायेगा।

तालिका

अनुसूचित जनजाति एवं गैर अनुसूचित जनजाति की छात्राओं के आत्मप्रत्यय संबंधी तुलनात्मक परिणाम

आत्मप्रत्यय के घटक	समूह	संख्या	मध्यमान	मानक विचलन	क्रांतिक अनुपात मान	सार्थकता
शारीरिक	अनुसूचित जनजाति	50	27.88	6.15	2.06	0.05 स्तर पर सार्थक
	गैर अनुसूचित जनजाति	50	25.16	7.03		
सामाजिक	अनुसूचित जनजाति	50	22.62	6.73	3.44	0.01 स्तर पर सार्थक
	गैर अनुसूचित जनजाति	50	27.44	7.29		
स्वभावगत	अनुसूचित जनजाति	50	24.82	6.79	1.28	0.05 स्तर पर असार्थक
	गैर अनुसूचित जनजाति	50	26.58	6.91		
शैक्षिक	अनुसूचित जनजाति	50	26.22	7.19	0.83	0.05 स्तर

	गैर अनुसूचित जनजाति	50	27.38	6.83		पर असार्थक
नैतिक	अनुसूचित जनजाति	50	26.34	6.37	0.42	0.05 स्तर पर असार्थक
	गैर अनुसूचित जनजाति	50	25.82	6.11		
बौद्धिक	अनुसूचित जनजाति	50	24.70	6.85	2.53	0.05 स्तर पर सार्थक
	गैर अनुसूचित जनजाति	50	28.02	6.23		
समग्र	अनुसूचित जनजाति	50	152.58	31.81	1.20	0.05 स्तर पर असार्थक
	गैर अनुसूचित जनजाति	50	160.40	33.15		

स्वतंत्रता के अंश – 98

0.05 स्तर के लिये निधार्रित न्यूनतम मान – 1.98

0.01 स्तर के लिये निधार्रित न्यूनतम मान – 2.63

उपरोक्त सारणी मे प्रदर्शित परिणामों से स्पष्ट है कि अनुसूचित जनजाति एवं गैर अनुसूचित जनजाति की छात्राओं के शारीरिक, सामाजिक व बौद्धिक आत्मप्रत्यय में सांख्यिकीय दृष्टिकोण से सार्थक अंतर है, क्योंकि इनके लिए प्राप्त क्रांतिक अनुपात के मान क्रमशः 2.06, 3.44, 2.53 स्वतंत्रता के अंश 98 पर सार्थकता के 0.05, 0.01, 0.05 स्तर के लिये निर्धारित न्यूनतम मान 1.98, 2.63, 1.98 की अपेक्षाकृत अधिक हैं जबकि स्वभावगत, शैक्षिक, नैतिक एवं समग्र आत्मप्रत्यय में सांख्यिकीय दृष्टिकोण से सार्थक अंतर नहीं है, क्योंकि इनके लिए प्राप्त क्रांतिक अनुपात के मान क्रमशः 1.28, 0.83, 0.42, 1.20 स्वतंत्रता के अंश 98 पर सार्थकता के 0.05 स्तर के लिये निर्धारित न्यूनतम मान 1.98 की अपेक्षाकृत कम हैं।

अतः निष्कर्षतः कहा जा सकता है कि अनुसूचित जनजाति एवं गैर अनुसूचित जनजाति की छात्राओं के शारीरिक, सामाजिक व बौद्धिक आत्मप्रत्यय में सार्थक अंतर पाया गया तथा अनुसूचित जनजाति की छात्राओं में शारीरिक आत्मप्रत्यय, गैर अनुसूचित जनजाति की छात्राओं से बेहतर पाया गया जबकि गैर अनुसूचित जनजाति की छात्राओं में सामाजिक व बौद्धिक आत्मप्रत्यय, अनुसूचित जनजाति की छात्राओं से बेहतर पाया गया। अनुसूचित जनजाति एवं गैर अनुसूचित जनजाति की छात्राओं के स्वभावगत, शैक्षिक, नैतिक एवं समग्र आत्मप्रत्यय में सार्थक अंतर नहीं पाया गया।

निष्कर्ष :– अनुसूचित जनजाति एवं गैर अनुसूचित जनजाति की छात्राओं के शारीरिक, सामाजिक व बौद्धिक आत्मप्रत्यय में सार्थक अंतर पाया गया जबकि स्वभावगत, शैक्षिक, नैतिक एवं समग्र आत्मप्रत्यय में सार्थक अंतर नहीं पाया गया।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. भार्गव, महेश (1997) ''आधुनिक मनोविज्ञान परीक्षण एवं मापन'', हर प्रसाद भार्गव, 4/230 कचहरी घाट, आगरा, ग्यारहवां संस्करण
2. सिंह, अरूण कुमार (2005) ''शिक्षा मनोविज्ञान'', भारती भवन पब्लिशर्स, पटना
3. वालिया, जे.एस. (2005) ''शिक्षा मनोविज्ञान की बुनियादें'', पाल पब्लिशर्स, जालंधर
4. कल्याणी, देवी टी. एवं माधुरी लता बी. (2004) ''अनुसूचित जनजाति एवं गैर अनुसूचित जनजाति के किशोरावस्था के विद्यार्थियों के आत्मप्रत्यय का अध्ययन'', आई. जे.पी.ई. (इंडियन जनरल ऑफ सॉयकोमेट्री एंड एजूकेशन), जनवरी 2004, वाल्यूम 35 (1) पेज नं. 21–25

5- **Banui, Kuotsu (1992)** A study of the values of college students in Nagalend in relation to there self-concept, Ph.D. Edu. North-Eastern Hill Univ. In Fifth Survey of Educational research (1988-92) Vol. - II, Pg. No. 1334.

6- **Henry, Sapnaa and Mishra, Mukti (2006)** "Self-Concept of Tribal and Non-Tribal College Girls", Praachi Journal of Psycho-Cultural Dimensions, Meerut, April 2006, Vol. 22 (1), Pg. No. 62-66

7- **Shrivastav, Neelam and Choudhary, Swati (2012)** A Study of Self-Concept, Personality and Moral Values of Adolescent. Research Scapes, Volume 1, Issue - 3, July-September 2012, Page No. 100-102.

ISSN : 2394-3580 Swadeshi Research Foundation Vol. - 4 Dec. 2017
A Monthly Journal of Multidisciplinary Research (UGC APPROVED, Peer Reviewed & Refereed Research Journal)

अंतर्मुखी एवं बहिर्मुखी व्यक्तित्व वाली छात्राओं के मूल्यों का तुलनात्मक अध्ययन

विनीता शुक्ला
शोधार्थी, शिक्षा संकाय, बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल
डॉ. ज्योत्सना खरे
प्राचार्य, एन. ई. एस. महाविद्यालय, होशंगाबाद

प्रस्तुत शोध पत्र में अंतर्मुखी एवं बहिर्मुखी व्यक्तित्व वाली छात्राओं के मूल्यों का तुलनात्मक अध्ययन किया गया है। प्रारंभिक न्यादर्श के रूप में 300 छात्राओं का चयन कर उन छात्राओं पर 'अंतर्मुखी एवं बहिर्मुखी व्यक्तित्व मापनी' का प्रशासन किया गया। अंतिम न्यादर्श के रूप में प्राप्त 137 छात्राओं पर 'व्यक्तिगत मूल्य प्रश्नावली' का प्रशासन किया गया। प्राप्त परिणामों के अनुसार अंतर्मुखी एवं बहिर्मुखी व्यक्तित्व वाली छात्राओं के मध्य सामाजिक, प्रजातांत्रिक व सुखवादी मूल्यों में सार्थक अंतर पाया गया जबकि धार्मिक, सौंदर्यात्मक, आर्थिक, ज्ञान, शक्ति, पारिवारिक प्रतिष्ठा व स्वास्थ्य मूल्यों में सार्थक अंतर नहीं पाया गया।

मनुष्य जीवन पर्यन्त सीखता रहता है तथा उसके अनुभवों में निरन्तर वृद्धि होती रहती है। जैसे–जैसे मनुष्य परिपक्व होता जाता है वह ऐसे अनुभवों को प्राप्त करता है जो उसके व्यवहार को निर्देशित करते हैं, इन्हें मूल्य कहा जाता है। वर्तमान शिक्षा पद्धति में मूल्यों की महती आवश्यकता है, तथा विद्यार्थियों के जीवन में मूल्यपरक शिक्षा का महत्वपूर्ण स्थान है क्योंकि मूल्यपरक शिक्षा विद्यार्थियों को वह अवसर प्रदान करती है, जिससे वे मानवता के सामने वर्तमान में उपस्थित सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक, नैतिक और आध्यात्मिक मसलों पर सोच विचार कर सकें व राष्ट्रीय विकास में योगदान कर सकें।

आज इम सांस्कृतिक हलचल और मूल्यों के अकाल व अभाव के दौर से गुजर रहे हैं। आधुनिक युग में लोग भौतिक सुख–सुविधाओं के आगोश में इतने अधिक लिप्त हो गये हैं कि सामाजिक जीवन से सत्यनिष्ठता, नैतिकता आदि की भावनाओं का लोप होता जा रहा है इस चारित्रिक पतन का कारण बचपन से ही मूल्यों का आत्मसात् न होना है। यदि बचपन से ही मूल्यों की स्थापना व्यक्ति मे हो जाये तो वह सम्पूर्ण जीवनपर्यन्त इन मूल्यों व संस्कारों का परिपालन कर समाज मे आदर्श व्यक्ति की पहचान बना सकता है। उपरोक्त सभी बातों को ध्यान में रखते हुए मूल्यों का अध्ययन करना बहुत ही सामयिक प्रतीत हो रहा है। अतः शोधकर्ता ने उपरोक्त सभी बातों को ध्यान में रखते हुए अंतर्मुखी एवं बहिर्मुखी व्यक्तित्व वाली छात्राओं के मूल्यों का तुलनात्मक अध्ययन विषय का चयन शोधकार्य हेतु किया है।

मूल्यों से संबंधित पूर्व में भी कुछ शोध कार्य किये गये हैं जैसे गर्ग (1983) ने अपने अध्ययन में पाया कि माता–पिता की अभिवृत्तियों का प्रभाव उनके बालकों के मूल्य विकास पर पड़ता है। भाटिया (1986) ने अपने अध्ययन में पाया कि बदलते परिवेश का प्रभाव मूल्यों पर भी पड़ता है। जगदीश व सिंह (2003) ने अपने अध्ययन के निष्कर्षतः पाया कि उच्चतर माध्यमिक स्तर व स्नातक स्तर की छात्राओं के सैद्धांतिक, आर्थिक, सामाजिक मूल्यों में सार्थक अंतर नहीं पाया गया जबकि आर्थिक, राजनीतिक एवं धार्मिक मूल्यों में सार्थक अंतर पाया गया। उपाध्याय (2009) के अध्ययन से ज्ञात हुआ कि कार्यरत व अकार्यरत माताओं के बच्चों के सामाजिक मूल्यों में अंतर नही पाया गया, जबकि प्रजातांत्रिक मूल्यों मे सार्थक अंतर पाया गया तथा अकार्यरत माताओं के बच्चों में प्रजातांत्रिक मूल्य, कार्यरत माताओं के बच्चों की तुलना में उच्च पाए गये। तिवारी, महेन्द्र कुमार (2014) के अध्ययन से ज्ञात हुआ कि सरस्वती विद्यामंदिर में अध्ययनरत छात्रों में उच्च सामाजिक मूल्य, छात्राओं में अति उच्च सामाजिक मूल्य जबकि विद्यार्थियों में उच्च सामाजिक मूल्य पाये गये।

उद्देश्य :– अंतर्मुखी एवं बहिर्मुखी व्यक्तित्व वाली छात्राओं के धार्मिक, सामाजिक, प्रजातांत्रिक, सौंदर्यात्मक, आर्थिक, ज्ञान, सुखवादी, शक्ति,

पारिवारिक प्रतिष्ठा एवं स्वास्थ्य मूल्यों का तुलनात्मक अध्ययन करना।

परिकल्पना :– अंतर्मुखी एवं बहिर्मुखी व्यक्तित्व वाली छात्राओं के धार्मिक, सामाजिक, प्रजातांत्रिक, सौंदर्यात्मक, आर्थिक, ज्ञान, सुखवादी, शक्ति, पारिवारिक प्रतिष्ठा एवं स्वास्थ्य मूल्यों में सार्थक अंतर नहीं पाया जायेगा।

उपकरण :–

1. अंतर्मुखी एवं बहिर्मुखी व्यक्तित्व मापनी – डॉ. आर. ए. सिंह
2. व्यक्तिगत मूल्य प्रश्नावली – डॉ. (श्रीमती) जी. पी. शैरी एवं आर.पी. वर्मा

विधि :– सर्वप्रथम होशंगाबाद जिले के हाईस्कूल स्तर के विद्यालयों की सूची प्राप्त की गई तथा इस सूची में से यादृच्छिक प्रतिचयन विधि द्वारा 06 विद्यालयों का चयन किया गया तथा इन विद्यालयों की कक्षा 10वीं में अध्ययनरत 300 छात्राओं का चयन प्रारंभिक न्यादर्श के रूप में साधारण यादृच्छिक विधि द्वारा कर उन छात्राओं पर 'अंतर्मुखी एवं बहिर्मुखी व्यक्तित्व मापनी' का प्रशासन किया गया तथा 'अंतर्मुखी एवं बहिर्मुखी व्यक्तित्व मापनी' के प्राप्तांकों के आधार पर अंतर्मुखी एवं बहिर्मुखी व्यक्तित्व वाली 137 छात्राओं का चयन अंतिम न्यादर्श के रूप में किया गया। अंतिम न्यादर्श के रुप में चयनित इन 137 छात्राओं पर 'व्यक्तिगत मूल्य प्रश्नावली' का प्रशासन किया गया। इस मापनी में दिये गये सभी दस मूल्यों का अलग–अलग फलांकन किया गया। प्राप्तांकों के आधार पर मास्टर शीट तैयार की गई। मध्यमान, मानक विचलन एवं क्रांतिक अनुपात परीक्षण के द्वारा आंकड़ों का विश्लेषण किया गया प्राप्त परिणामों के आधार पर निष्कर्ष प्राप्त किये गये।

परिणामों का विश्लेषण :–

तालिका

माध्यमिक स्तर की अंतर्मुखी एवं बहिर्मुखी व्यक्तित्व वाली छात्राओं के व्यक्तिगत मूल्यों पर पारिवारिक वातावरण के प्रभाव संबंधी तुलनात्मक परिणाम

मूल्य	व्यक्तित्व का प्रकार	संख्या	मध्यमान	मानक विचलन	क्रांतिक अनुपात मान	सार्थकता
धार्मिक	अंतर्मुखी	48	13.63	3.07	1.09	0.05 स्तर पर असार्थक
	बहिर्मुखी	89	14.26	3.53		
सामाजिक	अंतर्मुखी	48	13.94	3.21	2.55	0.05 स्तर पर सार्थक
	बहिर्मुखी	89	15.52	3.88		
प्रजातांत्रिक	अंतर्मुखी	48	14.21	3.93	2.31	0.05 स्तर पर सार्थक
	बहिर्मुखी	89	15.69	4.03		
सौंदर्यात्मक	अंतर्मुखी	48	12.96	2.97	0.47	0.05 स्तर पर असार्थक
	बहिर्मुखी	89	13.21	3.05		

आर्थिक	अंतर्मुखी	48	15.63	3.85	1.06	0.05 स्तर पर असार्थक
	बहिर्मुखी	89	14.91	3.69		
ज्ञान	अंतर्मुखी	48	16.27	3.29	0.72	0.05 स्तर पर असार्थक
	बहिर्मुखी	89	15.85	3.15		
सुखवादी	अंतर्मुखी	48	14.23	3.52	2.07	0.05 स्तर पर सार्थक
	बहिर्मुखी	89	12.97	3.17		
शक्ति	अंतर्मुखी	48	12.69	2.89	0.89	0.05 स्तर पर असार्थक
	बहिर्मुखी	89	13.16	3.19		
पारिवारिक प्रतिष्ठा	अंतर्मुखी	48	13.04	3.11	0.31	0.05 स्तर पर असार्थक
	बहिर्मुखी	89	12.87	2.82		
स्वास्थ्य	अंतर्मुखी	48	13.92	3.35	0.34	0.05 स्तर पर असार्थक
	बहिर्मुखी	89	14.13	3.77		

स्वतंत्रता के अंश – 135 0.05 स्तर के लिये निधार्रित न्यूनतम मान – 1.98

उपरोक्त सारणी में प्रदर्शित परिणामों से स्पष्ट है कि अंतर्मुखी एवं बहिर्मुखी व्यक्तित्व वाली छात्राओं के मध्य धार्मिक, सौंदर्यात्मक, आर्थिक, ज्ञान, शक्ति, पारिवारिक प्रतिष्ठा व स्वास्थ्य मूल्यों में सांख्यिकीय दृष्टिकोण से सार्थक अंतर नहीं है, क्योंकि इन मूल्यों के लिए पाप्त क्रांतिक अनुपात के मान क्रमशः 1.09, 0.47, 1.06, 0.72, 0.89, 0. 31, 0.34 स्वतंत्रता के अंश 135 पर सार्थकता के 0.05 स्तर के लिये निर्धारित न्यूनतम मान 1.98 से कम हैं जबकि सामाजिक, प्रजातांत्रिक व सुखवादी मूल्यों में सांख्यिकीय दृष्टिकोण से सार्थक अंतर है, क्योंकि इन मूल्यों के लिए प्राप्त क्रांतिक अनुपात के मान क्रमशः 2.55, 2.31, 2.07 स्वतंत्रता के अंश 98 पर सार्थकता के 0.05 स्तर के लिये निर्धारित न्यूनतम मान 1.98 से अधिक हैं।

अतः निष्कर्षतः कहा जा सकता है अंतर्मुखी एवं बहिर्मुखी व्यक्तित्व वाली छात्राओं के मध्य धार्मिक, सौंदर्यात्मक, आर्थिक, ज्ञान, शक्ति, पारिवारिक प्रतिष्ठा व स्वास्थ्य मूल्यों में सार्थक अंतर नहीं पाया गया जबकि सामाजिक, प्रजातांत्रिक व सुखवादी मूल्यों में सार्थक अंतर पाया गया तथा बहिर्मुखी व्यक्तित्व वाली छात्राओं में सामाजिक, प्रजातांत्रिक मूल्य अंतर्मुखी व्यक्तित्व वाली छात्राओं की तुलना में बेहतर पाए गए परंतु अंतर्मुखी व्यक्तित्व वाली छात्राओं में सुखवादी मूल्य बहिर्मुखी व्यक्तित्व वाली छात्राओं की तुलना में बेहतर पाए गए।

निष्कर्ष :– अंतर्मुखी एवं बहिर्मुखी व्यक्तित्व वाली छात्राओं के मध्य धार्मिक, सौंदर्यात्मक, आर्थिक, ज्ञान, शक्ति, पारिवारिक प्रतिष्ठा व स्वास्थ्य मूल्यों में सार्थक अंतर नहीं पाया गया जबकि सामाजिक, प्रजातांत्रिक व सुखवादी मूल्यों में सार्थक अंतर पाया गया तथा बहिर्मुखी व्यक्तित्व वाली छात्राओं

में सामाजिक, प्रजातांत्रिक मूल्य अंतर्मुखी व्यक्तित्व वाली छात्राओं की तुलना में बेहतर पाए गए परंतु अंतर्मुखी व्यक्तित्व वाली छात्राओं में सुखवादी मूल्य बहिर्मुखी व्यक्तित्व वाली छात्राओं की तुलना में बेहतर पाए गए।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. गुप्ता, एस. पी. (2005) ''सांख्कीय विधियां'' शारदा पुस्तक भवन, इलाहाबाद।
2. पाण्डेय, रामशकल (2000) : मूल्य शिक्षा के परिप्रेक्ष्य, आर.लाल बुक डिपो, मेरठ।
3. पाण्डेय, रामशकल (2008) : धर्म दर्शन और शिक्षा, आर.लाल बुक डिपो, मेरठ।
4. शर्मा, आर.ए. (1995) : मानव मूल्य एवं शिक्षा, आर. लाल बुक डिपो, मेरठ।
5. तिवारी, महेन्द्र कुमार (2014) ''सरस्वती विद्या मंदिर के विद्यार्थियों में पाये जाने वाले सामाजिक मूल्यों का अध्ययन'', सामाजिक शोध योजना, वॉल्यूम 2, अंक 3, वर्ष 2, जुलाई 2014, पेज नं. 99–101
6. **Jagdish & Singh, V.P. (2003)** "A Emerging value pattern among female students", Journal of Value Education, N.C.E.R.T. New Delhi, Vol. III, No. 1, January 2003, Pg. No. 74-79
7. **Upadhyaa, Anjana (2009) "**A Comparative study of value patterns fof childeren of working an Non Working Educated Mothers", Research Link - 62, Vol - VIII (3), May 2009, Pg.No. 133-134

ISSN : 2394-3580 Swadeshi Research Foundation Vol. - 4 Dec. 2017
A Monthly Journal of Multidisciplinary Research (UGC APPROVED, Peer Reviewed & Refereed Research Journal)

माध्यमिक स्तर के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों की शैक्षणिक उपलब्धि का तुलनात्मक अध्ययन

संगीता गलफट
शोधार्थी, शिक्षा संकाय, आर.के.डी.एफ. विश्वविद्यालय, भोपाल
डॉ. आशीष बाजपेयी
प्राध्यापक, वेदिका कॉलेज ऑफ एजुकेशन, आर.के.डी.एफ. विश्वविद्यालय, भोपाल

प्रस्तुत अध्ययन का उद्देश्य माध्यमिक स्तर के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों की शैक्षणिक उपलब्धि का तुलनात्मक अध्ययन किया गया है। इसके लिये बैतूल जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र में स्थित माध्यमिक विद्यालयो की कक्षा 10 वीं में अध्ययनरत 200 विद्यार्थियों का चयन किया गया। शैक्षणिक उपलब्धि के मापन के लिए कक्षा 10 वीं की बार्षिक परीक्षा के प्राप्तांक मूल प्राप्तांक के रूप में लिए गये। प्रदत्तों के विश्लेषण के लिए क्रांतिक अनुपात परीक्षण का प्रयोग किया गया। शोध परिणामों से यह ज्ञात हुआ कि माध्यमिक स्तर के शहरी क्षेत्र के विद्यार्थियों की शैक्षणिक उपलब्धि, ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों से उच्च पायी गयी।

मुख्य शब्द :– माध्यमिक स्तर, शैक्षणिक उपलब्धि, शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र मानवजाती के सम्पूर्ण विकास तथा प्रगति में शिक्षा की महत्वपूर्ण भूमिका है। आज सम्पूर्ण विश्व यह स्वीकार करता है कि हमारे भविष्य को आकार देने में शिक्षा की स्वाधिक महत्वपूर्ण भूमिका है, तब यह अपेक्षा करना स्वाभिक है कि शिक्षा के माध्यम से ही ऐसी मानव जाती का निर्माण किया जा सकता है जो कि विज्ञान एवं तकनीकी के इस युग में उच्च उर्जे का ज्ञान हासिल कर सके और इस प्रकार ज्ञान आधारित समाज का निर्माण हो सके। कोई भी सामान्य बालक सीखने का जन्मजात गुण रखता है, साथ ही उसमें वातावरण के साथ समायोजन की भी नैसार्गिक प्रकृति भी पाई जाती है, वातावरण में उपस्थित विभिनन कारकों के प्रभाव से बालक के व्यक्तित्व का निर्माण व उसके भावी जीवन की दिशा निर्धारित होती है। व्यक्ति तथा वातावरण के बीच अंतःक्रिया के फलस्वरूप व्यक्ति नए व्यवहार सीखता है। अनुभव के आधार पर इन व्यवहारों में स्थाई परिवर्तक होते हैं, यही स्थाई परिवर्तक सीखना या अधिगम कहलाता है। किसी विद्यार्थी ने एक निश्चित समय में किसी विषय में कितना सीखा या कितना अधिगम हुआ यही उसकी शैक्षिक उपलब्धी कहलाती है।

विद्यार्थी की सम्पूर्ण शिक्षा के माध्यम से ही राष्ट्र प्रगति के पथ पर अग्रसर हो सकता है। देश की प्रतिष्ठा एवं विकास का दायित्व इन्हीं भावी कर्णधारों के कंधों पर निर्भर है, परन्तु इसके लिए हमें इन भावी कर्णधारों का सर्वांगीण विकास करना है, जिसमें शिक्षा की सर्वप्रमुख भूमिका है। अतः इसी उद्देश्य की पूर्ति हेतु शोधार्थी ने माध्यमिक स्तर के शहरी एवं ग्रामीण विद्यार्थियों की शैक्षणिक उपलब्धि का तुलनात्मक अध्ययन करने का प्रयास इस अध्ययन द्वारा किया है।

प्रस्तुत शोध से संबंधित पूर्व में भी कुछ शोध कार्य किये गये हैं जैसे – सारस्वत, अनिल (1980) ने अपने अध्ययन में पाया कि छात्र–छात्राओं तथा शहरी, ग्रामीण विद्यार्थियों की शैक्षणिक उपलब्धि सार्थक रूप से भिन्न पाई गई। कुमार, राजीव (1989) ने पाया कि शैक्षिक उपलब्धि तथा बुद्धि के मध्य सार्थक सहसंबंध है, ग्रामीण तथा शहरी विद्यार्थियों की शैक्षिक उपलब्धि के मध्य कोई सार्थक अंतर नहीं पाया गया तथा शैक्षिक उपलब्धि के निर्धारण में जिज्ञासा एवं बुद्धि महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। गर्ग, चित्रा (1992) ने अपने अध्ययन के निष्कर्षतः पाया कि हाईस्कूल की परीक्षा में उत्तीर्ण होने वाले विद्यार्थी, अनुत्तीर्ण होने वाले विद्यार्थियों की तुलना में अधिक बुद्विमान, अभिभावकों द्वारा बेहतर रूप से स्वीकृत तथा सामाजिक व आर्थिक रूप से बेहतर समायोजित पाये गये। अनुत्तीर्ण विद्यार्थियों की, उत्तीर्ण विद्यार्थियों की तुलना में अभिभावकों द्वारा अधिक उपेक्षा करना पाया गया। शहरी क्षेत्र में उत्तीर्ण तथा अनुत्तीर्ण विद्यार्थियों की बुद्धि मे अंतर नहीं पाया गया। ग्रामीण क्षेत्र में उत्तीर्ण

विद्यार्थी, अनुत्तीर्ण विद्यार्थियों की तुलना में अधिक बुद्विमान पाये गये। गर्ग, वी.पी. तथा चतुर्वेदी, सीमा (1992) ने अपने अध्ययन के निष्कर्षतः पाया कि शहरी तथा ग्रामीण दोनों ही क्षेत्रों में बुद्धिलब्धि तथा शैक्षणिक प्रदर्शन के मध्य रेखीय संबंध प्राप्त हुआ। शहरी तथा ग्रामीण दोनों ही क्षेत्रों में शैक्षणिक प्रदर्शन का सामाजिक व आर्थिक स्तर के साथ रेखीय संबंध प्राप्त हुआ। ग्रामीण विद्यार्थियों की शैक्षणिक उपलब्धि, शहरी विद्यार्थियों की तुलना में निम्न पायी गयी। त्रिपाठी, कुमुद (2003) ने अपने अध्ययन के निष्कर्षतः पाया कि शैक्षणिक उपलब्धि पर अभिप्रेरणा का प्रभाव अधिक पड़ता है एवं शैक्षणिक उपलब्धि पर लिंग एवं परिवेश का कोई प्रभाव नहीं पड़ता। कुमार, मनीष (2008) ने निष्कर्ष स्वरूप पाया कि शहरी क्षेत्र के विद्यार्थियों की शैक्षणिक उपलब्धि एवं पारिवारिक अनुशासन ग्रामीण क्षेत्र की तुलना से अधिक पाई गई। साठे, वी.यू. एवं अंसारी, एफ. (2012) ने अपने अध्ययन के निष्कर्षतः पाया कि शहरी विद्यार्थियों की शैक्षणिक उपलब्धि एवं समायोजन के विभिन्न घटकों–गृह तथा परिवार, सामाजिक, व्यक्तिगत तथा संवेगात्मक, शैक्षणिक, स्वास्थ्य के मध्य सार्थक सह संबंध पाया गया । ग्रामीण विद्यार्थियों की शैक्षणिक उपलब्धी एवं समायोजन के गृह तथा परिवार, व्यक्तिगत तथा संवेगात्मक, शैक्षिक के मध्य सार्थक सहसंबंध पाया गया जबकि ग्रामीण विद्यार्थियों की शैक्षणिक उपलब्धो तथा समायोजन के सामाजिक एवं स्वास्थ्य घटकों के बीच सार्थक सह संबंध नहीं पाया गया।

परिणामों का विश्लेषण :–

उद्देश्य :– माध्यमिक स्तर के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र के छात्र/छात्रा/विद्यार्थियों की शैक्षणिक उपलब्धि का तुलनात्मक अध्ययन करना।

परिकल्पना :– माध्यमिक स्तर के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र के छात्र/छात्रा/विद्यार्थियों की शैक्षणिक उपलब्धि में सार्थक अंतर नहीं पाया जायेगा।

उपकरण :– प्रस्तुत शोध में शैक्षणिक उपलब्धि के मापन के लिए सत्र 2016–17 में म.प्र. माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा आयोजित कक्षा 10 वीं की बार्षिक परीक्षा के प्राप्तांक मूल प्राप्तांक के रूप में लिए गये हैं।

विधि :– पस्तुत शोध कार्य हेतु बैतूल जिले के माध्यमिक विद्यालयों की कक्षा दसवीं में सत्र 2016–17 में अध्ययनरत् 200 विद्यार्थियों का चयन यादृच्छिक न्यादर्श विधि द्वारा किया गया, जिसमें 100 विद्यार्थी शहरी क्षेत्र के (50 छात्र एवं 50 छात्राएं) तथा 100 विद्यार्थी ग्रामीण क्षेत्र के (50 छात्र एवं 50 छात्राएं) थे। इन विद्यार्थियों की शैक्षणिक उपलब्धि के मापन के लिए म.प्र. माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा आयोजित कक्षा 10 वीं की बार्षिक परीक्षा के प्राप्तांक मूल प्राप्तांक के रूप में लिए गये। मध्यमान, मानक विचलन एवं क्रांतिक अनुपात परीक्षण के द्वारा आंकड़ों का विश्लेषण किया गया एवं प्राप्त परिणामों के आधार पर निष्कर्ष प्राप्त किये गये।

तालिका

माध्यमिक स्तर के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र के छात्र/छात्रा/विद्यार्थियों की शैक्षणिक उपलब्धि संबंधी तुलनात्मक परिणाम

समूह	निवास क्षेत्र	संख्या	मध्यमान	मानक विचलन	क्रांतिक अनुपात मान	'पी' मान
1) छात्र	शहरी	50	329.64	67.85	2.41	< 0.05
	ग्रामीण	50	298.92	59.23		

2) छात्रा	शहरी	50	341.58	63.47	2.24	< 0.05
	ग्रामीण	50	315.24	53.97		
विद्यार्थी	शहरी	100	335.61	66.39	3.26	< 0.01
	ग्रामीण	100	307.08	57.21		

स्वतंत्रता के अंश – 98, 198 0.05, 0.01 स्तर के लिये निधार्रित न्यूनतम मान – 1.98, 2.60

उपरोक्त सारणी में प्रदर्शित परिणामों से स्पष्ट है कि माध्यमिक स्तर के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र के छात्र/छात्रा/विद्यार्थियों की शैक्षणिक उपलब्धि संबंधी तुलनात्मक परिणामों से स्पष्ट होता है कि इन तीनों समूहों के लिये प्राप्त क्रांतिक अनुपात के मान क्रमशः 2.41, 2.24 एवं 3. 26 स्वतंत्रता के अंश 98 व 198 पर सार्थकता के 0.05, 0.01 स्तर के लिए न्यूनतम निर्धारित मान क्रमशः 1.98 व 2.60 से अधिक हैं।

अतः उपरोक्त परिणामों के आधार पर निष्कर्षतः कहा जा सकता है कि माध्यमिक स्तर के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र के छात्र/छात्रा/विद्यार्थियों की शैक्षणिक उपलब्धि में सार्थक अंतर पाया गया तथा शहरी क्षेत्र के छात्र/छात्रा/विद्यार्थियों की शैक्षणिक उपलब्धि, ग्रामीण क्षेत्र के छात्र/छात्रा/विद्यार्थियों से उच्च पाई गई।

निष्कर्ष :– माध्यमिक स्तर के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र के छात्र/छात्रा/विद्यार्थियों की शैक्षणिक उपलब्धि में सार्थक अंतर पाया गया तथा शहरी क्षेत्र के छात्र/छात्रा/विद्यार्थियों की शैक्षणिक उपलब्धि, ग्रामीण क्षेत्र के छात्र/छात्रा/विद्यार्थियों से उच्च पाई गई।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. गैरैट, ई. हेनरी (1995) : शिक्षा और मनोविज्ञान में सांख्यिकीय प्रयोग, ऊषा राजकुमार कल्याणी पब्लिकेशन, नई दिल्ली।
2. गुप्ता, मधु (2000) : शिक्षा संस्कार एवं उपलब्धि, क्लासिक पब्लिशिंग कम्पनी, नई दिल्ली।
3. गुप्ता, एस.पी. (2007) : आधुनिक मापन एवं मूल्यांकन, शारदा पुस्तक भवन, इलाहाबाद।
4. कुमार, मनीष, (2008) ''ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में स्थित उच्च माध्यमिक विद्यालयों के विद्यार्थियों के पारिवारिक अनुशासन एवं उनकी शैक्षिक उपलब्धि का तुलनात्मक अध्ययन'', जर्नल ऑफ रिसर्च एण्ड एक्सप्लोरेशन इन टीचर एजूकेशन (एजूक्वेश्ट), वाल्यूम (1), अप्रैल 2008, पृष्ठ क्रमांक 59–65
5. सारस्वत अनिल (1980) ''विभिन्न विद्यालयीन परिवेश के किशोरों की शैक्षिक उपलब्धि, उपलब्धि अभिप्रेरणा तथा व्यवसायिक आकांक्षा पर एक अध्ययन", फिफ्थ सर्वे ऑफ एजुकेशन रिसर्च, वाल्यूम (2), पेज नं. 1911
6. Buch, M.B. (1988-92) : **Fifth Survey of Research in Education,** National Council of Education Research and Training, New Delhi, Vol. II
7. **Garg, Chitra, (1992)** "A study of family relations, socio-economic status, intelligence and adjustment of failed high school students", Ph.D., Edu. Hemwati Nandan Bahuguna Garhwal Univ., In Fifth Survey of Research in Education. (19892), Vol II, Pg. No. 1874.
8. **Garg V.P. and Chaturvedi, Seema (1992)** "Intelligence and socio-economic status as correlates of academic performance: Some field evidences", Indian Educational Review, Vol. 27(3): 107-10, In Fifth Survey of Research in Education. (1988-92), Vol II, Pg. No. 1875

9. **Kumar, Rajeev (1989)** ''Children's cuviosity, intelligence and scholastic achievement'', Ph.D., Edu. Agra Univ. Forth Survey of Edu. Research, Vol. II, Page No. 1884
10. **Sathe, V.U. and Anjsari, F. (2012)** ''Study of academic achievement and selected adjustment factors of rural adolescent students in pune district'', Asian journal of psychology and education, vol45, No. 7-8 , year 2012, Page no. 23-32.

ISSN : 2394-3580 Swadeshi Research Foundation Vol. - 4 Dec. 2017
A Monthly Journal of Multidisciplinary Research (UGC APPROVED, Peer Reviewed & Refereed Research Journal)

ECOMMERCE AND ITS APPLICATIONS IN INDIA

Narita Ahuja
Assistant Professor, Department of Commerce, NBGSM College, Maharishi Dayanand University

ABSTRACT :- The purpose of the paper is to annotate the words Ecommerce and Ebusiness in India. According to reports published by International Monetary Fund (IMF) and Central Statistics Office (CSO), India is among the fastest growing economies of the world. Among several factors, a conscious patronization of online commerce, and an emergence of retail as a dominant market segment have contributed to the unprecedented growth of ECommerce in India. For the financial year 2016-17, ECommerce sales reached the US $16 billion with a projection of a seven fold growth within the next two fiscals as estimated by Morgan Stanley. By 2020 online commerce sales is expected to cross $120 billion.

Ecommerce :- Electronic commerce is the application of communication and information sharing technologies among trading partners to the pursuit of business objectives. E-Commerce can be defined as a modern business methodology that addresses the needs of organizations, merchants, and consumers to cut costs while improving the quality of goods and services and increasing the speed of service delivery. E-commerce is associated with the buying and selling of information, products and services via computer networks. Key element of e-commerce is information processing.

E-commerce not necessarily mean conducting commerce through the Internet alone, but also mean other forms of electronic communication. Actually, the roots of e-commerce lie not in the Internet, but in other forms of electronic communication. Technologies like Electronic Data Interchange (EDI) and Electronic Funds Transfer (EFT) predate the advent of e-commerce using the Internet and put the foundations for the growth of e-commerce we see today. The point here is that these older and high-powered technologies have been used to connect one business house to one another business. The protocols used for communication between the business houses were point-to-point. But the recent advances accomplished in e-commerce allows for a one-to many or many-to-many approach and thus help to expand greatly any single business to any number of businesses throughout the world.

Its wide range of activities for the consumer marketplace can be broadly classified into

- **Entertainment** :- Movies on demand, Video cataloging, interactive ads, multi-user games, on-line discussions
- **Financial services and information** :- Home banking, financial services, financial news
- **Essential services**: Home shopping, electronic catalogs, telemedicine, remote diagnostics
- **Educational and training**: Interactive education, video conferencing, on-line database.

Ecommerce is categorized into **six major** types they are:

1. **Business-to-Business** :- Business to business electronic commerce (B2B) typically takes the form of automated processes between trading partners and is performed in much higher volumes than business to consumer (B2C) applications. For example, a company that makes chicken feed would sell it a chicken farm, another company, rather than directly to customers.

Business to business electronic commerce, also known as E-Business, is experiencing an explosive growth rate on the Internet. Companies of all sizes and types are now mutually buying and

selling products and services on the Internet. The original first stage of commerce on the Internet was that of E-commerce, which is business to consumer activities. Business to Business goes well beyond that popular form of consumer purchasing. It is intended to bring "Just in Time" concept to a greater height which allow businesses to coordinate with its business associate for real time transaction and improving efficiency and productivity for both organisations. B2B also offers unique benefits such as less human intervention, less overhead expenses, fewer inadvertent errors, more efficiency, more advertising exposure, new markets and new physical territories equate to an intelligent method of mutual business. It is a win-win situation for both buyer and seller.

2. **Business-to-Consumer** :- While the term e-commerce refers to all online transactions, B2C stands for Business to Consumer and applies to any business or organisation that sells its products or services to consumer over the Internet for their own use.B2C is basically a concept of online marketing and distributing of products and services over the Internet. It is a natural progression for many retailers, or marketer who sells directly to the consumer. The general idea is, if you could reach more customers, service them better, and make more sales while spending less to do it that would be the formula of success for implementing a B2C ecommerce infrastructure.

When most people think of B2C e-commerce, they think of Amazon.com, the online bookseller that launched its site in 1995 and quickly took on the nation's major retailers.

3. **Business-to-Administration** :- The B2A category covers all transactions that are carried out between businesses and government bodies using the Internet as a medium. This category has steadily evolved over the last few years. An example of a B2A model, is that of Accela.com, a software company that provides round the clock public access to government services for asset management, emergency response, permitting, planning, licensing, public health, and public works.

It refers to the service delivery by government to business enterprises (for which A2B would make more sense), or concerned with regulation by government of business enterprises.

4. **Consumer-to-Consumer** :- An often overlooked category of market spaces is the use of electronic tools to support transactions between individuals. Some of these are conventionally economic in nature as in 'classified advertisements' and auctions of personal possessions. Others involve 'indirect or deferred reciprocity'. Thanks to the Internet, intermediary companies have fostered more C2C interaction. Some examples of C2C include eBay, an online auction site, and Amazon, which acts as both a B2C and a C2C marketplace. EBay has been successful since its launch in 1995, and it has always been a C2C.

5. **Consumer-to-Business** :- C2B model, also called a reverse auction or demand collection model in which consumers (individuals) create value and businesses consume that value. For example, when a consumer writes reviews or when a consumer gives a useful idea for new product development then that consumer is creating value for the business if the business adopts the input. Excepted concepts are crowd sourcing and co-creation.

A consumer posts his project with a set budget online and within hours companies review the consumer's requirements and bid on the project. The consumer reviews the bids and selects the company that will complete the project.

6. **Consumer-to-Administration** :- The Consumer-to-Administration model encompasses all electronic transactions conducted between individuals and public administration.

C2A examples include applications such as e-democracy, e-voting, information about public services and e-health. Using such services consumers can post concerns, request feedback,

or information (on planning application progress) directly from their local governments/ authorities.

Both models involving Public Administration (B2A and C2A) are strongly associated to the idea of efficiency and easy usability of the services provided to citizens by the government, with the support of information and communication technologies. Government to government (G2G), Government to Business (G2B), Administration to employees (A2E), Government to Citizen (G2C) are the other forms of ecommerce that involve transactions with the government from procurement to filing taxes to business registrations to renewing licenses. There are other categories of ecommerce out there, but they tend to be superfluous.

E-Business :- Electronic business (e-b) represents transformation of an organisations business and functional processes through the application of technologies, philosophies and computing paradigms of the new digital economy. E-business includes

- Merchandise planning and analysis
- Order entry
- Fulfilment
- Warehousing
- Inventory management
- Customer service
- Knowledge management
- Customer Relationship management (CRM)
- Other logistics.

Definition :- Electronic business is a term now used broadly for the act of doing business using the internet and other electronic means to conduct business as defined by Mike Cunningham.

Electronic business is any internet initiative – tactical or strategic that transforms business relationships, whether those relationships be business-to-consumer, business-to-business, or even consumer-to-consumer. Four most important properties of success in E-business are :

- Leadership
- Competencies
- Governance
- Technology

E-business can comprise a range of functions and services, ranging from the development of intranets and extranets to e-service, the provision of services and tasks over the Internet by application service providers. Today, as major corporations continuously rethink their businesses in terms of the Internet, specifically its availability, wide reach and ever-changing capabilities, they are conducting e-business to buy parts and supplies from other companies, collaborate on sales promotions, and conduct joint research.

IBM was one of the first companies to use the term when, in October 1997, it launched a thematic campaign built around e-business.

Electronic commerce vs Electronic Business :- Ecommerce is use of electronic transmission medium that caters for **buying and selling** of products and services. In addition, Ebusiness also includes the **exchange of information** directly related to buying and selling of products. Where Ecommerce is subset of Ebusiness and on the other hand Ebusiness is superset of Ecommerce.

Following is the further differentiation between Ecommerce and Ebusiness which are considered to be similar.

Ecommerce involves commercial transactions done over internet.	Ebusiness is conduct of business processes on the internet.
Ecommerce usually requires the use of just a Website.	Ebusiness involves the use of CRM's, ERP's that connect different business processes.
Ecommerce covers outward facing processes that touch customers, suppliers and external partners.	E-business covers internal processes such as production, inventory management, product development, risk management, finance etc.
Ecommerce is narrower concept and restricted to buying and selling.	It is a broader concept that involves market surveying, supply chain and logistic management and using Data mining.
It is more appropriate in B2C context.	It is used in the context of B2B transactions.
Example- Buying of pendrive from Amazon.com is considered Ecommerce.	Example- Using of Internet by Dell, Amazon for maintaining business processes like Online customer support, email marketing, supply chain management.

Applications of Ecommerce :- Applications of ecommerce and its development is an unavoidable factor in the present day today life.

Ecommerce is an area which is used in various fields of business like wholesale, retail as well as manufacturing unit. Ecommerce is a subset of the e-business that concerns commerce. The activity of the exchange of goods and services with some or the other kind of payment methods can be intended as commerce. Ecommerce world is an application of information sharing among business trading basically online commercial transaction with clients.

Ecommerce development and its applications is an unavoidable sector in the present day today life. Given below are the most common ecommerce applications.

***Retail & wholesale :-** There are numerous applications for retail as well as wholesale in case of ecommerce. Here comes e-retailing or may be called as online retailing. This refers to the selling of goods and other services through electronic

stores from business to consumers. These are designed and equipped using shopping cart model and electronic catalog.

***Marketing :-** Using web and ecommerce, data collection about the following are possible Preferences Behaviour Needs Buying patterns.

The marketing activities like price fixing, product feature and its enhancement, negotiation, and the relationship with the customer can be made using these.

***Finance** :- Ecommerce is being used by the financial companies to a large extent. By the name finance we know that there will be customers and transactions. The customers can check the balance in their savings account, as well as their loan account. There are features like transferring of money from and to their own accounts, paying of bills online and also e-banking. Online stock trading is also another feature of ecommerce.

***Manufacturing** :- Ecommerce is included and used in the chain operations (supply) of a company. There are companies that form electronic exchange. This is by providing buying and selling items together, trading market information and the information of runback office like inventory control. This is a way that speeds up the flow of finished goods and the raw materials among the business community members.

***Auctions :-** Ecommerce customer to customer is direct selling of goods among customers. It includes electronic auctions that involve bidding system. Bidding allows prospective buyers to bid an item. In Airline Company they give bidding opportunity for customers to quote the price for a seat on specific route, date and time.

***Entertainment** :- Ecommerce application is widely used in entertainment area also for video cataloging, multiplayer games, interactive ads and for online discussion.

***Education :-** In educational training also ecommerce has major role for interactive education, video conferencing, online class and for connecting different educational training centers.

The Indian scenario of Electronic Commerce and Electronic Business :- Inspite of numerous advantages, ecommerce still has a number of hurdles to cross over before it truly revolutionises business. These hurdles are most difficult and herculean in a country like India, where computing itself is taking roots gradually. The primary cause of this being that the number of computers per person in India is too small for e-commerce to make an impression. To deal electronically, the basic requirement is to have a computer or a device that can fulfil the requirements for dealing with online transactions. The second major problem is that even those who have computers do not have access to the Internet. The internet is the medium that can really propel e-commerce. In India, with a population of nearly a billion, not even a million have access to the Internet. E-commerce is carried out largely through credit cards, which are commonplace in India. Most of the people are not comfortable with idea of using credit cards itself.

The other problem of buying from a catalogue is that it does not have the direct impact to generate desire and trigger the consequent purchase. Also, the possibility of bargaining doesn't carry forward to 'Net shopping'; which dissuades most Indian consumers.

In this context while the cyber laws are getting ready to be enacted, the credit card agencies are yet to develop a system of accepting usage to the Internet. Since this is an established mode of usage abroad, it is only a matter of time that the facility would be available in India also. In the meantime, Indian companies can still trade with buyers outside. It is felt by experts that B2B commerce though it is in an embryonic stage, its pace of penetration is tremendous. There is a significant change in the attitude of Indian business from previous years to the present stage.

Companies like Maruti Udyog, Henkel, Bajaj Auto, TVS electronics and Samsung electronics have started B2B transactions with their suppliers. COMPAQ, Citibank, ICICI and FMCG companies like HLL and Godrej have implemented some form of E-business. With the rapid expansion of Internet, global electronic commerce is set to play very important role in the 21st century. The E-commerce technologies currently being used in India are E-mail, Internet, Web Access and Web sites. The technologies are gaining momentum and for future implementation periods include :

- Intranets
- Extranets
- Electronic Funds Transfer
- E-kiosk
- E-cash
- Interactive voice responses

The three principal driving factors for this growth in eCommerce sector of India are:

- Participation of niche companies in online trading
- Unmatched FDI (foreign direct investment)
- Uniform GST (Goods and Services Tax)

Conclusion :- The world seems to be watching on excitedly as India fast becomes a major e-commerce player. There is everything to play for in this industry, but many brands are in need of a little guidance. The dramatic growth of Indian e-commerce will no doubt have been heavily influenced by Narendra Modi's demonetisation of the Indian economy, which left many people with little choice but to shop online.

Establishing and growing an e-commerce store is challenging, regardless of where in the world you are. However, with brilliant prospects for Indian e-commerce in sight, it is important, now more than ever, to give your online brand a digital tune-up or get yourself set up in the right way. Here's some advice for you:

1. **Adopt a multichannel strategy** :- The term 'multichannel' is so much more than just a buzzword. It is vital to offer your shoppers a seamless experience regardless of device. It's official: the day of the desktop is over, and your e-commerce store needs to be optimised for viewing on any platform to meet the needs of the modern consumer.

2. **Let the brand's personality shine bright** :- To differentiate yourself from the likes of Amazon and now Alibaba, you should consider offering an insight into your brand's conception, values, and staff members, in order to give it a human face.

3. **Social media: a powerful tool** :- It's no secret that social media is one of the most powerful selling tools available to any company. In fact, according to EY, we are now seeing some brands disclose that they are spending over 31 percent of their marketing budget on social media.

Café Coffee Day has mastered the use of the Twitter feed. The café chain regularly posts promotional deals and gets involved with hashtags such as World Poetry Day with creative, shareable copy that gets customers talking about their brand.

Thus, ecommerce can be very effective if properly handled here.Like any other business,you have to take due care of customer service and marketing of your site. A surfer can never buy things through your site if he never visits it in the first place. So, you have to generate traffic to your site by providing something good and original to the visitor. Ecommerce allows you to add an entirely new sales channel to your company or organisation. Potentially, it can open up the world as a potential market but don't expect fabulous returns right from the beginning. Even giants like Amazon.com are showing losses.

Like in any business, plan your goals, develop exciting and innovative marketing strategies, provide competitive prices and don't be discouraged by initial failure. If you live by this

mantra, you could very well be on the road to future.

References :-

- Books: Ecommerce by Renu Gupta.
- Ecommerce concepts, models and strategies by CSV Murthy.

Online :-

- https://yourstory.com/2017/03/e-commerce-india/
- http://www.civilserviceindia.com/subject/Management/notes/e-business-architecture.html
- http://www.conceptsimplified.com/compare/difference-between-ebusiness-and-ecommerce/
- http://www.businessnewsdaily.com/5084-what-is-c2c.html

ISSN : 2394-3580 Swadeshi Research Foundation Vol. - 4 Dec. 2017
A Monthly Journal of Multidisciplinary Research (UGC APPROVED, Peer Reviewed & Refereed Research Journal)

महाराजा यशवन्तराव होलकर (द्वितीय) के काल में स्थानीय स्वशासन : इन्दौर नगर

डॉ. उषा देवड़ा
एम.ए. इतिहास (गोल्ड मेडलिस्ट), सहायक आपूर्ति अधिकारी, इन्दौर (मध्यप्रदेश)

महाराजा सवाई यशवंतराव होलकर (द्वितीय) के काल में नगरपालिका अधिनियम में सारभूत संशोधन किये गये वर्ष 1928–30– सभी नगर पालिकाओं के प्रशासन में एकरूपता लाने की दृष्टि से सन् 1928 में नगर पालिका अधिनियम में सारभूत संशोधन किये गये। संशोधित संविधान के अनुसार सन् 1930 में निम्नांकित संशोधन किये गये –

अ. 30 सदस्यों की एक नगर पालिका परिषद बनाई गई

ब. 09 पार्षदों की एक स्थाई समिति रखी गई जिसमें 06 सदस्य परिषद द्वारा तथा 03 सदस्य शासन द्वारा नियुक्त किये गये थे।

स. इसमें शासन द्वारा नियुक्त एक नगर पालिका आयुक्त हाता था, जिसे कार्यपालक शक्तियॉ प्रदान की गई। नगर पालिका का एक प्रेसीडेन्ट (अध्यक्ष) होता था जो शासन द्वारा नियुक्त एक शासकीय कर्मचारी होता था। इस नगर पालिका में एक वाइस प्रेसीडेन्ट (उपाध्यक्ष) भी होता था, जिसकी नियुक्ति परिषद के सदस्यों में से ही एक वर्ष क लिए की जाती थी। परिषद का कार्यकाल 3 वर्ष का होता था।

इन्दौर नगर पालिका की सीमाऐं तीन बार बढ़ाई गई :– इन्दौर नगर पालिका की सीमाऐं तीन मर्तबा बढ़ाई गई और सन् 1930 में उसका क्षेत्रफल 8.28 वर्गमील था। पालिका की सीमाओं का पहली बार विस्तार वर्ष 1901–02 में किया गया था। दूसरा सीमा विस्तार सन् 1909 में पुनः किया गया और तीसरी बार सीमाऐं 1920 में विस्तारित की गई।

संयोगितागंज नगर पालिका, वर्ष 1931 :– 1 अगस्त 1931 को संयोगितागंज नगर पालिका के होलकर राज्य के अन्तरित किये जाने के साथ ही जिले में नगर पालिकाओं की संख्या बढ़कर चार हो गई। संयोगितागंज नगर पालिका का कारबार उसके प्रत्यावर्तन के पूर्व इन्दौर रेसीडेन्सी बाजार कार्यालय द्वारा प्रबंधित होता था। संयोगिता गंज नगर का ही एक भाग था तथापि 01 अगस्त को उसके प्रत्यावर्तन के बाद महाराजा के शासन ने यह निश्चय किया कि उसके भावी प्रशासन के लिए की जाने वाली व्यवस्थाओं के प्रश्न पर पूर्णतया विचार किये जाने तक उसका कार्य निष्प्रभावी इन्दौर रेसीडेन्सी बाजार में प्रवृत्त प्रक्रिया के आधार पर ही चलाया जाए।

संयोगितागंज नगर पालिका में 4 सदस्य थे, जिनमें 2 निर्वाचित तथा 2 नाम निर्दिष्ट होते थे। सन् 1931 में उसकी जनसंख्या 10,805 थी। होलकर शासन ने इस नगर पालिका को 1 अक्टू., सन् 1933 से इन्दौर शहर की नगर पालिका के साथ समायोजित करने का आदेश दिया।

तद्नुसार संयोगितागंज नगर पालिका 11 नवम्बर को भंग कर दी गई और इसकी समिति क 4 सदस्य इन्दौर शहर की नगर पालिका की परिषद के सदस्य हो गये।

इन्दौर जिले की तीन नगर पालिकाओं – देपालपुर, गौतमपुरा तथा पेटलावद की स्थिति, वर्ष – 1995 –

नगर पालिका का नाम	सदस्यों की संख्या	जनसंख्या	प्राप्ति रू. में	व्यय रू. में
देपालपुर	11	2546	3957	1646
गौतमपुरा	10	3600	5985	3992
पेटलावद	14	2707	2223	1937

स्थानीय स्वशासन, वर्ष 1939 की स्थिति :– वर्ष 1939 के दौरान इन्दौर नगर में तीन नये विकसित क्षेत्र अर्थात मनोरमागंज, स्नेहलतागंज तथा दक्षिणी तुकोगंज नगर सुधार न्यास के अधिकार क्षेत्र से पूर्णतः हटाकर नगर पालिका को अंतरित कर दिये गये। इस प्रकार नगर का कुल क्षेत्रफल बढ़कर 9.8 वर्गमील हो गया था।

स्थानीय स्वशासन इन्दौर – 1939 के निर्वाचन की नई व्यवस्था :– ई. 1936 तक इन्दौर नगर में काफी राष्ट्रीय जन जागृति व्याप्त हो चुकी थी, जिसका श्रेय प्रजामण्डल को जाता है। प्रजामण्डल के सदस्येां ने सीमित दायरे में नगर पालिका के द्वारा जनहित की ओर यथासंभव ध्यान दिया किंतु शासकीय हस्तक्षेप के कारण अधिक कुछ करने की गुंजाइश नही रही।

दिनांक 27 मार्च 1939 से नया संशोधित नगर कानून प्रभावशील हुआ, जिसके द्वारा नगर पालिका परिषद के सदस्येां की संख्या 34 कर दी गई। जिनमें 22 निर्वाचित, 8 नियोजित (शासकीय अधिकारी) तथा 4 गैर सरकारी नामजद सदस्य थे। परिषद को तीन चौथाई या 25 सदस्यों के बहुमत से अपना सभापति चुनने का अधिकार प्राप्त हुआ। मकान मालिक और एक निश्चित कर देने वाले को मत देने का अधिकार मिला जिससे मतदाताओं के क्षेत्र में वृद्धि हुई।

इन्दौर नगर पालिका :– 1940 से 1947 तक की विकास यात्रा – पानी के मीटर लगाने के प्रश्न पर सदस्यों में मतभेद उसी मध्य नगर पालिका इन्दौर के विकास कार्यों में लगी रही। पानी के मोटर लगाने के प्रश्न पर मतभेद होने से प्रजामण्डल के सदस्यों ने त्यागपत्र दे दिये। तब 4 मार्च 1941 को उनके रिक्त हुये स्थानों पर चुनाव हुए। प्रजामण्डल ने अपने पुराने व्यक्तियों को ही अपना उम्मीदवार बनाया। इस निर्वाचन में 'होलकर राज्य प्रजा संघ', प्रजामण्डल के विरोध मं सामने आया। संघ को जिताने के लिए शासकीय राजतंत्र तथा पूंजीपति वर्ग ने खूब जोर लगाया किंतु प्रजामण्डल के सदस्य पुनः चुनकर आये।

27 मई, 1945 को इन्दौर नगर पालिका के आम चुनाव हुए – श्री नरहरि गणेश कोठारी पालिका के पहले सभापति बनाए गये।

सन् 1945 में होलकर शासन ने नगर पालिका अधिनियम में और परिवर्तन किये, जिसके तहत् आम चुनाव हुए। अब संशोधित कानून के अनुसार परिषद् के सदस्यों (पार्षदों) की संख्या 36 हो गई। जिसमें 22 निर्वाचित और शेष नामजद रहे।

इस आम चुनाव में प्रजामण्डल ने 22 निर्वाचित स्थानों में से 21 पर अपने व्यक्ति खडे किये, उनमें से 8 तो निर्विरोध आ गये और शेष 13 में से 11 भारी बहुमत से विजयी हुए। इस प्रकार नगर पालिका पर प्रजामण्डल का पुनः कब्जा हो गया।

23 जून 1945 ई. को परिषद के हुए चुनाव में प्रजामण्डल के प्रत्याशो श्री नरहरि गणेश कोठारी सभापति बनाये गये। नगर पालिका के इतिहास में ये जनता के प्रथम सभापति थे। सन् 1947 में प्रारम्भ में नियमानुसार हुए चुनाव में श्री वी.वी. सरवटे नगर पालिका परिषद् के दूसरे सभापति चुने गये। भारत के स्वतंत्र होने और इन्दौर राज्य में उत्तरदायी शासन स्थापित होने तक यह परिषद ही कार्य करती रही।

इन्दौर नगर पालिका–वित्तिय साधन :– सन् 1868 में जब इन्दौर नगर पालिका की स्थापना के समय से ही उसे होलकर राज्य की ओर से 12,000/– रूपये का अनुदान दिया जाता था तथा नगर में स्थित किराये के मकानों पर भी 'कर' प्राप्त होता था, जिससे उसकी अनुमानित वार्षिक आय 36,000/– रूपये थी। सन् 1906 में नगर पालिका की सभी करों से प्राप्त वार्षिक आय 40,000/– रूपये थी। इन्दौर राजधानी होने के कारण होलकर महाराजा ने जलापूर्ति, सड़कों, पुलों, बाजारों के निर्माण तथा नई–नई घनी बस्तियों के लिए विशेष अनुदान देते रहें। सन् 1947 तक इन्दौर नगर पालिका की आय 17 लाख रूपये थी, जो कि वर्ष 1940 की आय के दुगने से भी अधिक थी।

विभिन्न करो से प्राप्त आय के स्त्रोत :– इन्दौर नगर पालिका (नगर सेविका) को विभिन्न करों से आय प्राप्य होती थी, कराधान ही उसकी आय का प्रमुख साधन था, ये कराधान इस प्रकार थे

1. आक्ट्रॉय कर
2. व्हील टेक्स

3. हाउस टेक्स (सम्पत्ति कर)
4. जल कर
5. तख्ता कर
6. कान्जरवेन्सी टेक्स
7. मनोरंजन कर
8. परफार्मेन्स कर
9. सायकल कर
10. हेकनी केरेज टेक्स
11. बैलगाड़ी व ठेलागाड़ी टेक्स
12. प्रायव्हेट तांगा व बग्गी कर
13. पशु कर।

स्थानीय स्वशासन के इतिहास में होलकर नरेशा की छत्रछाया में इन्दौर नगर पालिका ने विकास की एक अति लम्बी यात्रा पर चलकर अपने कीर्तिमान सौपाना को पूर्ण किया और अपने अथक परिश्रम और सेवाभाव से इन्दौर नगर को एक आश्चर्यजनक स्वरूप प्रदान किये है। सभी मोर्चे पर उसके कार्य स्तुत्य है।

संदर्भ ग्रन्थ सूची :–

1. होलकर राज्य की प्रशासनिक रिपोर्ट, 1931, पृ. 60 व 90
2. पी.एन श्रीवास्तव – इन्दौर, जिला गजेटियर, वर्ष 1974, पृ. 457, 458, 463
3. इन्दौर एक झलक (प्रकाशक नगर सेविका इन्दौर) वर्ष 1952
4. गंगाराम तिवारी – इन्दौर राज्य स्वतंत्रता संग्राम का इतिहास, वर्ष 1974 – पृ. 99

ISSN : 2394-3580 Swadeshi Research Foundation Vol. - 4 Dec. 2017
A Monthly Journal of Multidisciplinary Research (UGC APPROVED, Peer Reviewed & Refereed Research Journal)

मानव सभ्यता में हिन्दी साहित्य और कहानी का विकास

नरेन्द्र कुमार उरमलिया
एम. ए. (हिन्दी, संस्कृत, बी.एड.) प्रेम नगर कटंगी, जबलपुर (म.प्र.)

मानव सभ्यता के विकास का अध्ययन तथा कहानी के विकास का अध्ययन करने पर यह पता लगता है कि दोंनो का विकास लगभग साथ साथ हुआ है। विश्व के कथा साहित्य की जो झांकी हमने प्रस्तुत की है उसके यदि मूल की खोज की जाए तो निश्चित ही भारतीय कथा साहित्य उसका आधार होगा। भारतीय कथा साहित्य की मौलिक तथा प्राचीनता को सब विद्वान स्वीकार करते हैं। यहां की कहानियां समय–समय पर पश्चिमी देशों में लिखित तथा मौलिक रुप में फैलती रही है।

''ऋग्वेद में जो कि विश्व की प्राचीनतम पुस्तक मानी जाती है, कहानी का रुप देखन मिलता है। ऋग्वैद का यम–यमी, संवाद, उर्वशी–पुरुरवा' संवाद ब्राह्मण ग्रंथों तथा उपनिषदों में कुछ कहानियां विस्तार से दी गई है। महाभारत में गंगा के अवतरण, ययाति, शकुन्तला, नल आदि की कथाएं है। वैदिक संस्कृत के पश्चात लौकिक संस्कृत के पश्चात लौकिक संस्कृत में भी कहानी कला पुष्ट हुई है। पाली, प्राकृत तथा अपभ्रंश काल में भी कहानी की विकास सरिता लगातार बहती ही रही है। बौद्धों की जातक कथाएं, जैन पुराकथाएं, वृहत्कथा, कादम्बरी, स्वप्नवासवदत्ता आदि कहानियां इस धारा की जीवन्तता का प्रमाण है।

मध्यकाल आते आते पंचतंत्र की प्रसिद्ध कहानी 'कर्टक और दमनक' का अनुवाद 'कलिला और दिमना' नाम से अरबी में हुआ। मध्यकाल में मुस्लिमों का शासन रहा। जिसके फलस्वरुप लैला मजनू, शीरी फरहाद आदि की कहानियां लिखी गई।

हिंदी साहित्य के आदिकाल, भक्तिकाल एवं रीतिकाल के धरातल से होती हुई यह कथा सरिता आधुनिक काल तक आ पहुंची। इसी काल में गद्य ने अत्यधिक उन्नति की इसलिए इसे गद्य काल भी कहा जाता है।

हिंदी कहानी का विकास :– हिंदी गद्य की शुरुआत के साथ हिंदी कहानी का भी प्रादुर्भाव माना जा सकता है। ''आचार्य रामचंद्र शुक्ल ने जिसे गद्य का प्रथम उत्थान कहा है वह भारतेंदु युग मे संपन्न हुआ है। हिंदी कहानी का आरंभ भी इसी युग से हुआ। भारतेंदु का एक अदभुत अपूर्व स्वप्न' निबंध और कहानी दोनों का समन्वय है। कहानी का सूत्रपात इंशा अल्लाखां' द्वारा रचित रानी केतकी की कहानी से हुआ जो 19 वी शताब्दी के आरंभ में लिखी गई रचना काल प्रमुख पत्रिकाओं जैसे 'कविवचन सुधा 1867 ने हिंदी कहानी के प्रारंभिक काल को गति प्रदान की। उन्नीसवी सदी के आरंभ में तीन महारथियों ने प्रवेश किया। ये हैं– लल्लुलाल 'प्रेमसागर', सदल मिश्र 'नासिकेतोपाख्यान', इंशाअल्लाखां 'रानी केतकी की कहानी'। इसके अलावा 'राजा शिव प्रसाद' 'भारतेंदु हरिश्चन्द्र' तथा पं. गौरीदत्त शर्मा 'आदि ने भी हिंदी कहानी के विकास मे अपना योगदान दिया।

पर मौलिक कहानी के परिप्रेक्ष्य में चर्चा की जाए तो 1900 ई. के आसपास से आज तक के काल को हम सुविधा की दृष्टि से चार कालों में बांट सकते हैं।

1. पूर्व प्रेमचंद्र युग, सन 1900 से 1914
2. प्रेमचंद युग, सन 1914 से 1936
3. प्रेमचंदोत्तर युग, सन 1936 से 1947
4. स्वातंत्रयोत्तर युग सन 1947 से आज तक

कुछ विद्वान इसे प्रयोगकाल ''सन् 1900–1910'' विकास काल सन '1910–1930' , उत्कर्ष काल 'सन 1930–1947' तथा स्वातंत्रयोत्तर 'सन 1947 से अब तक' में विभाजित करते हैं।

पूर्व प्रेमचंद्र युग :– मौलिक कहानी के विवाद का अंत अभी तक हुआ नहीं है। कुछ विद्वान 'इंशाअल्ला खां' की 'रानी केतकी की कहानी' को तो कुछ विद्वान अन्य को हिंदी की पहली मौलिक

कहानी मानते हैं। कुछ भी हो हिंदी की मौलिक कहानियों की सिलसिलेवार शुरुआत तो सन 1900 के आस पास ही ठहरती है। इसी काल में 'सरस्वती' तथा सुदर्शन' ने प्रकाशित होकर कहानी के विकास को पंख लगा दिए। इसी काल में प्रकाशित कहानियां ही मुख्य रुप से पहली मौलिक कहानी कहलाने की होड़ में हैं।

हिंदी साहित्य का इतिहास में आचार्य रामचंद्र शुक्ल ने कुछ कहानियों के रचनाकाल का उल्लेख किया है जिनका प्रकाशन 'सरस्वती' में भी किया गया था–

- 'इंदुमति ''किशोरी लाल गोस्वामी'' सं. 1957 अर्थात सन 1900
- 'गुलबहार ''किशोरी लाला गोस्वामी'' सं. 1957 अर्थात 1902
- 'ग्यारह वर्ष का समय ''आचार्य रामचंद्र शुक्ल'' सं 1960 अर्थात 1902
- 'पंडित और पंडितानी ''गिरिजादत्त बाजपेयी'' सं. 1960 अर्थात सन 1903
- 'दुलाईवाली ''बंग महिला'' सं. 1964 अर्थात सन 1907

इसी मौलिकता के संदर्भ में आचार्य शुक्ल ने लिखा है– ''यदि मार्मिकता की दृष्टि से भावप्रधान कहानियों को चुने तीन मिलती हैं – 'इंदुमति किसी बंगला कहानी का छाया नहीं है। तो हिंदी की यही पहली मौलिक कहानी ठहरती है। इसके उपरान्त 'ग्यारह वर्ष का समय फिर 'दुलाई वाली' का नंबर आता है। दूसरी और यह भी कहा जाता है'' कि यह ''इंदुमति'' पूर्णतया मौलिक कृति नहीं कही जा सकती क्योंकि इस पर 'शेक्सपियर के प्रसिद्ध नाटक टैम्पैस्ट' की बहुत छाप है। पूर्व प्रेमचंद्र काल में अनुदित तथा मौलिक कहानियां लिखी गई।

संदभ ग्रथ सूची :–

- हाकिम कथा मुक्ति : अखिलेश
- हिंदी कहानी की विकास यात्रा : डॉ ब्रह्मस्वरुप शर्मा, पृ. 159
- ब्लैक होल : संजीव
- रास : मैत्रेयी पुष्पा : हंस, दिसंबर 1994
- तिरबेनी का तड़पन्ना प्रेतमुक्ति : संजीव
- गांठ ताला बंद है : क्षितिज शर्मा 1992

ISSN : 2394-3580 Swadeshi Research Foundation Vol. - 4 Dec. 2017
A Monthly Journal of Multidisciplinary Research (UGC APPROVED, Peer Reviewed & Refereed Research Journal)

ग्राम पंचायत में पंचायती राजव्यवस्था एवं लोकतांत्रिक विकेंद्रीकरण

श्रीमति वर्षा श्रीवास्तव
केशरवानी महाविद्यालय जबलपुर म.प्र.

ऐतिहासिक परिचय :– पंचायती राज दक्षिण ऐशियाई देश– मुख्य रुप से भारत, पाकिस्तान बंग्लादेश, और नेपाल की राजनैतिक व्यवस्था है यह भारतीय उपमहाद्वीप की अति प्राचीन पद्धति स्थानीय स्वशासन का रुप है। पंचायत शब्द पंच अर्थात पांच एवं संस्कृति विद्यमान रही है जो मूलतः पंचायत पद्धति द्वारा संगठित एवं संचालित है ग्राम जितने सुसंगठित सुव्यस्थित एवं समउन्नत बनेंगे। ग्राम से ही राष्ट का निर्माण होता है। पंचायत, मानव समाज की आदि संस्थाओं में एक बुनियादी संस्था है। महात्मा गांधी ने कहा था कि जब पंचायत राज्य बनेगा तब लोकमत सब कुछ करवा लेगा। सुधरा हुआ गांव चारों तरफ बिल्कुल साफ सुथरा होगा। उनके मकान उनकी सड़के उनके आस–पास का वातावरण और उनके खेत साफ एवं स्वच्छ होंगे।

पंचायती राज की परिकल्पना ग्रामीण भारत में रहने वाले विशाल जन समूह को एक ऐसा आधार प्रदान करने के लिए की गई है, जिस पर संपूर्ण विकास का ध्यान केंद्रित रखते हुए समन्वित समाजवादी प्रजातंत्र की नयी इमारत खड़ी की जा सकती सके। इसी लक्ष्य की प्राप्ति के लिए भारतीय स्वतंत्रता के बाद पंचायती राज के ढांचे को विकसित किया गया। भारत एक ग्राम्य प्रधान देश है, यहां की जनसंख्या का दो तिहाई भाग देश के लगभग आठ लाख गांवो में निवास करती है। जहां कृषि एवं परंपरागत उद्योग धंधे ही उनके जीवनयापन का मुख्य साधन है। भारत के आर्थिक विकास, गांव की वजह से ही सही, अर्थों में भारत का विकास है। ग्रामीण क्षेत्रों में कार्य करने के लिए परंपरागत तरीकों में एक अमूल्य परिवर्तन ग्रामों के आर्थिक सामाजिक विकास के रुप में सामने आये हैं। साथ ही ग्रामीण जनता के रहन–सहन के स्तर में वृद्धि के साथ साथ राजनैतिक चेतना भी जाग्रत हुई है।

गांवो की छोपड़ियों में रहने वाली हमारी देश की जनता को, बुनियादी सुविधाओं को उपलब्ध कराना हमारी सरकार का फर्ज है। इसी को दृष्टिगत रख 73 वां संवैधानिक संशाधन कर पंचायती राजव्यवस्था को समूचे देश में लागू किया गया।

पंचायती राज अर्थात ग्राम समिति का शासन, भारत के राज्यों में यह व्यवस्था त्रिस्तरीय है, प्रथम गांव, द्वितीय तालुका, और तृतीय जिला पंचायत जिला स्तर पर होती है। इस व्यवस्था में इस बात का ध्यान रखा जाता है कि ग्रामीण विकास कार्यकम को ज्यादा महत्वपूर्ण बनाने के लिए गांवो के प्रत्यैक व्यक्ति इसमें भाग लें।

पंचायती राज व्यवस्था के तहत देश की ग्राम पंचायतों को गांवो की विकास योजना बनाने और उसको कार्यान्वित करने का कार्य प्रदान किया गया है।

देश की अधिकांश जनसंख्या ग्रामीण क्षेत्र में रहती है। ग्रामीण जनता के भूमि सुधार, लघु सिंचाई, ग्रामीण आवास ग्रामीण सड़कों, शिक्षा एवं जैसे विकास कार्यकमों को अपनी आवश्यकतानुसार कियान्वित कर सकती है।

देश की अधिकांश जनसंख्या ग्रामीण क्षेत्र में रहती है। आजकल पंचायती राज के विषय में प्रायः इसके आकार, संगठन, कर्तव्य और अधिकार और इनसे भी आगे बढ़कर इसकी क्षमता और उद्देश्यों के विषय में तरह–तरह के सिद्धान्त और व्यक्त किये जाते हैं।

पंचायती राज के आकार के विषय में यह सर्वमान्य हो चुका है इस त्रिस्तरीय ढांचे का रुप दिया जाय। अर्थात ग्राम या ग्रामों के समूह को मिलाकर स्थापित ग्राम पंचायत, विकासखण्ड और जिला ये तीन स्तर पंचायती राज के मूल आधार है।

पंचायती राज के वर्तमान स्वरुप का विश्लेषण करने से पता चलता है कि सभी लोग

इसके ग्राम स्तर के अधिकार और कर्तव्यों के विषय में एक मत है अर्थात ग्राम या पंचायत के स्तर पर ऐसे अधिकार और कर्तव्य इन संस्थाओं को देना जिससे कि ये संस्थायें ग्राम पंचायत के अंतर्गत आने वाली संस्थायें आत्म निर्भर होकर अपना काम चला सके।

पंचायती राज के अधिकार और कर्तव्यों के विषयों में साधारणतः लोगों की राय है कि विभिन्न स्तर की संस्थाओं को ऐसे सभी अधिकार व कर्तव्य सौंप दिये जाय जिनका प्रबंध सभी प्रकार के विकास से संबंधित हो।

भारत में पंचायती राज व्यवस्था बहुत प्राचीन पद्धति है। वैदिक युग में भी हमं इसका उल्लेख मिलता है। भारत में प्राचीन काल से ही यह मान्यता रही है कि पंच परमेश्वर द्वारा किया गया न्याय ही सर्वश्रेष्ट एवं सर्वोपरि है पंचों की वाणी में ईश्वर की वाणी होती है। प्राचीन काल से ही हम देखते हैं कि ग्रामीण विवादों को निपटानें के लिए जनता अपने में से जिन पांच समझदार अनुभवी एवं योग्य व्यक्तियों को चुन लेती थी, उन्हें पंच कहा जाता था। ऐसा माना जाता है कि भारत के ग्रामीण समाज गणराज्य के समान है। ये सभी अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति स्वयं करते हैं।

गांव की विशेषता में एक बात यह भी कही गयी है कि जहां कृषि कार्य किया जाता है। एवं जो क्षेत्र कृषि समृद्ध है वह ही गांव है। वर्तमान में तो जनसंख्या एवं सुविधाओं को आधार मानकर गांव घोषित किया जाता है।

प्राचीन भारत में गांवो को अपना एक महत्वपूर्ण स्थान था, उसका प्रमुख कारण संगठित एकता को माना जा सकता है जो पंचायती राज संस्थाओं के माध्यम से स्थापित की गई थी। ये पंचायते प्रजातंत्र की प्रथम पाठशाला होती है। पंचायत राज संस्थाये लोकतंत्र की नींव है।

स्वतंत्रता के पश्चात हमें यह अवसर मिला है कि हम अपने देश में लोकतांत्रिक विकेंद्रीकरण के स्वपन्न को साकार कर सके। गांधी जी की मान्यता थी कि ''यदि हम यह चाहते हैं और मानते हैं कि गांवो को न केवल जीवित रहना चाहिए बल्कि उनको बलवान एवं समृद्ध बनाना चाहिए। तो हमारे दृष्टिकोण में गांव की प्रधानता होनी चाहिए।

भारत में लोकतांत्रिक विकेंद्रीकरण का सजीव एवं साकार स्वरुप पंचायती राज व्यवस्था स्वतंत्रता के पश्चात ही दृष्टिगोचर हुआ लेकिन सकी परिकल्पना को स्वतः भारत की उपज कहना तर्क संगत प्रतीत नहीं होता। पंचायत राज की परिकल्पना, स्वरुप एवं उसके माध्यम से ग्रामीण विकास की अवधारणा आजकल की बात नही अपितु इसका इतिहास वैदिक काल से भी पूर्व का है। हम देखते हैं कि 73 वां सवेंधानिक संशोधन पंचायती राज संस्थाओं की विकास यात्रा में एक महत्वपूर्ण सोपान है। किंतु 73 वां संविधान संशोधन पंचायती राज संस्थाओं की विकास यात्रा का अंतिम चरण नहीं है। संस्थाओं की कार्यकुशलता एवं उन्हें उर्जावान बनाये रखने हेतु दृढ़ इच्छा शक्ति एवं ईमानदारी पूर्वक किये गये प्रयत्न भी आवश्यक है। वर्तमान समय में पंचायती राज व्यवस्था स्थानीय प्रशासन का एक अभिन्न अंग बन गया है। इस व्यवस्था का उदभव कब हुआ? इसका तात्कालिक स्वरुप क्या था, कहना काफी कठिन है। यह अनुमान अवश्य किया जा सकता है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

- जैन, डॉ. एम.एस. आधुनिक भारत का इतिहास, पृष्ठ–271.
- जिला शिक्षा केंद्र पी.एस.एम. परिसर, नार्थ सिविल लाईल म.प्र.
- जौहरी, बी.पी. पाठक. पी डी– भारतीय शिक्षा का इतिहास, पृष्ठ–404–405
- यादव सुमन, लेखिका म.प्र. महिला एवं बाल विकास विभाग से जुड़ी ह कुरुक्षेत्र मई, 2011, पृष्ठ–19.
- म.प्र. शासन प्रशासकीय प्रतिवेदन 2012–13, पृष्ठ–141.
- मुकेश माहेश्वरी, मध्यप्रदेश ज्ञान शिक्षा एवं स्वास्थ्य पृष्ठ–218.

ISSN : 2394-3580 Swadeshi Research Foundation Vol. - 4 Dec. 2017
A Monthly Journal of Multidisciplinary Research (UGC APPROVED, Peer Reviewed & Refereed Research Journal)

मैत्रेयी पुष्पा की कहानियों में चित्रित सांस्कृतिक मूल्यबोध

संजय कुमार पांडे
एम.ए. (हिन्दी साहित्य, अंग्रेजी साहित्य, शिक्षा) डी.एड., बी.एड.

मैत्रेयी पुष्पा जी के अनुसार – ''हम न तो देवी है, न राक्षसी, न साध्वी, न कुल्टा। हम जो भी है, उसी रूप में देखा जाए। पुरूष के नजरिये से नहीं, बल्कि मनुष्य के नजरिये से। 21वीं सदी में औरत स्वयं तय करेगी कि उसे अपना जीवन कैसे चलाना है? अपने जीवन को किसे सौपना है? लड़की पैदा हो या लड़का? एक हो या दो? ये या ऐसी सारी वर्जनाओं और भय से मुक्त होकर वह स्वयं तय करेगी। जब इस समान धर्मा संस्कृति पर विचार होगा तब निश्चय ही स्वस्थ साहित्य का सृजन होगा। सही मायनों में आजादी आयेगी और तभी स्त्री के अपने आइने खुलेंगे।

पुष्पा जी ने अपने कथा साहित्य में ग्रामीण परिवेश का और उसमें रहने वाली नारी का चित्रण किया है। इन्होनें अपने उपन्यासों में ग्रामीण समाज का चित्रण जिस तरह चित्रण किया है उसी तरह उनकी कहानी संग्रह की लेखनी में मिलता है। उनकी कहानी चिन्हार की लगभग सभी कम्पनियों ग्रामीण औश्र शहरी समाज में भरी है चिन्हार की कहानियों के नारी–पात्र शहर में रहने पर भी उनका लगाव गांव से रहता है अपना–अपना आकाश की कैलाशो देवी, शहर में रहते हुए अपने बेटों के अत्याचारों से तंग आकर बिना किसी को बताये गांव चली जाती है। दोनों बेटे कार लेकर थाने की ओर भागे। लूल्लू–मुंह थामे, जब देख रहा था ओ म नही मन अनुमान लगा रहा था कि अब तक तो अम्मा जी गांव पहुंच चुकी होगी।

1. जातिगत भेदभाव के स्थान पर समत्व की भावना पर बल :– मैत्रयी जी ने अपने कहानी साहित्य अंतर्गत 'हम बच्चो की कहानी' में ग्रामीण परिवेश में फैली छुआछूत व जातिप्रथा का न केवल चित्रण किया वरन् उसके स्थान पर इंसानियत की तवज्जो देने का प्रयास किया है। ''मेरे साथी ने स्कूल में जब अपना नाम एदल सिंह लिखाया तो गांव के लड़कों में खलबली सी मच गई, क्योंकि प्राइमरी के मास्टर जी ने तो रजिस्टर में उसका नाम एदल्ला लिखा था, जिस नाम से वह गांव में पुकारा जाता था। इस नये स्कुल के रास्ते कुछ लड़के एदल सिंह से बिगड़ पड़े। उक ने ऊंची आवाज मैं कहा–''जा साले एदल्ला। हमतुझे कभी भी एदल सिंह नहीं कहेंगे। तू कल ही अपना नाम कटवा, साला चमार, सिंह बनता है। सिंह माने जानता हैं जाट या ठाकुर।''

मैत्रीय जी ने ग्रामीण क्षेत्र में फैली छुबाछूत जातिभेद को समाप्त करने व इसके स्थान पर स्नेह व समतापूर्ण वातावरण निर्माण की विचारधारा को बल दिया है।

बाबा ने पूछ लिया–आज गुड़ नहीं खाया लाली?

''बाबा एदल्ला नहीं आया आज।'' मैंने अनायास ही कह दिया।

बाबा मुझे देखते रह गए, जैसे मैंने कोई अपराध किया हो, और वे सजा तलबीज रहे हों। अपने बच्चो को सजा देना, वह भी एक नीच जात के बच्चे के कारण, नहीं बाबा ने मुझे सजा नहीं दी। एदल्ला को मुंह भरकर गाली दी–''साला ढेढ़ की औलाद। गुड़ की दो भेली हजम कर गया। चमार चूहरे बड़ी जात के भोले बालकों को बहलाकर खाते–पीते रहते है। खबरदार जो अब उसे मोहल्ले में आने दिया।

2. प्रेम :– मैत्रेयी ने कहानियों में भारतीय संस्कृति के अनुरूप प्रेम का दर्शन स्पष्ट परिलक्षित होता है। कहानी 'बहुत पहले का चलन' में निश्छल प्रेम की चर्चा करते हुये मैत्रेयी जी लिखती है।

''कहा जाता है, इस अतरपुर गांव की लड़कियां अक्सर ऐसा ह गजब करती है। शरबत पिलाते समय बिना बोले ही कौल–करार करा लेती है। बातें आंखों से करती है। क्योंकि उनके पास निश्छल आंखें है। फिर किसी का क्या दखल।

मैत्रेयी जी ने यहां ग्रामीण परिवेश में व्याप्त प्रेम स्नेह की चर्चा करती है। जिन्हें शुद्ध प्रेम से वास्ता है, प्रेम के अतिरिक्त अन्य कुछ भी बहुमूल्य नहीं।

''बढ़ी ठगनी लड़कियां है। लड़के का पिता गुस्से से थूक छोड़ते हुये बोला–एक बूढ़ी आगे आई, जिसने हल्दी के छींटे देकर सफेद सफेद साड़ी पहनी हुयी थी बोली, गुस्सा मत खाओं, शरबत पीकर ठंडे हो लो। ऐसी लड़कियां शहर में नहीं मिलती होंगी, तभी तो तुम्हारा लड़का हमारे गांव तक आया है। तुम देन–देन कर रहे हो, प्यार–मुहम्मत इससे बहुत पहले का चलन है।

पुष्पा जी ने अपनी कहानियों में प्रेम को केवल अपने कथा पात्रों द्वारा व्यक्त ही नहीं कराया बल्कि प्रेम को एक हौंसले के अस्त्र के रूप में प्रस्तुत किया है। कहानी '1857 एक प्रेमकथा' में गंगिया बेडिनी द्वारा रज्जो को व्यंग्यात्मक लहजे में किन्तु संबल प्रदान करने वाली जो बातें कही गई है। आज रज्जो उन्हीं बातों के चिंतन में पूर्ण रूपेण डूबकर सोच रही हैं

गामीण परिवेश व नारी शिक्षा :– भारतीय समाज में स्त्री का महत्वपूर्ण स्थान है। सच्चे अर्थ्ज्ञ में स्ची के बिना समाज की कल्पना नहीं की जा सकती है। इस देश में हिन्दु समाज में स्त्रियों की स्थिति काफी उच्च रही है। प्राचीन विधिवेता मनु ने तो यहां तक कहा है कि –यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवता'। अर्थात् जहां नारियों की पूजा होती है वहां देवताओं का वास होता है। उन्हें शक्ति, ज्ञान और सम्पत्ति की प्रतीक माना गया है और इसी कारण दुर्गा सरस्वती एवं लक्ष्मी के रूप में उनकी पूजा होती है हमारी संस्कृति में पुरूष के अभाव में स्त्री के अभाव में पुरूष को अपूर्ण माना गया है। किन्तु वास्तविकता के धरातल पर स्थिति कुछ और ही है। मध्यकाल हिन्दू धर्म एवं संस्कृति की रक्षा के नाम पर स्त्रियों पर अनेक प्रतिबंध लगाये गये, उन्हें अधिकारों से वंचित कर दिया गया। इन पर कई निर्योग्याएं लाद दी गयी। इस समय स्त्रियों को शिक्षा प्राप्त करने का अधिकार नहीं रहा। स्त्रियों का कार्य क्षेत्र केवल चार दीवारी तक सीमित हो गया। यही हाल ब्रिटिशकाल में भी रहा।'' ''स्त्रियों को सामाजिक क्षेत्र, पारिवारिक क्षेत्र, आर्थिक क्षेत्र तथा राजनीतिक क्षेत्र में कोई अधिकार प्राप्त नहीं थे यहां तक कि उन्हें शिक्षा प्राप्त करने का भी अधिकार नहीं था।

स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद भी यही स्थिति बनी रही। नारी जाति पर तमाम प्रतिबंध व बंदिशे लागू रहीं यहां तक कि शिक्षा के संबंध में विशेष रूचि नहीं रही। खासतौर से ग्रामीण क्षेत्र में। नारी शिक्षा के प्रति न तो रूचि रही न ही जागरूकता। शनैः शनैः स्त्रियों की स्थिति में कांतिकारी परिवर्तन आया। साथ ही स्त्री शिक्षा का प्रसार हुआ है। पूर्व समय में न तो माता–पिता लड़कियों को शिक्षा दिलाने के पक्ष में थे और न ही शिक्षा की दृष्टि से समुचित सुविधायें उपलब्ध थी। सन् 1882 में पढ़ी लिखी स्त्रियों की कुल संख्या 2045 थी, जो सन् 1971 में 4 करोड़ 94 लाख तथा 2001 में 12.96 करोड़ से अधिक हो गयी। बावजूद इसके हमारे देश में ग्रामीण परिवेश आज भी स्त्री शिक्षा के संदर्भ में पीछे है। मैत्रेयी जी ने अपनी कहानी ''बेटी'' में इसी भेदभाव पूर्ण व्यवहार बेटा व बेटी के भेद को लेकर चर्चा की है।

''अरी, बिटिया, क्या कहती हो, वह लड़की जात, कहां जाएगी और करेगी पढ़ लिखकर। तुम्हारी बात और है वसुधा, अकेली औलाद, बेटा–बेटी तुम्ही हो अपनी मां की, सो जिंदगी भर पढ़ों तो कोई कुछ कहने वाला नहीं बाप न भइया।

सेवा सुश्रुषा :– मैत्रेयी जी के कथा पात्र मानवीय मूल्य को सर्वोपरि मानते है कहानी 'बेटी' में पारिवारिक परिवेश के उस दृश्य में ''चुप होती है, कि नहीं। बहुत जबान चल गई है तेरी। तू लड़कों की बराबरी करती है। बेटे तो बुढापे की लाठी हैं हमारी, हमें सहारा देंगे। तू पराये घर का दलिद्दर है।

इसमें मुन्नी का पढ़ने की जिद में उसकी मां का किया गया भेदभावपूर्ण व्यवहार परिलक्षित होता है, कि मां पांच बेटों को पढ़ा सकते है एक बेटी को नहीं। किन्तु मुन्नी पारंपरिक ढग से लड़की होने के नाते घर की सारी जिम्मेदारी निभाती है। वह रात दिन सेवा सुश्रुता करती।

''मुंह अंधेरे भाईयों के लिये पराठें सेंकती रही, उन्हें स्कूल भेजती रहीं, उनके कपड़े धोती रही, पिता के साथ खेत में काम कराती रही और बासी–फूसी रोटी खाकर चंद्रकला सी बढ़ती रही।''

नारी के संपूर्ण समर्पण व सेवा के बाद भी पुरूष समाज द्वारा उसका शोषण बदस्तूर नारी है। पुरूष मानसिकता भी वही की वही है। ''स्त्री व्यक्तित्व के तो बड़े से बड़े गुब्बारे को नैतिक स्वाबलम्बन की छोटी सी सुई से फोड़कर धवस्त किया जा सकता है। बड़ी से बड़ी सती साध्वी को आप चरित्रहीन कहिये और गोली मार दीजिये। समाज आपकी मर्दानगी के साथ होगा।

मैत्रेयी ने अपनी कहानियों में विविध मूल्यों का बोध पात्रों के माध्यम से कराया है। इनके ये पात्र जहां एक ओर अपने अधिकारों के प्रति संघर्षशील है वहीं दूसरी ओर कर्तव्यशील भी है। हमारी संस्कृति में संस्कार एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी में हस्तगत होते हैं। इसी प्रकार मां का प्रथम कर्तव्य है कि वह अपनी लड़की को गृह कार्यो में निपुण करें, ताकि वह परिजनों की सेवा सुश्रुषा कर सकें।

संदर्भ सूची :–

1. आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी, हिन्दी साहित्य की भूमिका।
2. डॉ. विजय बहादुर सिंह (संपादक) – मैत्रेयी पुष्पा स्त्री होने की कथा
3. डॉ. मनोहर देवलिया (संपादक) – स्वतन्त्रयोत्तर हिन्दी महिला का लेखन – उपलब्धियां और संभावनाएं
4. नारी मुई गृह सम्पत्ति नासी मूड़ मुड़ारा भये सन्यासी – तुलसी।
5. चतुरसेन शास्त्री, भारतीय संस्कृति का इतिहास।

ISSN : 2394-3580 Swadeshi Research Foundation Vol. - 4 Dec. 2017
A Monthly Journal of Multidisciplinary Research (UGC APPROVED, Peer Reviewed & Refereed Research Journal)

भारतीय कृषि एवं नई तकनीकी का अध्ययन

डॉ. प्रीति राजपूत
अतिथि विद्वान (अर्थशास्त्र) शासकीय महाविद्यालय दमुआ जिला–छिंदवाड़ा (म.प्र.)

कृषि भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। विगत वर्षो में आर्थिक नियोजन के फलस्वरूप तीव्रगति से औद्योगिकीकरण हुआ है इसके उपरांत भी भारतीय अर्थव्यवस्था में कृषि का महत्वपूर्ण स्थान बना हुआ है। आज भी देश की 70 प्रतिशत जनसंख्या अपनी अजीविका के लिये कृषि पर निर्भर करती है तथा राष्ट्रीय आय का (जी.डी.पी.) 19 प्रतिशत कृषि क्षेत्र से उत्पादित होता है। अतः स्पष्ट है कि आज भी देश की सम्पूर्ण अर्थव्यवस्था कृषि पर आधारित है।

अध्ययन मे पूर्ववर्ती अध्ययन का अनुशीलन में शोध से संबंधित साहित्य और उसके पुनरावलोकन के अभिप्राय तथा उसकी सार्थकता व महत्व को चित्रित किया गया है। एग्रो इकोनॉमिक रिसर्च सेन्टर फॉर मध्यप्रदेश, जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय जबलपुर (2000) में शोध शीर्षक "Economics of pulses production and identification of constrints in raising their production in Madhya Pradesh" से ज्ञात हुआ है कि मध्य साठ के दशक के दौरान नई कृषि प्रोद्योगिकी के द्वारा अनाज के उत्पादन में अधिक वृद्धि हुई चावल और गेंहू के उत्पादकता में भारी वृद्धि हुई।

बी.बी. मोहंती (2009) ने अपने शोध शीर्षक "Regional Disparity in agriculture development of Maharashtra" में पिछले तीन दशको में महाराष्ट्र में कृषि की विकास प्रक्रिया में क्षेत्रीय असमानता को जानने का प्रयास किया है। हालांकि विदर्भ की तुलना में मराठवाड़ा क्षेत्र में कृशि विकास में बेहतर सुधार हुआ है।

शोध अध्ययन की शोध प्रवधि के अंतर्गत :– शोध अध्ययन का क्षेत्र प्रकृति उद्देश्य, मान्यताऐं शोध अध्ययन की संपूर्ण योजना तथा रूपरेखा प्रस्तुत की गई है।

1. सैद्धान्तिक दृष्टिकोण :– यह अध्ययन कृषि विकास में विद्धमान असमानताओं को मात्रात्मक रूप से स्पष्ट करने की दृष्टि से महत्वपूर्ण है। जिसके आधार पर विभिन्न विकसित क्षेत्रों को चिन्हित किया गया है।

2. प्रायोगिक दृष्टि– यह अध्ययन नीति निर्धारण एवं कृषि के विकास के लिये एक अनुकूल व्यू रचना के निर्माण में सहायक है।

अध्ययन के उद्देश्य :– प्रस्तुत शोध अध्ययन की प्रकृति वर्णनात्मक अन्वेषणात्मक एवं व्याख्यात्मक तीनों ही प्रकार की धाराओं का संगम है। वस्तुतः शोध अध्ययन को मार्गदर्शी आधार प्रदान करने वाले उद्देश्य इस प्रकार है।

1. भारतीय कृषि में नई तकनीको की प्रगति में क्षेत्रोय विषमताओं को ज्ञात करना।

2. भारत के विभिन्न राज्यों में कृषि उत्पादकता में वृद्धि का तुलनात्मक अध्ययन करना।

3. अध्ययन से प्राप्त निष्कर्षो के आधार पर भारतीय कृषि के संतुलित विकास हेतु भावी नीतिगत सुझाव प्रस्तुत करना।

भारतीय कृषि में तकनीकी परिवर्तन एवं कृषि–उत्पादन – के अंतर्गत आर्थिक विकास एवं तकनीको परिवर्तन भारतीय अर्थव्यवस्था में कृषि का महत्व कृषि म तकनीकी परिवर्तन की कमिया, तकनीको परिवर्तन पर शोध की आवश्यकता संबंधी बातों को स्थान दिया गया है।

आर्थिक विकास और और प्रगति के लिये कृषि का विकास एक अनिवार्य शर्त है। रेग्नर नर्क्से का कथन है कि ''कृषि पर आधारित अतिरिक्त जनसंख्या को वहां से हटाकर नये आरंभ किये गये उद्योग में लगाया जाना चाहिए। इससे एक ओर कृषि उत्पादन वृद्धि होगी और दूसरी ओर अतिरिक्त श्रम शक्ति का उपयोग

करके नयी औद्योगिक ईकाइ की स्थापना की जा सकेगी।''

कृषि में तकनीकी परिवर्तन का तात्पर्य कृषको द्वारा उत्पादन में उस तकनीकी को अपनाना है जिसे अनुसंधान द्वारा विकसित किया गया हो एवं जिससे कृषको को उत्पादन विविधता के साथ–साथ पूर्व से अधिक उत्पादन प्राप्त होता है इस दृष्टि से सिंचाइ सुविधाओं, उन्नत किस्म के बीज, रासायनिक उर्वक, कीटनाशक रासायनों, उन्नत कृषि यंत्रों एवं उपकरणों के व्यापक उपयोग को कृषि उत्पादन में महत्वपूर्ण तकनीकी परिवर्तन माना जाता है।

आर्थिक विकास एवं तकनीकी परिवर्तन– आर्थिक नियोजन के प्रारंभिक वर्षों में कृषि उत्पादन में वृद्धि के लिये संस्थागत परिवर्तन भूमि सुधार, सिंचाई सुधार के विस्तार आदि पर विशेष ध्यान दिया गया है इसके अंतर्गत कृषि करने वाले काश्तकारो को कृषि की उन्नत तकनीकी की जानकारी दी गई तथा दश को खाद्यान में आत्मनिर्भरता प्राप्त करने एवं कृषि उत्पादन मे वृद्धि के लिये नई–नई तकनीकी सुझाव दिये गये। मृदा वैज्ञानिकों ने रासायनिक उर्वरको के उपयोग में वृद्धि का सुझाव दिया पौध विशेषज्ञों ने फसलों की उन्नत किस्मों को अपनाने की सलाह दी। परन्तु ये सभी सुझाव एकांकी थे और उसमें सामंजस्यता का अभाव था। 1966–67 में भारत में हरित क्रांति की शुरूआत हुई हरित क्रांति का अभिप्राय देश के सिंचित एवं असिंचित कृशि क्षेत्रों में अधिक उपज देने वाले बीजों के उपयोग से फसल उत्पादन में वृद्धि हुई।

निष्कर्ष :– भारतीय कृषि में तकनीकी परिवर्तन में शासकीय प्रोत्साहन एवं अनुदान के संबंध में कृषि विकास में अन्तराज्यीय विषमताओं को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करते है। परंतु वर्तमान आर्थिक सुधारों के संदर्भ में जहां कृषि विकास संबंधी अनुदान एवं कल्याण कार्यक्रमों में अच्छा प्रतिफल प्राप्त नहीं हो रहा है। अतः यह संभव है कि इससे अंर्तराज्यीय असंतुलन बढ़ जाये परिणामतः आय अर्जन एवं वितरण संबंधी विषमताओं में वृद्धि संभव हो सकती है।

अध्ययन से स्पष्ट है कि पिछड़े क्षेत्रों में ही अंर्तक्षेत्रीय विषमताऐं बढ़ रही है अतः इन क्षेत्रों में व्रहत स्तर पर बेहतर योजना की आवश्यकता है ताकि विभिन्न राज्यों के संसाधन, क्षमताऐं, आवश्यकताऐं, एवं समस्याऐं निर्धारित की जा सकें और संसाधनों तथा क्षमताओं का पूर्णतः उपयोग किया जा सकें। हमें एक ऐसी सशक्त कृषि विकास योजना की आवश्यकता है जिसका निर्माण व्यापक एवं संभावित रूप रेखा से प्राकृतिक एवं सामाजिक, आर्थिक आयामो को ध्यान में रखकर किया गया हो ऐसी ही योजना, कृषि विकास की दर मे अत्याधिक वृद्धि कर सकती है।

सुझाव :– कृषि से संबंधित नीतियों का उद्देश्य यह होना चाहिए की क्षेत्र विशेष में उपलब्ध सीमित प्राकृतिक संसाधनों एवं आधारभूत सुविधाओ का अनुकूलतम उपयाग हो।

भारतीय कृषि विकास के लिये कृषि संबंधी नीतियों में यह सुनिश्चित करना आवश्यक है कि विभिन्न नीतियों एवं योजनाओं में निवेश व निष्पादन के मध्य समन्वय में व्यवस्थित क्रमबद्धता हो।

संदर्भ ग्रंथ सूची

1. Tata services limited – statistical outline of India 2010-11, Bombay 9

2. Agro Economic Centre for Madhya Pradesh JNKVV Jabalpur "Economics of pulses production and identification of production"

3. Mohanty B.B. "Regional Disparity in Agricultural development of Maharashtra" Economics and political weekly (EPW) Page No.63-68, year Feb,7 2009

4. Agrawal AN and Singh S.P. "Economics of under development," oxford university press, Bombay 1973

5. Bajpai Brijesh K. "Regional disparities in agricultural productivity, an outcome of based infrastructure – A Study" Agriculture situation in India, Vol. No.39, Pg. No.79-82 year 1984

ISSN : 2394-3580 Swadeshi Research Foundation Vol. - 4 Dec. 2017
A Monthly Journal of Multidisciplinary Research (UGC APPROVED, Peer Reviewed & Refereed Research Journal)

भारतीय कृषि में आधुनिकीकरण के विभिन्न आयाम

डॉ. रामकृष्ण पटेल
सहायक प्राध्यापक, गोविन्दराम सेकसरिया अर्थ–वाणिज्य (स्वशासी) महाविद्यालय, जबलपुर

भारत गांवों का देश है तथा देश की दो–तिहाई से अधिक जनसंख्या गांवों में ही निवास करती है जिनकी जीविका का, यहां तक की देश की संपूर्ण ग्रामीण अर्थव्यवस्था का मूल आधार कृषि है, इसलिए कृषि का विकास किए बिना भारत के समग्र विकास की कल्पना नहीं की जा सकती। अतः स्वाधीनता के बाद भारत के रणनीतिकारों ने भारतीय राष्ट्र के पुनर्निमाण तथा देश के सर्वांगीण विकास के लिए जो रणनीति बनाई उसमें कृषि एवं ग्रामीण विकास को प्राथमिकता सूची में स्थान दिया।

स्वतंत्रता पश्चात् जब भारत सरकार द्वारा पंचवर्षीय योजनाएँ लागू की गई तब कृषि विकास की ओर प्रमुखता से ध्यान दिया गया। तदनुसार 1960–1970 के दशक में भारत में परम्परागत कृषि के स्थान पर आधुनिक तकनीकी आधारित कृषि का श्रीगणेश हुआ। कृषि विकास को गति प्रदान करने के उद्देश्य से कृषि क्षेत्र में आधुनिक तकनीकों, विधियों, उन्नत बीजों, रासायनिक उर्वरकों व कीटनाशकों के साथ ही साथ शक्ति चालित मशीनों व यंत्रों का उपयोग किया गया। इसके परिणामस्वरूप भारत में कृषि क्रांति का सूत्रपात हुआ। आरंभ में आधुनिक तकनीकी का प्रयोग कुछ जिलों में मार्गदशी परियोजना के रूप में किया गया। तत्पश्चात, अधिक उपजाऊ किस्म के उन्नत बीजों के कार्यक्रम को इसके साथ जोड़ दिया गया और इस विकास रणनीति का पूरे देश भर में विस्तार करने का लक्ष्य तय किया गया। यद्यपि इसे हरित क्रांति की संज्ञा दी गई तथापि इसे भारतीय कृषि का आधुनिकीकरण और यंत्रीकरण के नाम से अधिक प्रसिद्धि प्राप्त हुई।

कृषि आधुनिकीकरण के अंतर्गत कृषि विधियों में सुधार को दो रूपों में अपनाया जा सकता है– प्रथम, कृषि में आधुनिक रासायनिक उर्वरकों–कीटनाशकों और उच्च उत्पादकता वाले उन्नत किस्म के बीजो का उपयोग एवं द्वितीय, परंपरागत कृषि औजारों के स्थान पर शक्ति चालित आधुनिक कृषि यंत्रों, मशीनों आदि का उपयोग यथा– ट्रेक्टर, थ्रेसर, हार्वेस्टर, सिंचाई–पंपसेट, ट्यूबवेल एवं स्पिंकलर सिस्टम इत्यादि।

वस्तुतः कृषि आधुनिकीकरण के रूप में कृषि–यंत्रीकरण का अभिप्राय कृषि क्षेत्र में यांत्रिक शक्ति से परिचालित कृषि औजारों या मशीनों से है। जब कृषि कार्य करने हेतु ऐसी मशीनों या उपकरणों का उपयोग किया जाता है जो स्वचालित होती हैं अर्थात् डीजल, पेट्रोल या विद्युत शक्ति आदि से चलती हैं तो इसे कृषि यंत्रीकरण कहते हैं। यहाँ पर मूल बात मशीनों के प्रयोग के साथ यांत्रिक शक्ति (ऊर्जा) की सहायता लेने से है। यदि मशीन या उपकरण मानव या पशु शक्ति द्वारा चलाए जाते हैं, तो वास्तविक अर्थ में यह कृषि यंत्रीकरण नहीं कहा जा सकता, किंतु यदि मशीनें किसी ऊर्जा जैसे– डीजल, पेट्रोल या विद्युत शक्ति आदि से चलाई जाती हैं तो इसे कृषि यंत्रीकरण कहा जाता है।

भारतीय कृषि में तकनीकी परिवर्तन :– भारतीय कृषि में तकनीकी परिवर्तन का प्रथम चरण 1960 से प्रारंभ होता है, जब फोर्ड फाउन्डेशन के विशेषज्ञ दल के सुझावों के आधार पर भारत में चुने हए सात राज्यों के सात जिलों में गहन कृषि तकनीक कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। इस कार्यक्रम को गहन कृषि तकनीक कार्यक्रम IADP (Intensive Agriculture District Programme) के नाम से जाना जाता हैं। कार्यक्रम का विवरण निम्नानुसार है –

सारणी क्रमांक 1
आईएडीपी कार्यक्रम के अनुसार चयनित राज्य एवं निर्धारित फसलें

क्र.	जिले का नाम	राज्य	फसलें
1	थंजावुर	तमिलनाडू	चावल
2	पश्चिम गोदावरी	आंध्र प्रदेश	चावल
3	शहाबाद	बिहार	गेहूँ, चावल, चना
4	रायपुर	म.प्र. (अब छत्तीसगढ़)	चावल
5	अलीगढ़	उत्तर प्रदेश	बाजरा, मक्का, गेहूँ, मटर, जौ
6	लुधियाना	पंजाब	मक्का, कपास, गेहूँ, चना
7	पाली	राजस्थान	बाजरा, ज्वार, गेहूँ, जौ

Source:- http://www.gktoday.in/intensive-agriculture-development-program.

इस कार्यक्रम का उद्देश्य खाद्यान्न उत्पादन में वृद्धि करना और तीव्र आर्थिक विकास के लिए आधार तैयार करना था। यह कार्यक्रम चार सुधारों (फसलों की उन्नत किस्में, रासायनिक उर्वरकों के उपयोग में वृद्धि, उत्तम सिंचाई व्यवस्था और कृषि की उन्नत रीतियों) का एक समन्वित कार्यक्रम था। अतः इसे पैकेज प्रोग्राम कहा जाता है।

भारतीय कृषि में तकनीकी परिवर्तन इसमें निहित कुछ तत्वों के कारण महत्वपूर्ण हो जाता है एवं इनके विषय में संक्षिप्त जानकारी आवश्यक है जो निम्नानुसार प्रस्तुत की गई है –

(1) सिंचाई, (2) अधिक उपजाऊ किस्म, (3) रसायनिक उर्वरक, (4) कीटनाशक रसायन एवं (5) कृषि में यंत्रीकरण।

(1) सिंचाई :– कृषि तकनीक में सिंचाई महत्वपूर्ण घटक है। अधिक उपजाऊ किस्म के बीज एवं रासायनिक उर्वरकों के उपयोग से पर्याप्त जलपूर्ति द्वारा ही भूमि की उत्पादकता में वृद्धि की जा सकती है। अतः भारतीय आर्थिक नियोजन में सिंचाई क्षमता के विकास एवं उसके अनुकूलतम उपयोग को सर्वाधिक प्राथमिकता दी गई है।

कृषि उत्पादकता को प्रभावित करने वाले तत्वों में सिंचाई के साधनों का विशेष महत्व है। बी.डी. धवन के अनुसार 1983–84 में सिंचित भूमि पर उत्पादकता लगभग 22 क्विंटल प्रति फसल हैक्टेयर थी, जबकि असिंचित भूमि पर यह मात्र 9 क्विंटल प्रति फसल हेक्टेयर थी। इस प्रकार सिंचित और असिंचित भूमि की प्रति हैक्टर उत्पादकता में 13.3 क्विंटल का अन्तर था। बाद के एक अध्ययन में बी.डी. धवन ने अनुमान लगाया कि 1992–93 में सिंचित भूमि पर कृषि उत्पादकता असिंचित भूमि की तुलना में 2.3 गुना अधिक थी। इन तथ्यों से यह सिद्ध होता है कि सिंचाई सुविधाओं के प्रसार द्वारा कृषि उत्पादन और उत्पादकता में काफी वृद्धि की जा सकती है।

(2) अधिक उपजाऊ किस्म कार्यक्रम :– अधिक उपजाऊ किस्मों के विकसित होने से भारतीय कृषि तकनीक में नया अध्याय प्रारंभ हुआ है। इन किस्मों को संकर किस्म (भ्लइतपक टंतपमजपमे) या संकर बीज नाम से जाना जाता है। इन किस्मों की खोज भारत एवं विदेशों में किये गये सतत् वैज्ञानिक अनुसंधानों का परिणाम है। इसमें सर्वाधिक योगदान मैक्सिको की संस्था (International Center For Wheat and

Improvement) ने गेहूँ की उन्नत किस्मों एवं फिलीपीन्स की संस्था IRRT (International Rice Research Indtitute ने चावल की उन्नत किस्मों को विकसित करने में दिया।

(3) रासायनिक उर्वरक :– भारत में खाद्यान्न उत्पादनों की वृद्धि में रासायनिक उर्वरकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। भूमि पर निरन्तर कृषि करने से उसमें नाइट्रोजन व फास्फोरस की कमी हो जाती है। रसायनिक उर्वरकों के उपभोग से भूमि की उर्वरक शक्ति पुनः बढ़ जाती है। भारत में पूँजीवादी कृषि के विकास के साथ–साथ उर्वरकों के उपयोग में तेज वृद्धि हुई है। 1952–53 में भारत में उर्वरकों का उपयोग कम था। 1966 से नई कृषि तकनीकी को अपनाने से उर्वरकों के उपयोग में तेजी से वृद्धि हुई।

(4) कीटनाशक रसायन :– कीटनाशक एक रसायन है जिसका उपयोग फसलों को कीड़े–मकोड़े, इल्लियों, टिड्डियों एवं चूहां आदि से सुरक्षित रखने के लिए किया जाता है। राष्ट्रीय व्यवहारिक आर्थिक शोध परिषद् (छब्।म्त्) के एक अनुमान के अनुसार भारत के कुल खाद्यान्नों का 10 प्रतिशत भाग कीड़े–मकोड़े द्वारा खेत में ही तथा 10 प्रतिशत खाद्यान्न गोदामों में कीटों व चूहों द्वारा नष्ट किया जाता है। कीटनाशकों के माध्यम से फसलों की सुरक्षा संभव है।

(5) कृषि यंत्रीकरण :– भारतीय कृषि में तकनीकी परिवर्तन की सफलता में आधुनिक कृषि यंत्रों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। बीज–रसायन तकनीकी के अन्तर्गत् अधिक उपजाऊ किस्मों के बीज के साथ–साथ रसायनिक उर्वरकों, कीटनाशक रसायनों एवं सिंचाई साधनों के उपयोग से कृषि उत्पादकता में वृद्धि प्राप्त की गयी। कृषि उत्पादकता की इस वृद्धि में आधुनिक कृषि यंत्रों का भी योगदान रहा है। आधुनिक कृषि यंत्रों व उपकरणों जैसे – ट्रेक्टर, थ्रेसर, हार्वेस्टर, कम्बाईन, कल्टीवेयर, सीड–ड्रिल आदि के उपयोग से कृषि कार्यों को कम लागत, कम श्रम व कम समय में व्यवस्थित रूप से सम्पन्न किया जा सकता है। इससे समय, श्रम व धन की बचत होती है और कृषक वर्ष में दो या तीन फसल उत्पादित करने में सक्षम रहता है।

तकनीकी परिवर्तन के प्रभाव :– जनसंख्या वृद्धि के कारण खाद्यान्नों की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए, औद्योगिक विकास का आधार तैयार करने हेतु, कृषि अधीन क्षेत्र को बढ़ाने के लिए तथा गहन खेती करने के लिए कई तकनीकी कदम उठाये गये। कृषि अधीन क्षेत्र को बढ़ाने के लिए सिंचाई सुविधाओं के विकास कार्यक्रम बनाये गये। जहां तक गहन खेती का संबंध है, एक पैकेज कार्यक्रम के रूप में 1966 में देश के चुने हुए क्षेत्रों में नई कृषि तकनीकी लागू की गई। देश में अन्य क्षेत्रों में इस कार्यक्रम के प्रसार हेतु उच्च उत्पादकता वाले बीजों के उत्पादन कार्यक्रमों पर तथा उर्वरकों व कीटनाशक दवाइयों की आपूर्ति पर विशेष ध्यान दिया गया। इन प्रयासों के परिणामस्वरूप कृषि उत्पादन एवं उत्पादकता में काफी वृद्धि हुई।

भारतीय कृषि में तकनीकी परिवर्तन के परिणामस्वरूप चहुंमुखी प्रगति हुई है। नई तकनीकी अपनाने से प्रायः सभी फसलों की उत्पादकता में वृद्धि प्राप्त को गई है। नयी तकनीकी अपनाने से ही भारत खाद्यान्नों में आत्मनिर्भर हो गया है। तिलहन उत्पादन में हुई उल्लेखनीय वृद्धि से खाद्य तेलों का संकट भी कम हुआ है। अब कृषक वर्ष में दो या अधिक फसलें उत्पादित करने लगा है। नयी तकनीक के इन सभी लाभों के पश्चात् भी इसको कुछ कमियां हैं।

कृषि में तकनीकी परिवर्तन की कमियां :–

(1) उच्च संसाधन लागत :– कृषि की नयी तकनीक में कृषि साधन अधिक मंहगे होते हैं और इनमें विशेषकर रासायनिक उर्वरक, सिंचाई पंप एवं कीटनाशक आदि शामिल हैं। पर्याप्त वर्षा न होने पर ये और अधिक मंहगे हो जाते है। आधुनिक कृषि में बड़े कृषक इन कृषि साधनों का अधिक उपयोग करके अधिक प्रतिफल प्राप्त करते हैं परंतु लघु कृषकों को समस्याओं का सामना करना पड़ता है।

(2) ग्रामीण गरीबों को कम लाभ :– कृषि की नयी तकनीकी से ग्रामीण क्षेत्र के गरीब वर्ग के लोगों को बहुत कम लाभ प्राप्त हुआ है। नयी तकनीकी से लघु कृषकों, बटाईदारों एवं भूमिहीन कृषकों की आर्थिक स्थिति या तो अप्रभावित रही है या

पूर्व से दयनीय हो गयी है। इन वर्षों में कृषि साधनों की कीमतों में तीव्र वृद्धि हुई है। फलस्वरूप लघु कृषकों को पाप्त होने वाले वास्तविक प्रतिफलों में कमी आयी है। दूसरी ओर बड़े कृषकों द्वारा मुजारों (Tenant) को भूमि से बेदखल करना आदि कारणों से लघु कृषकों को भूमिहीन कृषकों को श्रेणी में आना पड़ रहा है। फ्रेंकल ने भी इस विचार का समर्थन किया है कि नयी तकनोकी से लघु कृषकों की स्थिति दयनीय हुई है।

(3) क्षेत्रीय असमानताओं में वृद्धि :– कृषि की नयी तकनीकी से क्षेत्रीय विषमताओं में वृद्धि हुई है। उदाहरण के लिए हरितक्रांति के पश्चात् हरियाणा के दक्षिणी क्षेत्र की तुलना में उत्तरी क्षेत्र का कृषि की दृष्टि से आर्थिक विकास तीव्र हुआ है। उत्तरी भाग में उन्नत कृषि यंत्रों का अधिक उपयोग होने से कृषकों की आय में तीव्र वृद्धि हुई है। अतः नई तकनीकी के उपयोग से क्षेत्रीय असमानताएँ बढ़ी हैं।

तकनीकी परिवर्तन एवं कृषि उत्पादन :– कृषि में तकनीकी परिवर्तन का तात्पर्य कृषकों द्वारा उत्पादन में उस तकनीकी को अपनाना है जिसे अनुसंधान द्वारा विकसित किया गया हो एवं जिससे कृषकों को उत्पादन विविधता के साथ–साथ पूर्व से अधिक उत्पादन एवं आर्थिक प्रतिफल प्राप्त होता है। इस दृष्टि से सिंचाई सुविधाओं, उन्नत किस्मों के बीज, रासायनिक उर्वरकों, कीटनाशक रसायनों, उन्नत कृषि यंत्रों एवं उपकरणों के व्यापक उपयोग को कृषि उत्पादन में महत्वपूर्ण तकनीकी परिवर्तन माना जाता है। ''कृषि उत्पादन में वृद्धि के लिए भूमि ही आधारभूत साधन है परन्तु यह सीमित मात्रा में उपलब्ध है।

कृषि के क्षेत्र में उत्पादन वृद्धि एवं खाद्यान्नों में आत्मनिर्भरता का लक्ष्य तकनीकी परिवर्तन की सफलता पर निर्भर करता है। तकनीकी परिवर्तन के माध्यम से वर्तमान लागतों से उत्पादन में वृद्धि की जा सकती है या लागतों को घटाकर उत्पादन का वर्तमान स्तर प्राप्त किया जा सकता है। कृषि क्षेत्र में भी नयी तकनीकी, प्रति इकाई लागतों में कमो करके उत्पादन का वर्तमान स्तर प्राप्त करने में योगदान दे सकती है। जीव रसायन तकनीकी एवं यांत्रिक तकनीकी ने कृषि साधनों की विद्यमान लागतों पर उत्पादन वृद्धि प्राप्त करने में सफलता प्राप्त की है। इससे आदान–प्रदान संबंधों में सुधार हुआ है।

भारतीय किसानों द्वारा इस्तेमाल किए जाने वाले औजार और उपकरण सामान्यतः पुराने तथा आदिकालीन हैं जबकि पश्चिमी देशों के किसान उन्नत तथा आधुनिक फार्म–मशीनरी का प्रयोग करते हैं। कृषि के यंत्रीकरण के फलस्वरूप, इन देशों में भी कृषि क्रान्ति हुई है, जिसकी तुलना 18वीं शताब्दी में हुई औद्योगिक क्रान्ति से की जा सकती है। कृषि के यंत्रीकरण के कारण उत्पादन में वृद्धि हुई और लागत में कमी। इसके अतिरिक्त कृषि मशीनरी द्वारा बंजर भूमियों को काश्त योग्य बनाया जा सका। इसलिए तो पश्चिमी देशों की समृद्धि का मुख्य कारण कृषि के यंत्रीकरण को ही समझा जा सकता है। सामान्यतः यह विश्वास सुदृढ़ हो गया कि कृषि के यंत्रीकरण के बिना प्रगतिशील कृषि संभव नहीं।

पश्चिमी देशों, विशेषकर संयुक्त राज्य अमेरिका और भूतपूर्व सोवियत संघ में जहां कृषि का विस्तृत रूप में यंत्रीकरण किया गया है, कृषि उत्पादन कई गुना बढ़ गया है। उदाहरणार्थ अमेरिका में 12 प्रतिशत जनसंख्या कृषि पर निर्भर है, परंतु कृषि उत्पादन इतना बढ़ चुका है कि संयुक्त राज्य अमेरिका अन्य देशों को भी कृषि–वस्तुओं का निर्यात करता है। चूँकि कृषि की मुख्य समस्या उत्पादन को बढ़ाना है, इसलिए कृषि के यंत्रीकरण की पुष्टि करना युक्तिसंगत ही है। परंतु प्रयोग की दृष्टि से भी, यंत्रीकरण के लिए काफी क्षेत्र उपलब्ध है। उदाहरणार्थ, ट्रैक्टरों द्वारा बड़े पैमाने पर जंगल साफ किये जा सकते हैं, व्यर्थ भूमि को पुनः काश्त योग्य बनाया जा सकता है और इसी प्रकार भू–रक्षण आदि में सहयाग प्राप्त हो सकता है। ट्रैक्टरों के अतिरिक्त, पंपिंग सेटों तथा नलकूपों के लिए काफी क्षेत्र विद्यमान है। इसी प्रकार तेल निकालने, गन्ने से रस प्राप्त करने आदि के लिए डीजल इंजन तथा बिजली से चलने वाली अन्य मशीनों का प्रयोग किया जा सकता है। भारत में कृषि कार्य के लिए ट्रैक्टरों, तेल–इंजनों, सिंचाई के पंपसेटों जो चाहे डीजल से चलाए जाएँ या बिजली से, का प्रयोग किया गया है। इसके अतिरिक्त ट्यूबवैल भी

अधिक मात्रा में लगाए गए हैं। इस प्रकार कृषि में पशुओं या मानव शक्ति का प्रतिस्थापन संचालन शक्ति द्वारा किया गया है जिससे प्रति हैक्टर कृषि–क्षेत्र उपभोग बढ़ा है।

सारणी क्रमांक 2 – भारत में कृषि यंत्रीकरण एवं कृषि क्षेत्र उपभोग

क्र.	साधन	1960.61	1970.71	1980.81	1992.93	2001.02	2009.10
1.	ट्रैक्टरः (कुल संचयी योग) (लाख)	0.31	1.0	4.7	18.0	24.2	35.10
2.	तेल इंजनः (कुल संचयी योग) (लाख)	2.30	15.6	29.0	52.0	71.6	90.34
3.	कुल कृषि क्षेत्र (लाख हैक्टेयर)	1528	1658	1750	1830	2015	2354

आरेख क्रमांक 1
भारत में कृषि यंत्रीकरण (संख्या लाख में)



आरेख क्रमांक 2
भारत में कृषि क्षेत्र उपभोग (लाख हेक्टेयर)



उपयुक्त सारणी एवं आरेखों में दिए गए आँकड़ों से पता चलता है कि कृषि यंत्रीकरण में काफी प्रगति हुई है। उदाहरणार्थ, ट्रैक्टरों की संख्या जो 1960–61 में केवल 0.3 लाख थी, बढ़कर 1980–81 में 4.7 लाख हो गई परंतु यह 1992–93 तक बढ़कर एकदम 18 लाख हो गई। इसी प्रकार तेल–इंजनों की संख्या जो 1961 में 2.3 लाख थी, बढ़कर 1992–93 में 52 लाख हो गई। बिजली चालित सिंचाई पंपसेटों व ट्यूबवैलों की मात्रा 1960–61 में 2 लाख से बढ़कर 1970–71 में 13.54 लाख और 1992–93 में एक दम बढ़कर 96.2 लाख हो गई। इसस कृषि के अधीन निश्चित सिंचाई प्राप्त क्षेत्र में काफी वृद्धि हुई है। इन सब यंत्रीकरण के साधनों के परिणामस्वरूप प्रति हजार हैक्टेयर कृषि–क्षेत्र के लिए संचालन शक्ति के उपभोग में महत्वपूर्ण वृद्धि हुई है।

यंत्रीकरण की इस प्रगति की समीक्षा के आधार पर निम्नलिखित निष्कर्ष प्राप्त होते हैं–

1. चाहे परम रूप में यंत्रीकरण का विकास बड़ा प्रभावी प्रतीत होता है, यह सापेक्ष रूप में इतना प्रभावशाली नहीं है, विशेषकर जब इसकी तुलना उन्नत देशों में यंत्रीकरण के साथ या भारतीय कृषि क्षेत्र के आकार के संदर्भ में की जाए।

2. जो यंत्रोकरण भारतीय कृषि क्षेत्र में हुआ भी है, वह मुख्यतः समृद्ध किसानों तक ही सीमित है। छोटे किसान जो भारतीय किसान जनसंख्या का मुख्य भाग है, यंत्रीकरण की प्रक्रिया से अछूते ही रहे हैं। यह बात निंदनीय है क्योंकि इसके परिणामस्वरूप किसान जनसंख्या में असमानता में वृद्धि हुई है।

यंत्रीकरण की प्रक्रिया का अभिप्राय उत्पादन की तकनीक में परिवर्तन से है अर्थात् यह श्रम–प्रधान रहने की अपेक्षा पूँजी प्रधान बन जाती है। भारतीय कृषि के विकास की वर्तमान अवस्था में जबकि बहुत अधिक मात्रा में बेरोजगार श्रम उपलब्ध है, यंत्रीकरण में जल्दबाजी करने से अवांछनीय आर्थिक विकृतियाँ और सामाजिक तनाव उत्पन्न हो जाते हैं किंतु इस संबंध में एक उल्लेखनीय अपवाद है– सिंचाई का विद्युतीकरण– न कि डीजलीकरण जो सबसे अधिक अभिनन्दनीय माना जाना चाहिए।

संदर्भ :–

- अजय वर्मा, श्रीकांत चितले, छत्तीसगढ़ में कृषि यंत्रीकरण, योजना मासिक पत्रिका, योजना भवन, नई दिल्ली, मार्च 2000
- V.T. Raju, "Impact of the new Agricultural Technology on Income Distribultion and Employment", National Publishing House, Year – 1982.
- A.R. Bigrami, "An Introduction to Agricultural Economics" Himalya Publishing House, Year - 1996
- B.D. Dhawan, "Indian Irrigation An Assessment" Economic and Political Weekly, Year - 7 May 1964.
- R.N. Ghosh, "Agriculture in Economic Development" Vikas Publishing House Pvt. Ltd. Year-1997.
- F.R. Frankel, "India's Green Revolution Economic Gain and Political Costs", Bombay, Year-1977.
- G.S. Bhalla "Changing Agrarian Structure in India", Meenakshi Prakashan Delhi, Year-1974.
- D.S. Sidhu and A.J. Singh, "Technological Changes in India in Agricultural Development since independence" by M.L. Dantwala, Year-1986.

ISSN : 2394-3580 Swadeshi Research Foundation Vol. - 4 Dec. 2017
A Monthly Journal of Multidisciplinary Research (UGC APPROVED, Peer Reviewed & Refereed Research Journal)

स्थानीय स्वशासन की अवधारणा

डॉ. अशोक नायक
सहायक प्राध्यापक, नवयुग कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय जबलपुर

स्थानीय स्वशासन अर्थात् ''प्रजातंत्र के प्राण।'' वर्तमान प्रजातंत्र के युग में स्थानीय स्वशासन के माध्यम से ही लोकतंत्र को सम्पूर्ण सफल किया जा सकता है। भारत में इसका महत्व प्राचीन काल से ही विद्यमान है। उच्चतम भारतीय आदर्शों का स्मरण कराती वैदिक कालीन अनेक उक्तियाँ हमें दृष्टव्य होती हैं। वैदिक काल में यह सर्वमान्य नियम प्रचलित था कि कुटुम्ब के लिए व्यक्ति स्वयं का बलिदान कर दे, ग्राम के लिए कुटुम्ब, जनपद के लिए ग्राम का एवं विश्वात्मा के लिए सम्पूर्ण पृथ्वी का, इस प्रकार हमारी ग्रामीण प्रथा सार्वभौमिक व दानयुक्त भावना को साथ लेकर अग्रसर हुई और शनैः–शनैः उसका विकास न्याय प्रक्रिया की एक इकाई के रूप में पंचायतों के गठन द्वारा हुआ। इन पंचायतों की वास्तविक व्यख्या करने से स्पष्ट हो जाता है कि हमारी संस्थाओं का रूपांतरण आबादी से युक्त नगरों में हो चुका है और वे ही इन नगरों में नगर निगम अथवा महानगर पालिका के रूप में विद्यमान हैं।

स्थानीय स्वशासन के महत्व तथा भूमिकाओं का उल्लेख केवल लोकतंत्र के प्रशिक्षण आधार के रूप में ही नहीं किया जा सकता, बल्कि आधुनिक इतिहास से ज्ञात होता है कि सुदृढ़ तथा सफल लोकतंत्र हेतु स्थानीय शासन की शक्ति विशेष महत्व रखती है। यहां लोकतंत्र का पहला सबक सिखाया जाता है। यहां पर लोग इसकी गतिविधियों में भाग लेकर अपने को शासित करना सीखते हैं। स्थानीय करों को चुका कर तथा इसके बेहतर उपयोग की अपेक्षा के माध्यम से जनता वित्तीय उत्तरदायित्व को भी निभाती है। इससे उनके अन्दर आदर्श एवं जिम्मेदार नागरिक बनने की प्रेरणा मिलती है। जनता स्थानीय इकाईयों पर अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु दबाव डालती है और इसकी असफलता पर अपनी बेबाक टिप्पणी करती है। साथ–साथ भ्रष्टाचार पर भी लोग अपनी पैनी नजर रखते हैं। सूचना का अधिकार इस दिशा में एक अच्छा विकल्प सिद्ध हो रहा है। इस तरह एक वास्तविक लोकतंत्र स्थानीय स्तर पर जनसहभागिता के बिना कार्य नहीं कर सकता।

आधुनिक काल में अत्यधिक केन्द्रित तथा जटिल शासन के प्रशासन में जनता तथा शासन में घनिष्टता अधिक नहीं है। स्थानीय शासन के माध्यम से लागों में शासन में संलग्नता की भावना आती हैं। लोकतंत्र के सफलता पूर्वक संचालन के लिए यह आवश्यक है कि राजनैतिक सत्य तथा उत्तरदायित्व को व्यापक बनाया जाय। अत्यधिक केन्द्रीकरण न केवल निरंकुशता को जन्म देता है बल्कि इसकी परिणति लालफीताशाही तथा प्रशासनिक अकुशलता के रूप में देखने को मिलती है। इस प्रकार प्रशासनिक कुशलता तथा अर्थ व्यवस्था के आधार पर भी स्थानीय शासन के अस्तित्व हेतु एक अनिवार्य राजनीतिक वांछनीयता दृष्टिगोचर होती है। यदि केवल केन्द्रीय सरकारे एवं राज्य सरकों सभी कार्य, रक्षा, आर्थिक विकास, मुद्रा स्फोति नियंत्रण स्वच्छता, संरक्षण और सफाई कार्य करें तो परिणाम, अव्यवस्था होगी।

स्थानीय सत्ताओं द्वारा कुछेक सेवाओं के प्रबंधन से उल्लेखनीय लाभ है। प्राथमिक शिक्षा, पार्क तथा पुस्तकालयों का प्रबंध, प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल, महामारियों की रोकथाम तथा नियंत्रण सड़क सफाई स्वच्छता, पेयजल आपूर्ति आर्दि कार्य जो, लोगों के दैनिक जीवन से सीधे संबंधित है, इन कार्यो को स्थानीय इकाईयां अधिक कुशलता से सम्पादित कर सकती हैं। केन्द्र सरकार की अपेक्षा स्थानीय इकाईयां अधिक सजग होती है क्योंकि वे अपने मतदाताओं के विश्वास को सतत् बनाये रखना चाहती है।

स्थानीय स्वशासन के माध्यम से लोकतांत्रिक विकेन्द्रीकरण का उद्देश्य सहभागी ढांचे के अंतर्गत सामाजिक, आर्थिक विकास की प्रक्रिया को ओर तेज गति प्रदान करता रहा है।

स्थानीय स्वशासन के अंतर्गत पंचायती राज के मुख्य उद्देश्य अग्रलिखित हैं।

1. शक्तियों का केन्द्र राज्य, राज्य से जिला, जिला से ब्लाक तथा ब्लाक से गांवों का विकेन्द्रकरण करना जिससे देश में एक व्यापक लोकतांत्रिक आधार प्रदान किया जा सके।
2. लोकतंत्र में जनसहभागिता को और अधिक प्रभावी बनाकर भविष्य के लिए देश में नेतृत्व के प्रशिक्षण का आधार प्रदान करना।
3. ग्रामीण लोगों को अपने मामलों में नियोजन व प्रशासन हेतु अवसर प्रदान करना।
4. गांव के लोगों में नियोजन चेतना जाग्रत करना जिससे स्थानीय आर्थिक तथा मानवीय संसाधनों का समुचित उपयोग किया जा सके।
5. लोगों में सामुदायिक भावना का बोध कराना, आत्म निर्भरता तथा लोगों में आत्म उपयोगी संस्कारों का विकास करना।
6. ग्रामीण मामलों/शहरी मामलों के प्रबंधन में समाज के पिछड़े समुदायों को भागीदारी का अवसर प्रदान करना।
7. ग्रामीण/शहरी तत्व को केन्द्रीय तथा राज्य विकास विभागों के समक्ष प्रस्तुत करना। 73 वें संवैधानिक संशोधन के तहत अब शहरी/ग्रामीण पंचायतों का कार्यक्षेत्र और अधिक विस्तृत कर दिया गया। अब ये संस्थायें विकास संबंधी कार्यकलापों के अतिरिक्त सामान्य प्रशासन में भी एक महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेगी। संक्षेप में इस प्रकार के बदलाव से निम्नलिखित लाभ होंगे :–

1. वर्तमान सेवा उपलब्धता का आंकलन,
2. क्रियान्वयन में आने वाली बाधाओं और अड़चनों की पहचान,
3. अवरोध तथा अड़चनों के निराकरण की परख,
4. सेवा लक्ष्यों का निर्धारण।

जन सहयोग, जनजाग्रति व जन सहभागिता जैसे महत्वपूर्ण पहलू पंचायती राज कार्यक्रमों के क्रियान्वयन में आने वाली समस्याओं के निराकरण में मद्द देंगे तथा साथ ही ग्रामीण/शहरी विकास के लाभों को जरूरमंद लोगों तक पहुंचाया जा सकेगा। विभिन्न योजनाओं के अध्ययन से स्पष्ट होता है कि जन सहयोग पर आधारित योजनायें अधिक स्थायी और प्रभावी रही है योजनाओं के गठन, क्रियान्वयन तथा इनकी प्रबंध में सहभागिता से विकास को अधिक सार्थक बनाया जा सकता है।

भारत में स्थानीय स्वाशासन की जड़ बहुत प्राचीन है। आज का स्थानीय शासन हमारे सम्मुख पुरातन समय से आया है। प्राचीन भारत में विभिन्न प्रकार की स्थानीय शासन संस्थायें थी। नगर स्तरीय, नगर पालिका सरकार तथा ग्राम स्तरीय, पंचायत दोनों ही प्राचीन संस्थायें हैं। ये संस्थायें उस समय के छोटे गणराज्यों के समान कार्य करती थीं। उनके अधिकारों की प्रकृति अधिक विस्तृत थी, जिनके अंतर्गत औद्योगिक, वाणिज्यिक, प्रशासनिक सामाजिक तथा यहां तक कि धार्मिक क्रियाकलाप भी आते थे।

भारतीय स्थानीय शासन की जड़े यद्यपि प्राचीन है, परन्तु उनकी वर्तमान संरचना पूर्व के ब्रिटिश शासन की देन है। भारत में इस रूप स्थानीय स्वशासन, जिसमें प्रतिनिधि संगठनों, जो कि मतदाताओं के प्रति उत्तरदायी हो, स्थानीय प्रशासन तथा करों के आरोपण के अधिकारों का प्रयोग करते हो, लोकतंत्र की प्रशिक्षण शालाओं के रूप में कार्य कर रहे हो, तथा जनता और प्रांतीय/केन्द्रीय सरकार के मध्य कड़ी के रूप में हो, ब्रिटेन की देन है। भारत में अंग्रेजों के आने से पूर्व स्थानीय शासन का प्रतिनिधि स्वरूप शायद ही था। अधिकांश इसमें शासकों द्वारा नामित व्यक्ति थे। अंग्रेजों ने भी प्रारम्भ में स्थानीय स्तर पर स्वशासन का पक्ष नहीं लिया था। परन्तू बाद में जब उन्हें महसूस हुआ कि स्थानीय स्तर पर लोगों को प्रतिनिधित्व देकर कर लगाना एवं उन्हें एकत्र करना अत्यधिक सरल होगा तब उन्होंने स्वशासन का पक्ष लिया। यही नहीं, नगर पालिका तथा पंचायत राज संस्थाओं की मूल संरचना का विकास ब्रिटिश काल में ही हुआ।

स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात् स्थानीय शासन की मूल संरचना न्यूनाधिक रूप से पूरे देश में एक समान रही है। इस कारण सभी राज्यों में ग्रामीण एवं नगर स्तरों पर स्थानीय शासन की पृथक संरचना देखने को मिलती है। ग्रामीण स्तर पर ग्राम पंचायत, मध्य स्तर तथा जनपद स्तरों पर पंचायती राज व्यवस्था थी। नगर स्तर पर बड़े शहरों में नगर निगम अथवा महानगर पालिकायें है। और उनके नीचे नगर पालिकायें, अधिसूचित

क्षेत्र तथा नगर क्षेत्र पाये जाते रहे है। इनके अतिरिक्त उन क्षेत्रों में, जहां सैनिक निवास करते हैं, छावनो बोर्डो की व्यवस्था है। जबलपुर में भी छावनी बोर्ड है।

समस्त भारत में स्थानीय स्वशासन की मूल संरचना एक समान होते हुए भी इसमें कार्यप्रणाली अंतर्गत अनेक प्रकार के अंतर रहे है। यह अंतर सामान्यतः इन आधारों पर रहे हैं –

- राज्यों में इस आधार पर अंतर रहे हैं कि उनके द्वारा स्थानीय शासन की कितनी इकाईयाँ अपनायी गयी हैं। इस प्रकार जहाँ अनेक राज्यें ने पंचायत राज की त्रि–स्तरीय व्यवस्था को अपनाया, वही अन्य राज्यों में द्वि–स्तरीय अथवा केवल एक ही स्तर रहा है। इसी प्रकार, जहाँ सभी राज्यों में नगर निगम तथा नगर पालिकायें पायो जाती रही है, किन्तु नगर शासन की अन्य इकाइयाँ जैसे अधिसूचित तथा नगर क्षेत्र केवल कुछ ही राज्यों में पायी जाती है।
- स्थानीय इकाईयों की शासकीय परिषदों के गठन की विधि भी अलग–अलग राज्यों में अलग–अलग रही है। यह अंतर प्रत्यक्ष रूप से निर्वाचित परिषदों से लेकर अप्रत्यक्ष रूप से निर्वाचित तथा मनोनीत संस्थाओं तक रहा है।
- स्थानीय परिषदों के कार्यकाल में भी अंतर पाया जाता है। जहाँ अधिकांश राज्यों में स्थानीय निकाय 5 वर्ष के लिए गठित किये जाते रहे है, वही अन्य राज्यों ने 4 अथवा 2 वर्ष के कार्यकाल को अधिक पसंद किया। अंत में, स्थानीय इकाईयों में उनके अधिकारों, उनके वित्तीय स्त्रोतों तथा राज्य नियंत्रण की सीमा में भी राज्य में अंतर मौजूद है। यह अंतर इसलिए रहा है क्योंकि 73 वें तथा 74 वें संविधान संशोधनों तक कोई ऐसा राष्ट्रीय कानून नहीं था, जो कि राज्यों पर बंधन लगा सके। अतः राज्यों ने अपनी परिस्थितियों एवं पूर्व इतिहास के आधार पर ऐसी व्यवस्था अपनायी, जो कि उसके लिए उपयुक्त थी।

सामान्यतः वित्तीय स्त्रोत आदि उस राज्य सरकार द्वारा निर्धारित किये जाते हैं जिनसे ये संबंधित हैं। समय–समय पर केन्द्र सरकार ने भी स्थानीय स्वशासन के संगठन और कार्य विधि में रूचि दिखायी। यही रूचि इसने स्थानीय शासन की तात्कालिक परिस्थिति का अध्ययन करने के लिए विभिनन समितियाँ अथवा अध्ययन दल गठित करके की है, जिन्होंने और अधिक सुधार के लिए अपनी सिफारिशें दी है। अभी तक केन्द्र सरकार की इन समितियों/अध्ययन दलों की सिफारिशें राज्यों पर बाध्यकारी नहीं रही है। इस बात का प्रत्यक्ष प्रमाण 1957 के बलवंतराय मेहता समिति के प्रतिवेदन से दिया जा सकता है जिसका कि उल्लेख अगले अध्याय में किया गया है, यह प्रतिवेदन केन्द्र सरकार द्वारा राज्यों को लागू करने के लिए भेजा गया था, परन्तु प्रत्येक राज्य ने इसको अपनी इच्छानुसार लागू किया। यह मानकर कि राज्यों को ऐसी सिफारिशें भेजने से कोई लाभ नहीं होता, इसी समस्या को ध्यान में लाते हुये 1992 में केन्द्र ने दो विस्तृत संवैधानिक संशोधन 73 वाँ पारित किया, जो कि ग्रामोण और नगर स्तरों पर स्थानीय शासन की संरचना के बारे में मार्गदर्शन प्रदान करते हैं। ये संशोधन राज्यों पर बाध्यकारी है, जो कि इनको लागू करने में अपनी स्वेच्छा का प्रयोग नहीं कर सकते हैं।

भारत में अभी तक स्थानीय इकाइयाँ बहुत प्रभावी नहीं रही है। केवल कुछ अपवादों को छोड़कर स्थानीय निकायों के निर्वाचन कभी भी समय पर नहीं हुये। इसके अतिरिक्त समय–समय पर वैधानिक रूप से निर्वाचित संस्थओं को अधिक्रमित अथवा विघटित कर दिया गया, अक्सर ऐसे आधारों पर जिन्हें वैधानिक कहना कम और राजनीतिक कहना अधिक उचित हागा। स्थानीय निकायों के पास आय के पर्याप्त स्त्रोत नहीं रहें। और अंत में, समय के साथ स्थानीय निकायों में लोगों की अरूचि बढ़ती गयी।

भारत में स्थानीय शासन को अब संवैधानिक मान्यता प्राप्त हो गई है। भारतीय संविधान में 73 वाँ संशोधन पंचायती राज व्यवस्था को न केवल मान्यता प्रदान करता है, बल्कि उसकी संरचना, निर्वाचन विधि, अधिकारों तथा वित्तीय स्त्रोतों की अभिवृद्धि का भी वर्णन करता है। यह संशोधन सभी राज्यों पर बाध्यकारी है ओर इसलिए सभी राज्यों ने उसे कार्यान्वित कर दिया है। इसी प्रकार भारतीय संविधान का 74 वाँ संशोधन जिसकी विस्तृत व्याख्या इस अध्ययन के अध्याय–चार में की गई है, नगरीय

शासन की संरचना, इसके गठन की विधि इसके अधिकार तथा राजस्व के स्त्रोतों की व्यवस्था करता है। इसे भी राज्यों ने तत्संबंधी कानून पास करके लागू कर दिया है।

भारत में स्थानीय शासन कठोर राज्य नियंत्रण में रहा है। 74वें संशोधन के पूर्व राज्य नियंत्रण की प्रकृति अत्यधिक विस्तृत थी। राज्य सरकार अपनी इच्छा से स्थानीय इकाइयों की स्थापना कर सकती थी और उन्हें समाप्त भी कर सकती थी। स्थानीय इकाईयों के अधिकारों का निर्धारण राज्य सरकार किया करती थी। वे अपने वित्तीय स्त्रोतों के लिए राज्य सरकार पर निर्भर थी। राज्य राज्य सरकार की जब इच्छा होती थी, स्थानीय निकायों के निर्वाचन करवाती थी। 74 वें संविधान के द्वारा स्थानीय शासन की मूल संरचना परिभाषित कर दी गयी है, उनके अधिकार स्पष्ट कर दिये ये है और उनके स्त्रोत बता दिये गये है परन्तु कोई भी राज्य सरकार अभी भी अपनी इच्छा से स्थानीय निकायों को विघटित कर सकती है, नियंत्रण मात्र इतना है कि विघटन की तिथि से 6 माह के अंदर ही नये निर्वाचन सम्पन्न कराने होंगे। इसे भी एक महत्वपूर्ण सुधार कहा जा सकता है फिर भी नगर निगम को अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है जिसे निम्नखित रूप में देखा जा सकता है।

आज नगरीय स्वशासन से संबंधित विभिन्न संस्थाओं को निम्नांकित कठिनाईयों या समस्याओं का सामना करना पड़ता है,

1. स्वशासन की स्थानीय संस्थाओं के प्रति जनता ने उदासीनता का दृष्टिकोण अपना लिया है। इसका प्रमुख कारण यह है कि जनता इन संस्थाओं में सेवा के प्रति समर्पण की भावना की कमी पाती है।
2. इन संस्थाओं में चुने हुए सदस्य सामान्यतः अपने व्यक्तिगत स्वार्थ या दलगत लाभ के कार्यो में लगे रहते हैं। इनमें से अधिकांश सदस्यों के लिए जनहित विशेष महत्व नहीं रखता। यही कारण है कि इन संस्थाओं के द्वारा अपने दायित्वों का निर्वाह ठीक प्रकार से नहीं हो पाता।
3. आम जनता का काफी बड़ा भाग अशिक्षा और अधिकारों के प्रति जागरूकता के अभाव में नगर की समस्याओं में किसी प्रकार की कोई रूचि नहीं ले पाता है। इस प्रकार नगर प्रशासन के सुधार कार्यो में सामान्य जनता की उदासीनता पाई जाती है।
4. स्थानीय स्वशासन से संबंधित संस्थाओं की वित्तीय स्थिति प्रायः संतोषजनक नहीं होती है। वित्तीय कठिनाइयों के कारण ये संस्थाएँ सार्वजनिक कार्यो के प्रति अपने दायित्वों का निर्वाह ठीक प्रकार से नहीं कर पाती हैं।

स्थानीय स्वशासन की नगरीय संस्थाएँ दलगत राजनीति में डूबी हुई हैं। कोई दल या समूह अच्छे से अच्छा काम करे तो भी विरोधी दल के लोग सहयोग देने के बजाए नकारात्मक रूख अपना लेते हैं, यदि स्थानीय संस्थाएँ सार्वजनिक हित में कोई नया कर आरोपित करनाया कर वृद्धि करना चाहे तो जनता की दृष्टि सहयोगात्मक नहीं होती। जनता सुविधाएँ सभी चाहती है, परन्तु नये करों का विरोध अवश्य करती हैं।

संदर्भ :–

- केडिया कुसुमलता, लोकल फाइनेंस इन एन इंडियन स्टेट, उप्पल प्रकाशन, नई दिल्ली, 1986
- बघेल, डी.एस., ''नगरीय समाज शास्त्र'', म.प्र. हिन्दी ग्रंथ अकादमी, भोपाल,
- सिंह अवधेश कुमार, ग्रामीण विकास में पंचायती राज, विकास परिचर्चा, अंक 3–4, जून–जुलाई 1994–95
- बर्थवाल सी.पी., स्थानीय स्वशासन, सुलभ प्रकाशन, लखनऊ

ISSN : 2394-3580 Swadeshi Research Foundation Vol. - 4 Dec. 2017
A Monthly Journal of Multidisciplinary Research (UGC APPROVED, Peer Reviewed & Refereed Research Journal)

The Basic Process of career decision making

Dr. Vineeta Pandey
Associate Professor, laxmi bai sahu ji collage Jabalpur

Introduction :- The basic process of decision making is possible to be analyzed in terms of three periods vi; fantasy, tentative, and realistic, ranging from age 10 to age21. These periods are differentiated by the way in which the individual "translates" his impulses and needs into an occupational choice. The changes take place during the maturation process along the lines of increasing realism with due consideration of reality factors, a more developed time perspective, and independence from adults.

If you delay the decision-making process you may find yourself:

- In a career that doesn't fit with your values, interests, personal attributes, and skills
- Completing a degree that you have no interest in
- Feeling your work lacks meaning or challenge
- Feeling caught between life and work values
- Thoughtful decision making paves the way to a satisfying career choice. The more focused you are, the less onerous the process will be. The decision-making process can be used for making many types of career-related choices, including:
- Which training/educational program to pursue
- which occupational field to enter
- which paid/volunteer experience would be most satisfying
- whether to change occupations and/or fields
- Whether to start a small business

Steps to career decision making :- The five steps to career decision making are :

- Create a vision
- Make an initial decision
- Set a goal
- Develop an action plan
- Take action

सिफारिश की, कि सरकार कम्पनियों के ठेके समाप्त कर स्वयं निर्माण–संचालन का कार्य करे। 1924 में राष्ट्रीयकरण शुरू हुआ तथा रेलवे बजट को सामान्य बजट से अलग किया गया है। 1930 से 1939 के अवसान काल में रेलों का विकास होगा। तथा रेलों के समक्ष आर्थिक संकट आ गया। 1930 में 'पेजबुड' समिति का गठन किया गया जिसमें रेलवे व्यवस्था को कुशल एवं मितव्ययी बनाने के लिये कई महत्वपूर्ण सुझाव दिये। जैसे – धन व रक्षित की पर्याप्त व्यवस्था, रेल पथ व सड़क यातायात में समन्वय स्थापित करना। द्वितीय पुनर्गठन तथा साधनों का मितव्ययता पूर्ण प्रयोग करना आदि।

1939–40 में रेलों की लंबाई बढ़कर 41 हजार 156 मील हो गई। पुनः द्वितीय युद्ध महाकाल में रेलों के विकास व नवीनीकरण कार्य अवरूद्ध हुआ। रेल सेवाओं की मांग बढ़ी, किन्तु उनकी पूर्ति घट गई। जिससे रेलों को अधिक आय अर्जित करने का मौका मिल गया। 1942 में बीबीसोआईआर व एसआईआरआर और बीएसआर सरकार के पूरे अधिपत्य में आ गई।

स्वतंत्रता के पश्चात् रेलवे की स्थिति एवं विकास –

स्वतंत्रता के उपरान्त रेल यातयात की समस्याओं तथा उसके विकास कार्यक्रमों की ओर पर्याप्त ध्यान दिया गया। द्वितीय महायुद्ध तथा उसके उपरान्त देश विभाजन से रेल व्यवस्था में अनेक कठिनाईयाँ उत्पन्न हो गई थीं। विभाजन से 7000 मील लम्बाई में लाईनें तथा भारी मात्रा में रेल सामग्री पाकिस्तान के हिस्से में चली गई। इस विभाजन से रेल व्यवस्था को आघात लगा और रेलवे में अनेक प्रकार की समस्याएँ उत्पन्न हो गई। रलवे की समस्याओं से संतोषप्रद समाधान खोजने में एवं कुशलता व मितव्ययता हेतु 1946 में ''के.सी.विनियोगी'' की अध्यक्षता में एक समिति को गठित किया गया, परंतु विभाजन के उपरान्त यह समिति 1948 में ''हृदयनाथ गुंजारू'' की अध्यक्षता में पुनर्गठित की गई। इस समिति ने रेलवे को पुनर्गठन कार्यक्षमता वृद्धि, वैज्ञानिक प्रबंधन व्यवस्था, विद्युतिकरण, अनुसंधान रेलवे द्वारा दिए गए अंशदान के स्थायीकरण, कर्मचारियों की दशा में सुधार संबन्धी अनेक महत्वपूर्ण सुझाव दिए। समिति ने रेलवे के पुनर्वर्गीकरण को 5 वर्श के लिए स्थगित करने का सुझाव दिया। सरकार ने सभी सुझाव स्वीकार किए परंतु पुनर्वर्गीकरण को स्वीकार करने का सुझाव अस्वीकार कर दिया गया।

भारत में प्रथम रेल 16 अप्रैल 1853 को 21 मील मार्ग पर मुम्बई से ठाणे तक चली थी। 15 अगस्त 1947 को यह मार्ग धीरे–धीरे बढ़कर 40524 मील हो गया। जिसमें से 6539 मील पाकिस्तान को शेष 33985 मील भारत को मिला। 1 अप्रैल 1951 प्रथम पंचवर्षीय योजना प्रारंभ की गई तब से अब तक 11 पंचवर्षीय योजना पूर्ण हो चुकी हैं तथा 3 वार्षिक योजनाएँ एक वर्ष की अवधि की एवं 12वीं पंचवर्षीय योजना के लगभग 3 वर्ष पूर्ण हो चुके हैं इस प्रकार इतने वर्षों के नियोजन कार्य में रेलों का काफी विकास हुआ है। इस काल में 7800 किलोमीटर नए रेल मार्ग बने तथा लगभग 13000 किलोमीटर रेल मार्ग को दोहरा किया गया।

स्वतंत्रता पश्चात् भारत में योजनाबद्ध विकास की नीति अपनाई गई। जिसमें रेलों के विकास के लिए योजना आयोग ने योजना तैयार की। देश के सर्वांगीण विकास के लिए रेलों का विकास करना अनिवार्य था। 1 अप्रैल 1951 को प्रथम पंचवर्षीय योजना प्रारंभ की गई। उस समय भारतीय रेल मार्ग की कुल लंबाई 53596 किलोमीटर थी जिसमें से 388 किलोमीटर लंब रेलमार्ग को विद्युतिकृत किया गया एवं रेलों के पास 8120 भाप इंजन, 17 डीजल इंजन, 72 विद्युत इंजन, 13022 यात्री डिब्बे, 460 बहुविद्युत इकाई कोच, 87 रेल कारें, 6059 अन्य वाहन तथा 205596 माल डिब्बे थे। उस समय तक रेलें प्रतिवर्ष लगभग 128 करोड़ योत्रियों तथा 9 कराड़ टन माल ढोती थीं। रमें 855 करोड़ रूपए की पूंजी लगी हुई थी।

संदर्भ ग्रंथ :–

1. रेलवे सेवा नियम एवं कानून संहिता, बाहरी ब्रदर्स 2013
2. Annual Reports and Accounts of Indian Railways 2008-2009.

3. गुप्ता आर. ''भारतीय रेलवे'' रमेश पब्लिशिंग हाउस.
4. वार्ष्णेय डॉ.जे.सी. ''भारत में परिवहन'' पुस्तक सदन ग्वालियर.
5. ''भारतीय रेल एक परिचय'' उपकार प्रकाशन.

अन्य संदर्भ :–

1. भारतीय रेलवे की वार्षिक सांख्यिकीय रिपोर्ट.
2. जबलपुर डिवीज़न की वार्षिक रिपोर्ट.
3. भारतीय रेल मासिक पत्रिका.
4. विविध समाचार पत्र–पत्रिकाएँ
5. भारतीय रेलवे वेबसाइट : www.wcr.indianrailways.gov.in
6. ''भारतीय रेलवे पोर्टल''

ISSN : 2394-3580 Swadeshi Research Foundation Vol. - 4 Dec. 2017
A Monthly Journal of Multidisciplinary Research (UGC APPROVED, Peer Reviewed & Refereed Research Journal)

भारतीय राजनीति में महिलाओं की भूमिका

डॉ. रंजना मिश्रा, पी.जी. कॉलेज, नरसिंहपुर
डॉ. अर्चना पाठक, हवाबाग कॉलेज, जबलपुर

प्रस्तावना :– भारतीय संविधान द्वारा महिलाओं को पुरूषों के समान राजनैतिक अधिकार, समानताएं और स्वतंत्रताएं प्रदान की गयी है। भारत के प्रत्येक स्त्री पुरूष की सकिय राजनीति में प्रवेश करने तथा देश की विधान निर्मात्री सभाओं का सदस्य बनकर नीति निर्माता के रूप में अपनी सेवाओं से देश को लाभान्वित करने की स्वतंत्रता है।

हमारे संवैधानिक विकास के कम में देश की आधी आबादी की भागीदारी केवल कुछ सम्पन्न वर्ग की महिलाओं अथवा राजवंशो की महिलाओं तक ही सीमित है। यदि किसी आम स्त्री ने अपने संवैधानिक अधिकारों का प्रयोग करते हुए सकिय राजनीति में कदम बढ़ाने का दु:साहस किया है तो उसे अवश्य अपने परिवार के किसी पुरूष के सहारे की बैसाखी को साथ में लेकर चलना पड़ा है।

आज भी सकिय राजनीति में तथा विधान मण्डलों में महिलाओं का प्रवेश उनकी स्वयं की इच्छा तथा निर्णय पर कम निर्भर करता है। उन्हें या तो उनके राजनीतिक व्यक्तित्व रखने वाले पिता या पति की मृत्यु के पश्चात् सहानुभूति के वोट बटोरने के लिए राजनीति में लाया जाता है। मध्यप्रदेश की राजनीति में महिलाओं की सकिय भागीदारी बांटने के उद्देश्य से पंचायती राज व्यवस्था में महिलाओं के लिये 33 प्रतिशत स्थान आरक्षित किए गये।

उसे पंचायत स्तर पर महिलाओं के राजनैतिक व्यक्तित्व के विकास का कारण नहीं बन पाई। अधिकांश पंच, सरपंच तथा जिला पंचायतो की पदाधिकारी बनी महिलाऐं घूंघट में रहकर अपने पति, पिता या पुत्र द्वारा लिये गये निर्णयों पर अंगूठा लगाती रही। देश एवं प्रदेश स्तर पर विधानमंडलो तथा संसद के चुनावों में महिलाओं की 33 प्रतिशत आरक्षण देने का मुद्दा आजकल बहुत चर्चा में है, परंतु महिलाओं की सामाजिक स्थिति में परिवर्तन के बिना तथा भारतीय समाज में स्त्रियों के संबंध में जो पारंपरिक मध्यकालीन विचारधारा व्याप्त है। उसमें परिवर्तन के बिना उन्हें आरक्षित करके भी सभा में उनकी स्वतंत्र तथा निष्पक्ष भागीदारी संभव नहीं है।

मध्यप्रदेश विधानसभा में महिला प्रतिनिधित्व का स्वरूप :– मध्यप्रदेश देश के हृद्य स्थल पर स्थित एक पिछड़ा राज्य है यहां की सामाजिक विचारधारा में नारियों को पुरूषों के समझ अधिकार प्रदान करने को बात स्वीकार नहीं है यद्यपि इस प्रदेश ने देश की राजनीति को रानी दुर्गावती व महारानी लक्ष्मीबाई से लेकर विमला वर्मा, उमा भारती, सुमित्रा महाजन तथा विजया राजे सिंधियां जैसी कुशल प्रशासक वीरांगनायें तथा राजनेता प्रदान की है। परंतु शिक्षा के निम्न स्तर तथा स्त्री साक्षरता के अत्यंत निम्न प्रतिशत होने के कारण यहां पर आम स्त्रियों की सामाजिक स्थिति बहुत अच्छी नहीं है। विशेषकर ग्रामीण स्त्रियां तो आज भी स्वतंत्रता समानता और अधिकार जैसे शब्दों से अपरिचित है। यही कारण है कि देश की स्वतंत्रता के पचास वर्ष तथा मध्यप्रदेश की स्थापना के 40 वर्ष बीत जाने के बाद भी महिला प्रतिनिधियों की संख्या में कोई उल्लेखनीय वृद्धि नहीं हुई है। मध्यप्रदेश की कुल जनसंख्या 6,61,81,170 (1991) है जिनमें से 3,19,13,877 महिलायं है अर्थात् मध्यप्रदेश में महिला पुरूष अनुपात प्रति हजार पुरूषों पर 932 महिलाओं का है। पुरूषों की अपेक्षा महिलाओं की कम संख्या होने का मुख्य कारण कन्याओं की हत्या तथा कुपोषण एवं उत्पीड़न व शोषण के कारण महिलाओं की अल्पायु में मृत्यु हो जाती है। यहां आज की आम परिवारों में कन्या के जन्म को अच्छा नहीं समझा जाता।

मध्यप्रदेश में साक्षरता की दर कुल 44.20 प्रतिशत है जिसमें से 58.42 प्रतिशत पुरूष साक्षर है तथा 28.85 प्रतिशत महिलाएं साक्षर है।

मध्यप्रदेश विधानसभा में महिलाओं के प्रतिनिधित्व का प्रतिशत सर्वाधिक 1957 के प्रथम आम चुनाव में रहा उस समय कुल विधान सभा सदस्यों का 10.7 प्रतिशत प्रतिनिधित्व महिलाओं के द्वारा किया गया। उसके पश्चात् कभी भी 10 प्रतिशत से अधिक महिलाएं चुनकर विधानसभा में नहीं गई। यद्यपि 1985 की भांति महिला विधायकों की संख्या 31 थी परंतु 1957 में कुल विधान सभा सीट 288 थी जो 1985 में बढ़कर 320 हो गई। अतः महिलाओं के प्रतिनिधित्व का प्रतिशत 9.1 प्रतिशत ही रहा है।

प्रदेश की स्वतंत्रता के पश्चात् स्त्रियों की शिक्षा में व्यापक प्रसार हुआ है तथा उससे स्त्रियों की साक्षरता के प्रतिशत में धीमी ही सही परंतु वृद्धि हुई है। स्त्रियों में जागरूकता बढ़ाने तथा उन्हें स्वावलंबी व शिक्षित करने की दिशा में व उनकी सामाजिक स्थिति में सुधार लाने के लिए सरकार द्वारा अनेक कानून व कल्याणकारी योजनाएं बनाई गई परंतु इन सबके बावजूद प्रदेश की सकिय राजनीति में महिलाओं की भागीदारी में उल्लेखनीय वृद्धि नहीं हुई।

विधानमंडल लोकतंत्र का आधार स्तंभ होता है। उसमें अपने प्रतिनिधित्व की पहचान बनाने तथा अपनी संख्या में वृद्धि करने में आज भी प्रदेश की आधी आबादी जागरूक उत्सुक तथा प्रयासरत नहीं दिखाई देती।

विधानसभा में महिलाओं के अल्प प्रतिनिधित्व के कारण :– देश की विकास कम पर यदि गौर किया जाये तो यह स्पष्ट परिलक्षित होता है कि प्रत्येक वह क्षेत्र जो कभी केवल पुरूष वर्चस्व का क्षेत्र माना जाता था वहां महिलाओं ने प्रवेश कर अपने कार्यो व उत्तरदायित्वों का सफलतापूर्वक निर्वाह कर अपनी कार्यक्षमता का लोहा मनवाया है, परंतु राजनीति के क्षेत्र में निर्णायक, सजग, कर्मठ और जागरूक महिला नेतृत्व अपवाद, स्वरूप ही है। लोकतांत्रिक संस्थाएं स्त्रियों की कार्यकुशलता क्षमता तथा धर्म के लाभ से क्यों वंचित है। विधानसभा में महिलाओं के प्रतिनिधित्व की वृद्धि के कार्य की प्रमुख बाधायें है। इन कारणों को मुख्य रूप से 5 भागों में बांटा जा सकता है –

1. मनोवैज्ञानिक कारण :–महिलाओं में बचपन से ही असुरक्षा एवं हीन भावना का विकास किया जाता है। इनके मन मस्तिष्क में यह बात बिठा दी जाती है कि बिना पुरूष के संरक्षण के वह कोई भी कार्य करने में असमर्थ है। उम्र बढ़ने के साथ–साथ महिलाओं में हीनता की भावना बढ़ती जाती है।

2. सामाजिक कारण :– भारतीय समाज एक परम्परावादी समाज है। यहां महिलाओं की स्वतंत्रता व समानता के अधिकारों की बाते तो बहुत होती है परंतु अधिकांश पुरूष एवं महिलाएं भी महिलाओं की परम्परावादी घरेलू छवि की ही अधिक पक्षधर होते है। यही कारण है कि सामाजिक दृष्टि से स्त्रियों के राजनैतिक जीवन में प्रवेश को बहुत अच्छा नहीं माना जाता इसलिए जब महिलाएं चुनाव में खड़ी होती है तो उन्हें मतदाताओं का यहां तक कि महिला मतदाताओं का भी वांछित समर्थन प्राप्त नहीं होता। लिंगभेद हमारी सामाजिक व्यवस्था का एक प्रमुख अंग है। परिवार में लड़की के साथ भेदभाव पूर्ण व्यवहार किया जाता है। यही कारण है कि राजनीति में महिलाओं का प्रवेश संयोगवश ही हुआ है कभी अपने नेता पति की मृत्यु के बाद या फिर किसी विशेष वर्ग या समुदाय की प्रतिनिधि होने के कारण यह निर्णय भी महिलाओं का अपना नहीं होता। इसलिए वे विधान सभाओं में पहुंचकर भी अपना स्वतंत्र व्यक्तित्व नहीं बना पाती।

3. आर्थिक कारण : महिलाओं में आर्थिक निर्भरता का अभाव रहता है। वे अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए अपने परिवार के पुरूषों पर निर्भर रहती है। यहां तक की जो महिलाएं कामकाजी है वे भी अपनी आय को व्यय करने में स्वतंत्र नहीं होती कुछ समय पहले तक के उत्तराधिकार से भी महिलाओं को वंचित रखा गया था। आज निर्वाचन में भाग लेना एक व्यय साध्य कार्य है सामान्य तौर पर विधायकों को चुनाव में जीतने के लिए 3 प्रकार के व्यय करने पड़ते है :–

अ. एक उम्मीदवार द्वार स्वयं व्यय किया गया धन।

ब. समर्थकों द्वारा व्यय किया गया धन।

स. उनके राजनैतिक दल द्वारा व्यय किया गया धन।

महिलाएं तीनों ही प्रकार के धन जुटानें में असमर्थ रहती है। स्वयं आर्थिक रूप से स्वावलंबी न होने के कारण वे अपना स्वयं का व्यय करने के लिए धन प्राप्त करने हेतु परिवार पर आश्रित होती है। महिलाओं का सार्वजनिक जीवन अधिक व्यापक नहीं होने के कारण उनके समर्थकों की संख्या भी कम होती है। जो समर्थक होते भी है उन्हें महिला उम्मीदवारों पर विश्वास नहीं होता यही कारण है कि मध्यप्रदेश की विधानसभा में अधिकांश महिला विधायक या तो राजवंश से संबंधित है या उच्च धनाड्य परिवारों से आम स्त्रियों के विधानसभा में प्रवेश अपवाद स्वरूप ही है।

4. राजनैतिक कारण :– वर्तमान स्त्री प्रतिनिध्यात्मक प्रजातंत्र में राजनैतिक दल निर्वाचन व्यवस्था की रीढ़ है। राजनीतिक दलों के समर्थन के अभाव में किसी भी प्रत्यासी का निर्वाचन में विजयी होना अत्यंत कठिन होता है महिला उम्मीदवार भी उसका अपवाद नहीं है। प्रायः हम देखते है कि हमारे समाज में राजनैतिक दल महिलाओं को अपना उम्मीदवार नहीं बनाते प्रत्येक राजनीतिक दलों के शीर्ष पदों पर प्रायः पुरूष विराजमान है, वे महिलाओं की सकिय राजनीति में सफलता को शंका की दृष्टि से देखते है। इसलिये वे महिलाओं को टिकट नहीं देते।

राजनीति में निरंतर बढ़ती जा रही हिंसा अपराधीकरण चरित्र हनन, वंशवाद, भ्रष्टाचार आदि के कारण भी आम शिक्षित तथा संभ्रान्त परिवारों की महिलायें सकिय राजनीति को अपना कार्यक्षेत्र बनाने में संकोच करती है।

5. शैक्षणिक कारण :– शिक्षा का सीधा संबंध जागरूकता से होता है। शिक्षा मनुष्य के अंदर स्वतंत्र निर्णय लेने का भाव तथा अपने अधिकारों के प्रति सजगता की भावना का विकास करती है। मध्यप्रदेश में महिलाओं की शैक्षणिक स्थिति बहुत दयनीय है। प्रदेश की लगभग 71 प्रतिशत महिलायें निरक्षर है। उन्हें संविधान द्वारा प्रदत्त अपने अधिकारों का कोई ज्ञान नहीं है उनका यह अज्ञान उन्हें पराधीन और आश्रित बनाता है। अपने ऊपर होने वाले अत्याचारों का शोषण व उत्पीड़न को वह अपनी नियति समझती है तथा उनके खिलाफ बनाये गये कानूनों का वैधानिक प्रावधानों से वह बेखबर रहती है। हिंसा, भ्रष्टाचार, अपराधीकरण और छल के दलदल में आकंठ डूबी राजनीति को वे अपना कार्यक्षेत्र नहीं बनाना चाहती।

मध्यप्रदेश की राजनीति में महिला प्रतिनिधित्व की संभावनाये यद्यपि वर्तमान समय में विधानसभा में महिलाओं का प्रतिनिधित्व अत्यंत कम है तथा सकिय राजनीति में उनके प्रवेश का कम अत्यंत मध्यम गति से आगे बढ़ रहा है परंतु इक्कीसवीं सदी के आने वाले वर्ष निश्चित रूप से स्त्रियों के चतुर्मुखी विकास का संदेश लेकर आयेंगे।

यदि पिछले विधानसभा चुनावों में महिला प्रत्याशियों की संख्या को देखा जाय तो उसमें निस्तर वृद्धि हो रही है। 1967 में कुल 19 महिलायें ही विधानसभा चुनाव के लिए खड़ी हुई थी। 1990 में उनकी संख्या बढ़कर 150 हो गई और 1993 के चुनाव में उनकी संख्या 167 हो गई। यह इस बात का प्रभाव है कि अब स्त्रियों की सकिय राजनीति में रूचि बढ़ रहो है और वे विधान निर्मात्री संस्थाओं में प्रवेशकर स्वयं देश के नीति निर्माण में सहयोग देना चाहती है।

स्वतंत्रता आंदोलन के पूर्व राजनीति में महिलाओं की भूमिका :– आज महिलाएं जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में पुरूषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चल रही हैं। कुछ क्षेत्र तो ऐसे है जिनमें महिलाओं की कामयाबी अलग से रेखांकित करने योग्य है कुछ लोग महिलाओं को इस 'सकियता' को आधुनिकता की देन मानते है, लेकिन इतिहास गवाह है कि महिलाओं ने हमेशा से ही प्रत्येक सामाजिक घटना में सकियता के साथ अपनी भागीदारी की है।

इतिहास के पन्ने पलटने पर पता चलता है कि भारत के स्वतंत्रता आन्दोलन में भी महिलाओं ने अपनी अहम भूमिका निभाई थी। सन् 1857 के स्वाधीनता संग्राम से लेकर 1942 की जनकान्ति और फिर आजादी मिलने तक महिलाओं का स्वाधीनता आंदोलन में अमूल्य व सकिय योगदान रहा है। महिलाओं ने न सिर्फ पुरूषों के साथ अपितु कई मोर्चो पर उन्होंने स्वयं अंग्रेजो से लोहा लिया और सीने पर गोलिया खायी, गुलामी के दौर में कस्तूरबा जैसी महिला भी थी जिसके

कारण मोहनदास करमचंद नामक बैरिस्टर 'गांधी' बने तो, लक्ष्मीबाई जैसी वीरांगना भी थी जिसने अकेले अपने बल पर अंग्रेजो को लोहे के चने चबवा दिए थे। महिलाओं ने तब हर मोर्चे पर अपने तरीके से अपना योगदान दिया और उन्होंने मार्चे पर सशस्त्र संघर्ष में भी हिस्सा लिया था।

अंग्रेजो से आजादी की लड़ाई कई मोर्चो पर लड़ी गयी थी एक ओर जहां सशस्त्र संघर्ष का सहारा लिया गया तो दूसरी ओर लड़ाई का मैदान राजनीति में थी। स्वाधीनता संग्राम का अर्थ राजनैतिक क्षेत्र में विदशी साम्राज्य से टक्कर लेना ही नहीं अपितु जनसाधारण को इस संग्राम के लिए प्रेरित करना भी था और इसी काम को अंजाम दिया था। उस दौर की महिला राजनीतिज्ञों ने अरूणा आसफ अली, सरोजनी नायडू, एनी बेसेंट, मैडम भीकाजी कामा, कमला नेहरू, विजय लक्ष्मी पंडित, सिस्टर निवोदिया, कस्तूरबा गांधी, सुचेता कृपलानी और कमला देवी चट्टोपाध्याय जैसे ढेरो नाम है, जिन्होंने स्वतंत्रता पूर्व की राजनीति में सकियता के साथ भाग लिया था। 18वीं सदी के अंतिम दशकों से और उसी समय से महिलाओं ने इस महायज्ञ में अपनी शिरकत शुरू कर दी थी। उस समय हमारा समाज रूढ़िवादी परम्पराओं से बंधा हुआ था और सामाजिक रीति–रिवाज के कारण महिलाओं की स्थिति दोयम दर्जे की थी। लेकिन फिर भी वे घर परिवार छोड़कर आगे आयी और त्याग व बलिदान के साथ उन्होंने आजादी की लड़ाई में अपना योगदान दिया। प्रारंभिक दौर में भारतीयों ने पोलीगर विद्रोह रानी चेन्नमा संघर्ष बुन्देला विद्रोह और संथाल में महिलाओं ने पूरी शिद्दत के साथ अपनी शिरकत दी। संथाल विद्रोह के समय क्षेत्र के स्थानीय अंग्रेज प्रशासक ने भारत सरकार के गृह सचिव को वस्तुस्थिति बताते हुये लिखा था कि ''यह पुनर्जागरण पृथ्वी के उच्छवास की तरह उत्पन्न हुआ कोई दूरदर्शी भी इसका पूर्वानुमान नहीं लगा सकता था क्योंकि यह एक अप्रत्याशित घटना थी।'' किरायों की अत्याधिक मांग राजस्व कर्मचारियों की कठोरता तथा रेलवे प्राधिकारियों द्वारा उनके वेतन का भुगतान न करने के कारण यह कटु रोष उत्पन्न हुआ था और इसलिए 1855 में संस्थालों ने विद्रोह कर दिया। केवल कमान और तीरो से शस्त्रयुक्त ये संथाल बन्दूको एवं तोपो का मुकाबला कर रहे थे।

इन सभी उपरोक्त विद्रोहो में हजारों की संख्या में महिलाओं ने भी भाग लिया। उस समय भीमाबाई ने कर्नल मालकम के साथ बड़ी वीरता के साथ युद्ध किया और उसे गुरिल्ला युद्ध में बुरी तरह पराजित किया। 1824 में पुनः किन्तूर की रानी चेन्नमा ने इस संग्राम का श्रीगणेश किया और ईस्ट इंडिया कंपनी की सशस्त्र सेना का बहादुरी के साथ मुकाबला किया। सन् 1857 कांति, वर्षो की छटपटाहट विस्फोट के रूप में हमारे सामने आई और उसने भारत में ईस्ट इंडिया कंपनी के पैर उखाड़ने और संवैधानिक तरीके से स्वतंत्रता का मार्ग प्रशस्त्र करने का बीड़ा उठाया।

1857 की कांति से पूर्व, 1757 की प्लासी की लड़ाई से लेकर 1856 तक जंगल महाल का विद्रोह संयासी विद्रोह, चुआड़, किन्टूर विद्रोह, बहाबी विद्रोह और संथाल विद्रोह आदि विद्रोह घटित हो चुके बैरकपुर के सैनिक तथा बहाबी विद्रोह में महिलाओं ने भाग नहीं लिया। परंतु इनके अतिरिक्त सभी विद्रोहों में महिलाओं ने नेतृत्व किया था।

संदर्भ :–

1. स्वतंत्रता आंदोलन का इतिहास, डॉ. शैलेन्द्र श्रीवास्तव, साहित्य निधि प्रकाशन, दिल्ली वर्ष 1994
2. भारतीय स्वाधीनता का इतिहास, निर्मल कुमार, समानांतर प्रकाशन, नई दिल्ली वष 1990
3. भारतीय शिक्षा और साक्षरता, राजेन्द्र मोहन भटनागर कल्याणी शिक्षा परिषद, दिल्ली, वर्ष 1998
4. भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन का इतिहास ताराचन्द्र प्रकाशन विभाग सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार नई दिल्ली, वर्ष 1969
5. शिक्षा में बदलाव का सवाल, अनिल सदगोपाल, ग्रंथ शिल्पी, दिल्ली वर्ष 2000
6. एक युग का अंत : इंदिरा गांधी, चन्द्रशेखर पंडित अनुवादक – वेणी माधव शर्मा, लोक भारती प्रकाशन, इलाहाबाद, वर्ष 1977

ISSN : 2394-3580 Swadeshi Research Foundation Vol. - 4 Dec. 2017
A Monthly Journal of Multidisciplinary Research (UGC APPROVED, Peer Reviewed & Refereed Research Journal)

भारतीय सीमेण्ट उद्योग

महेन्द्र कुमार रैना
अर्थशास्त्र विभाग शासकीय ठाकुर रणमत सिंह (स्वशासी) महाविद्यालय रीवा जिला–रीवा (म.प्र.)

भारतीय सीमेण्ट उद्योग देश के लगभग 21 राज्यों में फैला है। नवम्बर 2000 तक मध्यप्रदेश के विभाजन के पूर्व देश में सर्वाधिक सीमेण्ट उपकम मध्यप्रदेश में थे किन्तु विभाजन के उपरांत 10 सीमेण्ट उपकम ही मध्यप्रदेश में रह गये। वर्तमान में सीमेण्ट उपकमों की संख्या व उत्पादन क्षमता के विषय में देश का प्रथम सीमेण्ट उत्पादन राज्य आन्ध्रप्रदेश है।

देश में सीमेण्ट का उत्पादन सूखी, गीली व अर्द्ध शुष्क प्रकिया द्वारा होता हैं जिसमें कमशः 95 प्रतिशत सूखी का गीली 3 प्रतिशत तथा 2 प्रतिशत अर्द्ध सूखी का हिस्सा होता है। सीमेण्ट जगत में कुल 25 कम्पनियों के द्वारा स्थापित बड़े सीमेण्ट उपकमों में उत्पादन कार्य किया जा रहा है। सन् 2000–01 में सीमेण्ट उत्पादन में कमी दर्ज की गई तथा उसके बाद तीव्र गति से उत्पादन वृद्धि के नये आयामों को प्रतिस्थापित करते हुए भारतीय सीमेण्ट उद्योग विकास के पथ पर अग्रसर है। भारतीय सीमेण्ट उद्योग में प्रमुख सीमेण्ट उत्पादक समूहों में ए.सी.सी. समूह का प्रथम स्थान है, जिसकी उत्पादन क्षमता 18.23 मि. टन तथा उत्पादन 16.61 मि.टन. है, जो कि देश के कुल उत्पादन का 13.2 प्रतिशत है।

अन्य उत्पादक समूहों से संबंधित विवरण निम्न सारणी में प्रदर्शित है –

सारणी – 1

क.	समूह का नाम	उत्पादन क्षमता	उत्पादन	देश की कुल क्षमता	देश के कुल उत्पादन में भागीदारी (प्रतिशत में)
1.	जे.पी. सीमेण्ट लि.	05.60	05.43	03.73	4.3
2.	ए.सी.सी.	18.23	16.61	12.14	13.2
3.	एल.एण्ड टी.	17.00	12.92	11.32	10.3
4.	इण्डिया सीमेण्ट	08.81	06.51	05.8	5.2
5.	जे.के. ग्रुप	06.42	05.77	04.28	4.6
6.	बिरला लि.	04.78	05.02	03.18	4.0
7.	मद्रास सीमेण्ट	05.47	03.66	03.64	2.9
8.	गुजरात अम्बूजा	14.57	14.47	9.70	11.5
9.	जुआरी सीमेण्ट	03.40	02.53	02.26	2.0
10.	लफ्रेज	05.00	04.39	03.33	3.5
11.	सेन्चुरी टे.	05.90	06.07	03.93	4.8
12.	अन्य	40.35	29.04	27.21	23.7
13.	योग	150.14	125.56	100.00	100.00

Source : Cement Statistics C.M.A. Publication

देश की कुल सीमेण्ट उत्पादन क्षमता में प्रथम पांच समूह ए.सी.सी., एल.एण्ड.टी., ग्रासिम, अम्बूजा तथा इण्डिया सीमेण्ट का योगदान 72.72 मि. टन अर्थात् 48.5 प्रतिशत है तथा उत्पादन में 63.65 मि.टन. अर्थात् 50.7 प्रतिशत है। गत वर्षो सन् 2015 व 2016 में इनकी उत्पादन क्षमता में भागीदारी कमशः 496 व 48 प्रतिशत थी। विश्व के सीमेण्ट उत्पादक देशों में सीमेण्ट उत्पादन क्षमता व उत्पादन के क्षेत्र में चीन के पश्चात् भारत का नाम आता है, किन्त् सीमेण्ट उत्पादन लागत के मामले में भारत प्रथम स्थान पर है, क्योंकि यहां सीमेण्ट उत्पादन लागत 1200–1400

रूपये प्रति टन है। देश में प्रति व्यक्ति सीमेण्ट का उपभोग विश्व स्तर से कम है, किन्तु न्यूनतम उत्पादन लागत व विकास की अपार संभावनाओं को दृष्टिगत रखते हुये यह कहा जा सकता है कि, आगामी कुछ वर्षो में यह अंतर खत्म हो जाएगा।

म.प्र. की औद्योगिक स्थिति व प्राकृतिक खनिज सम्पदाएं सीमेण्ट उद्योग हेतु अनुकूल पर्यावरण का निर्माण करती है। चूंकि सीमेण्ट उत्पादन में चूना पत्थर सर्वाधिक मात्रा में प्रयुक्त होने वाला भारयुक्त खनिज है, जिसका परिवहन अत्याधिक व्यय साध्य है किन्तु यह प्रकृति का वरदान ही है कि मध्यप्रदेश में चूना पत्थर की खदानें रेल लाइन के निकट है, जिससे आवश्यक कच्चे माल व सीमेण्ट का परिवहन सरल हो जाता है। इसके साथ–साथ मध्यप्रदेश का देश के मध्य में स्थित होने का एक लाभ यह भी है कि महानगरों एवं औद्योगिक नगरों में जहां सीमेण्ट के लिए बड़े बाजार से रेल व सड़क मार्ग द्वारा सीधे संपर्क में है।

भारतीय आधारभूत उद्योगों के समूह में सीमेण्ट उद्योग का स्थान लौह एवं इस्पात उद्योग के उपरांत दूसरे स्थान पर आता है। भारतीय सीमेण्ट उद्योग प्रथम विश्व युद्ध (1914–18) के बाद ही विकास के पथ पर अग्रसर हुआ। प्रथम महायुद्ध के पूर्व सीमेण्ट का उत्पादन मात्र 1000 टन था जो युद्धोपरांत बढ़कर 84000 टन हो गया। तदुपरांत कुछ वर्षो के पश्चात् सीमेण्ट उद्योग पर संकट के बादल गहराने लगे, क्योंकि देश के अंदर एवं बाहर दोनों जगह से कड़ी प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ा। इस दौर का सामना करने के लिए सन् 1938 में भारतीय सीमेण्ट उत्पादक संघ (ए.सी.सी.) का गठन किया गया जिसके प्रमुख उद्देश्यों में निम्न का समावेश किया गया। सीमेण्ट उद्योग की विदेशी प्रतिस्पर्धा से रक्षा करना, सीमेण्ट के उत्पादन एवं मूल्यों को नियंत्रित सीमेण्ट 1.5 लाख टन आयातित की गई वहीं 1940 में घटकर यह 21000 टन तक सीमित रह गई तथा कुछ वर्षो बाद भारत आत्मनिर्भर हो सीमेण्ट निर्यातक देशों की श्रेणी में शामिल हो गया।

भारत द्वारा 1970 से श्रीलंका, बांग्लादेश एवं पश्चिमी एशिया के कुछ देशों को सीमेण्ट निर्यात किया जा रहा है, जो विदेशी मुद्रा आय वृद्धि में सहायक है। 1978 में देश में सीमेण्ट की कमी को दृष्टिगत रखते हुये निर्यात प्रतिबंधित कर दिया गया और स्थिति सुधरने पर 1981 से पुनः निर्यात प्रारंभ कर दिया गया। भारत द्वारा विगत वर्षो में विभिन्न देशों को निर्यात की गई सीमेण्ट की स्थिति निम्न सारणी के माध्यम से प्रदर्शित है –

सारणी – 2

सीमेण्ट निर्यात विवरण (2011–2016)
(मात्रा Mnt. में)

वर्ष	2011 –12	1212– 13	2013– 14	2014– 15	2015 –16
मात्रा	3.12	4.112	4.14	4.19	6.13

भारतीय अर्थव्यवस्था में सरकार को राजस्व देने में सीमेण्ट उद्योग तृतीय स्थान पर है जिससे केन्द्र सरकार को लगभग 3500 करोड़ से भी अधिक राशि उत्पाद शुल्क के रूप में तथा 3200 करोड़ से अधिक राशि विकय कर के रूप में राज्य सरकारें प्राप्त करती है। इसके अतिरिक्त 1500 करोड़ के करीब अधिकार शुल्क, चुंगी के रूप में राजस्व सरकार को प्राप्त होता है। अतः केन्द्र व राज्य सरकारें कुल मिलाकर 83050 करोड़ रूपये राजस्व के रूप में विभिन्न मदों में संग्रहित करती है। भूमंडलीकरण के दौर में आर्थिक उदारीकरण के अंतर्गत सन् 2015 तक लगभग 100000 मिलियन से अधिक निवेश, सीमेण्ट उद्योग जगत् में हुआ था जो बढ़कर वर्तमान में लगभग 150000 मिलियन से अधिक हो चुका है।

अतः सीमेण्ट उद्योग के विकास की दर व निवेश की मात्रा को देखकर यह कहना उचित होगा कि भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ सीमेण्ट उद्योग है क्योंकि एक ओर जहां स्वयं विकास के नित नवीन आयामों को प्रतिस्थापित कर सरकारी राजस्व की वृद्धि में सहायक है वहीं, दूसरी ओर

सीमेण्ट निर्माण से आवश्यक खनिज पदार्थो के उद्योग विकसित करने में भी पीछे नहीं है।

भारतीय सीमेण्ट उद्योग की दशा एवं दिशा :– भारतीय आधारभूत उद्योगों में सीमेण्ट उद्योग का स्थान लौह–इस्पात उद्योग के पश्चात् द्वितीय स्थान पर आता है। सीमेण्ट उद्योग की दशा व दिशा का वर्णन निम्न दो चरणों में किया जा रहा है :–

1. योजनाकाल के पूर्व (1914 से 1950)
2. योजनाकाल के दौरान (1951 से वर्तमान तक)

योजनाकाल के पूर्व –

भारतवर्ष में सीमेण्ट निर्माण हेतु सर्वप्रथम सन् 1904 में **South India Industrial Ltd.** की स्थापना द्वारा सीमेण्ट निर्माण हेतु प्रयास किया गया, किन्तु देश में सीमेण्ट निर्माण का सपना पूरा न हो सका। इस तरह प्रथम विश्व युद्ध से पूर्व तक भारत में सोमेण्ट उत्पादन संभव न हो पाने के कारण आवश्यकता की पूर्ति हेतु सीमेण्ट का आयात 1.08 लाख टन किया जाता रहा परंतु महायुद्ध के प्रारंभ होने से आयात संभव न हो सका। यह एक प्रकार से भारत के हित में ही रहा। सन् 1913–16 के मध्य तीन सीमेण्ट कारखानों की स्थापना गई जो कमशः निम्नानुसार है : इण्डियन सीमेण्ट कंपनी, गुजरात पोरबंदर में टाटा एण्ट संस के प्रबंधन में कटनी सीमेण्ट उद्योग, कटनी सीमेण्ट उद्योग, कटनी में खटाई के प्रबंधन में बूंदी राजस्थान लखेरी में, किलिक निक्सन के प्रबंधन में। इस तरह 1914 में इण्डियन सीमेण्ट कंपनी लि.की स्थापना के साथ ही भारतीय सीमेण्ट उद्योग द्वारा उत्पादन में कामयामी हासिल कर नये युग की शुरूआत हुई। 1918 में प्रथम विश्वयुद्ध की समाप्ति पर उक्त तीनों सीमेण्ट कम्पनियों में सीमेण्ट उत्पादन 85,000 टन तक जा पहुंचा।

युद्धोपरांत 1919–1924 के मध्य गुजरात, म.प्र. बिहार में जहां तीन नई इकाईयों की स्थापना की गई वहीं पुरानी तीनों इकाइयों का विस्तार भी किया गया। फलस्वरूप 1924 में सीमेण्ट की उत्पादन क्षमता बढ़कर 5,59,000 टन हो गई, वहीं सस्ती दर सीमेण्ट का आयात बदस्तूर जारी रहा। देश में सीमेण्ट की मांग में कमी तथा उपभोक्ताओं की देशी सीमेण्ट के प्रति उदासीनता के कारण उत्पादकों को सीमेण्ट लागत से कम दाम पर विकय करने के लिये मजबूर होना पड़ा जिससे भारतीय सीमेण्ट उद्योग गंभीर संकमण काल से गुजरने लगा।

सन् 1947 में स्वतंत्रता के पूर्व सीमेण्ट उद्योग की संख्या 24 थी परंतु स्वतंत्रता व विभाजन के पश्चात् 06 कारखाने पाकिस्तान चले जाने से शेष 10 रह गये जिनकी उत्पादन क्षमता 19.5 लाख टन थी जबकि वास्तविक उत्पादन 14. 5 लाख टन अर्थात् 75 प्रतिशत ही था। सन्1948 में पुनः ए.सी.सी. समूह व डालमिया जैन समूह में सन् 1938 की तरह आंतरिक प्रतिस्पर्धा शुरू हो गई। भारत में भारत काल के पूर्व सीमेण्ट उद्योग की प्रगति को निम्न सारणी द्वारा दर्शाया जा रहा है –

सारणी – 3

वर्ष	कारखानों की संख्या	(उत्पादन लाख टन में)
1914	01	0.1
1924	09	2.4
1937	11	17.0
1947	17	14.7
1950	22	27

स्रोत – भारत का आर्थिक सर्वेक्षण

योजनाकाल के दौरान सीमेण्ट उद्योग की प्रगति :– भारत में पंचवर्षीय योजनाओं में सीमेण्ट उद्योग विकास के पथ पर निरन्तर अग्रसर हुआ इसलिये सीमेण्ट उद्योग के विकास की आधारशिला पंचवर्षीय योजनाओं को माना जाता है। देश में सन्1951 में सीमेण्ट उद्योग की संख्या 23 थी जिनकी उत्पादन क्षमता 33.3 लाख टन थी तथा 1983 में संख्या बढ़कर 66 हो गई और उत्पादन क्षमता 350 लाख टन हो गई। दसवीं पंचवर्षीय योजना में सन् 2005 तक उपकमों की संख्या 128 तथा उत्पादन क्षमता 151.159 लाख टन हो गई। केन्द्र सरकार द्वारा सीमेण्ट उद्योग को बढ़ाया देने 18 जनवरी 1965 को भारतीय सीमेण्ट निगम स्थापित किया गया।

पंचवर्षीय योजनाओं में सीमेण्ट उद्योग की प्रगतिविवरण निम्न सारणी के माध्यम से प्रस्तुत है।

सारणी – 4
नियोजन काल में सीमेण्ट उद्योग की स्थिति (मात्रा मि.टन में)

सन्	योजना काल	उत्पादन क्षमता	उत्पादन
1950–1951	पूर्व	3.28	2.20
1955–1956	I	5.02	4.60
1960–1961	II	9.30	7.97
1965–1966	III	12.0	10.97
1973–1974	IV	19.76	14.66
1978–1979	V	22.58	19.42
1984–1985	VI	42.00	30.13
1989–1990	VII	61.31	45.42
1996–1997	VIII	105.26	76.22
2001–2002	IX	145.99	106.90
2030–2004	X	157.48	123.50
2004–2005	XI	166.74	132.58
2005–2006	XII	170.51	140.14
2006–2007	XIII	171.89	160.00
2007–2008	XIV	179.56	165.11
2009–2010	XV	182.24	178.00
2009–2010	XVI	189.37	179.67
2010–2011	XVII	192.74	183.92
2011–2012	XVIII	195.59	189.45

Source : Quarterly Journal C.M.A.publication

संदर्भ :

1. भारतीय अर्थव्यवस्था– सोलहवां संस्करण हिमालया प्रकाशन
2. गुप्ता आर.सी. – उद्योगों का संगठन एवं प्रबंध
3. सिन्हा व्ही.सी. – औद्योगिक अर्थशास्त्र
4. कुल श्रेष्ठ डॉ. आर.एस. – औद्योगिक अर्थशास्त्र, 2000
5. योजना मासिक पत्रिका, योजना भवन नई दिल्ली।

ISSN : 2394-3580 Swadeshi Research Foundation Vol. - 4 Dec. 2017
A Monthly Journal of Multidisciplinary Research (UGC APPROVED, Peer Reviewed & Refereed Research Journal)

भारत की दल व्यवस्था में जातीयता की भूमिका

डॉ.गुलराना परवीन
एम.ए., एम फिल, पी–एच.डी. (राजनीति विज्ञान)
नचिकेता इंस्ट्टीयूट इन्फारमेशन एंड मैनेजमेंट एंड टेक्नॉलाजी, जबलपुर

प्रस्तावना : गांधी जी राय के अनुसार – जातीवाद या जातीयता अंग्रेजी के कॉस्टमाइज का हिन्दी अनुवाद है। जातिवाद ने प्रारंभ से ही भारतीय राजनीति में ऐतिहासिक भूमिका निभाई है। इसने कभी राजनीति के प्रवाह को अपनी ओर मोड़ा है तो कभी स्वयं में समस्या बनकर राष्ट्रीय एकता के मार्ग में बाधा डाली है। यदि जातिवादी और क्षेत्रवादी प्रवृत्ति भारतीय राजनीति से समाप्त हो जाए तो निश्चित रूप से राजनीति भ्रष्टाचार एवं संकीर्णता को बड़े पैमाने पर दूर किया जा सकता है। जातिवादी र्प्रवत्तियों ने भारतीय संस्कृति और एकता को भी प्रभावित किया है। इधर हाल के वर्षों में जातिवादी दंगों ने सामाजिक सौहार्द की भावना को समाप्त कर दिया है। [96]

भारतीय राजनीति में जातीय आधार काफी मजबूत है। हालांकि आधुनिक जनतंत्रीय राजनीति में जातीयता का कोई स्थान नहीं होना चाहिए, परंतु भारतीय परिवेश में इसे शक्तिशाली राजनीतिक तत्व का दर्जा हासिल है। आमतौर पर लोग अपनी जाति और संप्रदाय से संबंधित व्यक्ति पर भरोसा करते है। इसका प्रमुख कारण यह है कि यदि राजनेताओं के चरित्र और राजनीतक निष्ठा पर ध्यान दिया जाये तो शायद कम ही लोग इस कसौटी पर खरे उतरेंगे। इसलिए आम व्यक्ति अपनी ही जाति के उम्मीदवार को वोट देना ज्यादा उचित समझते है।

भारतीय समाज की सरंचना जातीय व्यवस्था पर आधारित है। जिसे राजनीतिक उद्देश्यों की पूर्ती के लिए इस्तेमाल किया जाता है। परंतु समानता और आजादी के उच्च लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए जाति बंधन का त्याग जरूरी है। इस उद्देश्य को शिक्षा के प्रसार के द्वारा प्राप्त किया जा सकता है। भारत में जातियता एक पूर्ण व्यवस्था के रूप में विकसित हुई है। इसका आधार काफी मजबूत है। विशेषकर समाज में कार्य के बंटवारे के कारण भी इस प्रथा को बहुत बल मिला है। लोहार, बढ़ई, बुनकर आदि अपने व्यवसायों के कारण समाज में अपनी एक पहचान रखते है। उनका व्यवसाय यदि उन्हें समाज में स्थान दिलाने में सहायक है तो दूसरी ओर वह उनकी आर्थिक आवश्यकताओं का पोषक भी है।

जाति और उपजातियों के संबंध में आपस में इस प्रकार जुड़े हुए हैं कि उन्हें राजनीतिक स्तर पर अलग करके नहीं देखा जा सकता। परन्तु विभिन्न जातियों ने राजनीति को प्रभावित अवश्य किया है। इसके कई उदाहरण देखने को मिलते हैं। राजस्थान, पंजाब और हरियाण में जाट समुदाय के लोगों ने अपने समुदाय के लोगों को वोट देकर उन्हें सकीय राजनीति में स्थान दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। जातियता के कारण उत्तर प्रदेश में ब्राम्हण, राजपूत, कायस्थ और हरिजन समाज के राजनीतिक स्तर में काफी परिवर्तन आया है। विशेषकर हरिजन और पिछड़ी जातियों ने राजनीतिक क्षेत्र में अपनी प्रतिबद्धता का परिचय दिया है। बहुजन समाज पार्टी ने अन्य राजनीतिक दलों की तुलना में बहुत कम समय में अनुसूचित जातियों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित करने में सफलता प्राप्त की है। जिसका परिणाम यह हुआ कि आज वह एक सशक्त राजनीतिक दल के रूप में यूपी, उत्तरांचल, पंजाब, हरियाणा और मध्यप्रदेश में अपनी उपस्थिति दर्ज कराने में कामयाब हुई है। शायद इन्हीं कारणों से रजनी कोठारी जैसे राजनीतिक विद्वान जाति को भारतीय राजनीति का महत्वपूर्ण अंग समझते हैं। डॉ. नालिनी रेवडीकर, डॉ. गोविंद प्रसाद शर्मा, डॉ. सीमा सोनी का विचार है कि–

संविधान ने यद्यपि धर्म एवं जाति निरपेक्ष राजनीतिक व्यवस्था कायम की है। यद्यपि देश के

[96] गांधी जी राय भारतीय शासन प्रणाली पृष्ठ 332

राजनीतिक, सामाजिक जीवन का कोई ऐसा क्षेत्र नहीं है, जो जातिवाद से प्रभावित न हो।

जातीय व्यवस्था को अस्वीकार तो नहीं किया जा सकता परंतु भारतीय परिवेश में राजनीतिक संस्कृति द्वारा इसकी एक दिशा अवश्य ही निर्धारित की जा सकती है। जिसका उद्देश्य भारतीयता की भावना को प्रोत्साहित करना हो सकता है। स्थानीय जन की आर्थिक समस्याओं के निवारण के लिए भी उनमें जागरूकता पैदा करना जरूरी ह। आपसी सहयोग और सोहर्दपूर्ण वातावरण में ही किसी समस्या को हल किया जा सकता है। जातियता के आधार पर समस्याओं को हल करने से समाज के अन्य वर्गों में अशांति और अविश्वास फैलता है। वर्तमान परिस्थितियों में समाज का स्वरूप काफी बदल गया है। विभिन्न धर्म और जातियों के लोग साथ–साथ रहते हैं, जिनकी आर्थिक समस्याएं करीब करीब एक सी होती है। अतः सबको साथ लेकर चलना जरूरी है। जाति, और धर्म के भेद को समाप्त करना संभव नहीं है, परंतु प्रत्येक नागरिक को यह ज्ञात होना चाहिए, कि राष्ट्रीयता का महत्व भी कुछ कम नहीं ह।[97]

रोनाल्ड सीगल ने जातिवाद पर लिखा है कि,

भारत के राजनैतिक दलों ने विभिन्न जातियों के मध्य पाई जाने वाली प्रतिस्पर्धा का बड़ा ही गलत लाभ उठाया है, जाति एवं राजनैतिक दल एक दूसरे पर अधिक निर्भर होते जा रहें हैं। जातियों के मध्य यह भावना उत्पन्न हो गई है कि यदि उनकी जाति ने राजनैतिक महत्व को अपने संगठन के कारण प्राप्त कर लिया तो उनकी राजनैतिक पहुंच बढ़ जाएगी और राजनीति, शैक्षणिक, व्यावसायिक तथा आर्थिक लाभों को प्राप्ति संभव हो जाएगी। [98]

जातियता और क्षेत्रीयता दोनों एक दूसरे की पूरक है, जातियता का प्रमुख कारण वर्ण भेद है। फिर उपजातियों के भद ने इस समस्या को और गहरा कर दिया है।

प्रोफेसर रजनी कोठारी के मत की विवेचना करते हुए प्रो. नंदलाल कहते हैं,

राजनीतिक प्रकिया का लक्ष्य सामाजिक व्यवस्था में विद्यमान ढांचों का चातुर्य के साथ प्रयोग करना होता है। जिससे कि समाज के विभिन्न वर्गों के समर्थन के माध्यम से शक्ति को सुनियोजित किया जा सके। जाति तथा भारतीय राजनीति के मध्य सुस्पष्ट संबंध का कारण यह बताया जाता है कि भारतीय सामाजिक व्यवस्था में जाति संगठनात्मक ढांचे की सर्व प्रमुख इकाई है, जिसमें व्यक्ति स्वेच्छानुसार रहना चाहता है, ऐसी स्थिति में राजनीति के पास मात्र एक विकल्प यह बचा रहता है कि वह इसी इकाई के माध्यम से अपने लक्ष्यों की पूर्ती का प्रयास करें। [99]

प्रोफेसर रजनी कोठारी के विचारों से सहमत होने के बाद भी प्रश्न यह उठता है कि यदि राजनीति के द्वारा जातियता के रास्ते पर चलकर ही राजनीतिक उद्देश्यों को प्राप्त किया जा सकता है। परंतु इसका अर्थ यह नहीं हो सकता कि जाति विशेष के हितों को ही महत्व दिया जाए। विशेष कर राजनीतिक दल जाति प्रेम में फंसकर अल्पसंख्यक वर्ग की समस्याओं को नजर अंदाज कर जाते हैं। जिस प्रकार भारत की सभी जातियां आर्थिक और सामाजिक स्तर पर प्रगति करना चाहती है, उसी प्रकार अन्य अल्प संख्यक वर्गों की जातियां भी प्रगति पथ पर अग्रसर होना चाहती है। यदि यह कहा जाए कि जातिवाद को राजनीतिक दलों ने सांप्रदायिकता का द्योतक बना दिया है तो शायद गलत न होगा। यदि राजनीतिक दल के लिए जातिवाद एक वैकल्पिक व्यवस्था है। तो अन्य अल्प संख्यक वर्गों में जहां जाति व्यवस्था नहीं है, उन तक पहुंचने के लिए राजनीतिक दलों के पास कौन सा रास्ता है? रंगनाथ मिश्रा कमीशन, और जस्टिस राजेन्द्र सच्चर, कमेटी की रिपोर्ट द्वारा राजनीतिक दलों के सामने अल्पसंख्यक समुदाय की आर्थिक और सामाजिक स्थिति का पूरा विवरण प्रस्तुत कर दिया गया है। इसके बाद सांप्रदायिक दलों के विरोध का कारण क्या है? क्या राजनीतिक दलों का यह नैतिक कर्तव्य नहीं है कि वह देश और समाज के प्रत्येक नागरिक के विषय में विचार

[97] डॉ.नलिनी रेवड़ीकर, डॉ. गोविन्द प्रसाद शर्मा, डॉ.सीमा सोनी भारतीय शासन एवं राजनीत पृष्ठ 163
[98] एचएस वार्डिया, आधुनिक भारत में सामाजक समस्याएं पृष्ठ 185
[99] नंदलाल राजनीत विज्ञान पृष्ठ 514

करें? नैतिकता और मानवता ही राजनीति का आधार न होने के कारण ही देश में सांप्रदायिकता को बल मिला है। जिससे कानूनी व्यवस्था भी प्रभावित हो रही है। देश की उन्नति और प्रगति में इस मानसिकता का त्याग जरूरी है।

संदर्भ ग्रंथ :

[1] गांधी जी राय भारतीय शासन प्रणाली पृष्ठ 332
[2] डॉ.नलिनी रेवड़ीकर, डॉ. गोविन्द प्रसाद शर्मा, डॉ.सीमा सोनी भारतीय शासन एवं राजनीत पृष्ठ 163
[3] एचएस वार्डिया, आधुनिक भारत में सामाजक समस्याएं पृष्ठ 185
[4] नंदलाल राजनीत विज्ञान पृष्ठ 514

ISSN : 2394-3580 Swadeshi Research Foundation Vol. - 4 Dec. 2017
A Monthly Journal of Multidisciplinary Research (UGC APPROVED, Peer Reviewed & Refereed Research Journal)

''श्रीभार्गवराघवीयम् एवं भार्गवीयम् महाकाव्य आधुनिक काव्य जगत का दर्पण ''

डॉ. कोमल प्रसाद झारिया
एम.ए.,एम.फिल., पी.एच.डी. (संस्कृत साहित्य)
रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर (म0प्र0)

भूमिका : श्रीभार्गवराघवीयम् एवं भार्गवीयम् महाकाव्य महाकवि जगद्गुरू स्वामि रामभद्राचार्य एवं डॉ. मिथिला प्रसाद त्रिपाठी द्वारा विरचित इक्कीसवीं शताब्दी के प्रारम्भिक काल मं उत्कृष्ट कथा के आधार पर प्रणीत महाकाव्य हैं। 21वीं शती की अरूणोदय बेला मं रचित संस्कृत साहित्याकाश का एक ऐसा दैदीप्यमान महाकाव्य रूपी सूर्य हैं, जिनकी प्रखर रश्मियों की चकाचौंध के समक्ष अद्यतन सम्पूर्ण संस्कृत काव्य जगद् धूमिल सा प्रतीक हो रहा है। ये दोनों रचनाकार धन्य हैं, जिन्होंने अपनी काव्य संरचना द्वारा भारत की चित्तभूमि को उर्वरक बनाया, इसी कम में श्रीभार्गवराघवीयम् एंव भार्गवीयम् महाकाव्य संस्कृत साहित्य के अमर ग्रन्थ के रूप मे हैं और भारत वर्श की जो साधना, अराधना और सकल्प है, इन्हीं का इतिहास इन दोनों विशालकाय काव्य प्रासादों के भीतर चिरकालिक सिंहासन पर विराजमान हैं। अतःइन महाकाव्यों का संक्षिप्त परिचय संम्भवतः दृश्टव्य है.

''तद् गुणौः कर्णामागत्य चापलाय प्रचोदितः।।'' रघु. महा. ।।

शोध पत्रः संस्कृत साहित्य की सुदीर्घ परम्परा में श्रीभार्गवराघवीयम, संस्कृत महाकाव्य का विशिष्ट स्थान है। 21वीं शताब्दी की प्रभात बेला में उदित होने वाले इस महाकाव्य में तेजस्विता, गम्भीरता तथा अद्वितीयता जैसे लोकोत्तर गुण स्वतः विद्वमान हैं। जगद्गुरू स्वामि राभद्राचार्य जी के कर्त्रृत्व में गुणों की व्यापकता, भावों की गूढ़ता एवं नवीनता, भाषा की प्रसन्नता एवं गम्भीरता, आचार्योचित मर्यादा, शास्त्रीय चिन्तन की प्रचुरता तथा सिद्धांत दृव्यवहार की समवेत चिन्तनधारा विलक्षणताएं पदे.पदे परिलक्षित होती हैं। अतः श्रीभार्गवराघवीयम् संस्कृत महाकाव्य इस श्रृंखला की एक महत्वपर्ण कडी है। यहाँ भाव पक्ष और कला पक्ष में सामांजस्य है। पद, वाक्य प्रबंधार्थ, गुण, अलंकार, रस आदि के रहते अनेक व्याकरणिक एवं लोकाचारगत् औचित्यपरक उपादानों का गुम्फन जहाँ एक ओर श्रीभार्गवराघवीयम् का वैशिष्ट्य निर्देशित कर रहा है वहीं दूसरी ओर एक सारस्वत साधक एवं महाकवि की शब्द ब्रह्मउपासना का भी पर्याप्त परिचय करा रहा हैं। महाकवि का वैदुश्य अत्यन्त व्यापक है। आपने जीवन की विविध उच्चावच स्थितियों एवं विषम परिस्थितियों का स्वयं अनुभव किया है। यही कारण है कि श्रीभार्गवराघवीयम् महाकाव्य में पदे–पदे वेद,दर्शन, व्याकरण, ज्योतिश, काव्यशास्त्र, अलंकार शास्त्र, छन्दशास्त्र नाट्यशास्त्र राजनीति, नीति एवं पुराणेतिहासादि का अगाध पाण्डित्य परिलक्षित होता है। श्री भार्गव-कृतराघवस्तवनम् एवं श्रीराधव परिणयः नामक 21सर्गों में निबंद्ध श्रीभार्गवराघवीयम् महाकाव्य में भार्गव और राघव अर्थात् श्री परशुराम और श्री राम से संबंद्ध संपूर्ण इतिवृत्त को महाकवि ने अपने जिस आध्यात्मिक दृमौलिक चिन्तन एवं विलक्षण प्रतिभा के द्वारा अत्यन्त नूतन आयाम दिया है, निःसंदेह वह संस्कृत जगत् के लिए सर्वथा नवीन मौलिक एवं मील का पत्थर है। महाकाव्य के प्रत्येक सर्ग मे 101 श्लोक हैं, सर्गान्त में महाकवि ने सर्गों की संख्या की गणना के लिए ज्योतिशीय अंकविद्या का आश्रय लिया हैं श्रीभार्गवराघवीयम् में महाकाव्य के संपूर्ण लक्षणों का आद्यान्त निर्वहण किया गया है। तथा कथा वैशिष्ट की दृष्टि से भी महाकाव्य की महत्ता स्वमेव सिद्ध है। इस महाकाव्य में नायक राम की महत्ता सम्पूर्ण काव्य में आद्यान्त निर्वहण किया गया है। यहाँ सहनायक परशुराम के नायकत्व के उत्कर्ष को लांघने में सर्वथा असमर्थ रहें हैं, किन्तु अन्त में श्रीपरशुराम जी का सम्पूर्ण तेज श्रीराम जी में समाहित हो जाता हैं तथा वे राम की स्तुति करते हुए महेद्र पर्वत की ओर चले जाते

हैं। रस निधान की दृष्टि से महाकवि ने श्रीभार्गवराघवीयम्, का अंगीरस वीर रस स्वीकारा है। महाकवि ने श्रृंगार रस का प्रयोग शास्त्रीय एवं सामाजिक रसानुभूति को उपयोगिता की दृष्टि से किया है। अर्थात्, लगभग 33 पारम्परिक एवं नवीन छन्दों का प्रयोग करके न केवल मूर्धन्य कवियों की अग्रिम पंक्ति में अपने को स्थापित किया है अपितु संस्कृत काव्यशास्त्र में एक नवीन मानक भी सुस्थिर किया है तथा संस्कृत साहित्य के अन्य कवियों की भाँति महाकवि ने अपने काव्य में लगभग सभी अलंकारों का प्रयोग किया है, तथापि कवि को अनुप्रास अत्यन्त प्रिय है। उनकी इस अनुप्रासप्रियता का दर्शन प्रायः प्रत्येक सर्ग में किंव पदे–पदे पारिलक्षित होता है। इस महाकाव्य में आद्योपान्त प्रकृति का व्यापक चित्रण मिलता है। प्रकृति के अनेक मनोरम रूपों उपवन, वन, पर्वत, सर, सरिता ,सागर, ऋतु, काल, दिन, रात्री आदि का विषद् एवं मनोहारी वर्णन महाकाव्य में सहज सुलभ है। महाकवि ने श्रीभार्गवराघवीयम् महाकाव्य में विविध सामाजिक दृश्यों, स्थितियों दृपरिस्थितियों तथा मानवीय मनोभावों को झकझोर देने वाली सूक्तियों का पदे–पदे प्रयोग अर्थान्तरन्यासों के माध्यम से करने क अत्यंत सफल प्रयास किया है। महाकवि जगद्गुरू स्वामी रामभद्राचार्य जी श्रीभार्गवराघवीयम् संस्कृत महाकाव्य की रचना करते हुए लिखते हैं–

''रामौ गायन् स्मरन रामौ रामभद्राचाह्वयो मुदा।
क्षपयिश्ये कलिं राममहाकाव्यापदेषतः ।।''श्रीभार्गवरा.1/10।।

अर्थात् मै स्वामि रामभद्राचार्य इन राम अर्थात् श्रीपरशुराम एवं प्रभु श्रीराम के चरित्रों से संबंध भार्गवराघवीयम् महाकाव्य की रचना के बहाने भगवान् श्री परशुराम एवं भगवान् श्री राम को गाता हुआ तथा उन्हीं दोनों अंश एवं अंशी श्री परशुराम एवं भगवान् श्रीराम का स्मरण करता हुआ खेल–खेल में प्रसन्नता पूर्वक कलि अर्थात् कलियुग से उत्पन्न दोषों एवं उनकी विडम्बनाओं को नष्ट कर लूँगा। अर्थात् श्रीभार्गवराघवीयम् महाकाव्य की रचना करके मैं कलिकाल की विभीषिकाओं से युक्त हो लूँगा। इस प्रकार यह श्रीभार्गवराघवीयम् संस्कृत महाकाव्य कुल 2121 श्लोकों से युक्त आधुनिक युग का एक बृहद् महाकाव्य है। डॉ. मिथिला प्रसाद त्रिपाठी द्वारा रचित भार्गवीयम् महाकाव्य भी 21वीं शताब्दी के महाकाव्यों में से एक बहुत ही महत्वपूर्ण महाकाव्य है जिसका अवलोकन करके और अनुकरण करके तथा इसका ज्ञान प्राप्त कर विद्वान् लोग अपने आप धन्य समझते हैं। अतः भार्गवीयम् महाकाव्य सम्पूर्ण भारत वासियों के लिए हितग्राही बन गया है, क्योंकि भारत वर्ष ऋषियों–मुनियों का जन्म स्थल है और इन्हीं ऋषि–मुनियां से सम्बंधित सम्पूर्ण भृगुवंशी ऋषियों का विस्तार से बड़ा ही मनोहर चित्रण प्रस्तुत किया गया है अतः यहाँ कि भूमि अत्यन्त पवित्र और पुण्य है। अर्थाथ् निःसंदेह भार्गवीयम् महाकाव्य में डॉ. त्रिपाठी जी ने एक महान् लक्ष्य प्राप्त करने का महत्वपूर्ण प्रयास किया है, और उसमें उन्हें सफलता भी प्राप्त हुई है, क्योंकि इस महाकाव्य की रचना का विषय कोई साधारण विशय नही है, बल्कि इसमें भृगुवंश जैसे श्रेष्ठ वंश का एवं इस वंश में उत्पन्न भगवान् परशुराम जी के सम्पूर्ण चरित्र का वर्णन किया गया है। अतः अत्यन्त संयम अथवा अत्यधिक काव्य कौशल द्वारा ही इस कविता को हास्यास्पद अथवा अनाकर्शक बनने से बचाया जा सकता है। इसलिए इस रचना में डॉ. मिथिला प्रसाद त्रिपाठी जी के महान् गुण सबसे स्पष्ट रूप में देखने को मिलते हैं। भार्गवीयम् महाकाव्य भी 32 सर्गों में निबद्ध हैदृ डॉ. मिथिला प्रसाद त्रिपाठी जी ने महाकाव्य के रचना के विषय में स्वयं लिखते हैं।

''स्मृत्वा मुहुर्भृगुकुलं प्रभवानुवृत्तम्

मोहाच्च संरचयिंतुं सममून्मनीशा।

यास्यामि काञ्चिदुपहासगतिं विचिन्त्य

नत्वा गुरून् विरचयामि च भार्गवीयम्।।''

भार्गवीयम् 1/6।।

अर्थाथ् भृगुकुल की उत्पत्ति कथा को बार.बार स्मरण करके मोहवश अपनी बुद्धि से रचना करने हेतु किस उपहास गति को प्राप्त होऊँगा ऐसा विचार कर गुरूओं को नमस्कार करके भार्गवीयम् की रचना करता हूँ। अतः इस महाकाव्य में कुल श्लोकों की संख्या 1691 हैं। यह भार्गवीयम् महाकाव्य अपनी सुन्दर भाव व्यंजना उदात्त एवं कोमल कल्पना तथा प्रांज्वल पद विन्यास के

कारण यह आधुनिक रूचि के विशेष अनुकूल है। निःसंदेह भार्गवीयम् महाकाव्य का सृजन मानवीय प्रेम को उदात्त भूमि पर प्रतिष्ठित करने के लिए हुआ है। वास्तव में भार्गवीयम् महाकाव्य की कथा एक पौराणिक कथा वर्णन मात्र नहीं है, वरन् एक ऐसा कवि कर्म है, जिसने सम्पूर्ण भृगुवंश का मानवीय करण करके उनकी सत्ता की भावना, कला और कल्पना के सूत्रों में पिरो दिया है। अतः यह कहा जा सकता है कि महाकवि जगद्गुरू स्वामि रामभद्राचार्य द्वारा प्रणीत श्रीभार्गवराघवीयम् संस्कृत महाकाव्य और डॉ. मिथिला प्रसाद त्रिपाठी द्वारा रचित भार्गवीयम् महाकाव्य दोनों ही आधुनिक युग के महाकाव्यों में से प्रमुख हैं। इन महाकाव्यों की गाथा सम्पूर्ण भारत वर्ष में फैलकर भारत की भूमि को सदैव पवित्र करने में सहायक सिद्ध होगी। अर्थात् धन्य है यह भारत भूमि जहाँ देवता भी जन्म लेने के लिए लालायित रहते हैं। युगों–युगों से अनेक ऋषियों, महर्षियों, संतों, विचारकों एवं विद्वानों ने इस भारत–भूमि पर जन्म लेकर अपनो प्रतिभा से भारत वर्ष को विश्वगुरू के पद पर प्रतिष्ठित किया है। इसी आर्शप्रसू विद्वत्प्रसू भारत भूमि पर धर्मचक्रवर्ती महामहोपाध्याय श्री चित्रकूट तुलसीपीठाधीश्वर जगद्गुरू रामानन्दाचार्य महाकवि स्वामि श्रीरामभद्राचार्य नामक एक युग पुरूष एवं डॉ. मिथिला प्रसाद त्रिपाठी जी प्रकट होकर आद्यावधि अपनी आर्शप्रभा एवं सारस्वत प्रतिभा से विष्व इतिहास में न केवल अपने अपितु भारत वर्ष को भी शीर्षांकित एवं स्वर्णांकित किया है। इस प्रकार श्रीभार्गवराघवीयम् एवं भार्गवीयम् इन दोनों महाकाव्यों में मानव मूल्य परक सभी पक्षों का वर्णन किया गया है तथा एक भव्य विषय को भव्य शैली में प्रस्तुत करने में सफल हुआ हैं। अतः निष्कर्ष स्वरूप यह कहा जा सकता है कि यह अमर भारत वर्ष भावी कवियों के लिए उसी प्रकार आश्रय है, जैसे प्राणियों के लिए मेघ.

''सर्वेशां कविमुख्यानामुपजीव्यो भविश्यति।

पर्जन्य इव भूतानामक्षयो भारतद्रुमः।।

''सं.सा.का इति. पृ.सं.63।।

संदर्भ–ग्रंथ :

1. रघुवंषम् महाकाव्य, महाकवि कालिदास, गीता प्रेस गोरखपुर
2. श्रीभार्गवराघवीयम् महाकाव्य, स्वामि रामभद्राचार्य, जगद्गुरू रामभद्राचार्य विकलांग विश्वविद्यालय चित्रकूट (उ0प्र0)
3. भार्गवीयम् महाकाव्य, डॉ. मिथिला प्रसाद त्रिपाठी, मॉ अन्नपूर्णा प्रकाषन 85बीं सुदामा नगर, इन्दौर (म.प्र.)
4. संस्कृत साहित्य का इतिहास, बलदेव उपाध्याय, शारदा प्रकाशन वाराणसी
5. संस्कृत साहित्य का इतिहास, अनु–मायाराम शर्मा, बिहार हिन्दी ग्रन्थ अकदमी,पटना

ISSN : 2394-3580 Swadeshi Research Foundation Vol. - 4 Dec. 2017
A Monthly Journal of Multidisciplinary Research (UGC APPROVED, Peer Reviewed & Refereed Research Journal)

कबीर का निष्काम कर्मयोग की अवधारणा

डॉ. मनीष कुमार झारिया
डॉ. हरिसिंह गौर विश्वविद्यालय सागर, (म.प्र.)

कबीर का निष्काम कर्मयोग की अवधारणा :–

फल प्राप्ति की आशा से निरपेक्ष होकर बिना किसी आसक्ति–भाव के कर्म करना निष्काम कर्म है। 'गीता' में निष्काम कर्मयोगी को जल में अवस्थित होते हुए भी उससे निर्लिप्त रहने वाले पद्मपत्र की तरह बताया गया है।[1] 'साथ ही यह भी कहा गया है कि निष्काम कर्मयोगी कर्मों के फल को परमेश्वर को अर्पित करके भगवत्प्राप्ति रूप शान्ति के फल को प्राप्त करता है।[2]

कबीर सच्चे अर्थों में एक निष्काम कर्मयोगी थे। वे गृहस्थ धर्म का पालन करते हुए जगत् के नाना रूपात्मक विषयों में कभी आसक्त नहीं हुए। उनका कहना है कि सच्चा संत वही है जो सम्पूर्ण विषयों में अनासक्त होकर निर्वेद भाव से मानव मात्र के कल्याण में तत्पर रहता है तथा ईश्वर के प्रति अनन्य निष्ठा रखता है।[3] उन्होंने निः स्पृहता एवं निष्काम भावना के साथ कर्म करने को जीवन की लक्ष्य साधना का सच्चा मार्ग बताया है। जो व्यक्ति मोह, माया और आसक्तियों से पूर्ण भौतिकता के मार्ग पर चलता है, उसका जीवन नष्ट हो जाता है, तथा जो जगत गति के विपरीत चलकर अनासक्ति भावना के साथ अध्यात्म मार्ग का अनुसरण करता है, वह अपने चरम लक्ष्य तक पहुँच सकता है।[4]

कबीर ने अपनी जीवन–साधना में निष्काम कर्मयोग को स्वीकार किया है। एक सच्चे कर्मयोग के समस्त गुण उन में विद्यमान थे। उन्होंने निः स्पृहता की कर्मवृत्ति धारण करने वाले योगी की भूरि–भूरि प्रशंसा की है। निष्काम भावना के अनुसार अनारसक्त रहते हुए एक कच्चा कर्मयोगी साधना के लिए कभी बाहर नहीं जाता। वह घर में ही रहकर निष्काम भाव से कर्म करते हुए योग–साधना में प्रवृत्त होता है। इतना ही नहीं, वह घर का त्याग करने वाले भ्रमित हुए साधक को घर में रहकर साधना के लिए प्रेरित करता है। वास्तव में साधना बाहर में प्राप्त होने वाली कोई वस्तु नहीं, वह तो मन की पवित्रता और दृढ़ आस्था के द्वारा घर में ही प्राप्त हो सकती।[5]

कबीर का मानना है कि निष्काम कर्म व्यक्ति की जगत के मिथ्या व्यवहार तथा सांसारिक आपदाओं एवं परिस्थितियों के बीच रहते हुए भी उसमें निर्विकार भाव से संघर्ष करने की प्रेरणा देता है। निष्काम कर्म का आचरण करने वाला साधक ही भगवद् भक्ति में सच्चे मन से तल्लीन रहता है।[6] वह समस्त प्राणियों में सदैव एक ही आत्मसत्ता के दर्शन करता है। उसमें परोपकार और सेवा के भाव इस प्रकार जाग उठते हैं कि वह तन, मन, धन से लोक –कल्याण में संलग्न हो जाता है।[7]

कबीर ने अपना यह मत बार–बार दुहराया है कि निष्काम कर्मयोग की साधना करने वाले संत का चित्त शांत एवं निश्छल हो जाता है। वह किसी भी प्राणी में भेदबुद्धि नहीं रखता। वह सबको समास दृष्टि से देखता है। सत्य, संतोष एवं धैर्य का अवलंबन ग्रहण करते हुए वह ईश्वर का निरंतर गुणमान करता है। तथा काम, क्रोध, तृष्णा इत्यादि मनोविकारों की आसक्तियों से सदैव असंपृक्त रहता है। वह कभी असत्य भाषण नहीं करता और न ही दूसरों की निंदा करता है। कबीर ने ऐसे सम्यक् दृष्टि वाले साधक को एक सच्चा आध्यात्मिक पुरूष माना है।[8] एक सच्चा कर्मयोगी कभी भी अपने मन में दूसरों के प्रति भेदभाव का संशय नहीं रखता। वह मानव धर्म का पालन करते हुए भौतिक भोगों के प्रति सदैव उदासीन रहता है। वह स्वकीयत्व एवं परकीयत्व में कोई अंतर नहीं देखता तथा कुवचन, अहंकार और आडम्बर की मिथ्या भूल–भुलैया में कभी नहीं पड़ता।[9]

इस प्रकार, कबीर एक निष्काम कर्मयोगी की भाँति संसार में रहते हुए भी संसारी नहीं बने। उनके मन में किसी भी प्राणी के प्रति कोई

भेद–भाव नहीं था। इसलिए वे सबको सृष्टि के कण–कण में व्याप्त आत्मसत्ता को पहचानने एवं समस्त प्राणियों के प्रति समत्व को भाव रखने की शिक्षा देते थे।

